रजिस्ट्री सं. डीएल—(एन) 04/0007/2003--24 REGISTERED No. DL—(N) 04/0007/2003—24

सत्यमेव जयते

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-सा.-09112024-258550
CG-DL-W-09112024-258550

साप्ताहिक/WEEKLY

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 45] नई दिल्ली, शनिवार, नवम्बर 9—नवम्बर 15, 2024 (कार्तिक 18, 1946)
No. 45] NEW DELHI, SATURDAY, NOVEMBER 9—NOVEMBER 15, 2024 (KARTIKA 18, 1946)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।
(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय-सूची

	पृष्ठ सं.
भाग I—खण्ड-1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों तथा संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं.	541
भाग I—खण्ड-2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं.	1111
भाग I—खण्ड-3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं.	1
भाग I—खण्ड-4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं.	4183
भाग II—खण्ड-1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम.	*
भाग II—खण्ड-1क—अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ.	*
भाग II—खण्ड-2—विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट.	*
भाग II—खण्ड-3—उप खण्ड (i)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियम (जिनमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल हैं).	*
भाग II—खण्ड-3—उप खण्ड (ii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं.	*
भाग II—खण्ड-3—उप खण्ड (iii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (जिसमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी प्राधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खण्ड 3 या खण्ड 4 में प्रकाशित होते हैं).	*
भाग II—खण्ड-4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश.	*
भाग III—खण्ड-1—उच्च न्यायालयों, नियंत्रक और महालेखापरीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल विभाग और भारत सरकार से सम्बद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं.	3689
भाग III—खण्ड-2—पेटेंट कार्यालय द्वारा जारी की गई पेटेन्टों और डिजाइनों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं और नोटिस	*
भाग III—खण्ड-3—मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं.	*
भाग III—खण्ड-4—विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं.	9
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी निकायों द्वारा जारी किए गए विज्ञापन और नोटिस.	4545
भाग V—अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़ों को दर्शाने वाला सम्पूरक.	*

*आंकड़े प्राप्त नहीं हुए।

CONTENTS

	Page No.
PART I—SECTION 1—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	541
PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	1111
PART I—SECTION 3—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence	1
PART I—SECTION 4—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence	4183
PART II—SECTION 1—Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 1A—Authoritative texts in Hindi language, of Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (i)—General Statutory Rules (including Orders, Bye-laws, etc. of general character) issued by the Ministry of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts, published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules & Statutory Orders (including Bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 4—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence	*
PART III—SECTION 1—Notifications issued by the High Courts, the Comptroller and Auditor General, Union Public Service Commission, the Indian Government Railways and by Attached and Subordinate Offices of the Government of India	3689
PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, relating to Patents and Designs	*
PART III—SECTION 3—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	*
PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	9
PART IV—Advertisements and Notices issued by Private Individuals and Private Bodies	4545
PART V—Supplement showing Statistics of Births and Deaths etc. both in English and Hindi	*

*Folios not received.

भाग I—खण्ड 1

[PART I—SECTION 1]

[(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों तथा संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं]

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 15 अगस्त 2024

सं. 106-प्रेज/2024—भारत की राष्ट्रपति, तेलंगाना पुलिस के निम्नलिखित कार्मिक को राष्ट्रपति का वीरता पदक (पीएमजी) सहर्ष प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	श्री चादुवु यादय्य	हेड कांस्टेबल	राष्ट्रपति का वीरता पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 25.07.2022 को हुई "लूटपाट" के मामले में, लगभग 1900 बजे, आर.सी. पुरम को 72 वर्षीय वरिष्ठ नागरिक, श्रीमती के. कथ्यायिनी से एक याचिका प्राप्त हुई, जिसमें उन्होंने बताया कि दिनांक 25.07.2022 को, जब वे एचआईजी कार्यालय से अपने निवास की ओर जा रहीं थीं, तब, मोटरसाइकिल पर सवार दो कुख्यात व्यक्तियों नामत: ईशान निरंजन नीलमनाल्ली और राहुल ने उनकी सोने की चेन छीन ली। उन्होंने बहादुरी से चेन का एक हिस्सा पकड़े रखा, लेकिन इसमें उन्हें चोटें आईं। लुटेरे उनकी सोने की चेन का एक बड़ा हिस्सा लेकर भागने में सफल रहे।

श्री चादुवु यादय्य, हेड कांस्टेबल ने लूटपाट करने वाले अपराधियों को पकड़ने के लिए तुरंत एक ऑपरेशन चलाया। इसमें एम. रवि, पुलिस कांस्टेबल और ए. धेबेश, पुलिस कांस्टेबल ने उनकी सहायता की। उन्होंने सीसीटीवी फुटेज सहित सावधानीपूर्वक सबूत जुटाए और अपराधियों की पहचान की, जो कि विशिष्ट कपड़े पहने हुए थे और अपने अपराधों के लिए मोटरसाइकिल का इस्तेमाल कर रहे थे। सूचना को तुरंत अन्य पुलिस स्टेशनों के साथ साझा किया गया।

दिनांक 26.07.2022 को श्री एम. कृष्णा, पुलिस कांस्टेबल ने बोलाराम एक्स रोड पर अपराधियों की गतिविधि देखी। श्री चादुवु यादय्य, हेड कांस्टेबल और उनकी टीम मौके पर पहुंची और संदिग्धों को पकड़ने की कोशिश की। इस कार्रवाई के दौरान अपराधियों ने श्री चादुवु यादय्य, हेड कांस्टेबल पर चाकू से कई बार जानलेवा हमला किया और उनके सीने, शरीर के पिछले हिस्से, बाएं हाथ और पेट में गंभीर चोटें आईं। तथापि, पुलिस टीम ने उल्लेखनीय साहस का परिचय दिया और दोनों आरोपियों को पकड़ने में सफल रही।

श्री चादुवु यादय्य, हेड कांस्टेबल को उनकी गंभीर चोटों के कारण 17 दिनों तक अस्पताल में भर्ती रहना पड़ा। इस घटना से पहले, लुटेरों ने कर्नाटक के गुलबर्गा जिले के अशोक नगर पुलिस स्टेशन क्षेत्र में आतंक मचाया हुआ था। उन्होंने लोगों से कीमती सामान लूटा हुआ था, जिसके परिणामस्वरूप उनके खिलाफ कई मामले दर्ज थे। इन अपराधियों ने विगत में भी हिंसा की थी और उन्होंने एक चौकीदार को भी लोहे की रॉड से धमकाया था।

चुनौतीपूर्ण इलाके और बार-बार हमलों के बावजूद पुलिस अधिकारियों के दृढ़ संकल्प के चलते लूटपाट करने वाले खतरनाक अपराधियों, ईशान निरंजन नीलमनाल्ली और राहुल को गिरफ्तार कर लिया गया। बाद की जांच में कई अपराधों में उनकी संलिप्तता का पता चला और सोने के आभूषणों, हथियारों और मोबाइल फोन सहित चोरी के सामान की बरामदगी उनकी आपराधिक गतिविधियों को साबित करती है।

इस ऑपरेशन में, तेलंगाना पुलिस के श्री चादुवु यादय्य, हेड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

राष्ट्रपति का वीरता पदक (पीएमजी), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 84-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 26.07.2022 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/34/2024 - पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 107-प्रेज/2024—भारत की राष्ट्रपति, आंध्र प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित कार्मिकों को वीरता पदक (जीएम) सहर्ष प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्व/श्री	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	शेख सरदार गनी	निरीक्षक	वीरता पदक
2.	सव्वाना अरुण कुमार	उप-निरीक्षक	वीरता पदक
3.	मायलापल्ली वेंकटा रामा परदेसी नायडू	रिजर्व उप-निरीक्षक	वीरता पदक
4.	राजाना गौरी शंकर	हेड कांस्टेबल	वीरता पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 20.02.2023 को, विभिन्न स्रोतों से सिलेरू पीएस सीमा, अलूरी सीथारामा राजू जिले के तहत वलसागेडा और वलसापल्ली गांवों (गलीकोंडा-गुरथेडु क्षेत्र) के बीच वन क्षेत्र में एओबीएसजेडसी के शीर्ष कैडर उदय (सीसीएम), अकुना, सुरेश, टेक. शंकर, जगन (एसजेडसीएम) सहित माओवादियों/मिलिशिया की गतिविधि तथा इस बात की पुख्ता जानकारी मिली कि वे सुरक्षा बलों पर हमला करने और क्षेत्र में राजनीतिक नेताओं और अपने लक्षित व्यक्तियों की हत्या करने के लिए अपनी गतिविधियों को फिर से संगठित कर रहे हैं। तदनुसार, निरीक्षक शेख सरदार गनी, उप-निरीक्षक सव्वाना अरुण कुमार, रिजर्व उप-निरीक्षक मायलापल्ली वेंकटा रामा परदेसी नायडू और हेड कांस्टेबल राजाना गौरी शंकर जिला विशेष दल (सीएपी-15) के साथ शीर्ष माओवादी कैडर को पकड़ने के लिए उक्त वन क्षेत्र में पहुंचे।

दिनांक 21.02.2023 को प्रात: लगभग 05.30 बजे, निरीक्षक शेख सरदार गनी, उप-निरीक्षक सव्वाना अरुण कुमार, रिजर्व उप-निरीक्षक मायलापल्ली वेंकटा रामा परदेसी नायडू और हेड कांस्टेबल राजाना गौरी शंकर जो विशेष आसूचना शाखा (आसूचना) की विशेष कार्रवाई टीम थे, ने जी.के. वेचड़ी मंडल, एएसआर जिले के वलसागेडा और वलसापल्ली गांवों के बीच वन क्षेत्र में माओवादियों की संदिग्ध गतिविधि देखी और वे चतुराई से माओवादियों के उक्त ठिकाने पर पहुंच गए। इस बीच, माओवादी दल के संतरियों ने उन्हें आते हुए देख लिया और निरीक्षक शेख सरदार गनी, उप-निरीक्षक सव्वाना अरुण कुमार, रिजर्व उप-निरीक्षक मायलापल्ली वेंकटा रामा परदेसी नायडू और हेड कांस्टेबल राजाना गौरी शंकर पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। तथापि, भारी और निरंतर गोलीबारी की चपेट में आने के बावजूद, जिला विशेष दल, अपने जीवन की परवाह किए बिना शीर्ष माओवादी कैडर के ठिकाने की ओर आगे बढ़ा। एक-दूसरे पर गोलीबारी लगभग 45 मिनट तक चली और बाद में पता चला कि गोलीबारी करके माओवादियों ने जंगल और पहाड़ी क्षेत्र में कवर ले लिया और वे एक नाले के रास्ते गोलीबारी वाले स्थान से भाग निकले।

इलाके की गहन तलाशी के दौरान निरीक्षक शेख सरदार गनी, उप-निरीक्षक सव्वाना अरुण कुमार, रिजर्व उप-निरीक्षक मायलापल्ली वेंकटा रामा परदेसी नायडू और हेड कांस्टेबल राजाना गौरी शंकर की टीम ने झाड़ियों में एक माओवादी को देखा जिसने विशेष कार्रवाई टीम पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। उक्त माओवादी के उन पर गोलियां चलाने के बावजूद, उन्होंने असाधारण साहस का परिचय दिया और सशस्त्र कट्टर माओवादी नेता को पकड़ लिया, जिसकी पहचान जयूमुरी श्रीनु बाबू उर्फ सुनील उर्फ रैनू (गुम्मा के डीसीएम और सचिव/कट-ऑफ एसी) के रूप में हुई। उसके पास से एक कार्बाइन गन जिसकी मैगजीन में 3 राउंड जिंदा कारतूस थे, 5 किलोग्राम आईईडी/बारूदी सुरंग और माओवादी दल का साहित्य जब्त किया गया। इस ऑपरेशन और कट्टर माओवादी नेता को पकड़ने के संबंध में अलूरी सीथारामा राजू जिला, आंध्र प्रदेश के सिलेरू पुलिस स्टेशन में आईपीसी की धारा 149 के साथ पठित धारा 307, 120(ख), 121, 121 (क), 147, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धारा 4 और 5, विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 16, 17, 18, 20, 21, 23, आयुध अधिनियम की धारा 25, 27 के तहत आपराधिक मामला संख्या 06/2023 दर्ज किया गया था।

निरीक्षक शेख सरदार गनी, उप-निरीक्षक सव्वाना अरुण कुमार, रिजर्व उप-निरीक्षक मायलापल्ली वेंकटा रामा परदेसी नायडू और हेड कांस्टेबल राजाना गौरी शंकर के असाधारण, साहसी और वीरतापूर्ण कृत्य के साथ-साथ उनकी सूझबूझ और दृढ़ संकल्प के चलते सीपीआई (माओवादी) का एक मुख्य कट्टर नेता पकड़ा गया। अगर यह ऑपरेशन नहीं चलाया गया होता और उसे समय रहते गिरफ्तार नहीं किया गया होता, तो माओवादी दल सुरक्षा बलों पर हमले, अपहरण, वीआईपी/स्थानीय राजनीतिक नेताओं की हत्या करने जैसी हिंसक गतिविधियों का सहारा लेकर गलीकोंडा क्षेत्र को अशांत क्षेत्र में बदल देता। ऑपरेशन में इस प्रभावी परिणाम के चलते, क्षेत्र में बड़े अपराधों को रोका गया और एओबीएसजेडसी के गलीकोंडा क्षेत्र में माओवादी दल को एक बड़ा झटका लगा।

इस ऑपरेशन में, आंध्र प्रदेश पुलिस के सर्व/श्री शेख सरदार गनी, निरीक्षक, सव्वाना अरुण कुमार, उप-निरीक्षक, मायलापल्ली वेंकटा रामा परदेसी नायडू, रिजर्व उप-निरीक्षक और राजाना गौरी शंकर, हेड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

वीरता पदक (जीएम), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 85-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 20.02.2023 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/213/2023 - पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 108-प्रेज/2024—भारत की राष्ट्रपति, बिहार पुलिस के निम्नलिखित कार्मिकों को वीरता पदक (जीएम) और वीरता पदक, मरणोपरांत प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्व/श्री	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	स्व. आशीष कुमार सिंह	उप-निरीक्षक	वीरता पदक (मरणोपरांत)
2.	दुर्गेश कुमार यादव	सिपाही	वीरता पदक
3.	रोहित कुमार रंजन	सिपाही	वीरता पदक
4.	अक्षय कुमार	सिपाही	वीरता पदक
5.	बिजेन्द्र कुमार	सिपाही	वीरता पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

खूंखार अपराधी दिनेश मुनि और उसके गिरोह के सदस्यों के बारे में विश्वसनीय स्रोत से प्राप्त जानकारी के आधार पर, उप-निरीक्षक आशीष कुमार सिंह, एसएचओ, पसराहा, जिला खगड़िया के नेतृत्व में पुलिस दल दिनांक 12/13-10-2018 की मध्य रात्रि को नौगछिया और खगड़िया जिले की सीमा से सटे हुए दुधेला दियारा के लिए रवाना हुआ। उप-निरीक्षक आशीष कुमार सिंह और उनकी टीम ने दुधेला दियारा, जहां कोई यातायात संभव नहीं है, के भौगोलिक रूप से दुर्गम नदी क्षेत्र में लगभग 18 किलोमीटर की पैदल यात्रा की। जैसे ही पुलिस दल अशोक मंडल नामक व्यक्ति की झोपड़ी के पास पहुंचा, जहां अपराधियों के छिपे होने का अनुमान था, अपराधियों ने पुलिस दल को निशाना बनाकर अचानक गोलीबारी शुरू कर दी। उप-निरीक्षक आशीष कुमार सिंह ने अपराधियों को गोलीबारी बंद करने और आत्मसमर्पण करने को कहा। पुलिस दल बिना किसी कवर के पूरी तरह से खुले स्थान पर था। इसलिए पुलिस टीम के लिए अत्यधिक जोखिम था, जबकि अपराधी आक्रामक रूप से गोलियों की भीषण बौछार कर रहे थे। अनुकरणीय साहस का परिचय देते हुए, पुलिस दल ने रेंगते हुए आगे बढ़ना और आत्मरक्षा में गोलीबारी करना शुरू कर दिया। उप-निरीक्षक आशीष कुमार सिंह और सिपाही दुर्गेश कुमार यादव, बिजेन्द्र कुमार, अक्षय कुमार तथा रोहित कुमार रंजन मोर्चे पर आगे थे। इस बीच, बहादुर सिपाही दुर्गेश कुमार यादव को गोली लग गई। अदम्य नेतृत्व कौशल और साहस का परिचय देते हुए उप-निरीक्षक आशीष कुमार सिंह ने अपनी टीम का हौसला बढ़ाया और गोलीबारी जारी रखी। जब अपराधियों की गोलीबारी बंद हो गई, तो उप-निरीक्षक आशीष कुमार सिंह और उनकी टीम सावधानी से झोपड़ी के प्रवेश द्वार की ओर बढ़ी। एक अपराधी जिसकी पहचान बाद में शरवन यादव के रूप में हुई, झोपड़ी के प्रवेश द्वार के पास मृत पड़ा मिला। जब उप-निरीक्षक आशीष कुमार सिंह झोपड़ी के अंदर घुसे, तो अंदर छिपे हुए अपराधी ने उन्हें गोली मार दी। उप-निरीक्षक आशीष कुमार सिंह अस्पताल ले जाते समय वीरगति को प्राप्त हुए। मौके से 02 देसी निर्मित पिस्तौल, 01 गोला-बारूद, 17 खाली कारतूस और 04 मिसफायर गोला-बारूद बरामद हुए।

इस ऑपरेशन में, बिहार पुलिस के सर्व/श्री स्व. आशीष कुमार सिंह, उप-निरीक्षक, दुर्गेश कुमार यादव, सिपाही, रोहित कुमार रंजन, सिपाही, अक्षय कुमार, सिपाही और बिजेन्द्र कुमार, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

वीरता पदक (जीएम), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 85-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 13.10.2018 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/85/2023 - पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 109-प्रेज/2024—भारत की राष्ट्रपति, छत्तीसगढ़ पुलिस के निम्नलिखित कार्मिक को वीरता पदक (जीएम) सहर्ष प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	श्री शिशुपाल सिन्हा	निरीक्षक	वीरता पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

मुखबिरों और विभिन्न स्रोतों से लगातार आसूचना मिल रही थी कि दिनांक 18.06.2021 को चांदामेटा में हुई नक्सली मुठभेड़ में एक महिला माओवादी मारी गई थी और कई माओवादी घायल हुए थे, जो लगातार पुलिस दल से छुप रहे थे और लगातार अपना ठिकाना बदलते हुए अलग-अलग स्थानों पर रह रहे थे। दिनांक 30.06.2021 की शाम को प्रतिबंधित माओवादी संगठन कांगेर वैली एरिया समिति एवं कटेकल्याण एरिया समिति के माओवादी संजू, मंगतू, लक्ष्मण, महेश, मुन्नी, दसरी, महेश, सुखराम, बुधरा, जोगा और अन्य लगभग 08-10 हथियारबंद वर्दीधारी और ग्रामीण वेशभूषा में माओवादियों के एलेंगनार वन में मौजूद होने की सूचना मिली। जिला मुख्यालय से पुलिस दल को दरभा पुलिस स्टेशन भेजने में अधिक समय लगने तथा नक्सलियों के भागने की संभावना के चलते एक पृथक पुलिस बल भेजने का अनुरोध करके त्वरित कार्रवाई की गई और वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में दरभा पुलिस स्टेशन से निरीक्षक शिशुपाल सिन्हा सहित 08 व्यक्तियों की टीम पर्याप्त हथियार, गोला बारूद, मैनपैक सेट के साथ तलाशी और गश्त करते हुए गांव नयापारा, बंजारिन पारा, कोटवापदर की ओर नक्सल गश्त हेतु रवाना हुई। लगभग 19:30 बजे जब पूरा दल नयापारा-कोटवापदर में तलाशी लेते हुए पहाड़ी जंगल के रास्ते आगे बढ़ रहा था कि तभी दल को आता देख, पहले से ही घनी झाड़ियों की आड़ में घात लगाए बैठे नक्सलियों ने पुलिस दल की हत्या करने और हथियार लूटने के इरादे से पुलिस दल पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। इस पर, निरीक्षक शिशुपाल सिन्हा ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अपने साथी कार्मिकों को वायरलेस सेट के माध्यम से तुरंत मोर्चा लेते हुए जवाबी कार्रवाई करने का निदेश दिया। पुलिस दल ने बार-बार नक्सलियों को गोलीबारी न करने तथा आत्मसमर्पण करने के लिए कहा, लेकिन नक्सलियों ने चेतावनी को अनसुना करते हुए पुलिस दल पर गोलीबारी करना जारी रखा। इस पर, जान-माल की रक्षा हेतु कोई अन्य विकल्प न होने पर पुलिस दल ने आत्मरक्षा में नक्सलियों पर जवाबी कार्रवाई की। निरीक्षक शिशुपाल सिन्हा कुशल नेतृत्व का परिचय देते हुए अदम्य साहस और वीरता के साथ अपनी जान को जोखिम में डालकर अपने जीवन की परवाह किए बिना नक्सली गोलीबारी के बीच आगे बढ़े और अपने दल के जवानों के साथ सामने से गोलीबारी की। वे साहस के साथ डटे रहे और गोलीबारी करके नक्सलियों की गोलीबारी का जवाब दिया। पुलिस के बढ़ते दबाव और घेराबंदी को देखकर, नक्सली अपने स्वचालित हथियारों से गोलीबारी करते हुए घने वन की आड़ लेकर भागने लगे। पुलिस दल ने काफी दूर तक नक्सलियों का पीछा किया, लेकिन नक्सली नाले में कूद गये और पहाड़ी जंगल की आड़ लेकर भागने में सफल रहे। पुलिस और नक्सलियों के बीच लगभग आधे घंटे तक अंधाधुंध गोलीबारी होती रही और पुलिस दल ने बहादुरी से नक्सलियों का मुकाबला किया। पुलिस दल में जवानों की संख्या कम होने के कारण, निरीक्षक शिशुपाल सिन्हा ने तत्काल वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को उचित माध्यम से घटना की जानकारी दी तथा नक्सलियों के भागने के रास्तों की घेराबंदी करने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल की मांग की, जिस पर तत्काल अन्य पुलिस कार्मिक वहां पहुंच गए। गोलीबारी के बाद मुठभेड़ स्थल को चारों तरफ से घेर लिया गया। जिला मुख्यालय से आई डीआरजी 01 के प्रभारी उप-निरीक्षक भुनेश्वर साहू की टीम को एलंगनार से उरुकपाल के रास्ते की, डीआरजी 02 के प्रभारी निरीक्षक बलराम उसेंडी की टीम को कांदानार से एलंगनार की तथा सीआरपीएफ 227 ई कंपनी कैम्प जीरमगांव सीसी संदीप बिष्ट की टीम को जीरम गांव से कोटवापदर की ओर की घेराबंदी करने का निदेश दिया गया। रात होने के कारण, निरीक्षक शिशुपाल सिन्हा ने डीआरजी 04 प्रभारी उप-निरीक्षक ई. सोमराज ठाकुर की टीम को साथ लेकर सावधानीपूर्वक घटना स्थल की चारों तरफ से घेराबंदी कर ली। सुरक्षा संबंधी निर्देशों का पालन करते हुए घटनास्थल की चारों तरफ से घेराबंदी कर ली गई। सुबह घटनास्थल की गहन तलाशी लेने पर एक नक्सली पुरुष का शव बरामद हुआ जिसके साथ, एक 303 राइफल, जिसका एक राउंड चैंबर में फंसा हुआ था, उसके गले में 01 वॉकी-टॉकी, उसकी पीठ पर 01 चितकबरा बैग, थैली के साथ 01 पानी की बोतल, 01 छाता, 03 जोड़ी चप्पल, 01 जोड़ी हरे रंग की नक्सली वर्दी, लाल रंग की लगभग 20 मीटर कोडेक्स तार, 01 देसी निर्मित कट्टा,

उसकी जेब में 303 राइफल के 04 जिंदा कारतूस, 81 डेटोनेटर, बैटरी चार्जर, एक कंपास के अंदर 303 के चार जिंदा कारतूस, लगभग 07-07 मीटर लंबाई वाला नीले रंग के सेफ्टी फ्यूज, नक्सली साहित्य, पुस्तक, पर्चे और हस्तलिखित पत्र, पॉकेट डायरी, 3500 रुपये और कुछ फोटो, प्लेट, शॉल, दवाई, दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद की गई।

पुलिस और नक्सलियों की इस पूरी मुठभेड़ में ऑपरेशन टीमों का नेतृत्व करने वाले निरीक्षक शिशुपाल सिन्हा ने धैर्यपूर्वक हमारे पुलिस दल के जवानों के साथ बेहतरीन समन्वय और टीम वर्क के रूप में कार्य किया तथा प्रतिकूल परिस्थितियों में कुशल नेतृत्व का परिचय दिया।

इस ऑपरेशन में, छत्तीसगढ़ पुलिस के श्री शिशुपाल सिन्हा, निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

वीरता पदक (जीएम), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 85-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 30.06.2021 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/21/2024 - पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 110-प्रेज/2024—भारत की राष्ट्रपति, छत्तीसगढ़ पुलिस के निम्नलिखित कार्मिकों को वीरता पदक (जीएम) सहर्ष प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्व/श्री	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	निर्मल जांगड़े	उप-निरीक्षक	वीरता पदक
2.	अमैया चिलमुल	हेड कांस्टेबल	वीरता पदक
3.	फुल्ला गोपाल	हेड कांस्टेबल	वीरता पदक
4.	तुलाराम कुहरामी	हेड कांस्टेबल	वीरता पदक
5.	गोपाल बोड्डू	सिपाही	वीरता पदक
6.	हेमंत एण्ड्रिक	सिपाही	वीरता पदक
7.	मोतीलाल राठौर	सिपाही	वीरता पदक
8.	गोविंद सोढ़ी	सिपाही	वीरता पदक
9.	सुकारु राम	सिपाही	वीरता पदक
10.	मुन्ना कड़ती	सिपाही	वीरता पदक
11।	कृष्णा गाली	सिपाही	वीरता पदक
12.	भीमा	सिपाही	वीरता पदक
13.	धनीराम कोरसा	सिपाही	वीरता पदक
14.	कृष्णा ताती	सिपाही	वीरता पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 25.11.2022 को पुलिस अधीक्षक बीजापुर द्वारा छत्तीसगढ़ के बीजापुर के मिरतुर पुलिस स्टेशन के तहत कामकानार, हकवा, पोमरा, हलूर के जंगल पहाड़ी क्षेत्र में 50-60 (लगभग) सशस्त्र माओवादियों की संभावित मौजूदगी के संबंध जुटाई गई अत्यंत विश्वसनीय और कार्रवाई योग्य आसूचना के आधार पर; माओवादियों की योजना/ऑपरेशन का पता लगाने और उनका खात्मा करने के लिए 22:15 बजे श्री सुबोध कुमार और गंभीर सिंह नेगी, द्वितीय कमान अधिकारी, सीआरपीएफ और डीआरजी उप-निरीक्षक निर्मल जांगड़े तथा उप-निरीक्षक धरम सिंह तुलावी के नेतृत्व में डीईएफ(डीआरजी) एसटीएफ और सीआरपीएफ द्वारा एक संयुक्त ऑपरेशन शुरू किया गया। हमला दल रूट प्लान के अनुसार अपने लक्ष्य की ओर बढ़ रहे थे और संचलन के दौरान समुचित औचक और गोपनीयता बनाए रखी गई।

डीआरजी उप-निरीक्षक निर्मल जांगड़े ने अपने दल को दो भागों में विभाजित कर दिया। दल संख्या 01 की कमान उप-निरीक्षक निर्मल जांगड़े के पास थी और दल संख्या 02 की कमान उप-निरीक्षक धरम सिंह तुलावी के पास थी और वे सामरिक रूप से कामकानार-हकवा गांव की ओर बढ़ रहे थे। दिनांक 26.11.2022 को, "स्टैंडर्ड लाइन" फार्मेशन में तलाशी लेते हुए उप-निरीक्षक निर्मल जांगड़े की कमान में दल संख्या 01 बांई तरफ से गांव पोमरा के पहाड़ी वन क्षेत्र में आगे बढ़ रहा था और उप-निरीक्षक धरम सिंह तुलावी की कमान में दल संख्या 02 पहाड़ी के दाईं ओर से आगे बढ़ रहा था, तभी लगभग 07:10 बजे सशस्त्र माओवादियों ने दल संख्या 01 पर घात लगाकर हमला किया और अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। दल के कमांडर उप-निरीक्षक निर्मल जांगड़े, हेड कांस्टेबल फुल्ला गोपाल, सिपाही हेमंत एण्ड्रिक, सिपाही गोपाल बोड्डू, सिपाही मोतीलाल राठौर, सिपाही गोविंद सोढ़ी, सिपाही धनीराम कोरसा व अन्य जवानों ने आत्मरक्षा हेतु सामरिक पोजीशन लेते हुए माओवादियों पर गोलीबारी की, लेकिन जब माओवादियों ने गोलीबारी बंद नहीं की, तो उप-निरीक्षक निर्मल जांगड़े ने तत्काल मेनपैक सेट के माध्यम से दल संख्या 02 के कमांडर धरम सिंह तुलावी को सूचना दी। दल संख्या 02 के प्रभारी उप-निरीक्षक धरम सिंह तुलावी, हेड कांस्टेबल अमैया चिलमुल, हेड कांस्टेबल तुलाराम कुहरामी, सिपाही सुकारु राम, सिपाही मुन्ना कड़ती, सीएएफ सिपाही कृष्णा गाली, सिपाही भीमा, सिपाही कृष्णा ताती और अन्य जवानों ने अपनी जान की परवाह किए बिना, दाईं ओर से गोलीबारी और आगे बढ़ने की रणनीति के साथ माओवादियों के खिलाफ लड़ाई लड़ी। जब पुलिस दलों ने फिर से संगठित होकर समुचित जवाबी कार्रवाई की, तो घात लगाकर बैठे और अंधाधुंध गोलीबारी कर रहे माओवादी भू-भाग के बारे में सुपरिचित होने और घने जंगल की आड़ का फायदा उठाकर मौके से भाग गए। मुठभेड़ लगभग 25-30 मिनट तक चली और जब गोलीबारी बंद हो गई, तो सैन्य दलों ने पूरे इलाके की तलाशी ली और एक यूएसए 3एम 1 कार्बाइन राइफल, 8 जिंदा कारतूस के साथ मैगजीन, एक 303 राइफल, 5 जिंदा कारतूस के साथ मैगजीन, एक 315 बोर राइफल, 4 जिंदा कारतूस के साथ मैगजीन, एक भरमार, यूएसए 3एम 1 कार्बाइन राइफल के 10 जिंदा कारतूस, 303 राइफल के 32 जिंदा कारतूस, 315 बोर राइफल के 14 जिंदा कारतूस, 01 बंडल बिजली के तार, नक्सली वर्दी, दवाइयों, साहित्य आदि सहित दो पुरुष और दो महिला नक्सली नामत: (1) सुखराम मदकामी पुत्र हड़मा, आयु-29 वर्ष, गांव-गुडसाकल, पुलिस स्टेशन-भैरमगढ़, जिला-बीजापुर (2) मनीराम ओयम पुत्र कुम्मा, आयु-30 वर्ष, गांव-बेचापाल, पुलिस स्टेशन-मिरतुर, जिला-बीजापुर (3) ललिता उर्फ लाली ओयम पुत्री मुसरा, आयु-30 वर्ष, गांव-बड़ेपल्ली, पुलिस स्टेशन-भैरमगढ़, जिला-बीजापुर (छत्तीसगढ़) (4) मंगली करम पुत्री आयतु करम, आयु-27 वर्ष, गांव-किस्काल, पुलिस स्टेशन-भैरमगढ़, जिला-बीजापुर (छत्तीसगढ़) के शव बरामद किए गए।

उप-निरीक्षक निर्मल जांगड़े, हेड कांस्टेबल अमैया चिलमुल, हेड कांस्टेबल फुल्ला गोपाल, हेड कांस्टेबल तुलाराम कुहरामी, सिपाही हेमंत एण्ड्रिक, सिपाही गोपाल बोड्डू, सिपाही मोतीलाल राठौर, सिपाही गोविंद सोढ़ी, सिपाही सुकारु राम, सिपाही मुन्ना कड़ती, सिपाही कृष्णा गाली, सिपाही भीमा, सिपाही धनीराम कोरसा, सिपाही कृष्णा ताती ने अत्यंत साहसी कृत्य का परिचय दिया, उन्होंने न केवल नक्सलियों की ओर से की जा रही गोलियों की बौछार का जवाब दिया बल्कि अन्य जवानों को भी अपनी जान की परवाह किए बिना जोरदार तरीके से जवाब देने और नक्सलियों के ठिकानों की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया, जिसके परिणामस्वरूप वे कट्टर नक्सलियों की घात का सफलतापूर्वक मुकाबला कर पाए। उप-निरीक्षक निर्मल जांगड़े, हेड कांस्टेबल अमैया चिलमुल, हेड कांस्टेबल फुल्ला गोपाल, हेड कांस्टेबल तुलाराम कुहरामी, सिपाही हेमंत एण्ड्रिक, सिपाही गोपाल बोड्डू, सिपाही मोतीलाल राठौर, सिपाही गोविंद सोढ़ी, सिपाही सुकारु राम, सिपाही मुन्ना कड़ती, सिपाही कृष्णा गाली, सिपाही भीमा, सिपाही धनीराम कोरसा और सिपाही कृष्णा ताती द्वारा असाधारण वीरता का परिचय दिया गया और यह उनकी अत्यंत सूझबूझ, शानदार ऑपरेशनल क्षमता, असाधारण साहस, बहादुरी और अदम्य वीरता की प्रवृति को दर्शाता है। अपनी उत्कृष्ट ऑपरेशनल योग्यता के चलते, उन्होंने नक्सलियों की घात के प्रति सफल जवाबी हमले में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसे ऐसी परिस्थितियों और दुर्गम इलाकों में हासिल करना बहुत मुश्किल है और उन्होंने नक्सली हमले को सफलतापूर्वक विफल कर दिया।

इस ऑपरेशन में, छत्तीसगढ़ पुलिस के सर्व/श्री निर्मल जांगड़े, उप-निरीक्षक, अमैया चिलमुल, हेड कांस्टेबल, फुल्ला गोपाल, हेड कांस्टेबल, तुलाराम कुहरामी, हेड कांस्टेबल, गोपाल बोड्डू, सिपाही, हेमंत एण्ड्रिक, सिपाही, मोतीलाल राठौर, सिपाही, गोविंद सोढ़ी, सिपाही, सुकारु राम, सिपाही, मुन्ना कड़ती, सिपाही, कृष्णा गाली, सिपाही, भीमा, सिपाही, धनीराम कोरसा, सिपाही और कृष्णा ताती, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

वीरता पदक (जीएम), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 85-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 26.11.2022 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/23/2024 - पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 111-प्रेज/2024— भारत की राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित कार्मिकों को वीरता पदक (जीएम) सहर्ष प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्व/श्री	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	जगदीश सिंह	उप-निरीक्षक	वीरता पदक
2.	रमीज़ राशिद कामबे	एस.जी. सीटी	वीरता पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 05.01.2022 को 0200 बजे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पुलवामा ने एक पुख्ता सूचना जुटाई कि, गांव चंदगाम पुलवामा में आतंकवादी मौजूद हैं, जो क्षेत्र में विध्वंसक कार्रवाई करने की योजना बना रहे हैं। अधीनस्थ पुलिस अधिकारियों और अन्य सहयोगी एजेंसियों के साथ सूचना को और पुख्ता करने/उस पर चर्चा करने के बाद, पुलिस द्वारा 55 आरआर और सीआरपीएफ की 182वीं बटॉलियन के साथ संदिग्ध क्षेत्र में एक संयुक्त घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया गया और घर-दर-घर तलाशी शुरू की गई। इसके बाद, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पुलवामा श्री जीएच. जिलानी वानी की कड़ी निगरानी में श्री तनवीर अहमद डार, अपर पुलिस अधीक्षक पुलवामा के नेतृत्व में एक पुलिस दल, 55 आरआर और सीआरपीएफ की 182वीं बटॉलियन की क्यूआरटी के साथ गांव चंदगाम की ओर रवाना हुआ और लक्षित क्षेत्र की घेराबंदी कर दी तथा गलियों, उप-गलियों और भागने के रास्तों को बंद कर दिया। घेराबंदी करने के बाद, अपर पुलिस अधीक्षक तनवीर अहमद डार की कड़ी निगरानी/नियंत्रण में एक समर्पित पुलिस दल का गठन किया गया जिसमें, उप-निरीक्षक जगदीश सिंह, एस.जी. सीटी रमीज़ राशिद कामबे और 55 आरआर और सीआरपीएफ की 182वीं बटॉलियन की क्यूआरटी शामिल थीं तथा उसे आतंकवादियों की तलाश के लिए तैनात किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पुलवामा की कमान में 55 आरआर, सीआरपीएफ की 182वीं बटॉलियन और पुलवामा पुलिस का एक और समर्पित संयुक्त दल प्रारंभिक तलाशी दल को कवरिंग सहायता प्रदान करने के लिए आंतरिक घेरे में तैनात रहा। जैसे ही तलाशी दल संदिग्ध घर में प्रवेश करने वाला था, वहां छिपे आतंकवादियों ने हथगोले फेंके और उसके बाद भारी अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसमें तलाशी दल बाल-बाल बचा। लेकिन तलाशी दल ने अत्यंत संयम का परिचय दिया और किसी भी तरह के संपार्श्विक नुकसान से बचने के लिए जवाबी गोलीबारी को रोके रखा। इस पर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पुलवामा ने अपर पुलिस अधीक्षक पुलवामा तनवीर अहमद डार के नेतृत्व में प्रारंभिक तलाशी दल को तुरंत शीघ्रता से खतरे वाले स्थान से बाहर आने और नाले/बागान क्षेत्र में पोजीशन लेने को कहा और बाकी दलों को अतिरिक्त सतर्कता बरतने के लिए जानकारी दी। नागरिकों के हताहत होने से बचने के लिए, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पुलवामा ने घेराबंदी वाले क्षेत्र में फंसे नागरिकों को तुरंत निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने का निदेश दिया। सभी नागरिकों को निकाल लिए जाने के बाद ऑपरेशनल कमांडर के निदेश पर अपर पुलिस अधीक्षक तनवीर अहमद डार ने घिरे हुए आतंकवादियों से बलों के सामने अपने हथियार डालने को कहा, लेकिन उन्होंने इससे इंकार कर दिया और सैनिकों पर अंधाधुंध गोलीबारी करना जारी रखा तथा वे लक्षित स्थान से बाहर आ गए और उन्होंने नाले/बागान की तरफ से भागने की कोशिश की, लेकिन अपर पुलिस अधीक्षक पुलवामा श्री तनवीर अहमद डार की कमान में तैनात संयुक्त दल ने तुरंत कवर ले लिया और अपनी बेशकीमती जान की परवाह किए बिना सामने से आतंकवादियों की गोलीबारी का बड़े साहस और समर्पण के साथ जवाब दिया और नाले के पास भारी मात्रा में हथियारों से लैस जैश-ए-मोहम्मद संगठन के दो आतंकवादियों को मार गिराया। इस पर, तीसरे आतंकवादी ने पीछे मुड़कर आबादी वाले इलाके में घुसने की कोशिश की, लेकिन, सतर्क संयुक्त सुरक्षा बल/पुलिस दल ने तुरंत पोजीशन ले ली और कार्रवाई की तथा अपनी जान की परवाह किए बिना बहादुरी से लड़ाई लड़ी और उक्त आतंकवादी को भी मार गिराया और इस तरह भागने की कोशिश को नाकाम कर दिया। लंबी चली बंदूक की लड़ाई, जो पूरी रात जारी रही और अगले दिन सुबह समाप्त हुई, के दौरान, तीन (03) खूंखार आतंकवादियों को मार गिराया गया, जिनकी पहचान बाद में तल्हा यासिर निवासी पाकिस्तान, अबू सैफुल्ला निवासी पाकिस्तान और मीर ओवैस पुत्र मोहम्मद अमीन मीर निवासी अशमिंदर पुलवामा के रूप में हुई। जैश-ए-मोहम्मद के इन खूंखार आतंकवादियों का मारा जाना जहां एक ओर पुलिस/सुरक्षा बलों के लिए बड़ी उपलब्धि तथा आम जनता के लिए बड़ी राहत है, वहीं दूसरी ओर प्रतिबंधित जैश-ए-मोहम्मद संगठन के लिए यह बड़ा झटका है।

मारे गए आतंकवादियों के कब्जे से भारी मात्रा में हथियार/गोला-बारूद बरामद किया गया, जिसका विवरण संलग्न है। इस संबंध में पुलवामा पुलिस स्टेशन में आईपीसी की धारा 307, भारतीय आयुध अधिनियम की धारा 7/27 और विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 16 एवं 20 के तहत मामलागत एफआईआर 03/2022 दर्ज की गई है।

इस ऑपरेशन में, जम्मू और कश्मीर पुलिस के सर्व/श्री जगदीश सिंह, उप-निरीक्षक और रमीज़ राशिद कामबे, एस.जी. सीटी ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

वीरता पदक (जीएम), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 85-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 05.01.2022 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/23/2023 - पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 112-प्रेज/2024— भारत की राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित कार्मिक को वीरता पदक (जीएम) सहर्ष प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	श्री अल्ताफ अहमद शाह	सहायक उप-निरीक्षक	वीरता पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 12.12.2021 को अवंतीपोरा पुलिस ने गांव बारागाम अवंतीपोरा में प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादी की मौजूदगी के बारे में एक पुख्ता सूचना जुटाई। सूचना को और सटीक बनाया गया, उसका विश्लेषण किया गया और उसकी पुष्टि की गई। इस सूचना को तुरंत ही सेना की 42 आरआर के कमान अधिकारी और सीआरपीएफ की 130वीं बटालियन के कमान अधिकारी के साथ साझा किया गया। सभी संभावित खतरों को ध्यान में रखते हुए गहन विचार-विमर्श और सावधानीपूर्वक एक कार्रवाई योग्य योजना तैयार करने के बाद, यह निर्णय लिया गया कि पुलिस घटक अवंतीपोरा, सेना की 42 आरआर की कंपनी और सीआरपीएफ की 130वीं बटालियन का एक संयुक्त दल लक्षित क्षेत्र में जाएगा और तलाशी लेगा ताकि औचक को बनाए रखा जा सके।

बनाई गई योजना के अनुसार, पुलिस उपाधीक्षक जाविद अहमद पीसी अवंतीपोरा के नेतृत्व में पुलिस घटक अवंतीपोरा, सहायक उप-निरीक्षक अल्ताफ अहमद शाह और अन्य कार्मिक सेना की 42 आरआर और सीआरपीएफ की 130 बटालियन के दलों के साथ गांव बारागाम अवंतीपोरा में बागानों के रास्ते संदिग्ध क्षेत्र में पहुँचे और सुबह लगभग 0400 बजे पूरे संदिग्ध इलाके की घेराबंदी कर दी। चूंकि चारों तरफ अंधेरा था, इसलिए तलाशी को उजाला होने तक रोक दिया गया। जब दिन का उजाला हुआ, तो तलाशी की कार्रवाई शुरू की गई। चूंकि दिन के उजाले में ऑपरेशन चलाना चुनौतियों से भरा था, वह भी तब जबकि मौजूद स्थानीय आतंकवादी उसी गांव से ताल्लुक रखने वाला था तथा कानून और व्यवस्था की स्थिति के बिगड़ने की पूरी आशंका थी। रणनीति पर फिर से विचार किया गया और पूरी तैनाती को तीन हिस्सों में बांटा गया। तैनाती के एक हिस्से को विशेष रूप से आसपास के इलाके में कानून और व्यवस्था प्रबंधन का कार्य सौंपा गया और बाकी दो को बाहरी और भीतरी घेराबंदी करने का कार्य सौंपा गया। आतंकवादी द्वारा घेराबंदी तोड़कर भागने को रोकने के लिए भागने के सभी संभावित रास्तों को सामरिक तरीके से बंद कर दिया गया। कानून और व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने से बचने के लिए, लक्षित क्षेत्र के आसपास के स्थानों पर सामरिक रूप से सीआरपीएफ और पुलिस घटकों की पर्याप्त तैनाती की गई ताकि लक्षित स्थान को किसी भी तरह के बाहरी हस्तक्षेप से बचाया जा सके। इस तैनाती को केवल कानून और व्यवस्था संबंधी किसी भी समस्या से निपटने का कार्य सौंपा गया। इसके बाद, संयुक्त तलाशी दलों (सेना+पुलिस+सीआरपीएफ) द्वारा लक्षित क्षेत्र में घरों से नागरिकों को बाहर निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया और यह ऑपरेशन का अत्यत संवेदनशील चरण था, क्योंकि इस बात की पूरी आशंका थी कि छिपा हुआ आतंकवादी नागरिकों और तलाशी/घेराबंदी दलों पर गोलीबारी कर सकता था। तलाशी/घेराबंदी दल ने पेशेवर दक्षता का परिचय देते हुए, नागरिकों को घेराबंदी वाले क्षेत्र से बाहर निकाला और पुलिस/सेना/सीआरपीएफ की संयुक्त टीम द्वारा उन्हें सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। पुलिस टीम का नेतृत्व सहायक उप-निरीक्षक अल्ताफ अहमद शाह ने किया।

सफलतापूर्वक घेराबंदी करने और नागरिकों को बाहर निकालने के बाद अगला कदम था, छिपे हुए आतंकवादी की सटीक स्थिति का पता लगाना और उसका खात्मा करना। सहायक उप-निरीक्षक अल्ताफ अहमद शाह के नेतृत्व में संयुक्त तलाशी दलों ने सेना और सीआरपीएफ के समकक्षों के साथ मिलकर क्वाड कॉप्टरों द्वारा निरंतर हवाई निगरानी की सहायता से आसपास के घरों की तलाशी शुरू की। इस बीच घरों की तलाशी की कार्रवाई के दौरान, लक्षित क्षेत्र की एक गौशाला के पीछे कुछ झाड़ियों/पेड़ों के बीच छिपे उक्त आतंकवादी की गतिविधि क्वाड कॉप्टर के 'मॉनीटर' पर देखी गई। यह भी देखा गया कि छिपे हुए आतंकवादी के हाथ में हथगोले और एक पिस्तौल थी। तुरंत ही वायरलेस संचार के माध्यम से घेराबंदी/तलाशी दलों को सतर्क कर दिया गया। इसके बाद 'पीए' सिस्टम के माध्यम से छिपे हुए आतंकवादी को अपने हथियार/गोला-बारूद डालने और आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया, जिसे उसने पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया।

बलों की गतिविधि को भांपते ही उक्त आतंकवादी, तुरंत संयुक्त घेराबंदी/हमला दल (सेना+पुलिस+सीआरपीएफ) की ओर दौड़ा और उसने संयुक्त घेराबंदी/हमला दल (सेना+पुलिस+सीआरपीएफ) को नुकसान पहुंचाने के इरादे से घेराबंदी/हमला दल पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी तथा लगातार दो हथगोले भी फेंके, लेकिन सामने से सहायक उप-निरीक्षक अल्ताफ अहमद शाह के नेतृत्व में घेराबंदी/हमला दल बाल-बाल बच गया। संयुक्त घेराबंदी/हमला दल पर अंधाधुंध गोलीबारी करने और हथगोले फेंकने के बाद आतंकवादी पास के बगीचों की ओर भागा और उसने घेराबंदी तोड़कर भागने की कोशिश की। लेकिन सेना, पुलिस और सीआरपीएफ के सदैव दृढ़-संकल्पी समग्र दलों ने समन्वित तरीके से आतंकवादी के हमले का प्रभावी ढंग से जवाब दिया और उसे भागने का कोई मौका नहीं दिया। संयुक्त हमला दल जिसमें सहायक उप-निरीक्षक अल्ताफ अहमद शाह के साथ सहायक उप-निरीक्षक सुरजीत सिंह, फोइल किंग पॉल, एसपीओ बिलाल अहमद और एसपीओ रणदीप कुमार शामिल थे, ने बेहतरीन तालमेल का परिचय देते हुए खुद को सामरिक रूप से व्यवहार्य स्थिति में पुनः पोजीशन किया और नजदीक से बंदूक की लड़ाई शुरू की तथा पास के बगीचे में उक्त आतंकवादी को मार गिराया। मारे गए आतंकवादी की पहचान बाद में प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से संबद्ध समीर अहमद तांत्रे पुत्र जीएच. मोहम्मद तांत्रे निवासी बारागाम अवंतीपोरा के रूप में हुई। मारे गए आतंकवादी के कब्जे से भारी मात्रा में हथियार/गोला-बारूद बरामद किया गया। इस संबंध में अवंतीपोरा पुलिस स्टेशन में आईपीसी की धारा 307, भारतीय आयुध अधिनियम की धारा 7/27 एवं विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धारा 3/5 के तहत मामलागत एफआईआर संख्या 201/2021 दर्ज की गई है।

मारा गया आतंकवादी अनुभवी लड़ाका था और विगत में वह स्थानीय और विदेशी आतंकवादियों के लिए मजबूत ओवर ग्राउंड वर्कर (ओजीडब्ल्यू) था। अवंतीपोरा पुलिस ने उसे दिनांक 18.09.2020 को विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 13 के अंतर्गत अवंतीपोरा पुलिस स्टेशन की मामलागत एफआईआर संख्या 127/2020 के तहत गिरफ़्तार किया था और बाद में माननीय न्यायालय ने उसे ज़मानत पर रिहा कर दिया था। वह आतंकवाद में शामिल होने और देश/संघ राज्य क्षेत्र जम्मू और कश्मीर के खिलाफ़ हथियार/गोला-बारूद का प्रयोग करने तथा आतंकवादी घटनाओं के माध्यम से व्यवस्था को अस्थिर करने के लिए युवाओं को उकसाने में शामिल था। वह दिनांक 07.12.2021 को पंपोर में कंडीजल पुल के पास सुरक्षा बलों पर फिदायीन हमला करने की योजना बना रहा था, लेकिन सैनिकों की सतर्कता के कारण, उसने अपनी योजना को रोक दिया और पुलिस/सुरक्षा बलों की गतिविधि को भांपते हुए वह नागरिकों के बीच घुसकर मौके से भाग गया। उक्त आतंकवादी के मारे जाने से पीडी अवंतीपोरा में जैश-ए-मोहम्मद संगठन को धक्का लगा है और इस आतंकवादी द्वारा नागरिकों पर लगातार किए जा रहे अत्याचारों और निर्दोष युवाओं की भर्ती पर रोक लगी है। पूरे ऑपरेशन के दौरान, आतंकवादी ने अंधाधुंध गोलीबारी करके/ग्रेनेड फेंककर बलों को नुकसान पहुंचाने की पूरी कोशिश की, जिसमें पुलिस दल और विशेष रूप से सहायक उप-निरीक्षक अल्ताफ अहमद शाह बाल-बाल बचे। तथापि, सहायक उप-निरीक्षक अल्ताफ अहमद शाह ने अपनी एकाग्रता खोए बिना और सूझ-बूझ के साथ बहादुरी से लड़ाई लड़ी, जिसके परिणामस्वरूप उक्त आतंकवादी को मार गिराया गया।

इस ऑपरेशन में, जम्मू और कश्मीर पुलिस के श्री अल्ताफ अहमद शाह, सहायक उप-निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

वीरता पदक (जीएम), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 85-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 12.12.2021 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/26/2023 - पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 113-प्रेज/2024— भारत की राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित कार्मिकों को वीरता पदक (जीएम) सहर्ष प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्व/श्री	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	शबीर अहमद खान	पुलिस उपाधीक्षक	वीरता पदक
2.	तनवीर जहाँगीर	निरीक्षक	वीरता पदक
3.	नएज अहमद	एस.जी. सीटी	वीरता पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 30.06.2021 को, कुलगाम पुलिस को चिम्मर गांव में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में पुख्ता सूचना मिली। कुलगाम पुलिस, 09 आरआर और सीआरपीएफ की 18वीं बटालियन ने उक्त गांव की घेराबंदी कर दी और घर-घर तलाशी शुरू की। टीमों का गठन किया गया और उनका नेतृत्व पुलिस उपाधीक्षक शबीर अहमद खान, एसडीपीओ डीएच पोरा, पुलिस उपाधीक्षक ताहिर अमीन, डीएआर डीपीएल कुलगाम और निरीक्षक तनवीर जहाँगीर, एसएचओ डीएच पोरा ने किया तथा एस.जी. सीटी नएज अहमद भी इनके साथ थे। पुलिस उपाधीक्षक शबीर अहमद खान और निरीक्षक तनवीर जहाँगीर के नेतृत्व में प्रारंभिक दलों ने संबंधित क्यूआरटी और 09 आरआर तथा सीआरपीएफ की 18वीं बटालियन के समकक्षों के साथ मिलकर इलाके की घेराबंदी कर दी और भागने के सभी संभावित रास्तों को बंद कर दिया। शुरुआती घेराबंदी करने और इस तथ्य की पुष्टि करने पर कि आतंकवादी बशीर अहमद नाइक पुत्र मोहम्मद रमजान नाइक निवासी चिम्मर के आवासीय घर में छिपे हुए हैं, उक्त गांव में घेराबंदी को और मजबूत किया गया और तलाशी अभियान शुरू किया गया। लक्षित घर को घेर लिया गया और आतंकवादियों को आत्मसमर्पण करने का अवसर दिया गया, जिसे उन्होंने अस्वीकार कर दिया। पुलिस उपाधीक्षक शबीर अहमद खान, निरीक्षक तनवीर जहाँगीर और एस.जी. सीटी नएज अहमद ने अपनी जान जोखिम में डालकर नागरिकों को बाहर निकालने में सक्रिय रूप से भाग लिया। सभी नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया गया और ऑपरेशनल पार्टी अब ऑपरेशन पर ध्यान केंद्रित करने की स्थिति में थी। नागरिकों को बाहर निकालने के बाद, वे तीनों कार्मिक आरआर, सीआरपीएफ और पुलिस के ऑपरेशनल दल में शामिल हो गए। लक्षित घर की तलाशी शुरू की गई और आतंकवादियों ने ऑपरेशनल दल पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। भीषण गोलीबारी शुरू हो गई जो काफी देर तक जारी रही। ऑपरेशन के दौरान 09 आरआर के 02 कार्मिकों सिपाही दलविंदर सिंह और राइफलमैन लोकेंद्र सिंह झाला गोली लगने से घायल हो गए। इस संबंध में डीएच पोरा पुलिस स्टेशन में आईपीसी की धारा 307, आयुध अधिनियम की धारा 7/27, विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 16, 18, 19, 20 के तहत मामलागत एफआईआर संख्या 77/2021 दर्ज की गई है। निरीक्षक तनवीर जहाँगीर ने अपने साथी एस.जी. सीटी सज्जाद अहमद भट्ट, एस.जी. सीटी नएज अहमद के साथ मिलकर अपने कर्तव्य से आगे बढ़कर और पुलिस उपाधीक्षक शबीर अहमद खान की देखरेख में दोनों घायल जवानों को मुठभेड़ स्थल से बाहर निकाला।

पुलिस दल ने दृढ़ता/धैर्य का परिचय दिया और वह अपने स्थान से एक इंच भी पीछे नहीं हटा। टीमों के बीच सामंजस्य और पहले से बनाई गई रणनीतिक योजना ने प्रभावी ढंग से काम किया, हालांकि, बीच-बीच में गोलीबारी जारी रही। दूसरी ओर, अपर पुलिस अधीक्षक कुलगाम जुल्फकार अहमद के नेतृत्व में ऑपरेशनल दल को हमला करने का आदेश दिया गया और उन्होंने कर्तव्य से आगे बढ़कर अपनी जान की परवाह किए बिना अलग-अलग तरफ से लक्षित क्षेत्र में प्रवेश किया और थोड़ी देर की गोलीबारी में एक खूंखार आतंकवादी को मार गिराया। मारे गए आतंकवादी के अन्य साथी भारी मात्रा में हथियारों से लैस थे और उन्होंने गोलीबारी की दिशा में मौजूद पुलिस कार्मिकों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की। लेकिन, सतर्कता और प्रभावी कमान के चलते, ऑपरेशनल दल ने खुद को उचित स्थानों पर तैनात किया और हिम्मत और समझदारी का परिचय दिया। यद्यपि, आतंकवादियों ने ऑपरेशनल दल की ओर एक ग्रेनेड फेंका, लेकिन वह जमीन पर बिना फटे ही रह गया। इस बीच, डीपीएल कुलगाम के बम निरोधक दस्ते को बिना फटे ग्रेनेड को नष्ट करने के लिए बुलाया गया, जिसमें एस.जी. सीटी फारूक अहमद ने गोलीबारी के बीच ग्रेनेड को नष्ट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एक आतंकवादी ने बाहर आकर सुरक्षा बलों और पुलिस दल पर अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसमें पुलिस उपाधीक्षक शबीर अहमद खान, निरीक्षक तनवीर जहाँगीर और एस.जी. सीटी नएज अहमद ने वीरता का परिचय दिया और प्रभावी ढंग से जवाबी कार्रवाई की तथा आतंकवादी को मौके पर ही मार गिराया। तदनुसार, सुरक्षा बलों ने सटीक गोलीबारी से दूसरे आतंकवादी को मार गिराया। कुछ देर के लिए गोलीबारी बंद हो गई और इलाके की फिर से तलाशी ली गई। तलाशी अभियान के दौरान पता चला कि एक आतंकवादी अभी भी जिंदा है और उसने पास की गौशाला में शरण ली हुई है। पुलिस दल ने आतंकवादी को चुनौती दी और सुरक्षा बलों के सामने आत्मसमर्पण करने के लिए कहा। अपर पुलिस अधीक्षक कुलगाम, पुलिस उपाधीक्षक शबीर अहमद खान, निरीक्षक तनवीर जहाँगीर और उनके साथी अपने निजी जीवन की परवाह किए बिना आगे बढ़े और किसी अतिरिक्त नुकसान के बिना तीसरे आतंकवादी को मार गिराया। पुलिस घटक विशेष रूप से पुलिस उपाधीक्षक शबीर अहमद खान, निरीक्षक तनवीर जहाँगीर और एस.जी. सीटी नएज अहमद द्वारा अपनी सुरक्षा और निजी जीवन की परवाह किए बिना, दर्शाए गए सामंजस्य और उनकी भूमिका के चलते लश्कर-ए-तैयबा के श्रेणी वाले तीन खूंखार आतंकियों

को मार गिराया गया। बाद में तीनों आतंकवादियों की पहचान शाहनवाज बशीर लोन पुत्र बशीर अहमद लोन निवासी किलबल शोपियां, वसीम शेख बागो पुत्र शफीक बागो निवासी रेडवानी कुलगाम और जाकिर बशीर नाइक पुत्र बशीर अहमद नाइक निवासी चिम्मर डी.एच.पोरा के रूप में हुई।

इन आतंकवादियों का खात्मा प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों की संरचनात्मक और कार्यात्मक इकाइयों के लिए एक बड़ा झटका था, जो जिले में शांतिपूर्ण माहौल को खराब करना चाहते थे। तीनों आतंकवादी कई आपराधिक मामलों में शामिल थे। उनका मुख्य लक्ष्य और उद्देश्य अपने संबंधित ओवर ग्राउंड वर्कस (ओजीडब्ल्यू) को शांतिप्रिय नागरिकों की हत्या करने के लिए निदेश देना था। कार्मिकों द्वारा किए गए उत्कृष्ट प्रयासों के चलते, एक बड़ा आतंकी खतरा टल गया। आगे की जांच के लिए इस संबंध में डीएच पोरा पुलिस स्टेशन में आईपीसी की धारा 307, आयुध अधिनियम की धारा 7/27, विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 16, 18, 19, 20, 38 के तहत मामलागत एफआईआर 77/2021 दर्ज की गई है। मारे गए आतंकवादियों के कब्जे से हथियार/गोला-बारूद बरामद किया गया।

इस ऑपरेशन में, जम्मू और कश्मीर पुलिस के सर्व/श्री शबीर अहमद खान, पुलिस उपाधीक्षक, तनवीर जहाँगीर, निरीक्षक और नएज अहमद, एस.जी. सीटी ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

वीरता पदक (जीएम), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 85-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 30.06.2021 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/43/2023 - पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 114-प्रेज/2024—भारत की राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित कार्मिक को वीरता पदक (जीएम) सहर्ष प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	श्री अनिल कुमार	एस.जी. सीटी	वीरता पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 11.11.2021 को 1900 बजे, जिला पुलिस कुपवाड़ा के सहयोग से श्रीनगर जिले के बर्निना क्षेत्र में कहीं पर एक आतंकवादी की मौजूदगी के संबंध में एक पुख्ता सूचना जुटाई गई और यह भी पता चला कि आतंकवादी कश्मीर घाटी में और विशेष रूप से श्रीनगर शहर के पंथा चौक से परिमपोरा राजमार्ग के इलाके में पुलिस/सुरक्षा बलों पर पुलवामा जैसे हमले की योजना को अंजाम देने के इरादे से 5 किलो आईईडी ले जा रहा है। आतंकवादी की सटीक स्थिति/सही पहचान का पता लगाने के लिए, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्रीनगर अन्य अधिकारियों के साथ कमांड वाहन में सवार हो गए। बाद में; वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्रीनगर के निदेश पर, वैली क्यूएटी सीआरपीएफ और सेना (02-आरआर) की पर्याप्त नफरी सहित जिला पुलिस श्रीनगर/पुलिस घटक श्रीनगर की 03 टीमें, जिला कुपवाड़ा के पुलिस दल और श्री इफ्तिखार तालिब, पुलिस अधीक्षक पीसी श्रीनगर के नेतृत्व में सिविल वर्दी में एक गुप्त टीम का गठन किया गया।

गठित टीमों ने उक्त क्षेत्र में गहन तलाशी शुरू की और बर्निना बंद के पास एक नाका भी लगाया। इस दौरान, लगभग 2155 बजे, आतंकवादी ने आपराधिक इरादे से नाका दल पर हमला किया और मौके से भाग गया। लेकिन ऑपरेशनल टीमें लक्ष्य का पता लगाने में सफल रहीं और उन्होंने लक्ष्य को घेर लिया और सभी गलियों और उप-गलियों को बंद कर दिया। घेराबंदी और तलाशी अभियान के दौरान, छिपे हुए आतंकवादी ने पुलिस/सुरक्षा बलों की मौजूदगी को भांप लिया तथा भागने का सुरक्षित रास्ता बनाने के लिए पुलिस दल पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी और ग्रेनेड फेंका।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्रीनगर ने लक्षित स्थान की बाहरी घेराबंदी करने के लिए 02 छोटे दल गठित किए जिसमें जिला पुलिस श्रीनगर के नफरी और एस.जी. सीटी अनिल कुमार तथा वैली क्यूएटी सीआरपीएफ शामिल थे और लक्षित स्थान की आंतरिक घेराबंदी करने के लिए सिविल वर्दी में पीसी श्रीनगर तथा सेना (02-आरआर) की पर्याप्त नफरी की एक गुप्त टीम का गठन किया और वे लक्ष्य की ओर आगे बढ़े ताकि किसी संपार्श्विक क्षति के बिना आतंकवादी का खात्मा किया जा सके। तथापि, छिपे हुए आतंकवादी ने आगे बढ़ते हुए दलों की उपस्थिति को भांप

लिया और उसने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी, जिसमें आगे बढ़ रहा दल सावधानीपूर्वक खुद को बचाने में सफल रहा और उसने सुरक्षित तरीके से पोजीशन ले ली तथा अपने व्यक्तिगत जीवन की परवाह किए बिना प्रभावी ढंग से गोलीबारी का जवाब दिया और आतंकवादी को मार गिराया, जिसकी पहचान लश्कर-ए-तैयबा (टीआरएफ) संगठन के सी-श्रेणी के स्थानीय आतंकवादी अमीर रियाज शाह पुत्र स्वर्गीय रियाज अहमद शाह निवासी वहाब साहब ख्रीव अवंतीपोरा जिला पुलवामा के रूप में हुई, जो, दक्षिण/मध्य कश्मीर क्षेत्रों में सक्रिय था। मुठभेड़ स्थल से हथियार/गोला-बारूद भी बरामद किया गया। इस संबंध में पुलिस स्टेशन परिमपोरा में आईपीसी की धारा 307 ओर आयुध अधिनियम की धारा 7/27 के तहत मामलागत एफआईआर संख्या 343/2021 दर्ज है।

इस ऑपरेशन में, जम्मू और कश्मीर पुलिस के श्री अनिल कुमार, एस.जी. सीटी ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

वीरता पदक (जीएम), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 85-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 11.11.2021 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/110/2023 - पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 115-प्रेज/2024—भारत की राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित कार्मिकों को वीरता पदक (जीएम) सहर्ष प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्व/श्री	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	मोहिंदर सिंह	हेड कांस्टेबल	वीरता पदक
2.	मुमताज़ अहमद सोफी	हेड कांस्टेबल	वीरता पदक
3.	रेआज़ अहमद वागे	एस.जी. सीटी	वीरता पदक
4.	अरुनदीप सिंह	सिपाही	वीरता पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 20.10.2021 को गांव द्रागड़-चीरबाग, जैनपोरा-शोपियां में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में एक पुख्ता आसूचना इनपुट मिला, जो कि आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। इस सूचना के आधार पर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शोपियां की कड़ी निगरानी में शोपियां पुलिस ने 44 आरआर और सीआरपीएफ की 178वीं बटालियन की सहायता से ऑपरेशन चलाया। तलाशी अभियान के दौरान, यह पता चला कि आतंकवादी उक्त क्षेत्र में छिपे हुए हैं। किसी भी आकस्मिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए, पुलिस उपाधीक्षक रेआज़ अहमद के नेतृत्व में स्थानीय पुलिस/44 आरआर/सीआरपीएफ की 178वीं बटालियन की एक संयुक्त टीम का गठन किया गया, जिसमें हेड कांस्टेबल मोहिंदर सिंह, हेड कांस्टेबल मुमताज़ अहमद सोफी और अन्य कार्मिक शामिल थे, ताकि किसी संपार्श्विक क्षति से बचने के लिए लक्षित स्थान से सटे हुए खेतों में खेती कर रहे नागरिकों को निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा सके।

यह टीम पुलिस उपाधीक्षक शीज़ान भट्ट के नेतृत्व वाली दूसरी टीम द्वारा प्रदान की गई कवर गोलीबारी की आड़ में नागरिकों को पूरी तरह से निकालने में सफल रही। निकासी की प्रक्रिया पूरी होन के बाद, लक्ष्य का और सटीक निर्धारण किया गया और इलाके में छिपे हुए आतंकवादियों को आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया, लेकिन उन्होंने घेराबंदी करने वाले दलों पर अंधाधुंध गोलीबारी की जिसमें पुलिस उपाधीक्षक मोहम्मद अशरिफ और उनकी टीम जिसमें एस.जी. सीटी रेआज़ अहमद वागे, सिपाही अरुनदीप सिंह और अन्य कार्मिक शामिल थे, बाल-बाल बचे। अग्रिम (एडवांस) ऑपरेशन टीम ने प्रभावी ढंग से गोलीबारी का जवाब दिया, जिससे आमने-सामने से गोलीबारी की लड़ाई शुरू हो गई।

छिपे हुए आतंकवादियों से लड़ते हुए संयुक्त दल अग्रिम मोर्चे पर डटा रहा। अपनी जान पर शिकंजा कसता महसूस करने पर, छिपे हुए आतंकवादी गोलियों की बौछार करते हुए छिपने के स्थान से बाहर आ गए। तथापि, निरीक्षक रमेश लाल के नेतृत्व वाली संयुक्त टीम ने असाधारण साहस और बहादुरी का परिचय दिया तथा दृढ़ता से डटे रहे और आमने-सामने की बंदूक की लड़ाई में आतंकवादियों पर भारी गोलीबारी की तथा

02 आतंकवादियों को मार गिराया, जिनकी पहचान बाद में आदिल हुसैन वानी (हिजबुल मुजाहिद्दीन संगठन का "ख" श्रेणी) पुत्र जीएच. मोहम्मद वानी निवासी हेफ-शिरमल, शोपियां और शाकिर अहमद वानी (लश्कर-ए-तैयबा संगठन का "ग" श्रेणी) पुत्र जीएच. कादिर वानी निवासी लिटर पुलवामा के रूप में हुई। मारे गए आतंकवादियों के कब्जे से हथियार/गोला-बारूद भी बरामद किया गया। इस संबंध में जैनापोरा पुलिस स्टेशन में आईपीसी की धारा 307, भारतीय आयुध अधिनियम की धारा 7/27, विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 16, 20 और 38 के तहत मामलागत एफआईआर संख्या 129/2021 दर्ज की गई है।

प्रतिबंधित हिजबुल मुजाहिद्दीन/लश्कर-ए-तैयबा संगठनों के (02) कट्टर आतंकवादियों का सफाया जम्मू और कश्मीर पुलिस के लिए एक बड़ी उपलब्धि है और दूसरी ओर उक्त आतंकवादी संगठनों के लिए यह एक बड़ा झटका है। अनुमान लगाया जा रहा है कि इन आतंकवादियों के खात्मे के साथ, कुल मिलाकर स्थिति में काफी सुधार होने की आशा है।

हेड कांस्टेबल मोहिंदर सिंह, हेड कांस्टेबल मुमताज़ अहमद सोफी, एस.जी. सीटी रेआज़ अहमद वागे और सिपाही अरुनदीप सिंह, जिन्होंने अपनी बेशकीमती जान की परवाह किए बिना कारगर तरीके और बुद्धिमानी से आतंकवादियों से मुकाबला किया, द्वारा प्रदर्शित पेशेवरता और उत्कृष्ट साहस उल्लेखनीय था तथा अत्यंत प्रतिकूल परिस्थिति में लक्ष्य तक पहुँचने का उनका प्रयास वास्तव में वीरतापूर्ण था। उन्होंने साहस का परिचय दिया और घेराबंदी वाले इलाके में फंसे नागरिकों को निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाया, और इस प्रकार उनकी सूझबूझ और अच्छी पुलिस व्यवस्था के चलते नागरिक हताहत होने से बच गए। हालाँकि, आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी करके सुरक्षा बलों को नुकसान पहुँचाने की पूरी कोशिश की, जिसमें वे बाल-बाल बचे। तथापि, उन्होंने अपनी एकाग्रता खोए बिना और सूझ-बूझ का इस्तेमाल करते हुए बहादुरी से लड़ाई लड़ी और आतंकवादियों के नापाक मंसूबों को नाकाम कर दिया।

इस ऑपरेशन में, जम्मू और कश्मीर पुलिस के सर्व/श्री मोहिंदर सिंह, हेड कांस्टेबल, मुमताज़ अहमद सोफी, हेड कांस्टेबल, रेआज़ अहमद वागे, एस.जी. सीटी और अरुनदीप सिंह, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

वीरता पदक (जीएम), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 85-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 20.10.2021 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/111/2023 - पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 116-प्रेज/2024—भारत की राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित कार्मिकों को वीरता पदक (जीएम) सहर्ष प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्व/श्री	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	करण कुमार	पुलिस उप-निरीक्षक	वीरता पदक
2.	मुदासिर अहमद मीर	हेड कांस्टेबल	वीरता पदक
3.	जमीर अहमद खान	एस.जी. सीटी	वीरता पदक
4.	मोहम्मद अशरफ कुमार	एस.जी. सीटी	वीरता पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 13.05.2022 को बांदीपोरा पुलिस ने मानव/तकनीकी स्रोतों से चारयार श्राइन बरार बांदीपोरा के पहाड़ी क्षेत्र में आतंकवादी की मौजूदगी के संबंध में पुख्ता सूचना जुटाई। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए, बांदीपोरा पुलिस मौके पर पहुंच गई और इसी बीच श्री उदयभास्कर बिल्ला, आईपीएस अपने एस्कॉर्ट कार्मिकों के साथ मौके पर पहुंच गए। यह इलाका सामान्य रूप से घना वन है, जिसमें बड़े-बड़े पत्थर और पेड़ हैं, जो कि छिपे हुए आतंकवादियों को प्राकृतिक कवर प्रदान कर रहे थे। किसी संपार्श्विक नुकसान के बिना आतंकवादियों का खत्मा करना बहुत मुश्किल था। क्षेत्र की स्थलाकृति के संबंध में सेना के साथ एक संक्षिप्त चर्चा के बाद, उप महानिरीक्षक एनकेआर बारामूला की समग्र देखरेख में घेराबंदी और तलाशी अभियान की कार्रवाई शुरू की गई।

बनाई गई योजना के अनुसार श्री उदयभास्कर बिल्ला, आईपीएस उप महानिरीक्षक एनकेआर बारामूला, पुलिस उपाधीक्षक शफात मोहम्मद नजर मुख्यालय बांदीपोरा, पुलिस उप-निरीक्षक करण कुमार, हेड कांस्टेबल मुदासिर अहमद मीर, एस.जी. सीटी जमीर अहमद खान

और एस.जी. सीटी मोहम्मद अशरफ कुमार के नेतृत्व में प्रारंभिक घेराबंदी दल, सेना और सीआरपीएफ के घटकों साथ मिलकर तलाशी में भाग लेने के लिए स्वेच्छा से आगे आए। संदिग्ध क्षेत्र की तलाशी के दौरान, वे बड़े पत्थरों के पीछे छिपे आतंकवादियों की भारी गोलीबारी की चपेट में आ गए, लेकिन हमले के दौरान तलाशी टीम को कोई नुकसान नहीं पहुंचा और सावधानीपूर्वक एक रणनीति बनाई गई तथा आतंकवादी की स्थिति को चिह्नित/निर्धारित किया गया।

तदनुसार, सेना और पुलिस के संयुक्त दलों को लक्षित स्थान के बहुत करीब तैनात किया गया। बनाई गई योजना के अनुसार, उप महानिरीक्षक एनकेआर बारामूला, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय बांदीपोरा, पुलिस उप-निरीक्षक करण कुमार, हेड कांस्टेबल मुदासिर अहमद मीर, एस.जी. सीटी जमीर अहमद खान और एस.जी. सीटी मोहम्मद अशरफ कुमार के नेतृत्व में प्रारंभिक घेराबंदी दलों ने अत्यंत साहसपूर्ण कदम उठाया ओर वे कांटेदार झाड़ियों और खुरदरी जमीन से रेंगते हुए लक्षित स्थल तक पहुंचे। घेराबंदी स्थल को सुरक्षित करने के बाद, बार-बार घोषणाएं की गईं, जिनके माध्यम से आतंकवादियों को आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया। लेकिन आत्मसमर्पण करने के बजाय, उन्होंने संयुक्त दलों पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। संयुक्त दलों ने उचित सावधानी बरतते हुए जवाबी गोलीबारी की, ताकि कम-से-कम संपार्श्विक क्षति हो। आतंकवादियों की ओर से लगातार गोलीबारी हो रही थी, क्योंकि वे अच्छी पोजीशन लिए हुए थे और घने जंगल में खुद को सुरक्षित महसूस कर रहे थे। तथापि, पुलिस दल ने आतंकवादियों को उनके नापाक मंसूबों को अंजाम नहीं देने दिया।

उप महानिरीक्षक एनकेआर बारामूला के निदेश पर आतंकवादियों पर गोलियों की बौछार की गई। आतंकवादियों ने हमला करने वाले दल पर लगातार गोलीबारी की, लेकिन हमला करने वाले दल ने हार नहीं मानी और वह डटा रहा तथा आतंकवादियों और हमला करने वाले दल के बीच नजदीक से हुई बंदूक की लड़ाई 02 विदेशी आतंकवादियों के मारे जाने तक जारी रही, जिनकी पहचान बाद में "क+" श्रेणी के अबू इस्माइल उर्फ फैसल उर्फ सिकंदर उर्फ जरगाम उर्फ मोहसिन निवासी पाकिस्तान और लश्कर-ए-तैयबा संगठन के "क+" श्रेणी के आतंकवादी अबू हमजा उर्फ उकाशा उर्फ साद निवासी पाकिस्तान के रूप में हुई। मारे गए आतंकवादियों के कब्जे से हथियार/गोला-बारूद भी बरामद किया गया। इस संबंध में अरागाम पुलिस स्टेशन में आईपीसी की धारा 307, भारतीय आयुध अधिनियम की धारा 7/27 के तहत मामलागत एफआईआर संख्या 16/2022 दर्ज की गई है। ये आतंकवादी उत्तरी कश्मीर, विशेष रूप से बांदीपोरा जिले में आतंक संबंधी अनेक मामलों में शामिल थे और वे आतंकराज कायम करने के लिए युवाओं को आतंकी रैंकों में शामिल होने के लिए प्रेरित करने में भी शामिल थे।

पुलिस उप-निरीक्षक करण कुमार, हेड कांस्टेबल मुदासिर अहमद मीर, एस.जी. सीटी जमीर अहमद खान और एस.जी. सीटी मोहम्मद अशरफ कुमार, जिन्होंने खुद को अत्यंत जोखिम में डालते हुए कारगर तरीके और बुद्धिमानी से आतंकवादियों से लड़ाई लड़ी, द्वारा प्रदर्शित पेशेवरता और उत्कृष्ट साहस उल्लेखनीय था तथा अत्यंत प्रतिकूल परिस्थिति में लक्ष्य तक पहुंचने का उनका प्रयास वास्तव में वीरतापूर्ण था। हालांकि आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी करके सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने की पूरी कोशिश की, जिसमें अधिकारी/कर्मचारी बाल-बाल बचे। तथापि, उन्होंने अपनी एकाग्रता खोए बिना और सूझ-बूझ का इस्तेमाल करते हुए बहादुरी से लड़ाई लड़ी और आतंकवादियों के नापाक मंसूबों को नाकाम कर दिया और किसी संपार्श्विक नुकसान के बिना ऑपरेशन स्थल पर सुरक्षित तरीके से मिशन को पूरा किया, जो इस ऑपरेशन की मुख्य विशेषता रही।

इस ऑपरेशन में, जम्मू और कश्मीर पुलिस के सर्व/श्री करण कुमार, पुलिस उप-निरीक्षक, मुदासिर अहमद मीर, हेड कांस्टेबल, जमीर अहमद खान, एस.जी. सीटी और मोहम्मद अशरफ कुमार, एस.जी. सीटी ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

वीरता पदक (जीएम), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 85-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 13.05.2022 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/123/2023 - पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 117-प्रेज/2024—भारत की राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित कार्मिकों को वीरता पदक (जीएम) सहर्ष प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्व/श्री	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	युगल कुमार	वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक	वीरता पदक

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्व/श्री	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
2.	सरफराज बशीर गनई	पुलिस उपाधीक्षक	वीरता पदक
3.	रेआज़ अहमद मीर	उप-निरीक्षक	वीरता पदक
4.	सफ़ीर लोन	सिपाही	वीरता पदक
5.	शाहनवाज़ अहमद दीदाद	सिपाही	वीरता पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

गिरफ्तार किए गए एक आतंकवादी शौकत अहमद शेख पुत्र अब अहद शेख निवासी सेडो जिला शोपियां (सेना के जवानों को ले जा रहे वाहन में विस्फोट करने के लिए जिम्मेदार, जिसके परिणामस्वरूप मौतें हुईं और चोटें आईं) के खुलासे पर, दिनांक 19.06.2022 को चंडीगाम लोलाब के वन क्षेत्र के भीतर एक ठिकाने में छिपे पाकिस्तानी आतंकवादियों की मौजूदगी के सबंध में पुख्ता सूचना जुटाई गई। सूचना को और पक्का किया गया और 28 आरआर (सेना) के साथ साझा किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुपवाड़ा के नेतृत्व में, सेना के साथ पुलिस की तलाशी टीमों ने क्षेत्र की घेराबंदी कर दी और संदिग्ध क्षेत्र की तलाशी शुरू की। लगभग 1400 बजे, तलाशी दलों ने घने वन में आतंकवादियों की गतिविधि देखी। पुलिस दल और सेना को देखते ही आतंकवादियों ने अपने स्वचालित हथियारों से संयुक्त बलों पर गोलीबारी की, जिसका दलों ने नियंत्रित और पेशेवर तरीके से जवाब दिया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि आतंकवादी न तो उन्हें हताहत करने में और न ही घेराबंदी को तोड़ने में सफल हो सकें। हालांकि, गिरफ्तार आतंकवादी शौकत अहमद शेख घने आच्छादित वन, इलाके के बारे में अपनी जानकारी और पुलिस के जवाबी गोलीबारी में व्यस्त होने का फायदा उठाते हुए, चकमा देकर भाग गया तथा पुलिस और सेना पर हमले में अपने आतंकवादी साथियों के साथ मिल गया।

यह भांपते हुए कि, घने वन क्षेत्र के कारण अतिरिक्त नुकसान हो सकता है, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुपवाड़ा श्री युगल कुमार ने पुलिस टीम को तीन दलों में बांट दिया, जिनका नेतृत्व क्रमश: वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुपवाड़ा, पुलिस उपाधीक्षक सरफराज बशीर गनई और उप-निरीक्षक रेआज़ अहमद मीर ने किया तथा 28 आरआर ने उनकी सहायता की। अन्य दलों को सभी संभावित रास्तों को बंद करने के लिए व्यापक बाहरी घेराबंदी करने का कार्य सौंपा गया।

दलों ने बनाई गई योजना के अनुसार खुद को तैनात किया और धीरे-धीरे लक्षित क्षेत्र को घेरना शुरू कर दिया। जब वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुपवाड़ा के नेतृत्व में दल संदिग्ध लक्ष्य की ओर बढ़ रहा था, तो वह वन में झाड़ियों के पीछे छिपे आतंकवादियों की भारी गोलीबारी की चपेट में आ गया। पोजीशन को संभालते हुए, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुपवाड़ा के नेतृत्व में दल ने सिपाही शाहनवाज़ अहमद दीदाद की सहायता से छिपे हुए आतंकवादियों की ओर हमला किया और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुपवाड़ा और सिपाही शाहनवाज़ अहमद दीदाद ने सच्चे साहस का परिचय देते हुए अत्यंत करीब से एक आतंकवादी को मार गिराया। इस बीच, उप-निरीक्षक रेआज़ अहमद मीर के नेतृत्व में दूसरा दल एक और आतंकवादी का पता लगाने में सफल रहा और उप-निरीक्षक रेआज़ अहमद मीर के नेतृत्व में दल ने सिपाही सफ़ीर लोन की सहायता से अपनी जान की परवाह किए बिना अत्यंत वीरतापूर्ण कृत्य का परिचय देते हुए सामने से दूसरे आतंकवादी को मार गिराया।

इस बीच, मौसम ने स्थिति को बिगाड़ना शुरू कर दिया और भारी बारिश शुरू हो गई, जिससे ऑपरेशन को आगे बढ़ाने की कार्रवाई बाधित हो गई। साथ ही, शाम के अंधेरे और कोहरे ने स्थिति को और भी जटिल बना दिया। सभी कारकों को ध्यान में रखते हुए, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुपवाड़ा ने टीमों को भागे हुए आतंकवादी शौकत अहमद शेख और अन्य पाकिस्तानी आतंकवादियों को घने अंधेरे वाली रात में घेराबंदी तोड़ने का कोई मौका दिए बिना अगली सुबह तक सुरक्षित पोजीशन लेने का आदेश दिया। खराब मौसम की स्थिति का सामना करते हुए, दलों ने सेवा की अपनी सच्ची भावना को बनाए रखा और भोर होने का इंतजार किया।

तड़के, छिपे हुए आतंकवादियों ने घेराबंदी से भागने की कोशिश में तलाशी दलों पर ग्रेनेड फेंकना और गोलीबारी करना शुरू कर दिया। इसी समय, पुलिस उपाधीक्षक सरफराज बशीर गनई और उनका साथी गोलीबारी करने वाले आतंकवादी पर हमले के लिए पार्याप्त नजदीक पहुंच गए। आगे से अपने दल का नेतृत्व करते हुए, पुलिस उपाधीक्षक सरफराज बशीर गनई और उनके साथी ने अत्यंत बहादुरी के साथ आतंकवादी पर करीब से हमला किया और उसे मौके पर ही मार गिराया। दल और आगे बढ़े तथा नेतृत्व कौशल और उच्च मनोबलयुक्त वीरता का परिचय देते हुए, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुपवाड़ा और उप-निरीक्षक रेआज़ अहमद मीर के नेतृत्व वाली टीम ने चौथे आतंकवादी को मार गिराया। लश्कर-ए-तैयबा संगठन के मारे गए आतंकवादियों की पहचान बंबर खान, अल बकश, आफताब भाई, सभी पाकिस्तान निवासी और शौकत अहमद शेख पुत्र अब अहद शेख निवासी निवासी सेडो शोपियां (सभी क-श्रेणी के) के रूप में हुई। मारे गए आतंकवादियों के कब्जे से भारी मात्रा में हथियार/गोला-बारूद बरामद किया गया। इस संबंध में, पुलिस स्टेशन सोगाम में आईपीसी की धारा 307, भारतीय आयुध अधिनियम की धारा

7/27 और विधिविरूद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 13, 16 तथा 18 के तहत एक मामलागत एफआईआर सं. 45/2022 दर्ज की गई है।

पूरे ऑपरेशन में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक युगल कुमार, पुलिस उपाधीक्षक सरफराज बशीर गनई, उप-निरीक्षक रेआज़ अहमद मीर, सिपाही सफ़ीर लोन और सिपाही शाहनवाज़ अहमद दीदाद ने अदम्य साहस और सेवा की सच्ची भावना के साथ बेहद पेशेवरता का परिचय दिया और उन्होंने अत्यंत प्रतिकूल परिस्थिति में लक्ष्य तक पहुंचने के लिए अपनी जान की परवाह किए बिना बहादुरी से लड़ाई लड़ी। हालांकि आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी का सहारा लेकर बलों को नुकसान पहुंचाने की पूरी कोशिश की, जिसमें वे बाल-बाल बचे, तथापि उन्होंने अपनी एकाग्रता खोए बिना और अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना, बहादुरी से लड़ाई लड़ी, जिसके परिणामस्वरूप इन 04 विदेशी/स्थानीय खूंखार आतंकवादियों को मार गिराया गया।

इस ऑपरेशन में, जम्मू और कश्मीर पुलिस के सर्व/श्री युगल कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सरफराज बशीर गनई, पुलिस उपाधीक्षक, रेआज़ अहमद मीर, उप-निरीक्षक, सफ़ीर लोन, सिपाही और शाहनवाज़ अहमद दीदाद, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

वीरता पदक (जीएम), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 85-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 19.06.2022 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/128/2023 - पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 118-प्रेज/2024—भारत की राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित कार्मिकों को वीरता पदक (जीएम), वीरता पदक का प्रथम बार और वीरता पदक का द्वितीय बार सहर्ष प्रदान करती हैं:—

क्र. सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्व/श्री	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	इफ्तखार तालिब	पुलिस अधीक्षक	वीरता पदक
2.	सुमित कुमार शर्मा	पुलिस उपाधीक्षक	वीरता पदक का प्रथम बार
3.	रोहित कुमार	पुलिस उपाधीक्षक	वीरता पदक का प्रथम बार
4.	कुशब कुमार	निरीक्षक	वीरता पदक
5.	अमित रैना	सहायक उप-निरीक्षक	वीरता पदक का द्वितीय बार
6.	फरोज़ अहमद डार	सहायक उप-निरीक्षक	वीरता पदक
7.	परशातम सिंह	एस.जी. सीटी	वीरता पदक
8.	कुलदीप सिंह	एस.जी. सीटी	वीरता पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 30.12.2021 को लगभग 2235 बजे, विश्वसनीय स्रोतों से पंथा चौक श्रीनगर के गमंदर मोहल्ला इलाके में आतंकवादियों के एक समूह की मौजूदगी के संबंध में पुख्ता सूचना प्राप्त हुई तथा पता चला कि ये आतंकवादी जिवान पंथा चौक श्रीनगर में एक पुलिस बस पर सनसनीखेज आतंकवादी हमले में शामिल थे, जिसमें 14 पुलिस कार्मिक घायल हो गए थे, तथा उनमें से 03 कार्मिकों ने बाद में दम तोड़ दिया और शहादत प्राप्त की। यह भी पता चला है कि ये आतंकवादी राष्ट्रीय राजमार्ग पर और साथ ही श्रीनगर शहर में पुलिस/सुरक्षा बलों/काफिले/तैनाती पर हमला करने की आपराधिक साजिश रच रहे थे। छिपे हुए आतंकवादियों की सही स्थिति/उचित पहचान का पता लगाने के लिए, तुरंत जिला श्रीनगर/पुलिस घटक श्रीनगर/वैली क्यूएटी सीआरपीएफ की पुलिस टीमों का गठन किया गया ताकि किसी अतिरिक्त क्षति के बिना आतंकवादियों को ढूंढने और उनका खात्मा करने के लिए उनकी सटीक अवस्थिति का पता लगाया जा सके। इन आतंकवादियों की तलाश और उनके निकलने के रास्ते को बंद करने के लिए एक विशेष नाका भी लगाया गया। अचानक, क्षेत्र में पुलिस/बलों और नाका दल की मौजूदगी को देखकर, आतंकवादियों

ने पुलिस/बलों की हत्या करने के इरादे और मौके पर से भागने के लिए अंधाधुंध गोलीबारी की और इसी दौरान ग्रेनेड भी फेंके। इस पर बलों ने लक्षित स्थान के आस-पास के क्षेत्र में घेराबंदी और तलाशी अभियान (सीएएसओ) चलाया, जिसके दौरान छिपे हुए आतंकवादियों ने फिर से अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी और ग्रेनेड फेंके, लेकिन पुलिस दलों ने मानक कार्रवाई प्रक्रिया (एसओपी) के अनुसार सभी सावधानियां बरतते हुए अपने निजी जीवन की परवाह किए बिना बहादुरी से जवाबी कार्रवाई की।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्रीनगर, श्री राकेश बलवाल आईपीएस और पुलिस अधीक्षक इफ्तखार तालिब पीसी श्रीनगर द्वारा तत्काल एक ऑपरेशनल योजना तैयार की गई। योजना के अनुसार, किसी भी अतिरिक्त नुकसान से बचने के लिए आस-पास के घरों से नागरिकों को बाहर निकालने को प्राथमिकता दी गई और छिपे हुए आतंकवादियों का खात्मा करने के लिए लक्षित स्थान की ओर आगे बढ़ने हेतु एक टीम का गठन किया गया जिसमें पुलिस अधीक्षक इफ्तखार तालिब, पुलिस उपाधीक्षक सुमित कुमार शर्मा पीसी श्रीनगर, पुलिस उपाधीक्षक रोहित कुमार पीसी श्रीनगर, निरीक्षक कुशब कुमार, सहायक उप-निरीक्षक अमित रैना, सहायक उप-निरीक्षक फरोज़ अहमद डार, एस.जी. सीटी परशातम सिंह, एस.जी. सीटी कुलदीप सिंह और अन्य पुलिस कार्मिकों के साथ वैली क्यूएटी सीआरपीएफ की पर्याप्त नफरी शामिल थी। इससे पहले, इलाके के सभी निकास मार्गों और लक्षित स्थान तक पहुंचने के रास्तों को भी बंद कर दिया गया था। पहले तो, छिपे हुए आतंकवादियों को आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया, लेकिन उन्होंने इंकार कर दिया और इसके बजाय ऑपरेशनल दलों पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसमें आगे बढ़ रहा दल चमत्कारिक रूप से बच गया। तथापि, गोलीबारी का प्रभावी ढंग से जवाब दिया गया और दोनों पक्षों के बीच परस्पर गोलीबारी के दौरान, 02 आतंकवादियों को मार गिराया गया।

कार्रवाई के दौरान, लक्षित स्थान के पीछे की ओर, पुलिस अधीक्षक इफ्तखार तालिब के नेतृत्व में एक छोटी टीम ने आस-पास के नागरिकों को निकालकर निकटतम सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। चूंकि लक्षित स्थान का पीछे का हिस्सा बिना किसी आड़ के एक खुला मैदान था, इसलिए आतंकवादी वहां से निकलकर भागने में सफल हो सकते थे। जैसे ही छिपे हुए आतंकवादियों ने पुलिस दल की गतिविधि देखी, उन्होंने अंधाधुंध गोलीबारी करते हुए ग्रेनेड फेंके, जिसके परिणामस्वरूप पीसी श्रीनगर के सहायक उप-निरीक्षक फरोज़ अहमद डार, हेड कांस्टेबल वरिंदर प्रताप, एस.जी. सीटी राजिंदर कुमार, एस.जी. सीटी मुश्ताक अहमद, एस.जी. सीटी कुलदीप सिंह और एस.जी. सीटी परशातम सिंह सहित कुछ पुलिस कार्मिकों को गोली/छर्रे से चोटें आईं। तथापि, पुलिस दल ने बहादुरी से और अपने निजी जीवन की परवाह किए बिना गोलीबारी का प्रभावी ढंग से जवाब दिया और छिपे हुए आतंकवादी को मार गिराया। इस कार्रवाई के दौरान, पुलिस अधीक्षक पीसी श्रीनगर की कमान में पुलिस दल ने बहादुरी का परिचय दिया और आगे बढ़ना जारी रखा, जिससे उन्हें आतंकवादियों की भारी गोलीबारी का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब दिया और उन्हें पीछे हटने/वापस लौटने के लिए मजबूर कर दिया। इस बीच सेना (50-आरआर) भी ऑपरेशन में शामिल हो गई। अग्रिम दल के लिए गंभीर खतरे को समझते हुए, पुलिस अधीक्षक पीसी श्रीनगर ने खुद को आतंकवादियों की भारी गोलीबारी के सामने डालते हुए आगे बढ़ना जारी रखा और आतंकवादी को पीछे हटने के लिए मजबूर कर दिया और इस प्रकार उन्होंने अपनी पोजीशन पर बने रहने के लिए अदम्य साहस तथा सर्वोच्च स्तर की अनुकरणीय और असाधारण वीरता का परिचय दिया।

बाद में, मुठभेड़ स्थल से मारे गए 03 आतंकवादियों (02 विदेशी प्रशिक्षित और 01 स्थानीय प्रशिक्षित) के शव बरामद किए गए, जिनकी पहचान जैश-ए-मोहम्मद संगठन के "क+" श्रेणी आतंकवादी रजाक भाई, निवासी पाकिस्तान, जैश-ए-मोहम्मद संगठन के "क" श्रेणी आतंकवादी अबू लुकमान, निवासी पाकिस्तान और जैश-ए-मोहम्मद संगठन "ग" श्रेणी आतंकवादी सुहैल अहमद राथर पुत्र गुलाम मोहम्मद, निवासी इच नंबल जाफरान कॉलोनी, पंथा चौक के रूप में हुई। मारे गए आतंकवादियों के कब्जे से भारी मात्रा में हथियार/गोला-बारूद भी बरामद किया गया। इस संबंध में, पंथा चौक पुलिस स्टेशन में आईपीसी की धारा 307, भारतीय आयुध अधिनियम की धारा 120-ख, 7/25, विधिविरूद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 13 तथा 18 के तहत एक मामलागत एफआईआर सं. 132/2021 दर्ज की गई है।

इस तत्काल आतंकवादी-रोधी ऑपरेशन में, पुलिस अधीक्षक इफ्तखार तालिब, पुलिस उपाधीक्षक सुमित कुमार शर्मा पीसी श्रीनगर, पुलिस उपाधीक्षक रोहित कुमार पीसी श्रीनगर, निरीक्षक कुशब कुमार, सहायक उप-निरीक्षक अमित रैना, सहायक उप-निरीक्षक फरोज़ अहमद डार, एस.जी. सीटी परशातम सिंह और एस.जी. सीटी कुलदीप सिंह द्वारा प्रदर्शित भूमिका और नेतृत्व अनुकरणीय रहे। उन्होंने ऑपरेशन की शुरुआत से लेकर समापन तक श्रीनगर पुलिस, केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) और सेना के ऑपरेशनल दलों के बीच समन्वय में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने, ऑपरेशनल रणनीतियों, जैसे कि लक्षित स्थान पर आस-पास के नागरिकों को बाहर निकालने, सर्वोत्तम संभव ऑपरेशनल योजना बनाने और उसके क्रियान्वयन, नागरिकों और ऑपरेशनल दलों के जीवन को प्राथमिकता देने और किसी अतिरिक्त नुकसान के बिना आतंकवादियों पर हमला करने के माध्यम से उक्त ऑपरेशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इस ऑपरेशन में, जम्मू और कश्मीर पुलिस के सर्व/श्री इफ्तखार तालिब, पुलिस अधीक्षक, सुमित कुमार शर्मा, पुलिस उपाधीक्षक, रोहित कुमार, पुलिस उपाधीक्षक, कुशब कुमार, निरीक्षक, अमित रैना, सहायक उप-निरीक्षक, फरोज़ अहमद डार, सहायक उप-निरीक्षक, परशातम सिंह, एस.जी. सीटी और कुलदीप सिंह, एस.जी. सीटी ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

वीरता पदक (जीएम), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 85-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 30.12.2021 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/130/2023 - पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 119-प्रेज/2024—भारत की राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित कार्मिक को वीरता पदक (जीएम) सहर्ष प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	श्री हिलाल अहमद भट्ट	हेड कांस्टेबल	वीरता पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

पुलिस/सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के लिए सुरक्षा बलों पर हमला करने की योजना बना रहे, कुशल कॉलोनी तुलीबल, सोपोर में मौजूद आतंकवादियों के बारे में एक पुख्ता सूचना पर कार्रवाई करते हुए, दिनांक 20.06.2022 को लगभग 2340 बजे सोपोर पुलिस द्वारा 52 आरआर और सीआरपीएफ की 177वीं बटालियन के सहयोग से क्षेत्र में एक संयुक्त घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया गया। ऑपरेशन का इलाका तीन तरफ से घनी आबादी वाला था और सामने से श्रीनगर-कुपवाड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग के बहुत करीब था। ऑपरेशन आधी रात को शुरू किया गया था, जबकि आतंकवादी अंधेरे का फायदा उठाकर छिपने की जगह से भाग सकते थे, इस तरह ऐसे में किसी संपार्श्विक नुकसान के बिना, आतंकवादियों का खात्मा करना बहुत मुश्किल था। लेकिन सुरक्षा बलों ने एक अच्छी रणनीति अपनाई और सबसे पहले आस-पास के घरों में रहने वाले लोगों को इलाके से निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया तथा निकासी की प्रक्रिया के दौरान सुरक्षा बलों ने अपनी जान को अत्यंत जोखिम में डालकर सर्वोच्च स्तर की पेशेवरता और दृढ़ता का परिचय दिया। जब नागरिकों को निकालने की प्रक्रिया पूरी हो गई, तो सभी प्रवेश और निकास मार्गों को सील करके घेराबंदी को और कड़ा कर दिया गया और तलाशी अभियान शुरू किया गया तथा तलाशी अभियान के दौरान आतंकवादियों की ओर से प्रतिक्रिया पाने के लिए हवा में कुछ गोलियां चलाई गईं, लेकिन शुरू में कोई प्रतिक्रिया नहीं आई।

तदनुसार, बनाई गई रणनीति के अनुसार और सेना और सीआरपीएफ के समकक्षों के साथ गहन विचार-विमर्श और परामर्श के बाद, अंतिम और निर्णायक हमले के लिए संदिग्ध स्थान की ओर आगे बढ़ने के लिए स्वेच्छा से आगे आए दो संयुक्त दल गठित किए गए। पुलिस उपाधीक्षक आबिद रशीद मीर के नेतृत्व में पुलिस/सेना/सीआरपीएफ की पहली संयुक्त टीम को एक अग्रिम (एडवांस) टीम के रूप में गठित किया गया, जो कि निरीक्षक जिया-उर-रहमान के नेतृत्व में दूसरी संयुक्त टीम की बैकअप/कवरिंग फायरिंग की आड़ में कार्रवाई करेगी।

दोनों टीमें संदिग्ध स्थान की ओर रेंगते हुए आगे बढ़ने लगीं और जब संयुक्त टीमें संदिग्ध घर के करीब पहुंचने वाली थीं, तो छिपे हुए आतंकवादी खड़े हो गए और उन्होंने अपने अत्याधुनिक हथियारों से सुरक्षा बलों पर अंधाधुंध गोलीबारी की, लेकिन संयुक्त टीमें विशेष रूप से हेड कांस्टेबल हिलाल अहमद भट्ट एक चट्टान की तरह अडिग और दृढ़ रहे तथा आमने-सामने की गोलीबारी का प्रभावी ढंग से जवाब दिया और इसके बाद हुई बंदूक की लड़ाई में दो आतंकवादियों को मार गिराया गया जिनकी पहचान जाहिद अहमद चोपन पुत्र जीएच. मोहम्मद चोपन निवासी तंगवानी शोपियां और मोहम्मद यूनिस गुल पुत्र गुलाम मोहम्मद भट्ट निवासी वहीबुग पुलवामा के रूप में हुई तथा ये दोनों लश्कर-ए-तैयबा संगठन के आतंकवादी थे। मारे गए आतंकवादियों से लड़ते समय, संयुक्त टीमों ने देश की सुरक्षा और संप्रभुता/अखंडता को बनाए रखने के लिए अपनी जान को अत्यंत जोखिम में डाला और उनके सच्चे साहस, दृढ़ता और पेशेवरता के चलते ही अत्यंत कठिन और असमान्य परिस्थिति में दो खूंखार आतंकवादियों के खात्मे के साथ ऑपरेशन पूरा हुआ। मारे गए आतंकवादियों के पास से हथियार/गोला-बारूद बरामद किया गया। आगे की जांच के लिए इस संबंध में तरजू पुलिस स्टेशन में आईपीसी की धारा 307, भारतीय आयुध अधिनियम की धारा 7/25, विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 18 और 20 के तहत मामलागत एफआईआर संख्या 58/2022 दर्ज की गई है।

मारे गए आतंकवादी सोपोर जिला पुलिस के क्षेत्राधिकार में कई विध्वंसक गतिविधियों और कुछ अन्य युवाओं को आतंकवादी रैंकों में शामिल होने के लिए प्रेरित करने में शामिल थे। जहां तक आतंकवादी रैंकों में स्थानीय भर्ती की बात है, तो इन आतंकवादियों का मारा जाना लश्कर-ए-तैयबा संगठन के लिए एक बड़ा झटका और सुरक्षा बलों, खासकर सोपोर पुलिस के लिए एक बड़ी सफलता माना जा रहा है।

ऑपरेशन का इलाका घनी आबादी वाला था, जो कि आवासीय घरों से घिरा हुआ था और यह श्रीनगर-कुपवाड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग के बहुत करीब था, जो हमेशा से सुरक्षा बलों पर हमला करने के लिए आतंकवादियों का केंद्र रहा है, ऐसे समस्याग्रस्त क्षेत्र में किसी संपार्श्विक क्षति

के बिना आतंकवाद-रोधी ऑपरेशन चलाना सुरक्षा बलों के लिए एक बड़ी चुनौती थी, लेकिन संयुक्त दलों विशेष रूप से हेड कांस्टेबल हिलाल अहमद भट्ट द्वारा प्रदर्शित अदम्य वीरता, पेशेवरता, गुणवत्तापूर्ण नेतृत्व और अतुलनीय दृढ़ता के चलते लश्कर-ए-तैयबा संगठन के दो खूंखार आतंकवादियों के खात्मे के साथ किसी संपार्श्विक क्षति के बिना ऑपरेशन पूरा हुआ, जिसमें उन्होंने भारत की सुरक्षा/संप्रभुता और अखंडता को बनाए रखने के लिए इस ऑपरेशन में अपनी जान को अत्यंत जोखिम में डाल दिया।

इस ऑपरेशन में, जम्मू और कश्मीर पुलिस के श्री हिलाल अहमद भट्ट, हेड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

वीरता पदक (जीएम), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 85-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 20.06.2022 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/131/2023 - पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 120-प्रेज/2024—भारत की राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित कार्मिकों को वीरता पदक (जीएम) सहर्ष प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्व/श्री	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	अजय कुमार	सहायक उप-निरीक्षक	वीरता पदक
2.	गुलजार अहमद नायक	एस.जी. सीटी	वीरता पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 09.08.2022 को बडगाम पुलिस को बडगाम जिले के मुकाम वाटरहेल गांव में आतंकवादियों की मौजूदगी के संबंध में सूचना मिली। तदनुसार, चूंकि इलाका बहुत अनुकूल नहीं था, इसलिए जमीनी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए 62 आरआर और सीआरपीएफ की 79वीं बटालियन के साथ सावधानीपूर्वक एक ऑपरेशन की योजना बनाई गई। लगभग 2230 बजे, एक ऑपरेशन शुरू किया गया और औचक बनाए रखने के लिए वाहनों को वास्तविक घेराबंदी वाले क्षेत्र से बहुत पहले की खड़ा कर दिया गया। 09/10 अगस्त, 2022 की मध्यरात्रि को लगभग 00:00 बजे घेराबंदी कर ली गई। तलाशी के दौरान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ताहिर सलीम के नेतृत्व में संयुक्त तलाशी दल ने घेराबंदी वाले क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधि देखी और घेराबंदी वाले क्षेत्र के अंदर घरों में रह रहे कुछ संदिग्धों से मौके पर पूछताछ की गई। संदिग्धों से लगातार पूछताछ के दौरान, शीर्ष कमांडर लतीफ अहमद राथर उर्फ उस्मान सहित प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) संगठन के 03 आतंकवादियों की मौजूदगी की पुष्टि हुई। एक तरफ नाला और दूसरी तरफ पहाड़ी के साथ दुर्गम भू-भाग होने के कारण, तैनाती में बदलाव के लिए बल गतिविधि और घेराबंदी में और सहायता करना मुश्किल था। दिनांक 10.08.2022 को लगभग 0400 बजे, संयुक्त तलाशी दल लक्षित क्षेत्र की ओर बढ़ा और आतंकवादियों ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ताहिर सलीम खान के नेतृत्व वाले तलाशी दल पर गोलीबारी की, जिसका उद्देश्य घेराबंदी और तलाशी दलों को नुकसान पहुंचाना और अंधेरे का फायदा उठाकर घेराबंदी तोड़कर भागना था। घेराबंदी/हमला दल ने गोलीबारी का प्रभावी ढंग से जवाब दिया; अत:, आतंकवादी घेराबंदी नहीं तोड़ सके और उन्हें घेराबंदी वाले क्षेत्र में वापस धकेल दिया गया।

लगभग 04:30 बजे सहायक उप-निरीक्षक अजय कुमार, एस.जी. सीटी गुलजार अहमद नायक और अन्य कार्मिकों सहित अपर पुलिस अधीक्षक बडगाम गौहर अहमद खान के नेतृत्व में पुलिस दल को तैनात करके क्षेत्र की घेराबंदी को और मजबूत कर दिया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ताहिर सलीम खान के नेतृत्व में संयुक्त तलाशी टीम ने किसी परिणाम की परवाह किए बिना, खुद को सिर पर मंडराते खतरे में डालकर लक्षित क्षेत्र के आस-पास के घरों से सभी नागरिकों को बाहर निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। सुबह लगभग 10:00 बजे तलाशी के दौरान, आतंकवादियों ने फिर से तलाशी दल पर गोलीबारी की, जिसका प्रभावी ढंग से जवाब दिया गया। छिपे हुए आतंकवादी को हथियार डालने और आत्मसमर्पण करने का अवसर दिया गया, इसके बजाय, आतंकवादी ने तलाशी/हमला दल पर गोलीबारी की, जिसका आतंकवादी पर सटीक गोलीबारी करके प्रभावी ढंग से जवाब दिया गया, जिससे 01 आतंकवादी तुरंत मारा गया।

जब ऑपरेशन/हमला दल आगे बढ़ा, तो घेराबंदी वाले/लक्षित क्षेत्र में दो और आतंकवादियों की गतिविधि देखी गई। एक बार फिर, आतंकवादियों को अपने हथियार/गोला-बारूद डालने के अवसर के रूप में घोषणा की गई; तथापि, आतंकवादी आत्मसमर्पण करने के लिए तैयार

नहीं हुए, और इसके बजाय उन्होंने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बडगाम के नेतृत्व वाले हमला दल पर गोलीबारी की, जिसमें सहायक उप-निरीक्षक अजय कुमार, एस.जी. सीटी गुलजार अहमद नायक और अन्य कार्मिक शामिल थे, जो कि आतंकवादियों की गोलीबारी का मुंहतोड़ जवाब देते हुए समन्वित तरीके से आगे बढ़े। बंदूक की लड़ाई लगभग पूरे दिन जारी रही। बंदूक की लड़ाई के दौरान, अंततः, साहस और वीरता के साथ एक प्रभावी और पेशेवर ड्रिल करते हुए तलाशी दल समन्वित हमला मोड में आतंकवादियों की ओर आगे बढ़ा तथा अपर पुलिस अधीक्षक बडगाम श्री गौहर अहमद खान, सहायक उप-निरीक्षक अजय कुमार और एस.जी. सीटी गुलजार अहमद नायक ने छिपे हुए आतंकवादियों पर सटीक निशाना साधकर प्रभावी ढंग से जवाबी कार्रवाई की, जिससे छिपे हुए शेष 02आतंकवादी भी तुरंत मारे गए।

10 अगस्त, 2022 को पूरे दिन 19:00 बजे तक चली मुठभेड़ में, मारे गए 03 आतंकवादियों के शवों को समुचित सावधानी और सतर्कता के साथ उचित कार्रवाई करते हुए निकाला गया, ताकि मारे गए आतंकवादियों के शवों के पास पड़े संभावित विस्फोटक पदार्थों के कारण बलों को कोई नुकसान न हो। मारे गए आतंकवादियों के कब्जे से हथियार/गोला-बारूद भी बरामद किया गया। इस संबंध में खानसाहिब पुलिस स्टेशन में आईपीसी की धारा 307, भारतीय आयुध अधिनियम की धारा 7/27, विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 16, 20, 38 और 39 के तहत मामलागत एफआईआर संख्या 137/2022 दर्ज की गई है। मारे गए आतंकवादियों की पहचान बाद में खूंखार लश्कर-ए-तैयबा कमांडर लतीफ अहमद राथर पुत्र हबीबुल्लाह राथर निवासी बादीपोरा चाडूरा बडगाम, साकिब मुश्ताक खान पुत्र मुश्ताक अहमद खान निवासी खानमोह श्रीनगर और मुजफ्फर अहमद चोपन पुत्र अब्दुल रहीम चोपन निवासी खानमोह श्रीनगर के रूप में हुई।

इन आतंकवादियों का खात्मा लश्कर-ए-तैयबा के लिए एक बड़ा झटका है। पुलिस और सुरक्षा बलों द्वारा की गई त्वरित और वीरतापूर्ण कार्रवाई ने एक बड़ी/विनाशकारी त्रासदी को टाल दिया है जिसे आतंकवादियों द्वारा अंजाम दिया जा सकता था।

इस ऑपरेशन में, जम्मू और कश्मीर पुलिस के सर्व/श्री अजय कुमार, सहायक उप-निरीक्षक और गुलजार अहमद नायक, एस.जी. सीटी ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

वीरता पदक (जीएम), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 85-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 09.08.2022 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/132/2023 - पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 121-प्रेज/2024—भारत की राष्ट्रपति, झारखण्ड पुलिस के निम्नलिखित कार्मिकों को वीरता पदक (जीएम) सहर्ष प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्व/श्री	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	सच्चिदानंद सिंह	सहायक उप-निरीक्षक	वीरता पदक
2.	उमेश सिंह	हवलदार	वीरता पदक
3.	सुभाष दास	सिपाही	वीरता पदक
4.	रवीन्द्र टोप्पो	सिपाही	वीरता पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 07.03.2019 को चतरा एवं हजारीबाग जिले के तहत पिपरवार, केरेडारी और टंडवा पुलिस स्टेशनों के वन क्षेत्रों में टी.एस.पी.सी. (नक्सल संगठन) के सब जोनल कमांडर जागेश्वर गंझू उर्फ जग्गू, जोनल कमांडर भीखन गंझू, आजाद जी उर्फ मुकेश गंझू और प्रकाश महतो के साथ 12-15 हथियारबंद दस्ता सदस्यों की गतिविधि के संबंध में खुफिया सूचना प्राप्त हुई। उक्त सूचना को वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचाया गया और पुलिस अधीक्षक (चतरा) के दिशानिर्देश पर उक्त क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाने के लिए एक टीम का गठन किया गया जिसमें चतरा पुलिस के सहायक उप-निरीक्षक सच्चिदानंद सिंह, हवलदार उमेश सिंह, सिपाही सुभाष दास, सिपाही रवीन्द्र टोप्पो और सीआरपीएफ और जिला पुलिस के अन्य सदस्य शामिल थे। तलाशी अभियान के दौरान जब टीम तरवा गांव में पहुंची, तो हजारीबाग जिले के केरेडारी पुलिस स्टेशन के तहत बुंडू गांव के बधूतावर टोला के वन क्षेत्र में टी.एस.पी.सी. सदस्यों की मौजूदगी के संबंध में सूचना मिली। तलाशी दल बधूतावर टोला की ओर चल पड़ा। दोपहर लगभग 12:15 बजे, जब टीम बधूतावर टोला पहुंची, तो हथियार और बैकपैक लिए उग्रवादियों का दस्ता घने वन से घिरे एक धान के खेत में देखा गया। पुलिस दल को देखते ही उग्रवादियों ने पुलिस कार्मिकों पर अचानक गोलीबारी शुरू कर दी। सर्वोच्च स्तर के साहस

और कर्तव्य के प्रति समर्पण का परिचय देते हुए, पुलिस कार्मिकों ने ऊंची आवाज में उग्रवादियों को हथियारों के साथ आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी। चेतावनी के बावजूद उग्रवादियों ने पुलिस कार्मिकों पर अंधाधुध गोलीबारी करना जारी रखा। आत्मरक्षा में पुलिस कार्मिकों ने जवाबी गोलीबारी की। उग्रवादियों ने वन का फायदा उठाकर भागना शुरू कर दिया। पुलिस बलों ने उन्हें पकड़ने के प्रयास में काफी दूर तक उनका पीछा किया लेकिन वे भागने में सफल रहे। तलाशी अभियान के दौरान, तीन उग्रवादियों के शव, कई हथियार और गोला-बारूद, 4920 रुपये की नकद राशि और दैनिक उपयोग की अन्य वस्तुएं बरामद की गईं। मृत उग्रवादियों की पहचान टी.एस.पी.सी. सब जोनल कमांडर जागेश्वर गंझू उर्फ जग्गू गंझू पुत्र तिलक गंझू, गांव-कोयलांग पतरा, पुलिस स्टेशन-बड़कागांव, जिला-हजारीबाग, प्रकाश महतो पुत्र मधु महतो, गांव-होसिर टोला नगरुवा, पुलिस स्टेशन-पिपरवार, जिला-चतरा और चंदर गंझू पुत्र जलेश्वर गंझू, गांव-सिरम, पुलिस स्टेशन-बूडमू, जिला-रांची के रूप में की गई। आत्मरक्षा में इस गोलीबारी में, पुलिस की ओर से लगभग 350 राउंड दागे गए, जिसमें सहायक उप-निरीक्षक सच्चिदानंद सिंह ने अपनी सर्विस पिस्तौल से 06 राउंड दागे, हवलदार उमेश सिंह ने अपनी सर्विस इंसास राइफल से 11 राउंड दागे, सिपाही सुभाष दास ने अपनी सर्विस इंसास राइफल से 16 राउंड दागे और सिपाही रवीन्द्र टोप्पो ने अपनी सर्विस इंसास राइफल से 15 राउंड दागे।

इस ऑपरेशन में, झारखण्ड पुलिस के सर्व/श्री सच्चिदानंद सिंह, सहायक उप-निरीक्षक, उमेश सिंह, हवलदार, सुभाष दास, सिपाही और रवीन्द्र टोप्पो, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

वीरता पदक (जीएम), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 85-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 07.03.2019 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/104/2023 - पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 122-प्रेज/2024— भारत की राष्ट्रपति, झारखण्ड पुलिस के निम्नलिखित कार्मिकों को वीरता पदक (जीएम) सहर्ष प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्व/श्री	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	दीपक कुमार पाण्डेय	वरिष्ठ पुलिस उपाधीक्षक	वीरता पदक
2.	विश्वजीत कुमार सिंह	उप-निरीक्षक	वीरता पदक
3.	गोपाल गंझु	सिपाही	वीरता पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 28.12.2022 को पुलिस अधीक्षक लोहरदगा को खुफिया सूचना मिली कि सीपीआई माओवादी आरसीएम रविन्द्र गंझु तथा सब जोनल कमांडर चन्द्रभान पहान, लाजिम अंसारी, गोविंद बिरिजिया, शीतल मोची, रंथु उरांव, नीरज, एरिया कमांडर खुदी मुंडा, राजन असुर और 10-12 अन्य कट्टर पीएलजीए कैडर बगरू पुलिस स्टेशन के कोरगो वन क्षेत्र में डेरा डाले हुए हैं और वे घातक हथियारों से लैस हैं तथा सुरक्षा बलों के साथ-साथ सरकारी विकास कार्यों के खिलाफ बड़ी माओवादी विध्वंसक घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। सूचना मिलने पर, बिना समय बर्बाद किए, दिनांक 28.12.2022 को रात के लगभग 10 बजे श्री दीपक कुमार पाण्डेय, वरिष्ठ पुलिस उपाधीक्षक (ऑपरेशन) लोहरदगा और श्री संतोष कुमार पाल, द्वितीय कमान अधिकारी, सीआरपीएफ की 158वीं बटालियन के संयुक्त फील्ड नेतृत्व में एक विशेष ऑपरेशन (ऑप्स-243) की योजना बनाई गई, जिसमें जिला सशस्त्र पुलिस, एसएटी और सीआरपीएफ के अलावा उप-निरीक्षक विश्वजीत कुमार सिंह, सिपाही/445 गोपाल गंझु और अन्य कार्मिक शामिल थे। ऑपरेशन के दौरान अतिरिक्त मदद और प्रशासनिक सहायता के लिए पुलिस अधीक्षक लोहरदगा और सीआरपीएफ की 158वीं बटालियन के कमान अधिकारी के अंतर्गत सीआरपीएफ बटालियन मुख्यालय में एक कमांड पोस्ट भी स्थापित की गई।

दोनों फील्ड कमांडरों ने ऑपरेशन दल को पूरी जानकारी दी और बिना समय गंवाए, उन्होंने दिनांक 29.12.2022 को लगभग 02.00 गांव-कोर्गो की ओर बढ़ना शुरू कर दिया। ऑपरेशन की अधिकतम गोपनीयता बनाए रखने के लिए ऑपरेशन दल आंशिक रूप से वाहनों से गोमियाटोली गांव तक गया और उसके बाद गांवों से बचते हुए रात में घने वन और ऊबड़-खाबड़ इलाकों से गुजरते हुए पैदल आगे बढ़ा। दुर्गम पहाड़ियों और घने वन के साथ इलाका बहुत दुर्गम था। जीपीएस और नाइट विजन का उपयोग करते हुए, टीम अपने जीवन और सुरक्षा की परवाह

किए बिना, आक्रामक तरीके से लक्षित क्षेत्र की ओर आगे बढ़ी। चूंकि माओवादी अपने कैडरों को निगरानी और पहरे पर रखते हैं, इसलिए किसी भी आकस्मिक गोली और आईईडी विस्फोट का खतरा निरंतर बना हुआ था। लगभग 2 घंटे पैदल चलने के बाद पूरा दल सुबह लगभग 0500 बजे लक्षित क्षेत्र के पास पहुंच गया। लक्षित क्षेत्र में पहुंचने से ठीक पहले, ऑपरेशन की योजना के अनुसार पूरी टीम तीन भागों में बंट गई। श्री दीपक कुमार पाण्डेय, वरिष्ठ पुलिस उपाधीक्षक (ऑपरेशन) लोहरदगा की कमान में टीम 1 जिसमें उप-निरीक्षक विश्वजीत कुमार सिंह और सिपाही गोपाल गंझु शामिल थे, एसएटी और सीआरपीएफ के एक छोटे समूह के साथ, छोटी पहाड़ियों की दाईं ओर से आगे बढ़े, जहां माओवादी रविन्द्र अपनी टीम के साथ डेरा डाले हुए था। टीम 1 मुख्य हमला टीम थी, जिसे योजना के अनुसार माओवादी समूह से निपटना था। श्री संतोष कुमार पाल, द्वितीय कमान अधिकारी, सीआरपीएफ की 158वीं बटालियन की कमान में दूसरी टीम और सीआरपीएफ के जवान पहाड़ियों की बाईं ओर से आगे बढ़े। नक्सलियों के भागने की संभावना से बचने के लिए उप-निरीक्षक गौतम कुमार और उप-निरीक्षक अख्तर अली की कमान में एक कट-ऑफ टीम को गांव की मुख्य सड़क के पास तैनात किया गया। श्री दीपक कुमार पाण्डेय, वरिष्ठ पुलिस उपाधीक्षक (ऑपरेशन) लोहरदगा की कमान में टीम 1 ने अत्यंत गोपनीयता के साथ लक्ष्य की ओर बढ़ना शुरू किया। वहां पर टीम लीडर श्री दीपक कुमार पाण्डेय, वरिष्ठ पुलिस उपाधीक्षक (ऑपरेशन) को भागने का एक रास्ता दिखाई पड़ा और माओवादियों के भागने की संभावना को रोकने के लिए उन्होंने एक छोटी टीम को वहां तैनात कर दिया। श्री दीपक कुमार पाण्डेय, वरिष्ठ पुलिस उपाधीक्षक (ऑपरेशन), उप-निरीक्षक विश्वजीत कुमार सिंह, सिपाही गोपाल गंझु और अन्य कार्मिकों के साथ लक्षित क्षेत्र की ओर आगे बढ़े। नक्सलियों की स्थिति को जानने के लिए जब टीम 1 सुबह लगभग 6.30 बजे लक्षित पहाड़ी क्षेत्र में पहुंची, तो नक्सलियों को पुलिस के आने की भनक लग गई और उन्होंने टीम 1 पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। अचानक हुई इस गोलीबारी में सामने से दल का नेतृत्व कर रहे श्री दीपक कुमार पाण्डेय, वरिष्ठ पुलिस उपाधीक्षक (ऑपरेशन) और उप-निरीक्षक विश्वजीत कुमार सिंह गोली से घायल होने से बाल-बाल बचे। पलक झपकते ही पूरी टीम ने निर्धारित ड्रिल के अनुसार अपनी पोजीशन ले ली। नक्सली, जवानों को आत्मसमर्पण करने के लिए कह रहे थे क्योंकि वे किसी भी तरह के हमले और आक्रमण को रोकने के लिए बेहतर पोजीशन में थे। नक्सलियों में से काली वर्दी पहने एक व्यक्ति ने कहा कि मैं रविन्द्र गंझु हूं, आज तुम पुलिसकार्मिकों को नहीं बख्शा जाएगा। माओवादी आरसीएम रविन्द्र गंझु, माओवादी चन्द्रभान, लाजिम, गोविंद, राजन, शीतल, नीरज को पुलिस दल पर गोलीबारी करते रहने और पुलिस दल को घेरने के लिए भी निर्देशित कर रहा था और उन्हें कार्मिकों की हत्या और पुलिस के हथियार छीनने का निदेश दे रहा था। इसके तुरंत बाद फंसे हुए पुलिस दल को निशाना बनाकर स्वचालित हथियारों से भारी गोलीबारी की गई। सर्वोच्च स्तर के साहस, दृढ़ता, कर्तव्य के प्रति समर्पण का परिचय देते हुए और अपने जीवन और सुरक्षा की परवाह किए बिना श्री दीपक कुमार पाण्डेय, वरिष्ठ पुलिस उपाधीक्षक (ऑपरेशन) रेंगते हुए बढ़े और टीम के सदस्यों को जानकारी दी तथा स्थिति को भांपते हुए उन्होंने अपनी टीम को कवर लेने का निदेश दिया तथा कार्मिकों के हताहत होने से बचने के लिए उन्होंने अपनी टीम को सामरिक तरीके से तितर-बितर कर दिया और नियंत्रित गोलीबारी के साथ जवाबी कार्रवाई की तथा पुलिस अधीक्षक लोहरदगा को टेलीफोन पर नक्सली दस्ते के साथ मुठभेड़ की सूचना भी दी। इस बीच, उप-निरीक्षक विश्वजीत कुमार सिंह ने पीए सिस्टम के माध्यम से आत्मसमर्पण करने के लिए कई घोषणा की। माओवादियों की ओर से गोलियों की बौछार जारी रही। श्री दीपक कुमार पाण्डेय, वरिष्ठ पुलिस उपाधीक्षक (ऑपरेशन), उप-निरीक्षक विश्वजीत कुमार सिंह और सिपाही गोपाल गंझु अपने जीवन और सुरक्षा की परवाह किए बिना एक दूसरे को कवर गोलीबारी प्रदान करते हुए गोलीबारी की दिशा में आगे बढ़ने लगे। खतरे की आशंका सर्वोच्च स्तर की थी और किसी को नहीं पता था कि अगले पल क्या होने वाला है क्योंकि आरसीएम रविन्द्र गंझु, कोयल शंख जोन का सबसे खूंखार कमांडर था। जब गोलीबारी चल रही थी, तब कुछ नक्सली घने वन और झाड़ियों का फायदा उठाकर किसी नापाक इरादे से इस दल के करीब आने की कोशिश कर रहे थे। श्री दीपक कुमार पाण्डेय, वरिष्ठ पुलिस उपाधीक्षक (ऑपरेशन) और उप-निरीक्षक विश्वजीत कुमार सिंह ने नक्सलियों की पोजीशन को देखा और उन पर गोलियां चला दीं। पुलिस की भारी कार्रवाई को देखकर नक्सलियों के पांव उखड़ गए और वे वन क्षेत्र का फायदा उठाकर भागने लगे। माओवादियों को रुकने और आत्मसमर्पण करने के लिए चुनौती दी गई, लेकिन वे अलग-अलग दिशाओं में भागते रहे। भागते समय एक माओवादी संभवतः गोली लगने के कारण मुठभेड़ स्थल के बहुत करीब एक ग्रामीण के घर के पास गिर गया और उसमें कोई हरकत नहीं हो रही थी। श्री दीपक कुमार पाण्डेय, वरिष्ठ पुलिस उपाधीक्षक (ऑपरेशन) ने टीम 2 के साथ समन्वय करते हुए भाग रहे नक्सलियों का पीछा करने का आदेश दिया। जब एक माओवादी, टीम की पकड़ सकने की दूरी के भीतर आ गया तो श्री दीपक कुमार पाण्डेय, वरिष्ठ पुलिस उपाधीक्षक (ऑपरेशन) और श्री संतोष कुमार पाल, द्वितीय कमान अधिकारी, सीआरपीएफ की 158वीं बटालियन की कमान में क्रमश: टीम 1 और टीम 2 ने भाग रहे माओवादी पर हमला किया और उसे पकड़ लिया। वह सब जोनल कमांडर गोविंद बिरिजिया था और झारखण्ड सरकार ने उस पर 5 लाख रुपये का इनाम घोषित किया हुआ था। रुक-रुक कर गोलीबारी आधे घंटे तक जारी रही। नक्सलियों के भागते समय भी टीम 2 के सीआरपीएफ दल और नक्सलियों के बीच गोलीबारी हुई। ऑपरेशन दल ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी और मुठभेड़ स्थल की गहन तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान एक कट्टर नक्सली एसजेडसी चन्द्रभान पहान (झारखण्ड सरकार ने उस पर भी 5 लाख रुपये का इनाम घोषित किया हुआ था) गोली लगने से घायल अवस्था में एक ग्रामीण के घर के पास मिला। उसे तुरंत प्राथमिक उपचार दिया गया तथा घायल नक्सली को तत्काल बाहर निकालने के लिए कमांड पोस्ट को सूचित किया गया। शीघ्र ही मेडिकल टीम मुठभेड़ स्थल पर पहुंच गई तथा घायल नक्सली को बेहतर उपचार के लिए सदर अस्पताल ले गई, लेकिन अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। तलाशी के दौरान, घायल तथा पकड़े गए नक्सलियों के कब्जे से एक देसी निर्मित पिस्तौल, कई जिंदा कारतूस सहित एक कट्टा, दागे गए कारतूसों के खोखे, मोबाइल फोन, नकदी, फ्लैश लाइट, बैटरी और दैनिक उपयोग की अन्य वस्तुएं बरामद की गईं। पकड़े गए नक्सली गोविंद बिरिजिया से पूछताछ के दौरान उसने बताया कि गुनी जंगल के पास आईईडी का एक बड़ा

जखीरा छिपाकर रखा गया है। उसके कबूलनामे के आधार पर वही टीम बीडीडीएस के साथ गुनी जंगल पहुंची तथा 200 मीटर कॉर्डेक्स तार के साथ 200 घातक आईईडी (2 किलोग्राम प्रत्येक) बरामद कीं। बीडीडीएस टीम द्वारा सभी वस्तुओं को उचित सुरक्षा सावधानियों के साथ मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। ऑपरेशन यहीं समाप्त नहीं हुआ बल्कि माओवादी गोविंद बिरिजिया ने फिर खुलासा किया कि पुलिस से लूटे गए हथियारों और गोला-बारूद का एक बड़ा जखीरा कोरगो वन क्षेत्र में रखा गया है। इस गुप्त सूचना पर, पुलिस अधीक्षक लोहरदगा और सीआरपीएफ की 158वीं बटालियन लोहरदगा के कमान अधिकारी की कमान में वही टीम अगले दिन कोरगो वन क्षेत्र पहुंची और 1 एसएलआर राइफल, 1 इंसास राइफल, दो .303 राइफल, 1 सेमी राइफल, विभिन्न कैलिबर के 588 जिंदा कारतूस, 200 आईईडी (2 किलोग्राम प्रत्येक), 200 मीटर कॉर्डेक्स तार और 13 इलेक्ट्रिक डेटोनेटर बरामद किए, जिसके लिए बरगु पुलिस स्टेशन में एक अलग मामला दर्ज किया गया है।

पूरे ऑपरेशन को एक अनुकरणीय तरीके से अंजाम दिया गया जो सफल ऑपरेशनों के इतिहास में एक मिसाल है। इस सफल ऑपरेशन ने पुलिस के साथ-साथ सीआरपीएफ का भी मनोबल बढ़ाया है और यह आने वाली पीढ़ी को भी प्रेरणा देता रहेगा। इस ऑपरेशन ने नक्सलियों के मनोबल और उनकी तैयारी पर अभूतपूर्व प्रहार किया और इसने लोहरदगा जिले के पहाड़ी इलाकों में पूर्ण विकास का मार्ग प्रशस्त किया। बेहतरीन योजना और जमीनी स्तर पर उत्कृष्ट क्रियान्वयन के फलस्वरूप सफलता की एक और गाथा लिखी गई।

इस ऑपरेशन में, झारखण्ड पुलिस के सर्व/श्री दीपक कुमार पाण्डेय, वरिष्ठ पुलिस उपाधीक्षक, विश्वजीत कुमार सिंह, उप-निरीक्षक और गोपाल गंझु, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

वीरता पदक (जीएम), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 85-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 29.12.2022 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/06/2024 - पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 123-प्रेज/2024—भारत की राष्ट्रपति, मध्य प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित कार्मिक को वीरता पदक (जीएम) सहर्ष प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	श्री मोहम्मद अय्यूब खान	उप-निरीक्षक	वीरता पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

हत्या की दो अलग-अलग घटनाओं के संबंध में, पुलिस स्टेशन औद्योगिक क्षेत्र, रतलाम (मध्य प्रदेश) में आईपीसी की धारा 302 और आयुध अधिनियम, 1959 की धारा 25 एवं 27 के तहत मामला संख्या 270/2020 तथा आईपीसी की धारा 302 और आयुध अधिनियम, 1959 की धारा 25 एवं 27 के तहत मामला संख्या 602/2020 दर्ज किया गया। उक्त दोनों मामलों की जांच पुलिस अधीक्षक, रतलाम द्वारा गठित एक विशेष जांच टीम (एसआईटी) द्वारा की जा रही थी और उपर्युक्त दोनों मामलों में से दूसरा मामला तीन हत्याओं का है। उपर्युक्त दोनों मामलों में एक अंतरराज्यीय अपराधी नामतः दिलीप सिंह देवल पुत्र भाव सिंह देवल, निवासी गांव खरेड़ी डूंगरी फाल्या, जिला दाहोद (गुजरात) आरोपी था और उसे गिरफ्तार करने के लिए एसआईटी के सदस्यों द्वारा किए गए अथक प्रयासों के बावजूद वह पकड़ा नहीं जा सका था। मामला संख्या 270/2020 के संबंध में कथित भगौड़े अपराधी दिलीप सिंह देवल पर 20,000/- रुपये का इनाम था, जबकि मामला संख्या 602/2020 के संबंध में उस पर अलग से 30,000/- रुपये के इनाम की घोषणा कर रखी थी।

भगौड़ा आरोपी दिलीप देवल, जो एक खूंखार अपराधी था, को गुजरात के दाहोद शहर में पूर्व में हुई एक हत्या के मामले में पहले ही दोषसिद्ध किया जा चुका था और उस मामले में उसे कठोर आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। तदनंतर, कोविड-19 वैश्विक महामारी से उत्पन्न स्थिति का लाभ उठाते हुए, कथित दिलीप देवल को पैरोल पर रिहा किया गया था, परन्तु उसने जमानत का उल्लंघन किया और तब से वह भगौड़ा था।

दिनांक 03.12.2020 को एसआईटी को विश्वसनीय सूत्र से यह सूचना प्राप्त हुई कि उक्त आरोपी रतलाम जिले में मऊ-नीमच फोर लेन हाईवे पर स्थित एचपी पेट्रोल पंप के सामने कच्ची सड़क के किनारे बने एक फुटपाथ से होकर मिड-टाउन कॉलोनी में जाएगा, जहां वह कथित रूप से एक किराये के घर में रह रहा था। उक्त सूचना प्राप्त होने के बाद, एसआईटी टीम आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए तत्काल रवाना हो गई। सम्पूर्ण तलाशी ऑपरेशन के लिए एसआईटी को तीन समूहों में बांट दिया गया। पहली टीम अर्थात् पार्टी संख्या 01, 02 और 03 में क्रमशः श्री मोहम्मद अय्यूब खान, उप-निरीक्षक, श्री रेवल सिंह बारडे, निरीक्षक और श्री किशोर पाटनवाला, निरीक्षक ग्रुप लीडर थे।

इनामी आरोपी व्यक्ति की प्रभावी गिरफ्तारी के लिए तत्काल एक कार्य-योजना तैयार की गई और इसे अमल में लाया गया। जब तलाशी ऑपरेशन चल रहा था, तब श्री विपुल भावसार, सिपाही ने हाईवे की ओर से एक संदिग्ध व्यक्ति को आते हुए देखा, तो उन्होंने टीम के अन्य सदस्यों को सतर्क कर दिया। संदिग्ध व्यक्ति के चेहरे पर टॉर्च की बीम लाइट मारने पर, तत्काल उसकी पहचान इनामी भगौड़े दिलीप देवल के रूप में की गई। उसे श्री मोहम्मद अय्यूब खान, उप-निरीक्षक द्वारा तुरंत चेतावनी देकर रूकने के लिए कहा गया। पुलिस द्वारा दी गई चेतावनी के प्रत्युत्तर में आरोपी दिलीप देवल ने पुलिस टीम को गालियां दी और साथ ही यह धमकी भी दी कि यदि उसे पकड़ने का कोई भी प्रयास किया गया, तो वह उन्हें मार देगा। तत्पश्चात्, अचानक कथित आरोपी ने अपनी पिस्तौल से श्री मोहम्मद अय्यूब खान, उप-निरीक्षक और उनके समूह के सदस्यों पर उन्हें मारने के इरादे से गोलीबारी शुरू कर दी। उन्होंने गोलियों से स्वयं की रक्षा की और अपनी चेतावनी के प्रति इस अप्रत्याशित प्रतिक्रिया से जैसे-तैसे अपनी जान बचाई।

उन्हें मारने के प्रयास के बावजूद, पुलिस टीम ने पुनः आरोपी दिलीप देवल को चेतावनी दी। उसे अपनी पिस्तौल फेंककर आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया। अपनी और टीम के अन्य सदस्यों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए, श्री मोहम्मद अय्यूब खान, उप-निरीक्षक और श्री अनुराग यादव, उप-निरीक्षक ने दो हवाई फायर किए, परन्तु आरोपी दिलीप देवल ने आत्मसमर्पण नहीं किया। इसी बीच, उचित अवसर का लाभ उठाते हुए श्री विपुल भावसार, सिपाही दौड़कर आरोपी के नजदीक गए और उन्होंने उसके उस हाथ को दबोच लिया, जिसमें उसने पिस्तौल पकड़ रखी थी। उसी दौरान, श्री बलराम पाटीदार, सिपाही भी दौड़कर आरोपी के नजदीक पहुंच गए और उन्होंने स्थिति पर नियंत्रण करने का प्रयास किया। दोनों बहादुर सिपाहियों ने अपनी जान की तनिक भी परवाह नहीं की। दोनों पुलिस कार्मिकों के द्वारा किए गए प्रयास की जवाबी कार्रवाई में, आरोपी ने दोनों को एक ओर धकेल दिया और उनपर एक बार और गोली चलाई। सौभाग्य से दोनों सिपाही गोली से बचने में सफल हो गए। उसी समय, जब श्री अनुराग यादव, उप-निरीक्षक ने दोनों सिपाहियों के संघर्ष को देखा, तो उन्होंने श्री हिम्मत सिंह, सिपाही के साथ तुरंत निडरतापूर्वक आरोपी को काबू में करने का प्रयास किया। अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपी दिलीप देवल ने श्री अनुराग यादव, उप-निरीक्षक पर दूसरी गोली चला दी, परन्तु गोलीबारी से बचने के लिए उन्होंने शीघ्र छलांग लगा दी और अपने आप को बचाया। तथापि, इस प्रयास में वे बुरी तरह घायल हो गए और उनको ग्रेड ।।। एसीएल की चोट पहुंची, जिससे उनका दायां घुटना हमेशा के लिए क्षतिग्रस्त हो गया। तत्पश्चात्, वहां से बच निकलने के लिए दिलीप देवल गेहूं के खुले खेतों की ओर भागने लगा, तब श्री मोहम्मद अय्यूब खान, उप-निरीक्षक ने निडरतापूर्वक कार्रवाई करते हुए अपनी तीव्र बुद्धिमता का प्रयोग किया और अदम्य साहस के साथ अपने हाथों से अपराधी को पीछे से पकड़ लिया, जिसके कारण वह गोली चलाने के लिए अपने हाथों को नहीं हिला सका। परन्तु आरोपी ने जैसे-तैसे पिस्तौल के पीछे अपनी कलाई को घुमा लिया और गोली चला दी, जो श्री अय्यूब की बायीं पसली को छूकर निकल गई। वे एक झटके के साथ जमीन पर गिर गए और उन्होंने आरोपी को दोबारा गोलीबारी करने से रोकने के लिए पोजीशन ले ली तथा आत्मरक्षा में दोनों उप-निरीक्षकों, श्री अय्यूब खान और श्री अनुराग यादव ने आरोपी दिलीप देवल पर एक-एक राउंड गोली चलाई और वह उसी क्षण ढेर हो गया। यह पूरी घटना 3 मिनट से भी कम समय में घटित हुई। थोड़ी देर के बाद पार्टी संख्या 02 और 03 घटना स्थल के नजदीक पहुंच गई और उसने उस जगह को घेर लिया। पार्टी संख्या 01 के तीन सदस्यों, उप-निरीक्षक श्री मोहम्मद अय्यूब खान, उप-निरीक्षक श्री अनुराग यादव, श्री हिम्मत गौड़, सिपाही, श्री विपुल भावसार, सिपाही और श्री बलराम पाटीदार, सिपाही तथा आरोपी दिलीप देवल इस घटना में बुरी तरह घायल हो गए।

पार्टी संख्या 01 के टीम लीडर की हैसियत से उप-निरीक्षक श्री मोहम्मद अय्यूब खान ने अत्यधिक महत्वपूर्ण पुलिस मुठभेड़ की उपर्युक्त घटना के दौरान अनुकरणीय बहादुरी, अदम्य साहस और कर्तव्यपरायणता का प्रदर्शन किया। श्री खान ने कर्तव्यपरायणता को अपनी जान से बढ़कर माना और कुख्यात अपराधी दिलीप देवल, जो लगातार गोलीबारी कर रहा था, को काबू करने और उसे मार गिराने में अनुकरणीय भूमिका निभाई।

श्री मोहम्मद अय्यूब खान ने विकट परिस्थिति में अपना धैर्य बनाए रखते हुए अदम्य साहस, अनुशासन, कमान और अपनी टीम पर नियंत्रण का प्रदर्शन किया। वीरता और पेशेवरता के इस कृत्य के परिणामस्वरूप, उपर्युक्त मुठभेड़ में पुलिस बल को कोई भी क्षति पहुंचे बिना अपराधी दिलीप देवल मारा गया।

इस ऑपरेशन में, मध्य प्रदेश पुलिस के श्री मोहम्मद अय्यूब खान, उप-निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

वीरता पदक (जीएम), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 85-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 03.12.2020 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/79/2023 - पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 124-प्रेज/2024—भारत की राष्ट्रपति, मध्य प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित कार्मिकों को वीरता पदक (जीएम) सहर्ष प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्व/श्री	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	आशीष शर्मा	उप-निरीक्षक	वीरता पदक
2.	हनुमंत टेकाम	हेड कांस्टेबल	वीरता पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 18 दिसम्बर, 2022 को, श्री आशीष शर्मा, उप-निरीक्षक को गांव हरातोला से सटे वन्य क्षेत्र के निकट माओवादियों की मौजूदगी के बारे में विश्वसनीय खुफिया जानकारी प्राप्त हुई। इन जानकारियों से यह पता चला कि माओवादी एक बार फिर से कुछ ग्रामीणों को मारने की योजना बना रहे हैं, ताकि उनको आतंकित किया जा सके, जैसाकि अगस्त, 2022 के महीने में गांव जगला, पुलिस स्टेशन मलाजखंड में हुआ था। हेड कांस्टेबल हनुमंत टेकाम की सहायता से श्री आशीष शर्मा, उप-निरीक्षक द्वारा इस जानकारी की तत्काल पुष्टि की गई और उसे पुलिस अधीक्षक बालाघाट के साथ साझा किया गया। उक्त जानकारी की पुष्टि के बाद, विशेष ऑपरेशन समूह (एसओजी) 5 को गहन तलाशी ऑपरेशन के लिए भेजा गया।

श्री आशीष शर्मा, उप-निरीक्षक ने इस सैन्य बल को दो टीमों में विभाजित कर दिया और उन्हें खुफिया जानकारी, क्षेत्र की स्थिति और रणनीतिक ढंग में आगे बढ़ने संबंधी रणनीति के बारे में जानकारी प्रदान की और गांव हरातोला के निकटवर्ती वन में तलाशी ऑपरेशन शुरू कर दिया। लगभग 12:10 बजे, जब उपर्युक्त टीमें गांव हरातोला के निकटवर्ती वन क्षेत्र की तलाशी करते हुए जंगल के रास्ते गांव किनारदा की ओर जाने वाली सड़कों के क्रास जंक्शन की ओर आगे बढ़ रही थी, तब पुलिस पार्टियों पर खूंखार माओवादियों द्वारा अचानक भीषण गोलीबारी की गई।

यह गोलीबारी लगभग एक घंटे तक चली। श्री आशीष शर्मा, उप-निरीक्षक ने पुलिस पार्टियों को एक नियंत्रित ढंग में जवाबी कार्रवाई करने का आदेश दिया। लगातार चेतावनियों के बाद भी माओवादियों ने आत्मसमर्पण नहीं किया, तो श्री आशीष शर्मा ने अपनी निजी सुरक्षा की बिल्कुल परवाह किए बिना अपने कवर से बाहर निकलकर माओवादियों और सैन्य बलों के बीच स्थित सामरिक मैदान को कवर करते हुए बरसती हुई गोलियों के बीच रेंगकर आगे बढ़ने का निर्णय लिया, जहां परिष्कृत विस्फोटक उपकरण (आईईडी) बिछाए जाने की प्रबल संभावना भी थी। इस कार्रवाई में हेड कांस्टेबल हनुमंत टेकाम द्वारा उनकी सहायता की गई। जैसे ही, माओवादियों को यह पता चला कि दो पुलिसकर्मी उनकी दिशा में आगे बढ़ रहे हैं, तो उन्होंने तुरंत अपनी गोलीबारी को आगे बढ़ रहे पुलिस कर्मियों की ओर मोड़ दिया।

श्री आशीष शर्मा, उप-निरीक्षक और हेड कांस्टेबल हनुमंत टेकाम ने विलक्षण युद्ध कौशल का प्रदर्शन किया, क्योंकि उन्होंने स्वयं को माओवादियों के बच निकलने के मार्गों के पास तैनात कर लिया था। उपर्युक्त अधिकारियों की तीव्र सोच ने माओवादियों को बैक-फुट पर धकेल दिया और उनके कैडरों ने भागना शुरू कर दिया। उसी समय एक माओवादी, जो जबावी गोलीबारी में घायल हो गया था, पेड़ के पीछे छिपा हुआ दिखाई दिया।

दोनों कार्मिक रणनीतिक ढंग से माओवादी की ओर आगे बढ़े और उन्होंने आस-पास में आईईडी के संकेतों का पता लगाया। श्री आशीष शर्मा, उप-निरीक्षक ने यह सुनिश्चित किया कि उनकी टीमों ने सुरक्षित कवर ले लिया है और फिर उन्होंने उपर्युक्त क्षेत्र को सावधानीपूर्वक सेनिटाइज करने तथा माओवादी से राइफल को दूर हटाते समय अपनी स्वयं की जान को जोखिम में डाल दिया। उन्होंने उसके जीवित होने के लक्षणों का पता लगाया, परन्तु माओवादी पहले ही मर चुका था।

उपर्युक्त माओवादी के जीवित होने के लक्षणों का पुनः सावधानीपूर्वक पता लगाया गया, परन्तु वह मृत पाया गया। बाद में, मृत माओवादी की पहचान रूपेश हुंगा डोडी, एरिया कमेटी मेंबर (एसीएम), एसजेडसीएम सुरेन्द्र अक्का कबीर के गार्ड, निवासी गांव टेकलगुडा, तहसील कोंटा, जिला सुकमा, छत्तीसगढ़ के रूप में की गई। वह मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र राज्यों में उन्नीस आपराधिक मामलों में वांछित था। उस पर मध्य प्रदेश सरकार का 3 लाख रुपये, छत्तीसगढ़ सरकार का 5 लाख रुपये और महाराष्ट्र सरकार का 4 लाख रुपये (कुल 12 लाख रुपये का इनाम) का नकद इनाम था।

इस ऑपरेशन में, मध्य प्रदेश पुलिस के सर्व/श्री आशीष शर्मा, उप-निरीक्षक और हनुमंत टेकाम, हेड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

वीरता पदक (जीएम), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 85-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 18.12.2022 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/173/2023 - पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 125-प्रेज/2024—भारत की राष्ट्रपति, मध्य प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित कार्मिकों को वीरता पदक (जीएम) और वीरता पदक का प्रथम बार सहर्ष प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्व/श्री	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	समीर सौरभ, भापुसे	पुलिस अधीक्षक	वीरता पदक
2.	मोती उर रहमान, भापुसे	कमाण्डेंट	वीरता पदक
3.	आशीष शर्मा	निरीक्षक	वीरता पदक का प्रथम बार
4.	मोहन लाल मरावी	उप-निरीक्षक	वीरता पदक
5.	राजेश धुर्वे	सहायक उप-निरीक्षक	वीरता पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

वर्ष 2023 की पहली तिमाही में, जिला बालाघाट के कान्हा वन क्षेत्र में भारी संख्या में माओवादियों की मौजूदगी के संबंध में लगातार खुफिया जानकारियां प्राप्त हो रही थी। इन जानकारियों की पुष्टि करने के लिए 22 अप्रैल को रात के लगभग 12:08 बजे, निरीक्षक आशीष शर्मा के नेतृत्व में विशेष ऑपरेशन समूह (एसओजी), बैहर को कान्हा वन क्षेत्र में भेजा गया। 22 अप्रैल की सुबह एसओजी बैहर को माओवादियों की एक योजना के बारे में विश्वसनीय खुफिया जानकारी प्राप्त हुई कि वे पुलिस मुखबीरों का पता लगाकर उन्हें मारने के लिए कान्हा वन क्षेत्र के कडला फोरेस्ट गांव में आएंगें। इस जानकारी को निरीक्षक आशीष शर्मा द्वारा तत्काल श्री समीर सौरभ, भापुसे, पुलिस अधीक्षक बालाघाट और श्री मोती उर रहमान, भापुसे, कमाण्डेंट, हॉक फोर्स के साथ साझा किया गया।

पुलिस अधीक्षक बालाघाट और कमान अधिकारी हॉक ने उपर्युक्त खुफिया जानकारी को विभिन्न स्रोतों के माध्यम से क्रॉस चेक किया और कान्हा जंगल के कडला फोरेस्ट गांव क्षेत्र में माओवादियों के छिपने के संभावित स्थानों का पता लगाया। पुलिस अधीक्षक बालाघाट, कमान अधिकारी हॉक और एसओजी बैहर प्रभारी ने कडला फोरेस्ट गांव के निकट एक कॉमन मीटिंग प्वाइंट पर मिलने की सहमति जताई। पुलिस अधीक्षक बालाघाट और कमान अधिकारी हॉक ने उक्त बल को दो टीमों में विभाजित कर दिया और उन्हें विस्तृत जानकारी प्रदान की। जानकारी प्रदान करने के बाद, पुलिस टीमों ने माओवादियों के छिपने के संभावित स्थानों का पता लगाने के लिए कडला फोरेस्ट गांव के आस-पास के वन क्षेत्रों में गहन तलाशी ऑपरेशन शुरू कर दिया।

दिनांक 22.04.2023 को लगभग 03:00 बजे, जब पुलिस टीमें कडला फोरेस्ट गांव से बालधा फोरेस्ट कैंप की ओर आगे बढ़ रही थी, तो पहले से घात लगाकर बैठे माओवादियों ने उनपर अचानक भीषण गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस टीमों ने तत्काल, जो कोई भी कवर वहां पर मौजूद था, ले लिया और चिल्लाकर माओवादियों को यह चेतावनी दी कि उन्हें पुलिस ने चारों तरफ से घेर लिया है और वे अपने हथियार फेंककर आत्मसमर्पण कर दें। परन्तु माओवादी लगातार अंधाधुंध गोलीबारी करते रहे और उन्होंने अपना निशाना सीधे चेतावनी वाले स्रोत की ओर मोड़ दिया।

पुलिस अधीक्षक बालाघाट ने तुरंत स्थिति का आकलन किया और यह निर्णय लिया कि दोनों दिशाओं से माओवादियों की ओर आगे बढ़ने के लिए एक घात-रोधी युक्ति अपनाई जाये। पुलिस अधीक्षक बालाघाट, कमान अधिकारी हॉक और एसओजी बैहर प्रभारी ने अपने सहयोगियों, उप-निरीक्षक मोहन लाल मरावी और सहायक उप-निरीक्षक राजेश धुर्वे के साथ अदम्य साहस का प्रदर्शन किया तथा अपनी निजी सुरक्षा की बिल्कुल भी परवाह किए बिना अपने कवर से बाहर निकलकर बरसती हुई गोलियों की ओर रेंगते हुए आगे बढ़ने का निर्णय लिया। उपर्युक्त अधिकारी कुछ गोलियों से बाल-बाल बच गए परन्तु इन अधिकारियों ने अपनी जान को खतरे में डाल दिया और जवाबी गोलीबारी करने

के लिए आगे बढ़ गए तथा उन्होंने विलक्षण युद्ध-कौशल का प्रदर्शन किया। उनकी साहसिक रणनीतियों के परिणामस्वरूप, आपसी गोलीबारी में दो खूंखार माओवादियों का सफाया हो गया और उनमें से कुछ माओवादियों को चोटें भी आईं, परन्तु इसके बावजूद वे घटनास्थल से भागने में सफल हो गए।

बाद में, मारे गए माओवादियों की पहचान सुनीता उर्फ सोम्दी मरावी (एसीएम) निवासी गांव नगरम, पुलिस स्टेशन जागरगुंडा, जिला सुकमा (छत्तीसगढ़), जिसके पास एक .303 राइफल थी और जिसपर कुल 14 लाख रुपये का नकद इनाम था तथा सरिता उर्फ बिज्जी निवासी गांव जोनागुडेम, पुलिस स्टेशन चिंतलनार, जिला सुकमा (छत्तीसगढ़), जिसके पास एक .303 राइफल थी और जिसपर कुल 14 लाख रुपये का नकद इनाम था, के रूप में की गई।

निःसंदेह, खूंखार माओवादियों के इस गुट ने ऑपरेशन में शामिल पुलिस कर्मियों की जान को एक प्राणघातक आघात पहुंचाने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी थी। यह उपर्युक्त अधिकारियों की वास्तविक हिम्मत और साहस के बल पर ही हुआ कि पुलिस टीमें प्रभावकारी जवाबी कार्रवाई करते हुए माओवादी दलम को तितर-बितर करने में सफल रही।

इस ऑपरेशन में, मध्य प्रदेश पुलिस के सर्व/श्री समीर सौरभ, भापुसे, पुलिस अधीक्षक, मोती उर रहमान, भापुसे, कमाण्डेंट, आशीष शर्मा, निरीक्षक, मोहन लाल मरावी, उप-निरीक्षक और राजेश धुर्वे, सहायक उप-निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

वीरता पदक (जीएम), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 85-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 22.04.2023 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/46/2024 - पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 126-प्रेज/2024—भारत की राष्ट्रपति, मध्य प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित कार्मिकों को वीरता पदक (जीएम) और वीरता पदक का प्रथम बार सहर्ष प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्व/श्री	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	नामदेव शर्मा	उप-निरीक्षक	वीरता पदक
2.	अरुण मिश्रा	सहायक उप-निरीक्षक	वीरता पदक
3.	अतुल कुमार शुक्ला	सहायक उप-निरीक्षक	वीरता पदक का प्रथम बार

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

वर्ष 2023 की अंतिम तिमाही में, बालाघाट के जमशेहरा-कामकोडादार वन क्षेत्र में माओवादियों की मौजूदगी की लगातार रिपोर्ट प्राप्त हो रही थी। 14 दिसम्बर की सुबह, एसओजी मोतीनाला को इन रिपोर्टों की पुष्टि करने के लिए जमशेहरा-कामकोडादार वन क्षेत्र में भेजा गया। तलाशी करते समय, पुलिस पार्टी को माओवादियों की योजना के संबंध में यह विश्वसनीय आसूचना प्राप्त हुई कि वे पुलिस का मुखबिर होने के संदेह पर फोरेस्ट गार्ड की हत्या करेंगे। यह आसूचना पुलिस अधीक्षक बालाघाट, श्री समीर सौरभ, पुलिस अधीक्षक मंडला, श्री रजत सकलेचा और कमान अधिकारी हॉक फोर्स, श्री मोती उर रहमान के साथ साझा की गई।

उपर्युक्त खुफिया जानकारी की पुनः पुष्टि की गई और अपर पुलिस अधीक्षक बैहर, श्री विनोद कुमार मीणा को जमशेहरा-कामकोडादार क्षेत्र की ओर आगे बढ़ने तथा माओवादियों के विरुद्ध ऑपरेशन का नेतृत्व करने का निदेश दिया गया। अपर पुलिस अधीक्षक बैहर ने पुलिस पार्टी का प्रभार संभाल लिया। फिर उन्होंने पुलिस बल को दो टीमों में विभाजित कर दिया और उन्हें विस्तृत जानकारी प्रदान की। तदनंतर, पुलिस टीमों ने जमशेहरा और कामकोडादार फोरेस्ट कैंप से सटे वन क्षेत्रों में गहन तलाशी ऑपरेशन शुरू कर दिया।

सुबह लगभग 11:15 बजे, पुलिस टीमों पर घात लगाकर बैठे माओवादियों द्वारा भीषण गोलीबारी की गई। पुलिस टीमों ने कवर ले लिया और चिल्लाकर माओवादियों को यह चेतावनी दी कि उनको पुलिस ने घेर लिया है और आत्मसमर्पण कर दें। तथापि, माओवादी अपनी अंधाधुंध गोलीबारी करते रहे।

अपर पुलिस अधीक्षक बैहर ने शीघ्र स्थिति का मूल्यांकन किया और यह निर्णय लिया कि दोनों दिशाओं से माओवादियों की ओर आगे बढ़ने के लिए एक घात-रोधी रणनीति आवश्यक है। अपने सहयोगियों, उप-निरीक्षक नामदेव शर्मा, सहायक उप-निरीक्षक अरुण मिश्रा और सहायक उप-निरीक्षक अतुल कुमार शुक्ला के साथ अनुकरणीय साहस तथा अपनी निजी सुरक्षा के प्रति पूर्ण उपेक्षा का प्रदर्शन किया। उन्होंने अपने कवर से बाहर निकलकर बरसती हुई गोलियों की ओर सावधानीपूर्वक आगे बढ़ने का निर्णय लिया।

कई गोलियों से बाल-बाल बचने के बावजूद, इन अधिकारियों ने अपनी जान को जोखिम में डाला और वे विलक्षण कौशल के साथ जवाबी गोलीबारी करते हुए आगे बढ़ते रहे। उनकी साहसिक रणनीतियों के फलस्वरूप एक खूंखार माओवादी का सफाया हो गया। यद्यपि कुछ माओवादियों को चोंटे आईं, परन्तु वे मुठभेड़ स्थल से बच निकले।

बाद में, मारे गए माओवादी की पहचान चैतू उर्फ हिदमा मडकम, मलाजखंड दलम के एसीएम के रूप में की गई। चैतू एक 315 राइफल के साथ मृत पाया गया और उसके सिर पर 14 लाख रुपये का नकद इनाम था।

निश्चित रूप से, माओवादियों के इस गुट ने पुलिस कर्मियों की जान के प्रति एक भीषण आघात पहुंचाने के प्रयास में अपनी पूरी ताकत झोंक दी थी। यह केवल उप-निरीक्षक नामदेव शर्मा, सहायक उप-निरीक्षक अरुण मिश्रा और सहायक उप-निरीक्षक अतुल कुमार शुक्ला के अडिग दृढ़ निश्चय और साहस के कारण हुआ कि पुलिस टीमों ने निर्णयात्मक ढंग से कार्रवाई की तथा माओवादी दलम के हमले को विफल कर दिया।

इस ऑपरेशन में, मध्य प्रदेश पुलिस के सर्व/श्री नामदेव शर्मा, उप-निरीक्षक, अरुण मिश्रा, सहायक उप-निरीक्षक और अतुल कुमार शुक्ला, सहायक उप-निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

वीरता पदक (जीएम), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 85-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 14.12.2023 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/48/2024 - पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 127-प्रेज/2024—भारत की राष्ट्रपति, मध्य प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित कार्मिक को वीरता पदक (जीएम) सहर्ष प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	श्री पुनीत गेहलोद, भापुसे	कमाण्डेंट	वीरता पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 30.11.2022 की सुबह, श्री समीर सौरभ (पुलिस अधीक्षक बालाघाट) को जमशेहरा फोरेस्ट कैंप के निकट नक्सलियों के एक बड़े समूह की मौजूदगी के संबंध में एक विश्वसनीय जानकारी प्राप्त हुई, जिनका इरादा वन विभाग के कार्मिक को पुलिस का मुखबिर होने के संदेह पर जान से मारने का था। पुलिस अधीक्षक बालाघाट ने तत्काल ऑपरेशन की व्यवहार्यता और ब्यौरों पर श्री पुनीत गेहलोद, भापुसे, कमाण्डेंट, हॉक फोर्स के साथ चर्चा की तथा विशेष ऑपरेशन समूह (एसओजी) मोतीनैया को उपर्युक्त क्षेत्र में भेजा गया।

इसी बीच, पुलिस अधीक्षक बालाघाट और कमान अधिकारी हॉक ने बड़े परिश्रम के साथ खुफिया जानकारी की पुष्टि की। पुलिस अधीक्षक मंडला श्री यशपाल राजपुत को भी इस ऑपरेशन में शामिल किया गया और वे दिनांक 30.11.2022 की सुबह लक्षित कैंप के पास एसओजी मोतीनैया से मिले। पुलिस अधीक्षक बालाघाट और कमान अधिकारी हॉक ने पूरे समूह को 4 टीमों में विभाजित कर दिया। उपर्युक्त टीमों को दोनों अधिकारियों द्वारा क्षेत्र, लक्ष्य और अन्य ऑपरेशनल ब्यौरों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई और जमशेहरा वन क्षेत्र में गहन तलाशी ऑपरेशन शुरू कर दिया गया।

लगभग 1030 बजे, कैंप की ओर आगे बढ़ रही पुलिस पार्टियों पर घात लगाकर बैठे माओवादियों द्वारा भारी और अंधाधुंध गोलीबारी की गई। पुलिस पार्टियों ने तुरंत कवर ले लिया और पुलिस अधीक्षक बालाघाट और कमान अधिकारी हॉक ने बार-बार चिल्लाकर माओवादियों को गोलीबारी रोकने तथा आत्मसमर्पण करने के लिए कहा। परन्तु माओवादियों का हमला और तेज हो जाने से पुलिस के पास आत्मरक्षा में गोलीबारी करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा।

पुलिस अधीक्षक बालाघाट, कमान अधिकारी हॉक और पुलिस अधीक्षक मंडला ने एसओजी मोतीनैया प्रभारी के साथ जबावी हमले का सामने से नेतृत्व किया। प्रतिरोधी घात के लिए आवश्यक सामरिक कौशल के बारे में भली-भांति परिचित होने के कारण, उन्होंने अपनी टीम की

सहायता से विषम परिस्थिति में कुशलतापूर्वक विलक्षण साहस और दृढ़ निश्चय का प्रदर्शन किया। पुलिस पार्टियों की चढ़ाई को महसूस करते हुए माओवादियों ने अपने हमले को और तेज कर दिया तथा शत्रु की ओर साहसपूर्ण ढंग में आगे बढ़ रहे पुलिसकर्मी कुछ गोलियों से बाल-बाल बच गए। पुलिस अधीक्षक मंडला और एसओजी प्रभारी ने शत्रु के निकट पहुंचने में अपनी टीमों का नेतृत्व करते हुए अपनी जान को भी जोखिम में डाल दिया। उनके द्वारा प्रदर्शित सामरिक दक्षता और विलक्षण साहस के फलस्वरूप दो खूंखार माओवादियों का सफाया हो गया।

बाद में, मारे गए माओवादियों की पहचान एमएमसी कॉर्डिनेशन कमेटी प्रमुख गणेश मडावी (डीवीसीएम), जिसके पास एक एके-47 राइफल थी और जिसपर 29 लाख रुपये का नकद इनाम था तथा कमांडर राजेश वंजम, जिसके पास .315 राइफल थी और जिसपर 20 लाख रुपये का इनाम था, के रूप में की गई।

कुल मिलाकर, अत्यधिक विषम परिस्थिति में कर्तव्यनिष्ठापूर्ण कार्रवाई करते हुए, श्री पुनीत गेहलोद, भापुसे, कमाण्डेंट ने उत्कृष्ट सामरिक कौशल, अनुकरणीय साहस, विलक्षण हिम्मत और दृढ़ निश्चय का प्रदर्शन किया।

इस ऑपरेशन में, मध्य प्रदेश पुलिस के श्री पुनीत गेहलोद, भापुसे, कमाण्डेंट ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

वीरता पदक (जीएम), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 85-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 30.11.2022 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/47/2024 - पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 128-प्रेज/2024—भारत की राष्ट्रपति, महाराष्ट्र पुलिस के निम्नलिखित कार्मिकों को वीरता पदक (जीएम) और वीरता पदक, मरणोपरांत सहर्ष प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्व/श्री	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	डॉ. कुणाल शंकर सोनवणे	अनुमण्डल पुलिस अधिकारी	वीरता पदक
2.	दिपक रंभाजी औटे	पुलिस उप-निरीक्षक	वीरता पदक
3.	स्व. धनाजी तानाजी होनमाने	पुलिस उप-निरीक्षक	वीरता पदक (मरणोपरांत)
4.	नागेशकुमार बोंदयालु मादरबोईना	नायक पुलिस कांस्टेबल	वीरता पदक
5.	शकील युसूफ शेख	पुलिस कांस्टेबल	वीरता पदक
6.	विश्वनाथ समय्या पेंदाम	पुलिस कांस्टेबल	वीरता पदक
7.	विवेक मनकु नरोटे	पुलिस कांस्टेबल	वीरता पदक
8.	मोरेश्वर नामदेव पोटावी	पुलिस कांस्टेबल	वीरता पदक
9.	कैलास चुंगा कुलमेथे	पुलिस कांस्टेबल	वीरता पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 27.11.2019 को वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के आदेशानुसार कोर्के वेलाडी दस्ते के पुलिस उप-निरीक्षक दिपक रंभाजी औटे और 15 पुलिस कर्मियों, गंगाराम सिदाम दस्ते के 21 कार्मिकों, ईश्वर गोबी दस्ते के 23 कार्मिकों और शामराव दुग्गा दस्ते के 23 कार्मिकों वाले सभी चार सी-60 दस्ते नक्सल-रोधी ऑपरेशन चलाने के लिए प्राणहिता से रवाना हुए। बीच रास्ते में, डॉ. कुणाल शंकर सोनवणे, अनुमण्डल पुलिस अधिकारी, भामरागढ़, पुलिस उप-निरीक्षक धनाजी तानाजी होनमाने और दो पुलिसकर्मी इन चार सी-60 दस्तों में शामिल हो गए। तत्पश्चात्, उन्होंने स्वयं को दो समूहों में विभाजित कर लिया। पहले समूह में डॉ. कुणाल शंकर सोनवणे, पुलिस उप-निरीक्षक धनाजी तानाजी होनमाने और कोर्के वेलाडी एवं गंगाराम सिदाम दस्तों के कार्मिक शामिल थे तथा दूसरे समूह में शामराव दुग्गा और ईश्वर गोटा दस्तों के कार्मिक शामिल थे।

दिनांक 29.11.2019 को, डॉ. कुणाल शंकर सोनवणे, पुलिस उप-निरीक्षक धनाजी तानाजी होनमाने और गंगाराम सिदाम एवं कोर्के वेलाडी के नेतृत्व वाले दस्ते ने कोयूर और मुरांगल पहाड़ियों के जंगल की तलाशी की तथा मोरमेटा के जंगल में प्रवेश किया। लगभग 1600 बजे, जब उपर्युक्त दस्तें गांव मोरमेटा की निकटवर्ती पहाड़ी पर चढ़ रहे थे, तो उनपर अचानक गोलियों की बौछार हुई। उस दौरान, पुलिस कार्मिकों ने तुरंत स्वयं का बचाव किया और गोलीबारी की दिशा का अनुमान लगाया तथा नक्सलियों से आत्मसमर्पण करने की अपील की। परन्तु नक्सलियों ने अपील को अनसुना कर दिया और लगातार गोलीबारी करते रहे। उसी समय, डॉ. कुणाल शंकर सोनवणे ने पुलिस पार्टीयों को तीन समूहों में विभाजित कर दिया, पुलिस उप-निरीक्षक धनाजी तानाजी होनमाने और उनके समूह ने दायीं दिशा से, पुलिस उप-निरीक्षक जनक और उनके समूह ने मध्य से तथा डॉ. कुणाल शंकर सोनवणे और उनके समूह ने बायीं दिशा से नक्सलवादियों पर आत्मरक्षा में नियंत्रित गोलीबारी शुरू कर दी। इसके साथ-साथ, डॉ. कुणाल शंकर सोनवणे के मार्गदर्शन में सभी तीनों पुलिस समूहों ने नक्सलियों को उनके लाभपूर्ण ठिकानों से हटाने के लिए पहाड़ी पर चढ़ना शुरू कर दिया।

उस समय, उनमें से एक माओवादी को तेज आवाज में अन्य माओवादियों को निर्देश देते हुए सुना गया "ये पुलिस वाले पिछले चुनाव के दौरान बच गए थे, परन्तु आज इनमें से कोई जिंदा नहीं बचना चाहिए।" इसके बाद उन्होंने पुलिस पार्टी पर गोलीबारी शुरू कर दी और उन्होंने पुलिस कर्मियों को मारने के इरादे से एक लैंडमाइन से विस्फोट भी किया। जवाबी कार्रवाई में, पुलिस पार्टी ने नक्सलवादियों की दिशा में नियंत्रित गोलीबारी का सहारा लिया। इसी बीच, पुलिस उप-निरीक्षक जनक के नेतृत्व वाले समूह पर नक्लवादियों द्वारा भारी गोलीबारी की गई और वे उसमें घिर गए। जैसे ही, उपर्युक्त सूचना वॉकी-टॉकी सेट पर प्राप्त हुई, डॉ. कुणाल शंकर सोनवणे के नेतृत्व वाला समूह अपनी स्वयं की जान को भारी संकट में डालकर फंसे हुए कार्मिकों की ओर बायीं दिशा से आगे बढ़ा। उसी समय, पुलिस उप-निरीक्षक धनाजी तानाजी होनमाने और पुलिस उप-निरीक्षक दिपक रंभाजी औटे के नेतृत्व वाले दूसरे समूह ने अपने समूह के साथ अपनी जान को खतरे में डालकर 15-20 फुट गहरे नाले में प्रवेश किया और फिर पहाड़ी पर चढ़ना शुरू कर दिया। पुलिस के बढ़ते हुए दबाव को भांप कर नक्सलियों ने पहाड़ी और घनी झाड़ियों का कवर लेने का प्रयास किया। डॉ. कुणाल शंकर सोनवणे और पुलिस उप-निरीक्षक धनाजी तनाजी होनमाने तथा पुलिस उप-निरीक्षक दिपक रंभाजी औटे के नेतृत्व वाले समूहों द्वारा प्रदर्शित विलक्षण साहस के कारण, फंसे हुए पुलिस समूह को नक्सलियों के चंगुल से सफलतापूर्वक बचा लिया गया। तत्पश्चात् पुलिस कर्मियों की समीक्षा की गई, जिसके दौरान दो पुलिसकर्मी नामतः नायक पुलिस कांस्टेबल शंकर मडावी और पुलिस कांस्टेबल शकील युसूफ शेख को घायल पाया गया। शेष पुलिसकर्मी सुरक्षित और क्षतिरहित थे। कथित आपसी गोलीबारी लगभग एक घंटे तक चली। घटनास्थल पर माओवादियों के एक बड़े प्रशिक्षण शिविर का संकेत मिला। प्रशिक्षण के लिए प्रयुक्त अवरोधक और अन्य सामग्रियां भी वहां पाई गई। इसके अतिरिक्त, उस स्थान के आस-पास एक पेड़ के नीचे पका हुआ भोजन और भोजन पकाने के लिए प्रयुक्त सामग्री दिखाई दी। चूंकि, अंधेरा हो रहा था, अतः पुलिस पार्टी की सुरक्षा के मद्देनजर घटनास्थल के निकट स्थित पहाड़ी पर रात्रि विश्राम किया गया।

तत्पश्चात्, अगले दिन दिनांक 30.11.2019 को पुलिस द्वारा घटनास्थल की तलाशी की गई। घटनास्थल की गहन छानबीन करने पर, पुलिस को दो पुरुष माओवादी जमीन पर अचेत पड़े हुए मिले। इसके साथ-साथ, घटनास्थल से निम्नलिखित सामग्रियां, जैसे कि एक .303 राइफल, .303 राइफल के जिंदा कारतूस, एक 8 एमएम राइफल, 8 एमएम राइफल के सात जिंदा कारतूस, दो भारमर बंदूकें, एके-47 राइफल के 16 जिंदा कारतूस, एसएलआर राइफल के सात जिंदा कारतूस, 12 बोर की बंदूक के सात कारतूस, चार डेटोनेटर और अन्य सामग्रियां भी प्राप्त हुईं।

उसके बाद, पुलिस पार्टी अचेत पुरुष माओवादियों और नक्सल सामग्री को घटनास्थल से लेकर गांव नेलगुंडा की ओर रवाना हुई। जैसे ही, पुलिस पार्टी घटनास्थल से कुछ दूर आगे बढ़ी, तो जंगल में छिपे हुए माओवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी करते हुए पुलिस पार्टी पर पुनः हमला कर दिया। उस दौरान, पुलिस पार्टी ने माओवादियों पर जवाबी गोलीबारी करते हुए आत्मरक्षा में कार्रवाई की। पुलिस के बढ़ते हुए दबाव को भांप कर, माओवादी घने जंगल में भाग गए। तत्पश्चात्, सावधानी बरतते हुए और नक्सल-रोधी ऑपरेशन को अंजाम देते हुए, पुलिस पार्टी गांव नेलगुंडा में पहुंची। फिर दोनों अचेत माओवादियों को चिकित्सीय उपचार के लिए एक चॉपर में गडचिरोली भेज दिया गया।

इस ऑपरेशन में, महाराष्ट्र पुलिस के डॉ. कुणाल शंकर सोनवणे, अनुमण्डल पुलिस अधिकारी, सर्व/श्री दिपक रंभाजी औटे, पुलिस उप-निरीक्षक, स्व. धनाजी तानाजी होनमाने, पुलिस उप-निरीक्षक, नागेशकुमार बोंदयालु मादरबोईना, नायक पुलिस कांस्टेबल, शकील युसूफ शेख, पुलिस कांस्टेबल, विश्वनाथ समय्या पेंदाम, पुलिस कांस्टेबल, विवेक मनकु नरोटे, पुलिस कांस्टेबल, मोरेश्वर नामदेव पोटावी, पुलिस कांस्टेबल और कैलास चुंगा कुलमेथे, पुलिस कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

वीरता पदक (जीएम), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 85-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 29.11.2019 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/90/2023 - पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 129-प्रेज/2024—भारत की राष्ट्रपति, महाराष्ट्र पुलिस के निम्नलिखित कार्मिकों को वीरता पदक (जीएम) सहर्ष प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्व/श्री	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	कोतला बोटू कोरामी	पुलिस कांस्टेबल	वीरता पदक
2.	कोरके सन्नी वेलादी	पुलिस कांस्टेबल	वीरता पदक
3.	महादेव विष्णु वानखेडे	पुलिस कांस्टेबल	वीरता पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 23.07.2017 को, विशेष ऑपरेशन दस्ता, प्राणहिता (अहेरी) के पुलिस कांस्टेबल कोरके सन्नी वेलादी को कवथाराम-कापेवांचा जंगल में 20-25 नक्सलियों की मौजूदगी के संबंध में गोपनीय जानकारी प्राप्त हुई। विशेष ऑपरेशन दस्ता, प्राणहिता (अहेरी) के पुलिस उप-निरीक्षक सुखदेव बंदगर ने भी यह सूचना अपर पुलिस अधीक्षक, अहेरी, श्री राजा आर. को प्रदान की। उसके बाद एक योजना तैयार की गई और एक टीम का गठन किया गया।

उपर्युक्त पुलिस पार्टी 10.45 बजे रवाना हुई। लगभग 16.30 बजे, जब कवथाराम जंगल में तलाशी ऑपरेशन चलाया जा रहा था, तब घात लगाकर बैठे 20-25 नक्सलियों ने अचानक पुलिस पार्टी को घेर लिया। पुलिस पार्टी अकस्मात नक्सलियों की अंधाधुंध गोलीबारी में घिर गई। कवर लेने के लिए छलांग लगाने के बाद पुलिस पार्टी ने प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के सदस्यों को गोलीबारी बंद करने, अपने हथियार डालने और पुलिस के सामने आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया, परन्तु उनके आदेश को अनसुना कर दिया गया। प्रभाकर मडावी पार्टी के 10 सदस्यों को पूरी तरह से घेर लिया गया था और उनपर नक्सलवादियों द्वारा सभी दिशाओं से भारी गोलीबारी की जा रही थी, जो एक-दूसरे को निर्देश एवं आदेश दे रहे थे कि घिरे हुए पुलिस कर्मियों मार डालो और उनके हथियार एवं गोलाबारुद छीन लो। इन पुलिस वालों को बचाना अत्यधिक महत्वपूर्ण था। पुलिस कांस्टेबल कोतला बोटू कोरामी, पुलिस कांस्टेबल कोरके सन्नी वेलादी और पुलिस कांस्टेबल महादेव विष्णु वानखेडे ने बचाव पार्टी की हमलावर टुकड़ी तैयार की, जिसने न केवल नक्सलियों की घात को भेद दिया, बल्कि यह टुकड़ी संभावित क्षति अथवा मौत का सामना कर रहे घिरे हुए पुलिस कार्मिकों को भी बचाने में सक्षम रही।

बाद में चलाए गए कॉम्बिंग ऑपरेशन में, पुलिस पार्टी को एक पुरुष नक्सली का शव, एक 12 बोर की राइफल, एके-47 से चलाई गई सात गोलियों के खोखे और अन्य सामग्रियां प्राप्त हुईं।

इस विशिष्ट घटना में यह ध्यान देना आवश्यक है कि नक्सली अपनी ओर से अचंभित करने की एक स्पष्ट लाभपूर्ण स्थिति में थे। यह उनके द्वारा तैयार की गई घात से स्पष्ट प्रतीत होता था। फिर भी पुलिस पार्टी ने नक्सलवादियों द्वारा की गई अचानक गोलीबारी से विचलित हुए बिना जवाबी कार्रवाई करते हुए अनुकरणीय साहस और बुद्धिमत्ता का प्रदर्शन किया। पुलिस कांस्टेबल कोतला बोटू कोरामी, पुलिस कांस्टेबल कोरके सन्नी वेलादी और पुलिस कांस्टेबल महादेव विष्णु वानखेडे द्वारा चलाया गया बचाव ऑपरेशन 'कमांडो भातृत्व' की एक बेहतरीन मिसाल है, जिसमें बचाव पार्टी के सदस्यों ने घिरे हुए अपने कमांडो भाईयों को बचाने के लिए अपनी स्वयं की जान को जोखिम में डाल दिया था।

इस ऑपरेशन में, महाराष्ट्र पुलिस के सर्व/श्री कोतला बोटू कोरामी, पुलिस कांस्टेबल, कोरके सन्नी वेलादी, पुलिस कांस्टेबल और महादेव विष्णु वानखेडे, पुलिस कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

वीरता पदक (जीएम), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 85-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 23.07.2017 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/201/2023 - पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 130-प्रेज/2024—भारत की राष्ट्रपति, महाराष्ट्र पुलिस के निम्नलिखित कार्मिकों को वीरता पदक (जीएम) सहर्ष प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्व/श्री	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	अनुज मिलींद तारे, भापुसे	अपर पुलिस अधीक्षक	वीरता पदक

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्व/श्री	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
2.	राहुल नामदेवराव देव्हडे	पुलिस उप-निरीक्षक	वीरता पदक
3.	विजय दादासो सपकाल	पुलिस उप-निरीक्षक	वीरता पदक
4.	महेश बोरु मिच्चा	हेड कांस्टेबल	वीरता पदक
5.	समय्या लिंगय्या आसम	नायक पुलिस कांस्टेबल	वीरता पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 28.09.2022 को, एसपीएस राजाराम (केएच.) के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत कापेवानेहा-नैनर के जंगल में काली-हरी पोशाक पहने सीपीआई (माओवादी) गुट के सशस्त्र सदस्यों के एकत्र होने के बारे में विश्वसनीय आसूचना प्राप्त हुई। यह भी पता चला कि इन माओवादियों का संबंध अहेरी एलओएस, पेमिली एलओएस और कुछ अन्य अज्ञात संगठनों से था। उनकी संख्या लगभग 30-40 थी और वे भारी हथियारों से सुसज्जित थे। उक्त जानकारियों से यह भी पता चला कि वहां पर घनी झाड़ियों और मैनर कापेवांचा क्षेत्र के दुर्गम पहाड़ी भू-भाग का लाभ उठाकर सुरक्षा बलों पर एक बड़ा हमला करने का षड्यंत्र रचा जा रहा था। इसलिए, सुरक्षा तंत्र पर माओवादियों द्वारा किसी बड़े हमले को अंजाम देने से पहले ही उन्हें खदेड़ना आवश्यक था। तदनुसार, श्री अंकित गोयल, पुलिस अधीक्षक, गडचिरौली के कहने पर श्री सौम्य मुंडे, अपर पुलिस अधीक्षक (ऑप्स), श्री समीर शेख, अपर पुलिस अधीक्षक (प्रशासन) और श्री अनुज मिलींद तारे, अपर पुलिस अधीक्षक अहेरी द्वारा संयुक्त रूप से एक माओवादी-रोधी ऑपरेशन की योजना तैयार की गई।

इसलिए, 7 विशेष ऑपरेशन दस्तों (सी-60) वाली एक पुलिस टीम गठित की गई और उसे उपर्युक्त सम्पूर्ण वन क्षेत्र में माओवादी-रोधी ऑपरेशन चलाने का काम सौंपा गया। सभी सी-60 दलों को श्री सौम्य मुंडे और श्री अनुज मिलींद तारे द्वारा ऑपरेशन के उद्देश्य, माओवादियों की संभावित संख्या, उनके हथियारों आदि के बारे में पूर्ण जानकारी प्रदान की गई। लगभग 12:35 बजे, वे उक्त ऑपरेशन के लिए रवाना हुए और कथित वन क्षेत्रों के निकट पहुंचकर वाहन से उतर गए। तदनंतर, ऑपरेशन संबंधी आवश्यकता को पूरा करने के लिए पुलिस कर्मियों ने स्वयं को दो समूहों मे विभाजित कर लिया और ऑपरेशन शुरू कर दिया।

लगभग 18:00 बजे, उपर्युक्त जंगल में तलाशी ऑपरेशन चलाते समय पहाड़ी की चोटी पर छिपे माओवादियों ने पुलिस उप-निरीक्षक विजय दादासो सपकाल के नेतृत्व वाले प्रथम समूह पर अचानक हमला कर दिया, जिनकी सी-60 पार्टी के कमांडर हेड कांस्टेबल महेश बोरु मिच्चा द्वारा कुशलतापूर्वक सहायता की गई। माओवादियों ने पुलिस पार्टी को मारने तथा बाद में उनके हथियार और गोलाबारुद छीनने के इरादे से उनपर अंधाधुंध गोलीबारी की और उसके बाद बम (यूबीजीएल एवं बीजीएल) से हमला किया। इस खतरनाक स्थिति में, पुलिस कर्मियों ने चट्टानों और पेड़ों के पीछे आड़ ले ली। इस गंभीर खतरे का सामना होने पर भी माओवादियों से आत्मसमर्पण करने की अपील की गई। अपील को नजरअंदाज करते हुए माओवादियों ने घिरे हुए समूह पर गोलीबारी जारी रखी। परिणामस्वरूप, पुलिस कर्मियों ने आत्मरक्षा में माओवादियों पर नियंत्रित गोलीबारी शुरू कर दी। सामने से नेतृत्व करते हुए, पुलिस उप-निरीक्षक विजय दादासो सपकाल और हेड कांस्टेबल महेश बोरु मिच्चा अपने साथी कार्मिकों के साथ धीरे-धीरे एवं सुदृढ़ ढंग में नजदीक आ रहे माओवादियों की ओर आगे बढ़े। इस संकट की घड़ी में, पुलिस उप-निरीक्षक विजय दादासो सपकाल और हेड कांस्टेबल महेश बोरु मिच्चा ने अनुकरणीय साहस और रणनीतिक जंगल युद्ध कौशल का प्रदर्शन किया और अपने सैन्य दस्तों को उस पोजीशन में ले गए जहां से उन्होंने माओवादियों को आगे बढ़ने से रोक दिया। पुलिस उप-निरीक्षक विजय दादासो सपकाल, हेड कांस्टेबल महेश बोरु मिच्चा और उनके कार्मिकों ने नियंत्रित ढंग में गोलीबारी करना जारी रखा, ताकि सहायता बुलाई जा सके। इस रणनीतिक चाल ने कुछ समय के लिए माओवादियों को दूर रखा।

इसी बीच, पुलिस उप-निरीक्षक विजय दादासो सपकाल ने पुलिस उप-निरीक्षक राहुल नामदेवराव देव्हडे के नेतृत्व वाले दूसरे समूह और सी-60 पार्टी कमांडर नायक पुलिस कांस्टेबल समय्या लिंगय्या आसम को वॉकी-टॉकी सेट के माध्यम से सूचित किया और उनसे सहायता मांगी। यह समूह तत्काल माओवादियों के निकट पहुंच गया और उन्होंने माओवादियों से आत्मसमर्पण करने की अपील की। परन्तु अपील को नजरअंदाज करते हुए माओवादियों ने दूसरे समूह के साथ-साथ सहायता के लिए पहुंचे अन्य कार्मिकों पर भारी गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस उप-निरीक्षक राहुल नामदेवराव देव्हडे और नायक पुलिस कांस्टेबल समय्या लिंगय्या आसम ने उपर्युक्त क्षेत्र के बारे में अनेक वर्षों के दौरान प्राप्त अपनी घनिष्ठ जानकारी का उपयोग किया तथा शीघ्र ही रणनीतिक ढंग में पीछे हट गए। उन्होंने स्वयं को दो समूहों में विभाजित कर लिया, पुलिस उप-निरीक्षक राहुल नामदेवराव देव्हडे के नेतृत्व में पहला समूह और नायक पुलिस कांस्टेबल समय्या लिंगय्या आसम के नेतृत्व में दूसरा समूह विपरीत दिशाओं से उस माओवादी गुट की ओर आगे बढ़ा, जो पुलिस उप-निरीक्षक विजय दादासो सपकाल और हेड कांस्टेबल महेश बोरु मिच्चा के नेतृत्व वाले समूह पर हमला करने के अवसर की तलाश में था। इन दोनों समूहों ने माओवादियों को पूर्णरूप से अचंभित कर दिया और उन्होंने वॉकी-टॉकी पर समन्वय करते हुए स्वचालित एवं क्षेत्रीय हथियारों की सहायता से माओवादियों पर सटीक और नियंत्रित गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस उप-निरीक्षक राहुल नामदेवराव देव्हडे और नायक पुलिस कांस्टेबल समय्या लिंगय्या आसम द्वारा प्रदर्शित समझ-बूझ, विश्वास और एक-

दूसरे की पोजीशन का ज्ञान उच्चकोटि का था, जिससे वे माओवादियों को कुछ दूरी तक पीछे धकेलने में सफल हो गए। माओवादियों की ओर से हो रही गोलीबारी में इस अल्प परन्तु महत्वपूर्ण विराम की वजह से पुलिस उप-निरीक्षक राहुल नामदेवराव देव्हडे, पुलिस उप-निरीक्षक विजय दादासो सपकाल और नायक पुलिस कांस्टेबल समय्या लिंगय्या आसम को माओवादियों की गोलीबारी की रेंज से बाहर निकलने और आगामी कार्रवाई के लिए रणनीति तैयार करने हेतु कुछ दूरी पर पुनः संगठित होने का मौका मिल गया। यह सम्पूर्ण आपसी गोलीबारी लगभग 45 मिनट तक चली।

चूंकि, अंधेरा हो रहा था, दृश्यता कम हो गई थी और इसलिए, कमांडो ने वहीं पर विश्राम किया। पुलिस कर्मियों को कुछ दूरी पर माओवादियों की मौजूदगी महसूस हो रही थी। इस बात की पूरी संभावना थी कि माओवादी पुलिस पर पुनः घात लगाकर हमला कर सकते हैं। इसलिए शीघ्र वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल सहायता भेजने हेतु सूचित किया गया।

बहुमूल्य समय को गंवाए बिना, श्री अनुज मिलींद तारे, भापुसे, अपर पुलिस अधीक्षक, अहेरी ने सहायक पुलिस बल और उपर्युक्त ऑपरेशन का इस आधार पर नेतृत्व करने का निर्णय लिया कि एक वरिष्ठ अधिकारी की मौजूदगी में पुलिस बलों का हौसला बढ़ेगा और इसके फलस्वरूप बेहतर समन्वय होगा तथा प्रभावकारिता बढ़ेगी।

इस प्रकार, श्री अनुज मिलींद तारे, अपर पुलिस अधीक्षक, अहेरी ने 09 सी-60 पार्टियों को सहायक बल के रूप में अपने साथ शामिल कर लिया। मार्ग में, उन्होंने इस ऑपरेशन में शामिल प्रत्येक पार्टी को जानकारी प्रदान की और उन्हें उनके मिशन का महत्व समझाते हुए आगे की कार्रवाई के लिए मानसिक रूप से तैयार किया। दिनांक 29.09.2022 को लगभग 0500 बजे वाहन से उतरने के बाद उन्होंने उक्त क्षेत्र के बारे में अत्यधिक जागरूकता का प्रदर्शन किया और यह सुनिश्चित किया कि घने अंधेरे में सभी पार्टियां अपने रेडियो बंद कर ले तथा उस स्थान की ओर जाने में उनका मार्गदर्शन किया, जहां पर पहले वाली पार्टियां रूकी हुई थी।

इस प्रकार की संकटपूर्ण स्थिति में, दिनांक 29.09.2022 को लगभग 05.00 बजे, उपर्युक्त कार्मिकों के साथ श्री अनुज मिलींद तारे, अपर पुलिस अधीक्षक, अहेरी माओवादी-रोधी ऑपरेशन के लिए रवाना हुए और कापेवांचा-नैनर वन क्षेत्रों के निकट पहुंच गए। तत्पश्चात् इस समूह को दो समूहों में विभाजित कर दिया गया। दोनों समूहों का नेतृत्व श्री अनुज मिलींद तारे द्वारा किया गया। ये दोनों समूह तत्काल घात के भीतर फंसे समूह के पास पहुंच गए। इसी बीच, चूंकि कुछ सी-60 पार्टियां घात के भीतर फंसी हुई थी, अतः माओवादियों ने यह मान लिया कि दूसरी सी-60 पार्टियां सहायता के लिए आ सकती हैं और वे दूसरी नई सी-60 पार्टियों पर घात लगाने के लिए तैयार बैठे थे। जैसे ही, श्री अनुज मिलींद तारे के नेतृत्व में सी-60 पार्टियां कापेवांचा-नैनर के पहाड़ी क्षेत्र में पहुंची, माओवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी और बम (यूबीजीएल एवं बीजीएल) से हमला किया। अचानक हुए हमले के कारण, कमांडो उक्त क्षेत्र में फैल गए और कवर लेकर आगे बढ़ते हुए यह ग्रुप माओवादियों के समीप पहुंच गया। यह देखकर माओवादियों ने पुलिस कर्मियों को सभी दिशाओं से घेर लिया और उनपर भीषण गोलीबारी शुरू कर दी तथा उनपर बम से भी हमला किया। श्री अनुज मिलींद तारे ने सावधानी बरतते हुए अपने समूह के अन्य पुलिस कर्मियों को माओवादियों द्वारा लगभग 200 मीटर की दूरी पर की गई घेराबंदी पर निशाना साधने और माओवादियों पर भारी गोलीबारी शुरू करने का निर्देश दिया। इस लक्षित हमले से अचंभित होकर उस छोटे भाग में मौजूद माओवादियों ने अपनी पोजीशन छोड़ दी और वे जल्दी से पीछे हट गए। फिर श्री अनुज मिलींद तारे के नेतृत्व वाले समूहों ने माओवादियों की घेराबंदी के बीच से अपना रास्ता बना लिया और उस समूह के पास पहुंच गए, जो वहां रात में ठहरा हुआ था। श्री अनुज मिलींद तारे और उनके साथी कार्मिकों द्वारा युद्ध क्षेत्र में प्रदर्शित अदम्य साहस और युद्ध कौशल के कारण फंसे हुए कमांडो को सफलतापूर्वक बचाया जा सका और पुलिस कर्मियों के बहुमूल्य जीवन की रक्षा की जा सकी।

फिर, श्री अनुज मिलींद तारे ने सभी सी-60 पार्टियों को विस्तारित संरचना में पुनर्गठित किया और वे नियंत्रित ढंग में गोलीबारी करते हुए माओवादियों की ओर आगे बढ़े। माओवादियों ने पुलिस के बढ़ते हुए दबाव को भांप लिया और वे घने जंगल का लाभ उठाकर भाग गए।

तत्पश्चात, पुलिस पार्टियों ने तलाशी ऑपरेशन चलाया और एक महिला माओवादी अर्थात् नंदी जोगा कुडम (मडकम), एसीएम का शव बरामद किया। घटनास्थल से 8 एमएम राइफल-01, 9 एमएम राइफल के कारतूस-03, 7.65 एमएम के कारतूस-01, 7.62 एमएम एसएलआर राइफल के कारतूस-01, सैमसंग कंपनी का मोबाइल फोन-01, हैवरसैक (पिठ्ठू)-03, मैगजीन पाउच-05, स्वीच-01, कार चार्जर-01, एल्यूमीनियम बर्तन-01, स्टील प्लेट-03, स्टील मग-04, प्लास्टिक कैन-02, फुटवियर-03, माओवादी पुस्तकें, दवाइयां और माओवादियों से संबंधित अन्य सामग्रियां भी बरामद की गईं।

आपसी गोलीबारी के दौरान, अपर पुलिस अधीक्षक श्री अनुज मिलींद तारे, पुलिस उप-निरीक्षक राहुल नामदेवराव देव्हडे, पुलिस उप-निरीक्षक विजय दादासो सपकाल, हेड कांस्टेबल महेश बोरु मिच्चा और नायक पुलिस कांस्टेबल समय्या लिंगय्या आसम ने युद्ध क्षेत्र में अपनी जान को गंभीर खतरे में डालकर विलक्षण साहस और गुरिल्ला युद्ध कौशल का प्रदर्शन किया है। इन पुलिस कर्मियों द्वारा की गई अक्रामक जवाबी कार्रवाई के कारण पुलिस ने फंसे हुए पुलिस कर्मियों के बहुमूल्य जीवन को बचाकर विलक्षण नेतृत्व का प्रदर्शन करते हुए एक खूंखार महिला माओवादी का सफलतापूर्वक सफाया कर दिया।

इस ऑपरेशन में, महाराष्ट्र पुलिस के सर्व/श्री अनुज मिलींद तारे, भापुसे, अपर पुलिस अधीक्षक, राहुल नामदेवराव देव्हडे, पुलिस उप-निरीक्षक, विजय दादासो सपकाल, पुलिस उप-निरीक्षक, महेश बोरु मिच्चा, हेड कांस्टेबल और समय्या लिंगय्या आसम, नायक पुलिस कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

वीरता पदक (जीएम), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 85-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 28.09.2022 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/51/2024 - पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 131-प्रेज/2024—भारत की राष्ट्रपति, पंजाब पुलिस के निम्नलिखित कार्मिकों को वीरता पदक (जीएम) और वीरता पदक का प्रथम बार सहर्ष प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्व/श्री	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	संदीप गोयल	सहायक पुलिस महानिरीक्षक	वीरता पदक
2.	बिक्रमजीत सिंह बराड़	पुलिस उपाधीक्षक	वीरता पदक का प्रथम बार
3.	राजन परमिंदर सिंह	पुलिस उपाधीक्षक	वीरता पदक
4.	पुषविंदर सिंह	निरीक्षक (एलआर)	वीरता पदक
5.	जसप्रीत सिंह	उप-निरीक्षक (एलआर)	वीरता पदक
6.	गुरप्रीत सिंह	उप-निरीक्षक (एलआर)	वीरता पदक
7.	सुखराज सिंह	कांस्टेबल-।।	वीरता पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

तेजिंदर सिंह उर्फ तेजा के विरुद्ध यूएपीए सहित 38 जघन्य आपराधिक मामले दर्ज थे और उसे 11 मामलों में दोषसिद्ध किया गया था। वह पंजाब पुलिस के सिपाही कुलदीप सिंह की हत्या में भी एक वांछनीय अपराधी था। प्राप्त गुप्त सूचना के अनुसार, तेजिंदर सिंह उर्फ तेजा और उसके दो सहयोगी, अमनप्रीत उर्फ पीता ढेशी और विजय उर्फ मनी राहूं जिला फतेहगढ़ साहेब और रूप नगर क्षेत्र में एक थार गाड़ी संख्या पीबी 12 एएफ 0052 में घूम रहे थे और उनके पास भारी मात्रा में हथियार थे। सहायक महानिरीक्षक संदीप गोयल के साथ-साथ अन्य पुलिस अधिकारियों ने उपर्युक्त गैंगस्टरों का पता लगाने और उन्हें गिरफ्तार करने के लिए एक ऑपरेशन शुरू किया। अपराधियों को थार गाड़ी में न्यू फतेहगढ़ साहिब मार्केट, बस्सी पठाना में घूमते हुए देखा गया। सहायक महानिरीक्षक संदीप गोयल और पुलिस उपाधीक्षक बिक्रमजीत सिंह बराड़ के साथ-साथ पुलिस टीमों ने उक्त अपराधियों की गाड़ी को अवरुद्ध करने के लिए अपने वाहन तैनात कर दिए। तत्पश्चात्, सहायक महानिरीक्षक संदीप गोयल और पुलिस उपाधीक्षक बिक्रमजीत सिंह बराड़ ने तेजिंदर सिंह उर्फ तेजा और उसके सहयोगियों से आत्मसमर्पण करने के लिए कहा, परन्तु उक्त अपराधियों ने पुलिस टीमों पर सभी दिशाओं से अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। उप-निरीक्षक (एलआर) गुरप्रीत सिंह के पैर में एक गोली लगने से चोट लग गई और जब तेजिंदर सिंह उर्फ तेजा ने सी-।। सुखराज सिंह पर गाड़ी चढ़ा दी, तो उनका पैर भी जख्मी हो गया। अंधाधुंध गोलीबारी के बावजूद, अपराधियों के बच निकलने के प्रयास को विफल करने के लिए पुलिस उपाधीक्षक राजन परमिंदर सिंह अपनी जान की परवाह किए बिना उनके वाहन की ओर आगे बढ़े और उन्होंने गोली मारकर थार गाड़ी के टायर को पंचर कर दिया। इसके साथ-साथ, सहायक महानिरीक्षक संदीप गोयल, पुलिस उपाधीक्षक बिक्रमजीत सिंह बराड़, निरीक्षक पुषविंदर सिंह और पुलिस टीमें अपनी जान की परवाह किए बिना अपराधियों को काबू में करने के लिए उनकी ओर आगे बढ़ी और जवाबी गोलीबारी शुरू कर दी। जारी आपसी गोलीबारी में, निरीक्षक पुषविंदर सिंह और उप-निरीक्षक (एलआर) जसप्रीस सिंह की बुलेटप्रूफ जैकेटों में गोलियां लगी। गोलीबारी बंद होने के बाद, शारीरिक तौर पर निरीक्षण करने के बाद यह पता चला कि तेजिंदर सिंह उर्फ तेजा और मनी राहूं मारे जा चुके हैं, जबकि अमनप्रीत सिंह उर्फ पीता ढेशी घायल हो गया है, जिसकी अस्पताल में उपचार के दौरान बाद में मौत हो गई। अपराधियों के कब्जे से 41 जिंदा कारतूसों के साथ चार .30 कैलिबर चीनी पिस्तौल सहित 09 पिस्तौलें बरामद की गईं।

इस ऑपरेशन में, पंजाब पुलिस के सर्व/श्री संदीप गोयल, सहायक पुलिस महानिरीक्षक, बिक्रमजीत सिंह बराड़, पुलिस उपाधीक्षक, राजन परमिंदर सिंह, पुलिस उपाधीक्षक, पुषविंदर सिंह, निरीक्षक (एलआर), जसप्रीत सिंह, उप-निरीक्षक (एलआर), गुरप्रीत सिंह, उप-निरीक्षक (एलआर) और सुखराज सिंह, कांस्टेबल-।। ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

वीरता पदक (जीएम), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 85-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 22.02.2023 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/41/2024 - पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 132-प्रेज/2024—भारत की राष्ट्रपति, तेलंगाना पुलिस के निम्नलिखित कार्मिकों को वीरता पदक (जीएम) सहर्ष प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्व/श्री	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	सुनील दत्त, भापुसे	पुलिस अधीक्षक	वीरता पदक
2.	मोरा कुमार	डिप्टी असॉल्ट कमाण्डर/ रिजर्व निरीक्षक	वीरता पदक
3.	शनिगरापु संतोष	सहायक असॉल्ट कमाण्डर/रिजर्व उप-निरीक्षक	वीरता पदक
4.	अमिली सुरेश	जूनियर कमाण्डो/पुलिस कांस्टेबल	वीरता पदक
5.	वेलमुला वमशी	जूनियर कमाण्डो/पुलिस कांस्टेबल	वीरता पदक
6.	कम्पाटी उपेन्दर	जूनियर कमाण्डो/पुलिस कांस्टेबल	वीरता पदक
7.	पायम रमेश	जूनियर कमाण्डो/पुलिस कांस्टेबल	वीरता पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

पुलिस अधीक्षक सुनील दत्त, भापुसे को एक विशिष्ट जानकारी प्राप्त हुई कि मधु एवं राजेश के नेतृत्व में सशस्त्र मिलिशिया सहित सीपीआई (माओवादी) के 25-30 सदस्य किस्ताराम-पुलिस स्टेशन, जिला सुकमा (छत्तीसगढ़) के अंतर्गत पेसाजपाडू (गांव) के निकट कैंप लगा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक सुनील दत्त, भापुसे ने दिनांक 24.12.2021 को ग्रेहाउंड्स और छत्तीसगढ़ पुलिस के साथ एक संयुक्त ऑपरेशन की योजना बनाई। पुलिस अधीक्षक सुनील दत्त, भापुसे के नेतृत्व में दिनांक 25.12.2021 को टीमें रवाना हुईं और यह सम्पूर्ण ऑपरेशन रात्रि में नेविगेशन करने का था। योजना के अनुसार, ग्रेहाउण्ड्स की 5-ए/यूनिटें वारांगल बेस पहुंची। ए/यूनिटों में से एक यूनिट सुबह 5.30 बजे तक (दिनांक 27.12.2021 को) एफ प्वाइंट पर पहुंच गई, फिर यूनिट के सदस्यों को 40-50 मीटर की दूरी पर शत्रु दिखाई दिए और इसी बीच, शत्रुओं ने भी पुलिस दलों को देख लिया तथा अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। ग्रेहाउंड्स दलों ने उन्हें जिंदा पकड़ने के इरादे से उनको आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी, परन्तु उन्होंने इसे अनसुना कर दिया और गोलीबारी करना जारी रखा। ग्रेहाउंड्स पुलिस बल ने आत्मरक्षा में भीषण गोलीबारी करते हुए जवाबी कार्रवाई की। दोनों ओर से गोलीबारी बंद होने के बाद, ग्रेहाउंड्स पुलिस बल आगे बढ़ा और उसे खून के धब्बे दिखाई दिए तथा तलाशी के दौरान चेरूवू/तलाब में 1-एसबीबीएल, एलयूपी (जिसमें 15-20 सदस्य रह सकते हैं) और उक्त क्षेत्र में एक अन्य एसबीबीएल भी प्राप्त हुआ। इसके अतिरिक्त, उन्होंने दूसरी टीम की दिशा में (एलयूपी से 30 मीटर की दूरी पर) एक महिला को दौड़कर जाते हुए देखा और संबंधित टीम को सतर्क कर दिया।

उसी दिन अर्थात् दिनांक 27.12.2021 को, टीम के सदस्यों को एक संकरा रास्ता दिखाई दिया और वे, दो सब-टीमों में विभाजित हो गए तथा पूर्वी दिशा की ओर (एक टीम बायीं दिशा से और दूसरी टीम दायीं दिशा से) आगे बढ़े और उनको एक माओवादी दिखाई दिया तथा उसे आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी, परन्तु वह भाग गया। नामित पुलिस कर्मियों ने माओवादी को देखा और उसे आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी, परन्तु उसने गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके कारण जूनियर कमाण्डर/पुलिस कांस्टेबल पायम रमेश और अन्य कार्मिकों ने भी आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई करते हुए गोलीबारी शुरू कर दी तथा उस माओवादी (पुरुष) को मार गिराया।

सहायक असॉल्ट कमाण्डर/रिजर्व उप-निरीक्षक शनिगरापु संतोष के नेतृत्व में उत्तर-पूर्वी दिशा में आगे बढ़ते हुए दूसरी टीम ने 1-माओवादी (महिला) को देखा तो उसे आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी, परन्तु उसने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके कारण जूनियर कमाण्डो/पुलिस कांस्टेबल अमिली सुरेश और सहायक असाल्ट कमांडर/रिजर्व उप-निरीक्षक शनिगरापु संतोष के साथ-साथ अन्य कार्मिकों ने जवाबी कार्रवाई की और उक्त माओवादी (महिला) को मार गिराया। उसके बाद नामित पुलिस कर्मियों और अन्य कार्मिकों ने बांध पर 8-9 माओवादियों को देखा और गोलीबारी शुरू कर दी तथा जूनियर कमाण्डो/पुलिस कांस्टेबल कम्पाटी उपेन्दर ने यूबीजीएल शेल से हमला किया।

इसके अतिरिक्त, जूनियर कमाण्डो/पुलिस कांस्टेबल अमिली सुरेश बांध पर चढ़ गए और उन्हें पानी में छिपी 3-माओवादी (महिला) दिखाई दी और उन्हें आत्मसमर्पण करने के लिए कहा, परन्तु उन्होंने इसका विरोध किया। फिर जूनियर कमाण्डो/पुलिस कांस्टेबल अमिली सुरेश ने गोलीबारी शुरू कर दी और 1-माओवादी (महिला) को मार गिराया। जूनियर कमाण्डो/पुलिस कांस्टेबल वेलमुला वमशी और टीम के शेष सदस्यों ने भी गोलीबारी शुरू कर दी तथा दो अन्य माओवादियों (महिला) का सफाया कर दिया।

इसके अतिरिक्त, जब डिप्टी असाल्ट कमाण्डर/रिजर्व निरीक्षक मोरा कुमार के नेतृत्व में अन्य दल उपर्युक्त क्षेत्र में घूम रहा था, उन्होंने माओवादियों को देखा और उन्हें आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी, परन्तु माओवादियों ने बचकर भागते हुए गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके कारण पुलिस बलों ने जवाबी कार्रवाई की और एक माओवादी (पुरुष) को मार गिराया।

उपर्युक्त कार्रवाई के बाद, पुलिस बलों ने उक्त क्षेत्र की तलाशी की और 6-माओवादियों (2-पुरुष एवं 4-महिला) अर्थात् माधवी पोत्तैया, एस अन्ना मिदियामी, रावलदमा, फुनेम कोसी, रावा कोसी और रावा चुक्कू के शव बरामद किए, जो सभी चेरला एलओएस पार्टी के सदस्य थे तथा .303 हथियार-2 एवं 17-जिंदा कारतूस, 3-सिंगल बोर राइफल और 2-जिंदा कारतूस तथा 5-रॉकेट लॉन्चर शेल बरामद किए।

इस ऑपरेशन में, तेलंगाना पुलिस के सर्व/श्री सुनील दत्त, भापुसे, पुलिस अधीक्षक, मोरा कुमार, डिप्टी असॉल्ट कमाण्डर/रिजर्व निरीक्षक, शनिगरापु संतोष, सहायक असॉल्ट कमाण्डर/रिजर्व उप-निरीक्षक, अमिली सुरेश, जूनियर कमाण्डो/पुलिस कांस्टेबल, वेलमुला वमशी, जूनियर कमाण्डो/पुलिस कांस्टेबल, कम्पाटी उपेन्दर, जूनियर कमाण्डो/पुलिस कांस्टेबल और पायम रमेश, जूनियर कमाण्डो/पुलिस कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

वीरता पदक (जीएम), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 85-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 27.12.2021 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/3282/54/2022-पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 133-प्रेज/2024—भारत की राष्ट्रपति, उत्तर प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित कार्मिकों को वीरता पदक (जीएम) सहर्ष प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्व/श्री	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	जितेन्द्र कुमार सिंह	निरीक्षक	वीरता पदक
2.	राकेश कुमार सिंह चौहान	उप-निरीक्षक	वीरता पदक
3.	अनिल कुमार	हेड कांस्टेबल	वीरता पदक
4.	हरिओम सिंह	सिपाही	वीरता पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

मेहरबान, जो एक खूंखार अंतरराज्यीय बदमाश और हत्या के मामले में आजीवन कारावास का दोषसिद्ध एवं जमानत पर रिहा अपराधी था, जिसने माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा सजा की पुष्टि किए जाने पर भी आत्मसमर्पण नहीं किया था। इस अवधि के दौरान, वह आपराधिक गतिविधियों की अंजाम देने और आम लोगों के बीच आतंक फैलाने में संलिप्त था। उक्त अवधि के दौरान, उसने एक सनसनीखेज डकैती को भी अंजाम दिया था, जिसमें उसने वीआरएफ फूड्स, गुलावथी, बुलंदशहर के कैशियर से 65 लाख रुपये की लूट की थी। उसके विरुद्ध 30 से अधिक जघन्य मामले दर्ज थे। उसकी गिरफ्तारी के लिए 1,00,000/- रुपये के इनाम की घोषणा की गई थी। स्थानीय पुलिस के अलावा, एसटीएफ उत्तर प्रदेश भी उसकी गिरफ्तारी के लिए आसूचना एकत्र कर रही थी।

दिनांक 17.07.2019 को, आसूचना एकत्र करने के दौरान, एक गुप्त जानकारी प्राप्त हुई कि मेहरबान सिल्वर रंग की सेंट्रो कार सं. डीएल 7 सीजे 2934 में जिला गाजियाबाद के साहिबाबाद क्षेत्र में घूम रहा है। तदनुसार, एसटीएफ नोएडा के उप-निरीक्षक राकेश कुमार सिंह चौहान तत्काल टीम के साथ ओपी तुलसी निकेतन के अंतर्गत भौपुरा तिराहे पर पहुंचे और उन्होंने एसएचओ साहिबाबाद निरीक्षक जितेन्द्र कुमार सिंह से संपर्क किया।

दिनांक 18.07.2019 को लगभग 00.25 बजे, एक सेंट्रो कार दिल्ली की ओर से आती हुई दिखाई दी। नजदीक आने पर पुलिस ने उन्हें रूकने का संकेत दिया, परन्तु उक्त अपराधी तेज स्पीड में लोनी की तरफ भाग गए। पीछा करने के दौरान, बार-बार चेतावनियां दिए जाने के बावजूद उपर्युक्त अपराधी नहीं रूके, अपितु उन्होंने पीछे की दायीं खिड़की से अपने हाथ निकालकर पुलिस पर गोलीबारी की। कुछ दूर जाने के बाद, अपराधियों ने अपनी कार को दूसरे रास्ते पर कोयल एनक्लेव की ओर मोड़ लिया। अपराधियों की कार अनियंत्रित हो गई और वह एक निर्माणाधीन इमारत के नजदीक सड़क की बायीं ओर कीचड़ में फंस गई। उक्त अपराधी कार से बाहर निकल आए और उन्होंने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। एसएचओ जितेन्द्र कुमार सिंह, उप-निरीक्षक राकेश कुमार सिंह चौहान, हेड कांस्टेबल अनिल कुमार और सिपाही हरिओम सिंह ने पुलिस वाहनों और रोड डिवाइडर की आड़ में पोजीशन ले ली तथा क्षेत्रीय कौशल एवं रणनीतियों का पालन करके अपनी जान बचाई। अपराधियों ने पुलिस द्वारा दी गई सभी चेतावनियों को नजरअंदाज किया और उन्होंने अलग-अलग दिशाओं से अंधाधुंध गोलीबारी करना जारी रखा। अपराधियों द्वारा चलाई गई गोलियों से हेड कांस्टेबल अनिल कुमार और सिपाही हरिओम सिंह घायल हो गए तथा एसटीएफ की स्कॉर्पियो भी क्षतिग्रस्त हो गई। हेड कांस्टेबल अनिल कुमार और सिपाही हरिओम सिंह ने घायल होने के बावजूद अपना हौसला बनाए रखा और एसएचओ जितेन्द्र कुमार सिंह और उप-निरीक्षक राकेश कुमार सिंह चौहान के साथ विलक्षण साहस एवं जोश से अपराधियों का मुकाबला करते रहे। अपना जीवन खतरे में होने के बावजूद, पुलिस कर्मियों ने विलक्षण साहस, हिम्मत और बहादुरी के साथ खूंखार अपराधियों का सामना किया। कोई विकल्प नहीं बचने पर, उन्होंने अपराधियों की गोलीबारी की रेंज में प्रवेश किया और आत्मरक्षा में गोलीबारी की, जिसके फलस्वरूप एक अपराधी घायल हो गया और बाद में उसकी मौत हो गई, जिसकी पहचान मेहरबान, एक कुख्यात अपराधी और 1,00,000/- रुपये के इनामी बदमाश के रूप में की गई।

फैक्ट्री निर्मित 12 बोर की एक एसबीबीएल बंदूक, फैक्ट्री निर्मित .32 बोर का एक रिवॉल्वर और 29 जिन्दा एवं 11 खाली कारतूसों के साथ .315 बोर की एक सीएमपी तथा सेंट्रो कार सं. डीएल 7 सीजे 2934 बरामद की गई।

इस ऑपरेशन में, उत्तर प्रदेश पुलिस के सर्व/श्री जितेन्द्र कुमार सिंह, निरीक्षक, राकेश कुमार सिंह चौहान, उप-निरीक्षक, अनिल कुमार, हेड कांस्टेबल और हरिओम सिंह, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

वीरता पदक (जीएम), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 85-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 18.07.2019 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/37/2024-पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 134-प्रेज/2024—भारत की राष्ट्रपति, उत्तर प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित कार्मिकों को वीरता पदक (जीएम) सहर्ष प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्व/श्री	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	जितेन्द्र प्रताप सिंह	उप-निरीक्षक	वीरता पदक
2.	विपिन कुमार	सिपाही	वीरता पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 09.07.2020 को आरटी सेट पर यह सूचना प्राप्त हुई कि एक स्कॉर्पियो में सवार 04 अज्ञात अपराधियों ने पुलिस स्टेशन बकेवर के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 02 पर श्याम ढाबा के निकट बंदूक की नोक पर स्विफ्ट डिजायर कार सं. डीएल1जेडए3602 को रूकवा कर लूट लिया और वे कार में बैठे हुए व्यक्तियों को घायल करके इटावा-आगरा की ओर भाग रहे हैं।

यह सूचना मिलने पर स्टेशन ऑफिसर, पुलिस स्टेशन सिविल लाइन/उप निरीक्षक सिविल पुलिस जितेन्द्र प्रताप सिंह ने तुरंत कार्रवाई की और पुलिस बल के साथ शीघ्र आईटीआई चौराहे पर पहुंच गए तथा उक्त वाहन की जांच शुरू कर दी। इसी बीच, प्रभारी स्वॉट उप निरीक्षक सिविल पुलिस सतेन्द्र सिंह यादव और प्रभारी निगरानी उप-निरीक्षक बचन कुमार सिंह भी पुलिस बल के साथ वहां पहुंच गए और जांच ऑपरेशन में शामिल हो गए। प्रातः लगभग 04.40 बजे, राष्ट्रीय राजमार्ग 02 के सर्विस रोड से आईटीआई चौराहे की ओर जाने वाली सड़क पर एक चौपहिया वाहन आता हुआ दिखाई दिया, जिसे रोकने का प्रयास किया गया, परन्तु उक्त वाहन पुलिस बैरियर को तेज स्पीड में टक्कर मारकर डी.एम. चौराहे

की ओर भाग गया। पुलिस बल ने अपने संबंधित सरकारी वाहनों द्वारा स्विफ्ट का पीछा किया। अपराधी लूटी हुई स्विफ्ट को डीएम चौराहे-एसएसपी चौराहे और पुलिस लाइन से होते हुए कचौरा रोड पर ले गए। पीछा करने के दौरान पुलिस वाहनों की लाइट में स्विफ्ट की पीली प्लेट पर रजिस्ट्रेशन नं. डीएल1जेडए3602 दिखाई दिया। जितेन्द्र प्रताप सिंह ने सहायता के लिए कंट्रोल रूम को सूचित किया। लुहाना चौराहे और साईं मंदिर से आगे की ओर जाते हुए अपराधियों ने स्विफ्ट गाड़ी में से पुलिस दल पर गोलीबारी की। उप-निरीक्षक जितेन्द्र प्रताप सिंह ने भौंपू के जरिए अपराधियों को आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी, परन्तु उन्होंने बार-बार दी गई चेतावनियों की कोई परवाह नहीं की और उन्होंने अंधाधुंध गोलीबारी करना जारी रखा। कोई विकल्प नहीं बचने पर उप-निरीक्षक जितेन्द्र प्रताप सिंह ने आत्मरक्षा में 01 राउंड गोली चलाई, जिसके फलस्वरूप अपराधियों की गाड़ी का संतुलन बिगड़ गया और वह प्रातः लगभग 04:55 बजे गांव विक्रमपुर के सामने क्लीन के नजदीक एक नीम के पेड़ से टकरा गई। पुलिस बल को देखकर घिरे हुए अपराधी कार से नीचे उतर गए और अंधाधुंध गोलीबारी करने लगे। उप-निरीक्षक जितेन्द्र प्रताप सिंह और सिपाही विपिन कुमार ने अपनी जान की परवाह किए बिना विलक्षण साहस और बहादुरी का प्रदर्शन करते हुए अपराधियों को गिरफ्तार करने के लिए गोलीबारी की रेंज में प्रवेश किया। अपराधियों द्वारा चलाई गई गोलियों में से एक गोली उप-निरीक्षक सतेन्द्र को लग गई, जो बुलेटप्रूफ जैकेट होने की वजह से बच गए। अपराधियों को गिरफ्तार करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचने पर, उप-निरीक्षक जितेन्द्र प्रताप सिंह और सिपाही विपिन ने आत्मरक्षा में नियंत्रित ढंग में गोलीबारी की। परिणामस्वरूप, एक अपराधी घायल हो गया। जब अपराधियों की ओर से गोलीबारी बंद हो गई, तो पुलिस दल आगे बढ़ा और उनको एक अपराधी घायल मिला। उसको बचाने के लिए उसे तत्काल अस्पताल भेज दिया गया, जहां चोटों के कारण उसकी मौत हो गई।

मारे गए अपराधी की पहचान विकास दुबे गैंग के एक सक्रिय सदस्य प्रवीण कुमार दुबे उर्फ बउवा गांव विकरू, पुलिस स्टेशन चौबेपुर, कानपुर नगर, के रूप में हुई, जो दिनांक 03.07.2020 को पुलिस स्टेशन पर हमले की घटना में संलिप्त था, जिसमें 8 अधिकारी और एक कार्मिक ने अपनी जान गंवाई थी। उस पर गिरफ्तारी हेतु 50,000/- रुपये का इनाम था।

02 जिंदा और 04 खाली कारतूसों के साथ फैक्ट्री निर्मित एक डीबीबीएल बंदूक सं. 31108-04 और 03 जिंदा और 02 खाली कारतूसों के साथ एक पिस्तौल और स्विफ्ट डिजायर कार सं. डीएल1जेडए3602 बरामद की गई।

इस ऑपरेशन में, उत्तर प्रदेश पुलिस के सर्व/श्री जितेन्द्र प्रताप सिंह, उप-निरीक्षक और विपिन कुमार, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

वीरता पदक (जीएम), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 85-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 09.07.2020 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/38/2024-पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 135-प्रेज/2024—भारत की राष्ट्रपति, उत्तर प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित कार्मिकों को वीरता पदक (जीएम) सहर्ष प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्व/श्री	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	विमल कुमार सिंह	पुलिस उपाधीक्षक	वीरता पदक
2.	नवेन्दु कुमार	पुलिस उपाधीक्षक	वीरता पदक
3.	ज्ञानेन्द्र कुमार राय	निरीक्षक	वीरता पदक
4.	अनिल कुमार सिंह	निरीक्षक	वीरता पदक
5.	सुनील कुमार	हेड कांस्टेबल	वीरता पदक
6.	सुशील कुमार	हेड कांस्टेबल	वीरता पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

उमेश पाल उर्फ कृष्ण कुमार पाल और गैंगस्टर अतीक अहमद के विरुद्ध एक गवाह के रूप में उसकी सुरक्षा करने के लिए उसे प्रदान किए गए दो पुलिस कर्मियों की 24 फरवरी, 2023 को उत्तर प्रदेश के जिला प्रयागराज में दिनदहाड़े हत्या कर दी गई थी। उक्त घटना दिन के दौरान एक भीड़-भाड़ वाले इलाके में घटित हुई। अत्याधुनिक हथियारों और विस्फोटकों से लैस अपराधियों के एक बड़े समूह द्वारा की गई यह सुनियोजित हत्या नजदीक लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हो गई थी। उपर्युक्त फुटेज को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मीडिया द्वारा चलाया गया, जिससे लोगों के बीच सनसनी फैल गई और आतंक एवं भय का वातावरण पैदा हो गया।

उमेश पाल स्वर्गीय राजू पाल, विधायक की हत्या का गवाह था, जिसे जनवरी, 2005 में उसी गैंग द्वारा इसी तरह मार दिया गया था। उक्त गैंग ने बड़े गैंगस्टरों के विरुद्ध सभी महत्वपूर्ण गवाहों को आतंकित करने का प्रयास किया और इससे यह स्पष्ट हो गया कि न्याय के उद्देश्य से सहायता करने वाले किसी भी व्यक्ति को स्वयं जोखिम उठाना पड़ेगा।

अपराधियों द्वारा एआई आधारित इमेज एनहेंसमेंट टेक्निक अपनाए जाने के बारे में पता चला। अपराधियों का पता लगाने और उन्हें गिरफ्तार करने के लिए यूपी एसटीएफ को तैनात किया गया। अपराधियों को गिरफ्तार करने के लिए देशव्यापी तलाशी ऑपरेशन शुरू किया गया।

पुलिस उपाधीक्षक विमल कुमार सिंह और पुलिस उपाधीक्षक नवेन्दु कुमार के नेतृत्व वाली टीम को विश्वसनीय सूत्रों से यह पता चला कि उक्त घटना के प्रमुख साजिशकर्ता और शूटर-मोहम्मद असद पुत्र अतीक अहमद और मोहम्मद गुलाम पुत्र मकसुदुल हसन झांसी शहर और झांसी जिले में इसके निकटवर्ती कस्बों में छिपे हुए हैं। दिनांक 13.04.2023 को, कार्रवाई योग्य जानकारी प्राप्त हुई और पुलिस उपाधीक्षक विमल कुमार सिंह और उनकी टीम शीघ्र बडागांव एवं परीछा के आस-पास वाले क्षेत्रों के लिए रवाना हुई। पुलिस उपाधीक्षक नवेन्दु कुमार और उनकी टीम चिरगांव शहर में पहुंची, जहां उनको यह सूचना प्राप्त हुई कि हथियारों से लैस दोनों अपराधी परीछा की ओर निकल गए हैं।

सुबह लगभग 11.30 बजे, पुलिस उपाधीक्षक नवेन्दु कुमार परीछा की ओर रवाना हुए जहां उन्हें वे बिना नम्बर प्लेट वाली मोटर साइकिल पर जाते हुए दिखाई दिए। उपर्युक्त टीम ने उनको चेतावनी दी और उन्हें रोकने का प्रयास किया। उनमें से प्रत्येक अपराधी पर पांच लाख रुपये के इनाम की घोषणा कर रखी थी। पुलिस उपाधीक्षक विमल कुमार सिंह और उनकी टीम ने उन्हें एक समन्वित ढंग में विपरीत दिशा से घेर लिया। दोनों अपराधियों ने कच्चा रास्ता पकड़कर परीछा बांध की ओर भागने का प्रयास किया।

1.5 किलोमीटर की दूरी तक पीछा करने के बाद वह बाइक जिसपर वांछित अपराधी सवार थे, फिसल गई और वह निकटवर्ती गड्ढे और बबूल की झाड़ियों में गिर गई। दोनों अपराधी तुरंत खड़े हो गए और उन्होंने पुलिस पर अंधाधुंध गोलीबारी करना एवं गालियां देना शुरू कर दिया।

एसटीएफ टीमों के सदस्य तत्काल अपने वाहनों से उतर गए और उपलब्ध कवर ले लिया तथा उन्हें गिरफ्तार करने के लिए अपनी जान की परवाह किए बिना अनुकरणीय साहस और वीरता का प्रदर्शन करते हुए अपराधियों की गोलीबारी की रेंज में प्रवेश किया। बार-बार चेतावनियां दिए जाने के बावजूद अपराधियों ने अंधाधुंध गोलीबारी करना जारी रखा। कोई दूसरा विकल्प नहीं मिलने पर, पुलिस उपाधीक्षक नवेन्दु और विमल, निरीक्षक अनिल कुमार सिंह एवं ज्ञानेन्द्र कुमार राय और हेड कांस्टेबल सुशील कुमार एवं सुनील कुमार ने आत्मरक्षा हेतु नियंत्रित ढंग में गोलीबारी की। कुछ समय के बाद, अपराधियों की ओर से हो रही गोलीबारी बंद हो गई। तत्पश्चात् एसटीएफ की टीम अपराधियों के निकट पहुंची और उन दोनों को घायल एवं कराहते हुए पाया। उनकी पहचान 5-5 लाख रुपये के इनामी अपराधी असद और गुलाम के रूप में की गई। दोनों घायल अपराधियों को चिकित्सीय उपचार हेतु अस्पताल ले जाया गया, जहां चोटों के कारण उनकी मौत हो गई।

एक विदेशी पिस्तौल वालथर पी-88, .455 बोर की एक विदेशी रिवॉल्वर 'दी ब्रिटिश बुलडॉग', .32 बोर की एक सीएमपी, 7.65 बोर के 19 जिंदा कारतूस, 7.65 बोर के 05 खाली कारतूस, .45 बोर के 5 कारतूस और बिना नम्बर की मोटर साइकिल बरामद की गई।

इस ऑपरेशन में, उत्तर प्रदेश पुलिस के सर्व/श्री विमल कुमार सिंह, पुलिस उपाधीक्षक, नवेन्दु कुमार, पुलिस उपाधीक्षक, ज्ञानेन्द्र कुमार राय, निरीक्षक, अनिल कुमार सिंह, निरीक्षक, सुनील कुमार, हेड कांस्टेबल और सुशील कुमार, हेड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

वीरता पदक (जीएम), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 85-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 13.04.2023 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/39/2024-पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 136-प्रेज/2024—भारत की राष्ट्रपति, उत्तर प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित कार्मिकों को वीरता पदक (जीएम) सहर्ष प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्व/श्री	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	राजीव चौधरी	निरीक्षक	वीरता पदक
2.	जयवीर सिंह	उप-निरीक्षक	वीरता पदक
3.	रईस अहमद	हेड कांस्टेबल	वीरता पदक
4.	अरुण कुमार	सिपाही	वीरता पदक
5.	अजय कुमार	सिपाही	वीरता पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 12.04.2023 की रात्रि में, श्री जयवीर सिंह, उप-निरीक्षक सिविल पुलिस, प्रभारी, स्वॉट टीम, जिला बिजनौर, उत्तर प्रदेश अपने कार्यालय में उपस्थित थे और वे अपनी टीम के पुलिस अधिकारियों के साथ वांछित अपराधियों के ठिकानों और उनकी गतिविधि के बारे में विचार-विमर्श कर रहे थे। उनको सूत्रों के हवाले से 02 अपराधियों की गतिविधि के बारे में सूचना प्राप्त हुई, जिसमें कुख्यात, खूंखार, क्रूर लुटेरे और न्यायिक हिरासत में भागे हुए अपराधी, जिसपर 2,50,000/- रुपये का इनाम था, आदित्य राणा उर्फ रवि, निवासी गांव रानी नगला, पुलिस स्टेशन स्योहारा, जिला-बिजनौर शामिल था, जो पुलिस स्टेशन स्योहारा के अंतर्गत गांव पैंदापुर के जंगल में मौजूद था। उपर्युक्त टीम ने तत्काल कार्रवाई की और वह उप-निरीक्षक शौकत अली, हेड कांस्टेबल रईस अहमद, सिपाही अरुण कुमार और अन्य कार्मिकों के साथ तत्काल सरकारी वाहनों में गांव पैंदापुर की ओर रवाना हुई तथा स्योहारा पुलिस स्टेशन प्रभारी श्री राजीव चौधरी, निरीक्षक को सूचित किया और उन्हें पुलिस दल के साथ बुधनपुर जांच चौकी पर मिलने के लिए कहा। बुधनपुर जांच चौकी के निकट पहुंचने पर, उप-निरीक्षक जयवीर सिंह एसएचओ स्योहारा श्री राजीव चौधरी, उप-निरीक्षक मानचंद, सिपाही अजय कुमार और अन्य पुलिस कर्मियों से मिले। अपराधियों को घेरकर पकड़ने के लिए सम्पूर्ण पुलिस बल दो टीमों में विभाजित हो गया। पहली टीम का नेतृत्व एचएचओ स्योहारा श्री राजीव चौधरी, निरीक्षक द्वारा किया गया और दूसरी टीम का नेतृत्व श्री जयवीर सिंह, उप-निरीक्षक द्वारा किया गया। दोनों टीमें बुलेटप्रूफ जैकेटें पहनकर पैदल रास्ते से कासमबाद कनाल पूल के नजदीक कनाल ट्रैक पर पहुंची। लगभग 60-70 कदम आगे, निरीक्षक राजीव चौधरी ने टॉर्च की रोशनी में पैंदापुर जंगल की ओर से दो लोगों को आते हुए देखा, पुलिस दल उनको रोकने के लिए आगे बढ़ा। निरीक्षक स्योहारा श्री राजीव चौधरी ने अपना परिचय देते हुए अपराधियों को आत्मसमर्पण करने के लिए कहा। उनमें से एक अपराधी ने यह कहा कि पुलिस ने हमें घेर लिया है, गोलीबारी शुरू कर दो नहीं तो हम मारे जाएंगें।

प्रभारी निरीक्षक ने इसकी सूचना पुलिस कंट्रोल रूम को दे दी। दोनों अपराधियों ने पुलिस को अपने सामने देखकर उनको मारने के इरादे से पुलिस की ओर अचानक गोलीबारी शुरू कर दी। एसएचओ श्री राजीव चौधरी ने चिल्लाकर अपराधियों को गोलीबारी बंद करके आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी, परन्तु उग्र, खूंखार और क्रूर अपराधियों ने भारी गोलीबारी जारी रखी, जिसमें निरीक्षक श्री राजीव चौधरी, उप-निरीक्षक श्री जयवीर सिंह, हेड कांस्टेबल रईस अहमद, और सिपाही अजय कुमार एवं अरुण कुमार के नाजुक अंगों में गोली से चोट लग गई।

निरीक्षक श्री राजीव चौधरी, उप निरीक्षक श्री जयवीर सिंह, हेड कांस्टेबल रईस अहमद और कांस्टेबल अजय कुमार एवं अरुण कुमार ने अदम्य साहस से लड़ाई लड़ी और अपराधियों को जिंदा पकड़ने के लिए प्रतिबद्धता दिखाई। पुलिस दल और अपराधियों के बीच हुई गोलीबारी के दौरान, लगभग 01:37 बजे एक अपराधी घायल होकर गिर पड़ा, बाद में जिसकी मृत्यु हो गई और उसकी पहचान कुख्यात तथा खूंखार आदित्य राणा उर्फ रवि के रूप में की गई। उसके पास से अत्याधुनिक हथियार और गोलाबारूद सफलतापूर्वक बरामद किए गए।

इस ऑपरेशन में, उत्तर प्रदेश पुलिस के सर्व/श्री राजीव चौधरी, निरीक्षक, जयवीर सिंह, उप-निरीक्षक, रईस अहमद, हेड कांस्टेबल, अरुण कुमार, सिपाही और अजय कुमार, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

वीरता पदक (जीएम), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 85-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 12.04.2023 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/40/2024-पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 137-प्रेज/2024—भारत की राष्ट्रपति, पश्चिम बंगाल पुलिस के निम्नलिखित कार्मिकों को वीरता पदक (जीएम) सहर्ष प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्व/श्री	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	संजीब सेनापति	निरीक्षक	वीरता पदक
2.	अल्ताब हुसैन	उप-निरीक्षक	वीरता पदक
3.	रतन कुमार राय	सहायक उप-निरीक्षक	वीरता पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

रानाघाट पुलिस थाने में प्रभारी निरीक्षक के रूप में कार्यरत श्री संजीब सेनापति ने उप-निरीक्षक अल्ताब हुसैन और सहायक उप-निरीक्षक रतन कुमार राय के साथ एक महत्वपूर्ण घटना में हुई कार्रवाई के दौरान असाधारण साहस और समर्पण का परिचय दिया।

दिनांक 29.08.2023 को लगभग 15:00 बजे, रानाघाट पुलिस थाने में ड्यूटी के दौरान, रानाघाट पुलिस थाने के अंतर्गत चाबी गेट क्षेत्र के पास सेनको गोल्ड शाखा नामत: "सोनाझूरी" में डकैती की घटना घटी। पुलिस दल ने सूचना मिलने पर तुरंत कार्रवाई की और बिना देर किए घटनास्थल पर पहुंच गई। चोरी का सामान लेकर दुकान से बाहर निकले बदमाशों ने पुलिसकर्मियों पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं। उस महत्वपूर्ण क्षण में जब अन्य अधिकारी डकैतों का पीछा करने में हिचकिचा रहे थे, निरीक्षक संजीब सेनापति, उप-निरीक्षक अल्ताब हुसैन और सहायक उप-निरीक्षक रतन कुमार राय ने निडरता से अपनी सर्विस रिवॉल्वर से जवाबी गोलीबारी की और अपनी जान की परवाह किए बिना उनका पीछा किया। यह बहादुरी भरा संघर्ष दोपहर में रानाघाट टाउन क्षेत्र की भीड़भाड़ वाली सड़कों पर उस समय हुआ, जब स्कूली बच्चे उस गली में मौजूद थे। उनकी जिम्मेदारीपूर्ण कार्रवाई के कारण कोई राहगीर हताहत नहीं हुआ।

इस कार्रवाई के दौरान, एक हथियारबंद बदमाश घायल हो गया और बाद में उसे गिरफ्तार कर लिया गया, साथ ही उसके चार अन्य साथियों को भी पकड़ लिया गया तथा उनके पास से चोरी की गई वस्तुओं की बरामदगी भी हुई। इस सफल ऑपरेशन के परिणामस्वरूप पाँच (05) बदमाशों को गिरफ्तार किया गया और लगभग 1.54 करोड़ रुपये मूल्य के सोने तथा अन्य कीमती सामान के साथ-साथ 3.71 लाख रुपये नकद जब्त किए गए। इसके अलावा, बदमाशों के पास से 25 राउंड गोला-बारूद के साथ पाँच (05) आग्नेयास्त्र भी जब्त किए गए।

दिनांक 29.08.23 को आरोपी व्यक्तियों के साथ हुई गोलीबारी की घटना के दौरान, मणिकांत यादव उर्फ मणिकांत देव कुमार (19 वर्ष) पुत्र विष्णुदेव कुमार निवासी गोपालपुर, पोस्ट-गोकुले, थाना बिदुपुर, जिला वैशाली, बिहार को खून से लथपथ घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया तथा रानाघाट एसडी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस घटनाक्रम निरीक्षक संजीब सेनापति, उप-निरीक्षक अल्ताब हुसैन तथा सहायक उप-निरीक्षक रतन कुमार के अनुकरणीय साहस तथा उत्कृष्ट समर्पण को दर्शाता है, जिन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना डकैतों की योजना को सफलतापूर्वक विफल कर दिया।

इस ऑपरेशन में, पश्चिम बंगाल पुलिस के सर्व/श्री संजीब सेनापति, निरीक्षक, अल्ताब हुसैन, उप-निरीक्षक और रतन कुमार राय, सहायक उप-निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

वीरता पदक (जीएम), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 85-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 29.08.2023 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/04/2024-पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 138-प्रेज/2024—भारत की राष्ट्रपति, असम राइफल्स के निम्नलिखित कार्मिक को वीरता पदक (जीएम) सहर्ष प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	श्री मु. खमबाटन खान	हवलदार	वीरता पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

हवलदार (जनरल ड्यूटी) मु. खमबाटन खान एक मेहनती और प्रेरित सैनिक हैं, जिन्होंने अपने यूनिट में एक जबरदस्त खुफिया आधार सुनिश्चित करने के लिए कड़ी मेहनत की है। उन्होंने कड़े उग्रवाद-रोधी माहौल में कई ऑपरेशनों में हिस्सा लिया है, जिसके कारण कई कट्टर उग्रवादियों के पकड़े जाने, आत्मसमर्पण करने और मार गिराने में मदद मिली।

दिनांक 09 अगस्त, 2023 को, नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नागालैंड-खापलांग (निक्की) के तीन हथियारबंद कैडरों के तिरप जिले के हुकनजुरी गांव की ओर बढ़ने के बारे में स्वयं के सूत्रों से सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर, उनकी यूनिट के सैनिकों और तिरप पुलिस की एक संयुक्त टीम ने हुकनजुरी के आसपास के क्षेत्रों में तलाशी अभियान शुरू किया। शाम तक, समूह के एक उग्रवादी को पकड़ लिया गया तथा अन्य दो उग्रवादियों की तलाश में अभियान जारी रहा।

10 अगस्त की मध्यरात्रि को, हवलदार खान के सूत्रों ने सूचना दी कि तिरप जिले के नोइटोंग गांव के पास के जंगल में दो आतंकवादियों को देखा गया है। संयुक्त दल ने मौके पर पहुंचकर उस क्षेत्र की तलाशी शुरू की। लगभग 0615 बजे, हवलदार खान के एक अन्य सूत्र ने बताया कि स्थानीय लकड़हारों ने नोइटोंग और हुकंजुरी के बीच के वन क्षेत्र में दो संदिग्धों को घूमते देखा है। तलाशी दल ने एक घात के रूप में संगठित होकर तुरंत हमला किया। सैन्य दल के कमांडर हवलदार मु. खमबाटन खान ने ऑपरेशन की सफलता सुनिश्चित करने के लिए चतुराई से अपने दल को उग्रवादियों की गोलीबारी और उनकी नजर में आने से बचाया। लगभग 0645 बजे, उन्होंने देखा कि दो कट्टर आतंकवादी जंगल से निकलकर उनकी ओर बढ़ते आ रहे हैं। हवलदार मु. खमबाटन खान ने संदिग्धों को रुकने के लिए चुनौती दी। दोनों संदिग्ध व्यक्तियों ने सैनिकों पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिससे हवलदार खान तथा अन्य सैनिक बाल-बाल बचे। हवलदार मु. खमबाटन खान ने भीषण गोलीबारी के बीच अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना, धैर्य बनाए रखा और हवलदार अश्वनी कुमार के साथ मिलकर आतंकवादियों पर सटीक गोलीबारी की। नॉन-कमीशंड ऑफिसर द्वारा की गई त्वरित कार्रवाई और तत्काल जवाबी गोलीबारी ने एक आतंकवादी को तुरंत मार गिराया, और दूसरे को इतना डरा दिया कि वह अपनी बंदूक छोड़कर मौके से भाग खड़ा हुआ। हवलदार मु. खमबाटन खान ने भीषण गोलीबारी के बीच अदम्य साहस का परिचय दिया, जिसके परिणामस्वरूप प्रतिबंधित उग्रवादी समूह के स्वयंभू सचिव को मार गिराया गया, और दूसरे आतंकवादी को भागने पर मजबूर होना पड़ा। ये दोनों स्थानीय लोगों को डराने और उनसे पैसे ऐंठने के लिए जाने जाते थे। घटनास्थल से एक 9 एमएम बेरेटा पिस्तौल, एक-पॉइंट 32 एमएम पिस्तौल, 12 जिंदा कारतूस और युद्ध में उपयोग होने वाले अन्य सामान भी बरामद किए गए।

इस ऑपरेशन में, असम राइफल्स के श्री मु. खमबाटन खान, हवलदार ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

वीरता पदक (जीएम), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 85-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 10.08.2023 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/184/2024-पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 139-प्रेज/2024—भारत की राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के निम्नलिखित कार्मिक को वीरता पदक (जीएम), मरणोपरांत प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	स्व. श्री महेंद्र सिंह	उप-निरीक्षक	वीरता पदक (मरणोपरांत)

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

छत्तीसगढ़ में 12 नवंबर 2018 को होने वाले प्रथम चरण के विधानसभा चुनाव को सुरक्षित तरीके से संपन्न कराने के लिए 10 नवंबर, 2018 को 35 बटालियन बीएसएफ (एडहॉक-430 बटालियन) और एडहॉक-426 बटालियन की 5 टीमें 3 दिन और 2 रात की अवधि के लिए एरिया डोमिनेशन अभियान के लिए रवाना हुईं।

श्री जयवीर खोथ, सहायक कमांडेंट के नेतृत्व में सीओबी उदनपुर एक्स-35 बटालियन बीएसएफ से एक ऑपरेशन शुरू किया गया था। 10 नवंबर, 2018 को, टीम -03 ने गांव मिंडी और आसपास के क्षेत्र को सुरक्षित किया तथा अबूझमाड़ के किनारे पर गांव गट्टाकल के पास के वन

क्षेत्र को भी सुरक्षित किया एवं 10/11 नवंबर, 2018 की रात्रि के दौरान वहां विश्राम किया। अगली सुबह अर्थात 11 नवंबर, 2018 को, श्री जयवीर खोथ, सहायक कमांडेंट ने अपनी टीम को दो दलों में विभाजित किया- एक का नेतृत्व बाईं ओर वह स्वयं कर रहे थे और दूसरे का नेतृत्व उप-निरीक्षक महेंद्र सिंह ने किया जो दाईं ओर थे। लगभग 0835 बजे गट्टाकल गाँव के पास एक नाले को पार करते समय, दाहिनी टुकड़ी का नेतृत्व कर रहे उप-निरीक्षक महेंद्र सिंह ने अचानक, नाले के पार माओवादियों को देखा। स्थिति को भांपते हुए, उन्होंने तुरंत पूरी तरह कैमोफ्लेज होकर घने और अभेद्य जंगल में पोजीशन लिए हुए माओवादियों पर गोलीबारी शुरू कर दी। माओवादियों ने बीएसएफ जवानों को अधिकतम हताहत करने के लिए भारी मात्रा में गोलीबारी की और वहां लगाए गए 31 (इकतीस) आईईडी में से 11 (ग्यारह) को विस्फोट कर दिया। उप-निरीक्षक महेंद्र सिंह ने अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना तुरंत पोजीशन ली और गोलीबारी शुरू कर दी तथा माओवादियों को भागने के लिए विवश कर दिया। भीषण गोलीबारी के दौरान, उप निरीक्षक महेंद्र सिंह गर्दन और छाती पर स्प्लिन्टर/गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद, उप-निरीक्षक महेंद्र सिंह ने वीरता और साहस का परिचय देते हुए अपनी एके-47 से 11 राउंड फायर किए और नक्सलियों को निष्क्रिय कर दिया। उनकी इस वीरतापूर्ण कार्रवाई से दल के अन्य सैनिकों को नक्सलियों की प्रभावी गोलीबारी से खुद को बचाने में मदद मिली।

अत्यधिक रक्तस्राव के कारण, उप-निरीक्षक महेंद्र सिंह ने बाद में सीओबी उदनपुर ले जाते समय अंतिम सांस ली, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित किया था। तथापि, उन्होंने सुनिश्चित किया कि उनका सैन्य दल नक्सलियों की प्रभावी गोलीबारी से दूर रहे। उनकी बहादुरी भरी कार्रवाई के कारण अच्छी पोजीशन लिए हुए नक्सलियों को भी भागने पर मजबूर होना पड़ा।

उप-निरीक्षक महेंद्र सिंह ने अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना, अनुकरणीय साहस, सौहार्द और समर्पण का परिचय देते हुए माओवादियों की पहली गोलीबारी का सामना करते हुए अपने जवानों को हताहत होने से बचाया। उन्होंने माओवादियों की गोलीबारी का धैर्य और दृढ़ संकल्प के साथ जवाब दिया, जिससे माओवादियों को अबूझमाड़ में पीछे हटने के लिए मजबूर होना पड़ा तथा शेष बचे आईईडी को विस्फोट कर उन्हें और अधिक नुकसान पहुंचाने से रोका।

इस ऑपरेशन में, सीमा सुरक्षा बल के स्व. श्री महेंद्र सिंह, उप-निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

वीरता पदक (जीएम), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 85-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 11.11.2018 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/56/47/2022-पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 140-प्रेज/2024—भारत की राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के निम्नलिखित कार्मिक को वीरता पदक (जीएम) सहर्ष प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	श्री नरभु शेरपा	हेड कांस्टेबल	वीरता पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 20 अप्रैल, 2023 को हेड कांस्टेबल (जीडी) नरभू शेरपा 175 बटालियन बीएसएफ की बीओपी- खोइलटोर, 'सी' कंपनी के एक एम्बुश कम पेट्रोल (एसीपी) दल का हिस्सा थे, जिसका नेतृत्व हेड कांस्टेबल (जीडी) राय सिंह भगेल कर रहे थे। हेड कांस्टेबल (जीडी) नरभू शेरपा को संवेदनशील तांगोन नदी पुल (जीआईएन सं. 183) पर तैनात किया गया था। लगभग 2130 बजे, हेड कांस्टेबल (जीडी) नरभू शेरपा ने बांग्लादेश से आईबीबीएफ की ओर आते हुए 5-6 बदमाशों की संदिग्ध आवाजाही देखी। वह बदमाशों की ओर दौड़े और उन्हें रूकने के लिए चुनौती दी। अचानक, भारत की ओर से आए 6 से 7 बदमाशों, जो घनी वनस्पतियों/झाड़ियों की आड़ में छिपे हुए थे, बाहर आए, उन्हें घेर लिया तथा उन्हें जान से मारने और उनके हथियार छीनने के इरादे से धारदार हथियारों और लाठियों से उन पर हमला कर दिया। हाथापाई के दौरान, हेड कांस्टेबल (जीडी) नरभु शेरपा ने विपरीत परिस्थितियों में बहादुरी दिखाई और अपना बचाव किया तथा अपने हथियार को सुरक्षित रखा एवं मदद के लिए आवाज भी लगाई, लेकिन बदमाशों के साथ हुई जोरदार हाथापाई के दौरान बदमाशों के धारदार हथियारों से उनकी नाक, बायीं आंख और माथे पर उन्हें चोटें आईं। सहायता के लिए चीखने की तेज आवाज सुनकर आस-पास के संतरी और एसीपी कमांडर चौकन्ने हो गए।

एसीपी कमांडर के साथ-साथ दूसरी तरफ से संतरी भी उस तरफ दौड़े। बीएसएफ के अतिरिक्त बल को देखकर बदमाश अंधेरे और ऊबड़-खाबड़ जमीन का फायदा उठाकर मौके से भाग गए, लेकिन हेड कांस्टेबल (जीडी) नरभु शेरपा ने एक घायल बदमाश को मौके पर ही पकड़ लिया। उस क्षेत्र की तलाशी लेने पर बीएसएफ पार्टी ने 100 बोतल फेंसेडिल और 01 मोबाइल फोन बरामद किया। बदमाशों की संख्या ज्यादा होने के बावजूद, घायल हेड कांस्टेबल (जीडी) नरभु शेरपा ने 01 भारतीय तस्कर को पकड़ा। यह उनके जीवन पर आए गंभीर खतरे के बावजूद, उनके विशिष्ट वीरता, साहस, दृढ़ संकल्प और कर्तव्य के प्रति समर्पण को दर्शाता है।

इस ऑपरेशन में, सीमा सुरक्षा बल के श्री नरभु शेरपा, हेड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

वीरता पदक (जीएम), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 85-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 20.04.2023 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/24/2024-पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 141-प्रेज/2024—भारत की राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के निम्नलिखित कार्मिक को वीरता पदक (जीएम) सहर्ष प्रदान करती हैं:-

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	श्री मुकेश चंद	हेड कांस्टेबल	वीरता पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 18.02.2023 को लगभग 2100 बजे, बीओपी तीनगांव, 152 बटालियन बीएसएफ के एओआर में फेंसेडिल की तस्करी के बारे में एक विशेष सूचना श्री मुकेश कुमार, उप-कमाण्डेंट (जी), एफजीटी किशनगंज द्वारा साझा की गई, जिसे बटालियन के एओआर में तैनात एफजीटी किशनगंज के हेड कांस्टेबल (जी) मुकेश चंद और कार्य. कमांडेंट, 152 बटालियन बीएसएफ द्वारा आगे बढ़ाया गया/पुष्टि की गई। सूचना को निरीक्षक (जीडी) आरके अर्हसन, कार्य. कंपनी कमांडर, बीओपी तीनगांव, 152 बटालियन बीएसएफ के साथ साझा किया गया। अद्यतन जानकारी को तुरंत कार्य. कमांडेंट, 152 बटालियन बीएसएफ के साथ साझा किया गया, जिन्होंने बिना देरी किए सभी संबंधित कार्मिकों/अधिकारियों को एओआर में अतिरिक्त सतर्क रहने का निर्देश दिया।

कार्य. कमांडेंट, 152 बटालियन बीएसएफ के निर्देशानुसार, निरीक्षक अर्हसन, कार्य. कंपनी कमांडर, हेड कांस्टेबल रतन देबनाथ, कांस्टेबल तन्मय नायक, कांस्टेबल (डीवीआर) मान सिंह और हेड कांस्टेबल (जी) मुकेश चंद के साथ गहन क्षेत्र में विशेष अभियान चलाने की योजना बनाई गई थी। लगभग 2115 बजे , विशेष अभियान दल उस स्थान पर पहुंचा, जहां से तस्करों की गतिविधि के बारे में इनपुट मिलने की उम्मीद थी। यह स्थान बीओपी तीनगांव से लगभग 1400 मीटर की दूरी पर दक्षिण दिशा में गोलिन गांव के पास था ।

विशेष अभियान दल तस्करों के इलाके और उनकी रणनीति से परिचित था, इसलिए दल ने तस्करों के संभावित प्रवेश मार्गों को कवर करने के लिए खुद को दो समूहों में विभाजित किया, अर्थात् एक समूह मक्का के खेत में था और दूसरा कुख्यात गांव गोलिन के पास बैंगन के बगीचे में था विशेष अभियान दल ने खुद को बेहद पेशेवर अंदाज में और दुश्मनों को आश्चर्यचकित करते हुए रणनीतिक तरीके से तैनात किया और अपना धैर्य बनाए रखते हुए वहां छिपकर तस्करों के आने का इंतजार किया।

लगभग 2230 बजे, विशेष अभियान दल ने 03 से 04 तस्करों को अपनी पीठ पर कुछ भार लादकर चलते देखा। जैसे ही तस्कर विशेष अभियान दल के पास पहुँचे, उन्होंने उन्हें चुनौती दी/उनकी ओर दौड़े। कुछ ही समय में, विशेष अभियान दल ने तस्करों को चारों दिशाओं से घेर लिया। वहां उत्पन्न परिस्थितियों और विशेष अभियान दल की उग्र प्रतिक्रिया को देखते हुए, तस्करों ने भार को ज़मीन पर गिरा दिया और नजदीकी मक्के की झाड़ियों में भागने लगे।

इस समय, हेड कांस्टेबल (जी) मुकेश चंद ने उच्चतम स्तर की प्रतिक्रियात्मक क्षमता दिखाई और घने मक्के के खेत में तस्कर को पकड़ने के लिए पीछा करना शुरू कर दिया और विशेष अभियान दल के बाकी सदस्यों ने भी उसका पीछा किया। अत्यंत तीव्र और तात्कालिक कार्रवाई के परिणामस्वरूप, हेड कांस्टेबल (जी) मुकेश चंद मौके पर एक तस्कर को पकड़ने में सफल हुए। हेड कांस्टेबल (जी) मुकेश चंद के साथ नज़दीकी

लड़ाई में, तस्कर ने भी जवाबी कार्रवाई की और एक स्थानीय छोटे आग्नेयास्त्र से एक राउंड फायर किया, जिसके कारण हेड कांस्टेबल (जी) मुकेश चंद के पेट के बाएं हिस्से में 'बंदूक की गोली' लगी, जिसमें वे घायल हो गए।

गोली की आवाज सुनकर, 152 बटालियन बीएसएफ के हेड कांस्टेबल रतन देबनाथ ने तस्करों के बीच डर पैदा करने के लिए अपनी इंसास राइफल से 01 राउंड हवा में फायर किया, जो इस कार्रवाई के दौरान एक ऑपरेशनल मास्टर-स्ट्रोक भी साबित हुआ। इस कार्रवाई में, हेड कांस्टेबल (जी) मुकेश चंद 'बंदूक की गोली लगने' के कारण घायल हो गए, तथापि उन्होंने उस समय अपनी जान पर आए गंभीर खतरे के बावजूद तस्कर पर अपनी पकड़ ढीली नहीं की। विशेष अभियान दल के अन्य सदस्य भी तुरंत मौके पर पहुंच गए और तस्कर को काबू में कर लिया। जबकि बाकी तस्कर अंधेरे और मक्के की ऊंची फसल का फायदा उठाकर पास के गांवों की ओर भाग गए।

हेड कांस्टेबल (जी) मुकेश चंद को बीओपी तीनगांव, 152 बटालियन बीएसएफ में तुरंत ले जाया गया, आगे वहां से उन्हें बीपीएचसी, लोधन ले जाया गया। बीपीएचसी लोधन में प्राथमिक उपचार दिए जाने के बाद, उन्हें यूनिट एम्बुलेंस में 'बीएन नर्सिंग असिस्टेंट' के साथ सब डिविजनल हॉस्पिटल', इस्लामपुर रेफर किया गया। वे लगभग 190015 बजे एसडीएच, इस्लामपुर पहुंचे । प्रारंभिक जांच और एक्स-रे के बाद, यह पाया गया कि कोई भी महत्वपूर्ण अंग क्षतिग्रस्त नहीं हुआ था तथा हेड कांस्टेबल (जी) मुकेश चंद की हालत स्थिर थी।

ऑपरेशन के दौरान, विशेष अभियान दल द्वारा पूरे घटनास्थल की तलाशी ली गई, जिसके दौरान मक्के के खेत से फेंसेडिल से भरे 04 प्लास्टिक पॉली बैग और 01 देशी आग्नेयास्त्र बरामद किया गया। सामान जब्त करने के बाद, तस्कर मोहम्मद सुमोन, उम्र 20 वर्ष, पुत्र मोहम्मद अख्तर, निवासी गांव मराधर, डाकघर मोनाटोली, थाना हरिपुर, जिला ठाकुरगांव , बांग्लादेश को गिरफ्तार किया गया।

152 बटालियन बीएसएफ के उपरोक्त विशेष अभियान के दौरान, हेड कांस्टेबल (जी) मुकेश चंद ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए स्थिति पर तुरंत नियंत्रण पा लिया, सूचना मिलते ही अपनी टीम को सबसे प्रभावी तरीके से तैनात/समूहबद्ध किया। उन्होंने विषम भूभाग और घनी वनस्पतियों के बावजूद, तस्करों को पकड़ने के लिए विशेष कुशलता का प्रदर्शन करते हुए, सर्वोच्च स्तर की बहादुरी दिखाई। उन्होंने अपनी सुरक्षा की परवाह न करते हुए, पकड़े गए तस्कर पर अपनी पकड़ बनाए रखी और विशेष अभियान दल के अन्य सदस्यों की रक्षा के लिए हथियार से लैस अपराधी से हाथापाई की।

इस ऑपरेशन में, सीमा सुरक्षा बल के श्री मुकेश चंद, हेड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

वीरता पदक (जीएम), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 85-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 18.02.2023 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/28/2024-पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 142-प्रेज/2024—भारत की राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के निम्नलिखित कार्मिक को वीरता पदक (जीएम), मरणोपरांत प्रदान करती हैं:—

क्र. सं.	पदक पाने वाले का नाम	कार्रवाई के समय रैंक	पदक प्रदान किया गया
1.	स्व. श्री रंजीत यादव	सिपाही	वीरता पदक (मरणोपरांत)

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

मणिपुर राज्य में 03 मई, 2023 को मैतेई और कुकी समुदायों के बीच जातीय संघर्ष छिड़ गया। एडहॉक एमएंडसी-IV बटालियन के अधीन 'ए' कंपनी ईएक्स-163 बटालियन बीएसएफ को कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए 30 मई, 2023 से मणिपुर के काकचिंग जिले के सेरौ प्रैक्टिकल हाई स्कूल में तैनात किया गया। जातीय संघर्ष के शुरुआती दिनों से ही सुगनू और उसके आसपास की स्थिति में अस्थिरता थी, क्योंकि वहां की आबादी में मैतेई और कुकी दोनों समुदाय शामिल हैं।

06 जून, 2023 को लगभग 0415 बजे, कुछ अज्ञात बदमाशों ने 'ए' कंपनी ईएक्स-163 बटालियन बीएसएफ के शिविर पर लगभग सभी दिशाओं से अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। सिपाही (जीडी) रंजीत यादव, सह-प्रहरी सिपाही (जीडी) महंत राजबंगशी के साथ 0200 बजे से 0500 बजे तक की पाली में सेरौ प्रैक्टिकल हाई स्कूल भवन की छत पर एलएमजी मोर्चा सं. 2 पर ड्यूटी कर रहे थे। अज्ञात बदमाशों द्वारा

भारी मात्रा में की गई गोलीबारी के बावजूद, सिपाही (जीडी) रंजीत यादव ने बहादुरी से जवाबी कार्रवाई की और अपने निजी हथियार से 7.62 मिमी के 08 राउंड फायर किए। तथापि, गोलीबारी के दौरान, बदमाशों की एक गोली सिपाही (जीडी) रंजीत यादव के बाईं तरफ पीठ के ऊपरी हिस्से में लगी और वह मोर्चे के अंदर जमीन पर गिर गए । सह-प्रहरी ने तुरंत श्री परवीन चंद्र, सहायक कमांडेंट/कंपनी कमांडर 'ए' कंपनी को रेडियो-सेट पर सूचना दी। यह सुनते ही, मोर्चा नंबर 3 पर तैनात सिपाही दिनेश कुमार नेवार तुरंत मोर्चा नंबर 2 पर पहुंचे और पाया कि सिपाही (जीडी) रंजीत यादव बेहोश पड़े हैं और उनके शरीर से खून बह रहा था। उन्होंने तुरंत घायल सिपाही की बीपी जैकेट और हेलमेट उतारा। कंपनी कमांडर भी मौके पर पहुंचे और वहां उपलब्ध जवानों की मदद से, सिपाही/जीडी रंजीत यादव को भारी गोलीबारी के बीच सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया, आगे उन्हें असम राइफल के एमआई रूम और फिर जीवन अस्पताल काकचिंग ले जाया गया, जहां उनका इलाज कर रहे डॉक्टर ने उन्हें लगभग 0718 बजे मृत घोषित कर दिया।

बदमाशों द्वारा की गई गोलीबारी के दौरान, सिपाही (जीडी) रंजीत यादव, ईएक्स-163 बटालियन बीएसएफ ने व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना वीरता और अदम्य साहस का परिचय दिया तथा अपने कर्तव्य से आगे बढ़कर साथी सैनिकों की जान बचाई एवं राष्ट्र के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। उन्होंने खुद को एक सच्चा बीएसएफ सैनिक साबित किया और उन्हें "सच्चे सैनिक" की उपाधि दी जा सकती है। संघर्ष के दौरान उनका साहस और अपने कर्तव्य के प्रति निष्ठा, एक सैनिक द्वारा प्रदर्शित बहादुरी के उत्कृष्ट उदाहरण के रूप में सराहनीय है।

इस ऑपरेशन में, सीमा सुरक्षा बल के स्व. श्री रंजीत यादव, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

वीरता पदक (जीएम), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 85-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 06.06.2023 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/29/2024-पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 143-प्रेज/2024—भारत की राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के निम्नलिखित कार्मिक को वीरता पदक (जीएम) और वीरता पदक, मरणोपरांत प्रदान करती हैं:-

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्व/श्री	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	अशोक कुमार	सहायक कमाण्डेंट	वीरता पदक
2.	स्व. नरेन्द्र कुमार	सिपाही	वीरता पदक (मरणोपरांत)

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

03 मई, 2023 को, मणिपुर राज्य में मैतेई और कुकी समुदायों के बीच जातीय संघर्ष छिड़ गया। एडहॉक एमएंडसी-I बीएसएफ के अधीन 'सी' कंपनी ईएक्स-122 बटालियन को 08 मई 2023 को मोरेह , जिला-तेंगनौपाल मणिपुर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने की ड्यूटी के लिए तैनात किया गया। 28 मई 2023 को लगभग 1000 बजे , मोरेह शहर में मैतेई और कुकी के बीच चल रहे संघर्ष की स्थिति तब और खराब हो गई जब उपद्रवियों ने घरों और दुकानों में आग लगाना शुरू कर दिया। असम राइफल्स द्वारा चलाई गई गोली से एक नागरिक की मौत के बाद स्थिति और खराब हो गई। लोग अपने घरों से बाहर निकलने लगे और कई महिलाएं सड़क पर इकट्ठा हो गईं तथा मोरेह बाजार शहर क्षेत्र की ओर बढ़ गईं, जबकि और भी कई घर जला दिए गए।

एलोरा होटल के पीछे की तरफ पॉइंट सं. 01 पर पिकेटिंग ड्यूटी के लिए तैनात सैन्य दस्ते 01 के एसओ और 01 ओआर जवान पर सशस्त्र उग्रवादियों ने गोलीबारी की, जिसका बीएसएफ पार्टी ने आत्मरक्षा में जवाब दिया , जबकि उप-निरीक्षक राजनारायण सिंह ने श्री अशोक कुमार, सहायक कमाण्डेंट/कंपनी कमांडर को, जो सुबह 0800 बजे से गार्ड पार्टी के साथ एरिया डोमिनेशन पर थे, रेडियो सेट के माध्यम से सूचित किया कि पिकेट संख्या 2 पर भी गोलीबारी हो रही है, इसलिए वहां भी अतिरिक्त बलों की आवश्यकता है। कंपनी कमांडर सरकारी संपत्ति/नागरिकों की संपत्ति के नुकसान के खतरे को भांपते हुए सिपाही नरेंद्र कुमार सहित गार्ड पार्टी के साथ , पिकेट नंबर 2 की ओर दौड़ पड़े, जहां सिपाही नरेंद्र कुमार ने भी खतरे को भांप लिया क्योंकि गुस्साई भीड़ बहुत हिंसक थी और एलोरा होटल को जलाने पर आमादा थी। कंपनी

कमांडर ने उप-निरीक्षक जेरी जेराल्ड एक्का को अतिरिक्त सहायता के लिए कंपनी मुख्यालय को रेडियो सेट के माध्यम से कॉल करने को कहा, जबकि बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारियों; ज्यादातर महिलाओं ने सरकार के खिलाफ नारे लगाने शुरू कर दिए। कंपनी कमांडर ने सिपाही नरेंद्र कुमार के साथ मिलकर महिलाओं को समझाने की कोशिश की। भीड़ और अधिक हिंसक हो गई तथा एलोरा होटल को जलाने की अनुमति देने के लिए चिल्लाने लगी, जहां उन्होंने दावा किया कि कुछ पुलिस कमांडो छिपे हुए थे। सिपाही नरेंद्र कुमार और सिपाही चौधरी आशीष कुमार ने कुछ लोगों को अपने हाथों में पेट्रोल बम, गुलेल और हथियारों के साथ देखा। आसन्न खतरे और लोगो द्वारा दी जा रही धमकी को भांपते हुए, कंपनी कमांडर और सिपाही नरेंद्र कुमार दोनों ने खुद को भीड़ से दूर कर लिया और कंपनी कमांडर ने भीड़ को तितर-बितर करने के इरादे से अपने निजी हथियार से 01 राउंड फायर किया। भीड़ तितर-बितर हो गई और संकरी गली में घुसकर छिप गई, जिसके बाद बदमाशों ने बीएसएफ पार्टी की ओर अंधाधुंध गोलीबारी की। भीड़ के बीच से बदमाशों/उग्रवादियों को अपने हथियार तानते और गोलीबारी करते हुए अपनी ओर बढ़ते देख, सिपाही नरेंद्र कुमार ने अपनी जान और खुद की सुरक्षा की परवाह किए बिना अपने कंपनी कमांडर को सतर्क कर दिया। वह स्थिति का आकलन करने के लिए आगे बढ़े क्योंकि कंपनी कमांडर के साथ केवल वे ही मौजूद थे। सिपाही नरेंद्र कुमार ने रणनीतिक रूप से आगे बढ़ते हुए अपने हथियार को कोक किया। आगे बढ़ने के दौरान, सिपाही/जीडी नरेंद्र कुमार के सिर में गोली लग गई। श्री अशोक कुमार, सहायक कमाण्डेंट ने प्वाइंट नंबर 1 के गार्ड पार्टी और पिकेटिंग पार्टी को कवर लेकर जवाबी कार्रवाई करने का आदेश दिया, उसी समय एक गोली उनके दाहिने हथेली में लगी। जवाबी कार्रवाई में श्री अशोक कुमार, सहायक कमाण्डेंट और बीएसएफ पार्टी ने भी आत्मरक्षा में बदमाशों की ओर गोलियां चलाई। दोनों घायलों को लगभग 1350 बजे बीएसएफ के हेप्टर द्वारा असम राइफल्स के अस्पताल और बाद में रिम्स अस्पताल इम्फाल ले जाया गया। 29 मई 2023 को लगभग 1818 बजे सिपाही नरेंद्र कुमार ने गंभीर रूप से घायल होने के कारण दम तोड़ दिया और शहीद हो गए तथा श्री अशोक कुमार, सहायक कमाण्डेंट/कंपनी कमांडर को उपचार के बाद रिम्स अस्पताल इंफाल से छुट्टी दे दी गई।

बदमाशों/आतंकवादियों द्वारा की गई गोलीबारी के दौरान, सिपाही नरेंद्र कुमार, 122 बटालियन बीएसएफ ने व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना अदम्य साहस और कर्तव्य से आगे बढ़कर समर्पण का परिचय दिया। वह न केवल अपने साथी सैनिक और नागरिकों की जान बचाने में सफल रहे, बल्कि ग्रामीणों की संपत्ति भी बचा पाए, क्योंकि बदमाश/आतंकवादी घरों को जलाने और लूटने पर उतारू थे। सिपाही नरेंद्र कुमार ने राष्ट्र के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। सिपाही नरेंद्र कुमार, 122 बटालियन बीएसएफ ने खुद को एक नायाब बीएसएफ सैनिक के रूप में साबित किया तथा संघर्ष के दौरान साहस और अपने कर्तव्य के प्रति निष्ठा बनाए रखकर एक उदाहरण पेश किया।

इस ऑपरेशन में, सीमा सुरक्षा बल के सर्व/श्री अशोक कुमार, सहायक कमाण्डेंट और स्व. नरेन्द्र कुमार, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

वीरता पदक (जीएम), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 85-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 28.05.2023 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/30/2024-पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 144-प्रेज/2024—भारत की राष्ट्रपति, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित कार्मिक को वीरता पदक (जीएम), मरणोपरांत प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	स्व. श्री रौशन कुमार	उप-निरीक्षक	वीरता पदक (मरणोपरांत)

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

11 फरवरी, 2019 को गांव असुरैन, थाना लुटुआ, जिला गया, बिहार से सटे पूर्वी चक्रबंधा के जंगल में खूंखार सशस्त्र माओवादी कैडरों की गतिविधि के बारे में यूनिट इंटेलिजेंस सेल से प्राप्त एक इनपुट के आधार पर 205 कोबरा की 06 टीमों, 153 सीआरपीएफ और 159 सीआरपीएफ की 02-02 कंपनियों, 29 एसएसबी की 01 कंपनी, अभियान दल की 02 टीमों और एसटीएफ, बिहार पुलिस की 02 टीमों द्वारा एक एसएडीओ शुरू किया गया था।

तदनुसार, तीन स्ट्राइक टीमें; कोबरा की दो-दो टीमें, मुख्य रूप से गठित की गईं और उन्हें लक्ष्य क्षेत्र पर हमला करने का काम सौंपा गया। 12 फरवरी, 2019 को उपयुक्त ब्रीफिंग और कार्रवाई की संभावनाओं तथा होने वाले खतरों का आकलन करने के बाद, टीमें अलग-अलग

मार्गों से लक्ष्य क्षेत्र की ओर चुपके से बढ़ीं। सघन जंगल में एक घनी अंधेरी रात में बाधाओं को पार करने और कुशलता से आगे बढ़ने के बाद, तीनों स्ट्राइक टीमें लक्ष्य क्षेत्र में पहुँचीं और वहां रात्रि विश्राम किया। अगले दिन सुबह-सुबह जब सभी स्ट्राइक टीमें अगले लक्ष्य की ओर बढ़ रही थीं, तो उन्हें रास्ते में दो आईईडी का पता चला, जिन्हें उचित सावधानी बरतने के बाद मौके पर ही निष्क्रिय कर दिया गया। उप-निरीक्षक/जीडी रौशन कुमार की टीम, जो स्ट्राइक वन का हिस्सा थी, लक्ष्य क्षेत्र की ओर बढ़ते समय उन माओवादियों की भारी गोलीबारी की चपेट में आ गई, जो काफी अच्छी पोजीशन में थे और बड़े पत्थरों के पीछे छिपे हुए थे। तुरंत, उप-निरीक्षक/जीडी रौशन कुमार ने कांस्टेबल/जीडी राहुल तिवारी, कांस्टेबल/जीडी धर्मेंद्र सिंह राठौर, कांस्टेबल/जीडी हितेश एंगटी और कांस्टेबल/जीडी दिगंत कुमार बोरा के साथ पोजीशन लेकर भारी गोलीबारी करते हुए जवाबी कार्रवाई की और साथ ही साथ रणनीतिक रूप से आगे बढ़ते रहे।

यह महसूस करते हुए कि माओवादियों पर प्रभावी गोलीबारी करने में यह उबड़-खाबड़ भूभाग एक बड़ी बाधा है, उप-निरीक्षक/जीडी रौशन कुमार रेंगते हुए आगे बढ़कर उन चट्टानों के करीब पहुंचे, जो माओवादियों तथा उनके शिविर के लिए ढाल बना हुआ था और उनकी गोलीबारी का जवाब दिया। टीमें अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना गोलीबारी करती रहीं और बहादुरी से आगे बढ़ती रहीं। समन्वित जवाबी हमले ने माओवादियों को चौंका दिया और उन्हें तितर-बितर कर दिया, जिसके परिणामस्वरूप माओवादी ऊबड़-खाबड़ भूभाग का फायदा उठाकर मौके से भागने लगे। यह देखकर उप-निरीक्षक/जीडी रौशन कुमार ने अपने साथियों के साथ मिलकर उनका पीछा करना शुरू किया और उनका पीछा करते समय उप-निरीक्षक/जीडी रौशन कुमार दुर्भाग्य से माओवादियों द्वारा लगाए गए एक आईईडी की चपेट में आ गए।

परिणामस्वरूप, उक्त आईईडी के विस्फोट से उप-निरीक्षक/जीडी रौशन कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। गंभीर चोटों और अत्यधिक रक्तस्राव के बावजूद, बहादुर कमांडर ने गोलीबारी जारी रखी और बाद में घायल अवस्था में दम तोड़ दिया। उनके अन्य साथी; कांस्टेबल/जीडी दिगंत कुमार बोरा भी छर्रे लगने के कारण घायल हो गए।

उप-निरीक्षक/जीडी रौशन कुमार आईईडी विस्फोट के कारण उत्पन्न प्रारंभिक प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद अदम्य प्रतिबद्धता के साथ मौके पर डटे रहे, अद्वितीय वीरता का परिचय दिया, बहादुरी से लड़ाई लड़ी और कर्तव्य की वेदी पर अपने प्राणों की आहुति दे दी, तथा एक मजबूत मोर्चेबंदी में लाभकारी स्थिति में छिपे हुए दुश्मन को वहां से खदेड़ दिया।

इस ऑपरेशन में, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के स्व. श्री रौशन कुमार, उप-निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

वीरता पदक (जीएम), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 85-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 13.02.2019 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/3270/48/2022 - पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 145-प्रेज/2024—भारत की राष्ट्रपति, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित कार्मिकों को वीरता पदक (जीएम) सहर्ष प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्व/श्री	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	महाले मनीष गोरख	द्वितीय कमान अधिकारी	वीरता पदक
2.	मुकेश कुमार सेवरिया	उप-कमाण्डेंट	वीरता पदक
3.	अनिल कुमार	सहायक कमाण्डेंट	वीरता पदक
4.	बिजय कुमार ठाकुर	निरीक्षक	वीरता पदक
5.	पवन कुमार	हेड कांस्टेबल	वीरता पदक
6.	अन्तेश कुमार	हेड कांस्टेबल	वीरता पदक

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्व/श्री	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
7.	मनोज कुमार	सिपाही	वीरता पदक
8.	विप्लव कुमार	सिपाही	वीरता पदक
9.	आदेश कुमार	सिपाही	वीरता पदक
10.	सोमवीर	सिपाही	वीरता पदक
11.	विशाल कुमार यादव	सिपाही	वीरता पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

16 मार्च 2021 को, आरएफटी पटना के निरीक्षक/इंट. बिजय कुमार ठाकुर ने अमरेश सिंह भोक्ता (जेडसीएम) और शिव पूजन यादव (एसजेडसीएम) के नेतृत्व में 07-08 माओवादियों के एक छोटे समूह की गतिविधि गांव कोकना, थाना डुमरिया, जिला गया, बिहार के पूर्वी दिशा में होने के बारे में एक इनपुट जुटाया और बाद में इसकी पुष्टि की तथा तत्पश्चात डीआईजी, रेंज पटना द्वारा यूनिट के साथ साझा किया गया।

तदनुसार, टीएसी गया में श्री संजय कुमार, डीआईजी रेंज पटना के निर्देशों के अनुसार, श्री महाले मनीष गोरख, द्वितीय कमान अधिकारी, 205 कोबरा एवं श्री मुकेश कुमार सेवरिया, उप कमाण्डेंट, 205 कोबरा के नेतृत्व में राज्य पुलिस के साथ मिलकर एक ऑपरेशन की योजना बनाई गई। श्री मुकेश कुमार सेवरिया, उप-कमाण्डेंट, और श्री अनिल कुमार, सहायक कमांडेंट के नेतृत्व में दो टीमों, अर्थात् क्रमशः टीम सं. 18 और 02 को इस ऑपरेशन को अंजाम देने की जिम्मेदारी सौंपी गई। योजना बनाते समय, पास के जंगल/पहाड़ी क्षेत्र में 16-17 सशस्त्र माओवादियों की उपस्थिति के बारे में एक और खुफिया जानकारी मिली, जिसे कमांडेंट, 159 सीआरपीएफ द्वारा डीआईजी रेंज पटना को उपलब्ध कराया गया था और बाद में श्री महाले मनीष गोरख, द्वितीय कमान अधिकारी और श्री मुकेश कुमार सेवरिया, उप-कमाण्डेंट के साथ साझा किया गया। तदनुसार, अतिरिक्त सैनिकों को शामिल करके संशोधित योजना बनाई। मौनबार गांव में स्थित लक्षित घर की सटीक अवस्थिति की पहचान करने के लिए डीआईजी, रेंज पटना द्वारा एक अन्य स्रोत से भी परामर्श किया गया। लक्षित घर की सटीक अवस्थिति गांव के गूगल मानचित्र को दिखाकर चिह्नित की गई। लक्षित घर पहाड़ी से सटे मौनबार गांव से लगभग 770 मीटर उत्तर पूर्व में स्थित था।

जवानों को रणनीतिक रूप से तैनात किया गया, जिसमें हेड कांस्टेबल/जीडी पवन कुमार, कांस्टेबल/जीडी आदेश कुमार, कांस्टेबल/जीडी विप्लव कुमार और हेड कांस्टेबल/आरओ अंतेश कुमार लक्षित घर के दाईं ओर थे, जबकि श्री महाले मनीष गोरख, द्वितीय कमान अधिकारी, कांस्टेबल/जीडी विशाल कुमार यादव, श्री अनिल कुमार, सहायक कमांडेंट को घर के बाईं ओर तैनात किया गया। घर के सामने वाले हिस्से में, श्री मुकेश कुमार सेवरिया, उप-कमाण्डेंट के साथ कांस्टेबल/जीडी मनोज कुमार और निरीक्षक/इंट बिजय कुमार ठाकुर थे। घर के पीछे की तरफ, कांस्टेबल/जीडी सोमवीर और अन्य कमांडो को तैनात किया गया।

घर के आस-पास मौजूद सिविलियन नागरिकों, जिसमें घर में खेल रहा एक बच्चा भी शामिल था, को माओवादियों को भनक लगने दिए बिना सावधानीपूर्वक बाहर निकाला गया। नागरिकों को सुरक्षित निकालने के बाद माओवादियों को आत्मसमर्पण करने की सलाह दी गई, लेकिन इसका कोई फायदा नहीं हुआ, संदिग्ध घर का दरवाजा खुला और दो माओवादी तेजी से बाहर निकले तथा घेराबंदी दल पर अत्याधुनिक हथियारों से भारी गोलीबारी शुरू कर दी। उनकी गोलीबारी को घर के आस-पास की पहाड़ियों पर किए गए कुछ आईईडी विस्फोटों से और बल मिला, क्योंकि उस इलाके में हथियारबंद माओवादियों का एक और समूह भी मौजूद था। तथापि, जंगल युद्ध कला में निपुण सैनिकों के सख्त इरादों को भांपते हुए, वे अपने फंसे हुए माओवादी कमांडरों की मदद करने के लिए नीचे नहीं आए। माओवादियों ने घेराबंदी दल को भारी नुकसान पहुंचाने और उनके हथियार छीनने के इरादे से लक्षित घर से भारी गोलीबारी की। उसी समय, घर के अंदर मौजूद दो अन्य माओवादियों ने घेराबंदी दल की दिशा में अंदर के दरवाजे से गोलीबारी शुरू कर दी।

अपने कमांडर के आदेश के अनुसार ऑपरेशन कर रहे कमांडो ने खुद को और अपने हथियारों को बचाने के लिए नियंत्रित जवाबी गोलीबारी शुरू की। कोबरा कमांडो के समन्वित प्रयासों से, दुश्मन से भिड़ते समय फायर-एंड-मूव रणनीति का इस्तेमाल करते हुए, दो माओवादियों को लंबे समय तक हमला करने से रोककर रखा गया, जिसके परिणामस्वरूप बाद में उन्हें मार गिराया गया। तथापि, पास के एक घर में छिपे दो अन्य माओवादियों ने सुरक्षा बलों को गाली देते हुए भीतरी दरवाजे से भारी गोलीबारी जारी रखी।

श्री महाले मनीष गोरख, द्वितीय कमान अधिकारी से सहमति प्राप्त करने पर, श्री मुकेश कुमार सेवरिया, उप-कमाण्डेंट ने निरीक्षक/इंट. बिजय कुमार ठाकुर को अपने साथ लिया और श्री अनिल कुमार, सहायक कमांडेंट, कांस्टेबल/जीडी मनोज कुमार द्वारा कवर फायर के साथ रणनीतिक तरीके से माओवादियों की ओर आगे बढ़े। अपनी जान की परवाह किए बिना, श्री मुकेश कुमार सेवरिया, उप-कमाण्डेंट और निरीक्षक/

इंट. बिजय कुमार ठाकुर दुश्मनों द्वारा की गई गोलियों की बौछार के बीच उनकी ओर निडरता से रेंगते रहे। उन्होंने घर के अंदरूनी दरवाज़े पर पहुँचकर छोटे-छोटे पत्थरों के पीछे पोजिशन ले ली।

श्री मुकेश कुमार सेवरिया, उप-कमाण्डेंट ने स्वयं को पोजीशन करने के बाद अपने साथियों को कवर फायर बंद करने का संकेत दिया। गोलीबारी के अचानक बंद हो जाने से माओवादी अचंभित हो गए और अपने हमले को फिर से शुरू करने से पहले बाहर की स्थिति का आकलन करने के लिए भीतरी दरवाजे पर कुछ देर के लिए आए। इसी बीच, श्री मुकेश कुमार सेवरिया, उप-कमाण्डेंट और निरीक्षक/इंट. बिजय कुमार ठाकुर ने माओवादियों का सामने से मुकाबला करने का फैसला करते हुए एक साहसिक कदम उठाया। माओवादियों ने उन्हें मारने के प्रयास में अंधाधुंध गोलीबारी की, लेकिन वे बाल-बाल बच गए और तुरंत जवाबी कार्रवाई की। अचानक से किया गया हमला काम आया और माओवादी डर गए। सुरक्षा बलों से कोई राहत न मिलने पर, माओवादियों ने भागने का प्रयास किया और अंधाधुंध गोलीबारी करते हुए दरवाजे से बाहर निकल गए। श्री मुकेश कुमार, उप-कमाण्डेंट और निरीक्षक/इंट. बिजय कुमार ठाकुर उनके द्वारा कोई भी ऐसा कदम उठाए जाने का इंतजार कर रहे थे और उन्होंने भाग रहे माओवादियों पर एक घातक प्रहार किया, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें मार गिराया गया।

मुठभेड़ के बाद की गई तलाशी के दौरान, दो इनामी सहित चार कट्टर माओवादियों के शव बरामद किए गए, साथ ही 02 एके 47 राइफल, 01 एचके-33 राइफल और 01 इंसास राइफल सहित भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए। मारे गए माओवादियों की पहचान बाद में अमरेश सिंह भोक्ता, शिव पूजन यादव, उदय पासवान और सीता भुइया क्रमशः जोनल कमांडर तथा सब जोनल कमांडर के रूप में हुई।

इस ऑपरेशन में, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के सर्व/श्री महाले मनीष गोरख, द्वितीय कमान अधिकारी, मुकेश कुमार सेवरिया, उप-कमाण्डेंट, अनिल कुमार, सहायक कमाण्डेंट, बिजय कुमार ठाकुर, निरीक्षक, पवन कुमार, हेड कांस्टेबल, अन्तेश कुमार, हेड कांस्टेबल, मनोज कुमार, सिपाही, विप्लव कुमार, सिपाही, आदेश कुमार, सिपाही, सोमवीर, सिपाही और विशाल कुमार यादव, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

वीरता पदक (जीएम), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 85-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 16.03.2021 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/08/2023 - पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 146-प्रेज/2024—भारत की राष्ट्रपति, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित कार्मिक को वीरता पदक (जीएम) सहर्ष प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	श्री सुरेन्द्र कुमार यादव	हेड कांस्टेबल	वीरता पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

25 फरवरी 2022 को, लंगोराही, पचरुखिया, ब्रह्मदेव बथान, करिबा धोबा, बांदी और दूधझागरापहाड़ थाना मदनपुर, जिला औरंगाबाद, बिहार के आसपास छकरबंधा वन क्षेत्र में स्थित नक्सलियों के गढ़ में उनके एक सशस्त्र समूह की मौजूदगी के बारे में प्राप्त एक खुफिया इनपुट के आधार पर 205 कोबरा, 47 सीआरपीएफ और बिहार पुलिस द्वारा एक विशेष अभियान चलाया गया। 205 कोबरा की टीम संख्या 01, 02 और 10 को 47 सीआरपीएफ की 'ए' कंपनी के साथ लगभग 1100 बजे लक्ष्य क्षेत्र पर हमला करने का काम सौंपा गया।

टीम-02 का नेतृत्व श्री बिभोर कुमार सिंह, सहायक कमांडेंट ने किया, जिसमें हेड कांस्टेबल/आरओ सुरेंद्र कुमार यादव भी शामिल थे। यह टीम मुख्य हमला टीम थी और जब वे करीबडोभा में चिह्नित किए गए स्थान की ओर बढ़ रहे थे, तब बगल की पहाड़ी पर पत्थरों के पीछे छिपे हुए नक्सलियों की भारी गोलीबारी की चपेट में आ गए।

इसकी जवाबी कार्रवाई में, टीम कमांडर श्री बिभोर कुमार सिंह के साथ मौजूद हेड कांस्टेबल/आरओ सुरेन्द्र कुमार यादव ने अपनी टीम को दाएं किनारे से तेजी से आगे बढ़ाया और नक्सलियों द्वारा लगाए गए घात में फंसी हुई टीम को सहायता प्रदान की तथा उनके द्वारा लगाए गए घात को विफल कर दिया। नक्सलियों ने "कमांड एंड प्रेशर आईईडी" लगाकर अपनी सुरक्षा को मजबूत किया था । इस नक्सली हमले का मुकाबला

करने के लिए और गंभीर एवं खतरनाक परिस्थितियों को देखते हुए, सैनिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सर्वोच्च प्राथमिकता थी। हेड कांस्टेबल/आरओ सुरेंद्र कुमार ने अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना आगे बढ़ना जारी रखा और नक्सलियों के साथ हो रही गोलीबारी में अपने टीम कमांडर का साथ दिया। किनारे से अचानक हुई इस भारी गोलीबारी ने नक्सलियों का मनोबल गिरा दिया और वे मौके से भागने लगे। पीछे हटते समय, नक्सली पत्थरों और पेड़ों को ढ़ाल बनाकर सैनिकों पर लगातार गोलीबारी करते रहे।

जवाबी कार्रवाई के दौरान, हेड कांस्टेबल/आरओ सुरेन्द्र कुमार यादव और श्री बिभोर कुमार सिंह, सहायक कमांडेंट एक आईईडी विस्फोट की चपेट में आ गए, जिसके परिणामस्वरूप वे गंभीर रूप से घायल हो गए। जीवन के लिए अत्यंत खतरनाक स्थिति और गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद, हेड कांस्टेबल/आरओ सुरेंद्र कुमार यादव ने अपना धैर्य बनाए रखा और साहसपूर्वक गोलीबारी जारी रखी। उन्होंने तेज दर्द और असहनीय पीड़ा होते हुए भी अपनी टीम को कवर फायर प्रदान करके उच्चतम स्तर की वीरता, दृढ़ संकल्प और बहादुरी का प्रदर्शन किया। उन्होंने अपनी गोलीबारी में निरंतरता बनाए रखी और एक सिग्नल-मेन के रूप में अपनी मुख्य भूमिका अर्थात निर्बाध कमांड एंड कंट्रोल सुनिश्चित करने को प्रभावी ढंग से निभाया। उनके वीरतापूर्ण कार्य और दृढ़ निश्चय ने उनकी टीम को समन्वित और निरंतर जवाबी हमला करने में सक्षम बनाया, जिससे नक्सलियों को पीछे हटने पर मजबूर होना पड़ा। इससे, अंततः उनके साथी सैनिकों की जान बच गई और 205 कोबरा के सैनिकों के लिए पहाड़ी की चोटी को सुरक्षित करने और उस क्षेत्र पर नियंत्रण स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त हुआ।

हेड कांस्टेबल/आरओ सुरेंद्र कुमार यादव द्वारा प्रदर्शित असाधारण साहस और सूझबूझ ने नक्सली समूह को पीछे हटने पर मजबूर किया, जिसके परिणामस्वरूप उनकी टीम के अन्य सदस्यों की जान बच गई। गंभीर चोटों से जूझते रहने के बावजूद भी, उनके संकल्प, दृढ़ निश्चय और निरंतर किए गए जवाबी हमलों ने, नक्सलियों को मुठभेड़ क्षेत्र में अपनी पोजीशन से पीछे हटने के लिए मजबूर कर दिया। बहादुरी के इस कार्य ने न केवल जवानों की जान बचाई बल्कि नक्सली कैंप को ध्वस्त करने में भी योगदान दिया। इस ऑपरेशन के दौरान, घटनास्थल से बड़ी मात्रा में आईईडी बनाने की सामग्री बरामद की गई।

इस ऑपरेशन में, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के श्री सुरेन्द्र कुमार यादव, हेड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

वीरता पदक (जीएम), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 85-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 25.02.2022 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/137/2023 - पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 147-प्रेज/2024—भारत की राष्ट्रपति, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित कार्मिकों को वीरता पदक (जीएम) और वीरता पदक का प्रथम बार सहर्ष प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्व/श्री	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	तेजा राम चौधरी	सहायक कमाण्डेंट	वीरता पदक का प्रथम बार
2.	गणेश चन्द जाट	सिपाही	वीरता पदक
3.	जीत तांती	सिपाही	वीरता पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

02 अक्टूबर, 2022 को, गांव बसकुचन, पुलिस स्टेशन इमामसाहिब, जिला शोपियां, जम्मू और कश्मीर में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शोपियां से प्राप्त विशेष सूचना के आधार पर 178 सीआरपीएफ, 44 आरआर और जम्मू और कश्मीर पुलिस के एसओजी द्वारा एक संयुक्त घेराबंदी एवं तलाशी अभियान (सीएएसओ) शुरू किया गया। श्री तेजा राम चौधरी, सहायक कमाण्डेंट के नेतृत्व में

178 सीआरपीएफ की सीटीटी तथा जम्मू और कश्मीर पुलिस के एसओजी इमामसाहिब एक साथ बसकुचन गांव पहुंचे और प्रारंभिक घेराबंदी की।

लक्षित घर के आस-पास के आठ घरों की घेराबंदी की गई और वहां से भागने के सभी संभावित रास्ते बंद कर दिए गए। घेरे के भीतर के घरों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया और आतंकवादियों की संभावित मौजूदगी के बारे में उनसे पूछताछ की गई। इस बीच, जम्मू और कश्मीर पुलिस द्वारा साझा की गई एक सूचना से लक्षित घर में आतंकवादी नसीर अहमद भट की मौजूदगी की पुष्टि हुई ।

श्री तेजा राम चौधरी, सहायक कमाण्डेंट ने कमांडेंट, 178 सीआरपीएफ को तुरंत सूचना दी कि एक आतंकवादी आंतरिक घेरे में फंसा हुआ है। 44 आरआर की एक टीम भी वहां पहुंची तथा आंतरिक घेरे को और मजबूत किया। यह देखते हुए कि वहां फंसा हुआ आतंकवादी एक स्थानीय निवासी था, दो अतिरिक्त कंपनियों, अर्थात् 178 सीआरपीएफ की 'डी' कंपनी और 178 सीआरपीएफ की 'ई' कंपनी को क्रमशः बसकुचन-नौपोरा छोर और बसकुचन-सांगरेन रोड पर कानून और व्यवस्था की किसी भी संभावित परिस्थिति से निपटने के लिए तैनात किया गया। 178 सीआरपीएफ की क्यूएटी भी मुठभेड़ स्थल पर पहुंची और बाहरी घेरे में पोजीशन ली।

सैनिकों को रणनीतिक रूप से पोजीशन करने के बाद, लक्षित घर के मालिक से उसके घर में छिपे आतंकवादियों की सही संख्या के बारे में पूछताछ की गई। उसने पुष्टि की कि एके सीरीज के हथियार से लैस केवल एक आतंकवादी, नसीर अहमद भट वहां मौजूद था। इसके अतिरिक्त, कुछ स्थानीय निवासियों ने यह जानकारी दी कि फ़ज्र नमाज (सुबह की पहली नमाज) के दौरान गांव में हथियार के साथ दो अज्ञात व्यक्ति देखे गए थे, तथापि उनकी सही पोजीशन की पुष्टि नहीं हुई।

योजना के अनुसार, लक्षित घर के आस-पास के चार घरों को फायरबेस के रूप में चिह्नित किया गया, जहां हमला और एचआईटी दलों को तैनात किया गया, जिसमें 178 सीआरपीएफ की सीटीटी, जम्मू और कश्मीर पुलिस के एसओजी की एक टीम और 44 आरआर की एक टीम शामिल थी। निर्देशानुसार, कुछ सैनिकों को क्रमश: फायरबेस/घर सं. 35 और फायरबेस/घर सं. 70 के पास तैनात किया गया। सीटीटी 178 के सहायक कमाण्डेंट श्री तेजा राम चौधरी के नेतृत्व में सीटी/जीडी गणेश चंद जाट और सीटी/जीडी जीत तांती को फायरबेस/लक्षित घर के पास तैनात किया गया। इसके अलावा, जैनापोरा और गगरेन से आई दो और एसओजी टीमें इस ऑपरेशन में शामिल हुईं।

फायरबेस में हमला दलों की तैनाती के बाद, आतंकवादी से आत्मसमर्पण करने की अपील की गई; तथापि, उसने कोई उत्तर नहीं दिया। फंसे हुए आतंकवादी ने लक्षित घर से सटे एक नवनिर्मित बाथरूम में पोजीशन ले ली और सैनिकों को नुकसान पहुँचाने के इरादे से आंतरिक घेरा पार्टी पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। तदनुसार, कमांड पोस्ट से टीम कमांडर द्वारा सभी टीमों को सतर्क किया गया और इसके प्रत्युत्तर में फायर बेस के पास तैनात सैन्य दलों ने भी सभी आवश्यक सावधानियां बरतते हुए प्रभावी ढंग से जवाबी कार्रवाई की।

इसके बाद, जब आतंकी की तरफ से कोई हरकत नहीं देखी गई तो उसकी सही लोकेशन का पता लगाने के लिए ड्रोन तैनात किए गए। जैसे ही ड्रोन बाथरूम के आसपास पहुंचा, आतंकी के छिपे होने का पता चला। आतंकी बाथरूम के अंदर छिपा हुआ था, जहां से भाग निकलने का कोई रास्ता नहीं था। इस समय, एक साथ गोलीबारी करके बाथरूम की दीवारों को तोड़ने का फैसला किया गया। इसके बाद, संयुक्त टीमों ने बाथरूम की ऊपरी दीवार को तोड़ने के लिए फायरबेस से एक साथ फायरिंग शुरू कर दी। इसके जवाब में, बाथरूम में छिपे आतंकी ने फायर बेस के पास तैनात सैन्य दलों की ओर निशाना साधते हुए अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी।

एसओजी इमामसाहिब तथा 178 सीआरपीएफ की सीटीटी की टीमें लक्षित घर के काफी करीब पहुंचीं और बाथरूम की दीवारों को तोड़ने में कामयाब हो गई। जैसे ही आतंकवादी फायरबेस/लक्षित घर से की जाने वाली गोलीबारी की रेंज में आया, सीटीटी/178 सीआरपीएफ के श्री तेजा राम चौधरी, सहायक कमाण्डेंट और उनके साथी सीटी/जीडी गणेश चंद जाट तथा सीटी/जीडी जीत तांती अपनी पोजीशन से बाहर आए और अदम्य साहस का परिचय दिया एवं अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना आतंकवादी पर एक साथ प्रभावी गोलीबारी की और उसे मौके पर ही मार गिराया।

इसके बाद, संयुक्त सैन्य दस्ते द्वारा पूरे इलाके की गहन तलाशी ली गई ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि लक्षित घर में और उसके आसपास कोई अन्य आतंकवादी छिपा न हो। मुठभेड़ के बाद की गई तलाशी के दौरान, एक आतंकवादी का शव बरामद किया गया, जिसकी पहचान बाद में हिजबुल मुजाहिदीन आतंकी संगठन के श्रेणी-'सी' के नसीर अहमद भट के रूप में हुई, जिसके पास से 01 एके 56 राइफल, एके 56 के 03 मैगजीन तथा एके 56 के 11 कारतूस बरामद किए गए।

इस ऑपरेशन में, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के सर्व/श्री तेजा राम चौधरी, सहायक कमाण्डेंट, गणेश चन्द जाट, सिपाही और जीत तांती, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

वीरता पदक (जीएम), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 85-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 02.10.2022 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/10/2023 - पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 148-प्रेज/2024—भारत की राष्ट्रपति, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित कार्मिकों को वीरता पदक (जीएम) और वीरता पदक का द्वितीय बार सहर्ष प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्व/श्री	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	तेजा राम चौधरी	सहायक कमाण्डेंट	वीरता पदक का द्वितीय बार
2.	चन्दन कुमार	सिपाही	वीरता पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 10/11 नवम्बर, 2022 को, गांव कपरेन, पुलिस स्टेशन और जिला शोपियां, जम्मू एवं कश्मीर में कुछ आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शोपियां से प्राप्त एक विशेष सूचना के आधार पर, 178 सीआरपीएफ, 34 आरआर और जम्मू एवं कश्मीर पुलिस के एसओजी द्वारा एक संयुक्त घेराबंदी एवं तलाशी अभियान (सीएएसओ) शुरू किया गया। योजना के अनुसार, श्री तेजा राम चौधरी, सहायक कमाण्डेंट के नेतृत्व में 178 सीआरपीएफ के सीटीटी, 34 आरआर और जम्मू एवं कश्मीर पुलिस के एसओजी एक साथ लगभग 0420 बजे लक्षित स्थान पर पहुंचे और प्रारंभिक घेराबंदी की।

वहां की स्थिति के आकलन और उस पर गहन विचार-विमर्श के बाद, 4-5 संदिग्ध घरों, एक मदरसा और एक छोटी मस्जिद, जिनमें से प्रत्येक के बीच की दूरी 15-20 फीट के बीच की थी, को आंतरिक घेरे में रखा गया। मदरसे का पिछला हिस्सा ऊँचाई पर स्थित था और सेब के घने बागों से घिरा हुआ था, जिसकी घेराबंदी को 178 सीआरपीएफ की क्यूएटी द्वारा और अधिक मजबूत किया गया।

योजना के अनुसार, सैनिकों ने तलाशी अभियान शुरू किया और मदरसे के शिक्षकों तथा छात्रों सहित इन घरों में रहने वाले सभी लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। बाहर निकाले गए लोगों से हुई पूछताछ के दौरान, नसीर अहमद मीर (मदरसा शिक्षक) ने खुलासा किया कि वह मारे गए आतंकवादी रईस अहमद मीर का भाई है, जिसे 08 दिसंबर, 2021 को जम्मू और कश्मीर के शोपियां के चेक-चोलन गाँव में चलाए गए संयुक्त अभियान के दौरान मार गिराया गया था। सीटीटी 178 सीआरपीएफ के सहायक कमाण्डेंट श्री तेजा राम चौधरी द्वारा की गई गहन पूछताछ के बाद, नसीर अहमद मीर (मदरसा शिक्षक) ने स्वीकार किया कि 09 नवंबर, 2022 को एक पाकिस्तानी आतंकवादी कुलगाम से उसके साथ आया था, जो वर्तमान में सैनिकों द्वारा घेराबंदी किए गए भवनों में से किसी एक भवन में छिपा हुआ है।

उपरोक्त सूचना के आधार पर, छिपे हुए आतंकवादी का पता लगाने के लिए गहन तलाशी शुरू की गई। यद्यपि नसीर अहमद मीर (मदरसा शिक्षक) ने आतंकवादी को देखा था, तथापि श्री तेजा राम चौधरी, सहायक कमाण्डेंट उसे घर सं. 143 में ले गए। घर सं. 143 की गहन तलाशी के बाद, नसीर अहमद मीर ने आगे खुलासा किया कि उसने पाकिस्तानी आतंकवादी को मदरसा और मस्जिद के बीच छोड़ दिया था।

लगभग 0540 बजे , जब संदिग्ध घरों की तलाशी पूरी होने वाली थी और सैनिक अंतिम घर के करीब पहुंच रहे थे, छिपे हुए आतंकवादी ने सैनिकों पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी, जिसका सैनिकों ने प्रभावी ढंग से जवाब दिया।

सैनिकों द्वारा चारों तरफ से की गई मजबूत घेराबंदी को देखते हुए छिपे हुए आतंकवादी ने वहां तैनात सैनिकों पर जोरदार हमला किया। मस्जिद के चारों ओर तैनात सैनिकों ने इस हमले का प्रभावी ढंग से जवाब दिया जिसके परिणामस्वरूप छिपे हुए आतंकवादी ने खुद को

मस्जिद के अंदर फंसा पाया, क्योंकि घरों के समूह की ओर जाने वाली एक संकरी गली के अलावा भागने का कोई अन्य रास्ता नहीं था। घेराबंदी से भागने की कोशिश में आतंकवादी गली में कूद गया, हालांकि श्री तेजा राम चौधरी, सहायक कमाण्डेंट और उनके साथी सीटी/बग चंदन कुमार, सीटीटी 178 सीआरपीएफ ने अदम्य साहस का परिचय दिया तथा व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना भागने की कोशिश में भारी गोलीबारी कर रहे आतंकवादी पर प्रभावी गोलीबारी शुरू की और इस मुठभेड़ में उक्त आतंकवादी को मार गिराया गया।

आतंकवादी को मार गिराने के बाद, सैनिकों ने पूरे इलाके की व्यापक तलाशी ली ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि लक्षित घर में और उसके आसपास कोई अन्य आतंकवादी मौजूद न हो। मुठभेड़ के बाद की तलाशी के दौरान, एक आतंकवादी का शव बरामद किया गया, जिसकी पहचान बाद में जैश-ए-मोहम्मद के श्रेणी-'ख' आतंकवादी अनीस भाई के रूप में हुई, जिसके पास से 01 एके-74 राइफल, एके-74 राइफल की 04 मैगजीन, एके राइफल के 82 कारतूस और 8 एपीआई कारतूस बरामद किए गए।

इस ऑपरेशन में, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के सर्व/श्री तेजा राम चौधरी, सहायक कमाण्डेंट और चन्दन कुमार, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

वीरता पदक (जीएम), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 85-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 10.11.2022 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/139/2023 - पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 149-प्रेज/2024—भारत की राष्ट्रपति, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित कार्मिकों को वीरता पदक (जीएम) सहर्ष प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्व/श्री	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	दिल राम यादव	सहायक उप-निरीक्षक	वीरता पदक
2.	अजित दास	सिपाही	वीरता पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 04-05 अक्टूबर, 2022 की मध्यरात्रि में, गांव मोलू, पुलिस स्टेशन और जिला शोपियां, जम्मू और कश्मीर में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में प्राप्त एक विशेष सूचना के आधार पर, 178 सीआरपीएफ, 44 आरआर और जम्मू और कश्मीर पुलिस के एसओजी द्वारा एक संयुक्त घेराबंदी एवं तलाशी अभियान (सीएएसओ) शुरू किया गया था। तदनुसार, श्री तेजा राम चौधरी, सहायक कमाण्डेंट के नेतृत्व में 178 सीआरपीएफ के सीटीटी के साथ-साथ 44 आरआर तथा जम्मू और कश्मीर पुलिस, इमामसाहिब के एसओजी की संयुक्त टीमें लगभग 0325 बजे लक्षित स्थान पर पहुंची और प्रारंभिक घेराबंदी की।

इस बीच, श्री प्रमेंद्र नारायण, उप-कमाण्डेंट के नेतृत्व में 178 सीआरपीएफ की क्यूएटी लक्षित स्थान पर पहुंची और इसे कानून एवं व्यवस्था की स्थिति को संभालने के लिए बाहरी घेरे में तैनात किया गया। प्राप्त सूचना के अनुसार, एक आतंकवादी गांव मोलू के बाजार क्षेत्र में मौजूद था। परिणामस्वरूप, बाजार क्षेत्र के बीच में संदिग्ध घरों और दुकानों के एक समूह की घेराबंदी करके तलाशी अभियान शुरू किया गया।

सेना के जवानों ने तीन दिशाओं से बाजार क्षेत्र में प्रवेश किया। जब तलाशी दल मोलू गांव के मुख्य बाजार मार्ग पर पहुंचा, तब नवीनतम सूचना से पता चला कि आतंकवादी एक दो मंजिला शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में घुस गया है, जो घर सं. 16 और 17 के ठीक सामने सड़क के दूसरी तरफ अवस्थित था।

तत्काल, आसपास के घरों और शॉपिंग कॉम्प्लेक्स क्षेत्र में उपस्थित सभी सिविलियन नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। इसके साथ ही, सैन्य दल घर सं. 16 और 17 की गैलरी में पश्चिम की ओर से दाखिल हुआ और उन्होंने वहां से भाग निकलने के सभी संभावित रास्तों को बंद कर दिया। सैन्य दल द्वारा संयुक्त रूप से घर सं. 16 और 17 के पास एक फायरबेस बनाया गया। 178 सीआरपीएफ के सीटीटी के एएसआई/जीडी दिल राम यादव के नेतृत्व में सीटी/जीडी अजित दास और अन्य सैनिकों को फायरबेस सं. 16 के पास तैनात किया गया।

सीटीटी 178 सीआरपीएफ के जवानों और 44 आरआर तथा जम्मू और कश्मीर पुलिस की एसओजी की टीमों को फायरबेस/घर सं. 17 के पास तैनात किया गया। फायरबेस के पास संयुक्त टीमों की तैनाती सुनिश्चित होने के बाद आतंकवादी से आत्मसमर्पण करने को कहा गया; लेकिन उसने कोई जवाब नहीं दिया। छिपे हुए आतंकवादी ने संयुक्त घेराबंदी टीमों पर शॉपिंग कॉम्प्लेक्स से अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। घर सं. 16 और 17 के फायरबेस के पास तैनात सैनिकों ने आवश्यक जवाबी कार्रवाई की। इसके पश्चात, गहन विचार-विमर्श के बाद, शॉपिंग कॉम्पलेक्स की दक्षिणी दीवार को तोड़कर उसमें प्रवेश करने का निर्णय लिया गया। तदनुसार, दुकान की दीवार को ध्वस्त करने के लिए सैनिकों द्वारा ग्रेनेड का उपयोग किया गया। ग्रेनेड के विस्फोटों के परिणामस्वरूप, दुकान की दीवार के क्षतिग्रस्त होते ही अंदर छिपा हुआ आतंकवादी बाहर आ गया और सैनिकों को मारने के प्रयास में अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। सैन्य दलों द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई के दौरान, आतंकवादी घायल हो गया, लेकिन उसने आंतरिक घेरे में तैनात संयुक्त सैन्य दलों पर अंधाधुंध गोलीबारी जारी रखी।

इस निर्णायक मोड़ पर, फायरबेस/घर सं. 16 के पास तैनात एएसआई/जीडी दिल राम यादव के नेतृत्व वाली टीम भारी गोलीबारी की चपेट में आ गई, लेकिन उन्होंने आतंकवादी द्वारा की गई गोलीबारी से खुद को बचाने में चतुराई दिखाई और इसमें वे कामयाब रहे। आतंकवादी फायरबेस/घर सं. 16 के ठीक सामने पोजीशन लिए हुए था, जिसके कारण गोलियों की एक जबरदस्त बौछार खिड़कियों के माध्यम से फायरबेस में सीधे प्रवेश कर गई। तथापि, फायरबेस/घर सं. 16 के पास तैनात सैनिकों ने आतंकवादी की गतिविधियों पर तत्परता से निगरानी करके खुद को प्रभावी रूप से सुरक्षित किया। आतंकवादी के सैनिकों की गोलीबारी की रेंज में आते ही फायरबेस/घर सं. 16 के भीतर पहले से पोजीशन लिए हुए एएसआई/जीडी दिल राम यादव और सीटी/जीडी अजित दास ने अदम्य साहस का परिचय दिया। दोनों ने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना और एक समन्वित प्रयास में आतंकवादी पर प्रभावी गोलीबारी की तथा उसे मौके पर ही मार गिराया।

आतंकवादी के मारे जाने के बाद, सैनिकों ने पूरे इलाके की गहन तलाशी ली, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि लक्षित घर में और उसके आसपास कोई अन्य आतंकवादी मौजूद न हो। मुठभेड़ के बाद ली गई तलाशी के दौरान एक आतंकवादी का शव बरामद हुआ, साथ ही 01 एके 56 राइफल, 04 एके 56 मैगजीन और 12 जिंदा कारतूस बरामद किए गए। मारे गए आतंकवादी की पहचान बाद में लश्कर-ए- तैयबा संगठन के श्रेणी "ग" आतंकवादी आरिफ राशिद वानी के रूप में हुई।

इस ऑपरेशन में, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के सर्व/श्री दिल राम यादव, सहायक उप-निरीक्षक और अजित दास, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

वीरता पदक (जीएम), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 85-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 04.10.2022 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/147/2023 - पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 150-प्रेज/2024—भारत की राष्ट्रपति, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित कार्मिकों को वीरता पदक (जीएम) सहर्ष प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्व/श्री	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	उमेश यादव	उप-कमाण्डेंट	वीरता पदक
2.	सब्जार अहमद भट	सिपाही	वीरता पदक
3.	राज कुमार	सिपाही	वीरता पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

26 मई 2022 को लगभग 2105 बजे, पुलिस स्टेशन/पीडी अवंतीपोरा, जिला पुलवामा, जम्मू एवं कश्मीर के अंतर्गत अघंजिपोरा गांव में 02-03 आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अवंतीपोरा से प्राप्त विशेष सूचना के आधार पर 130 सीआरपीएफ, जेकेपी/एसओजी और 55 आरआर द्वारा एक संयुक्त घेराबंदी एवं तलाशी अभियान (सीएएसओ) शुरू किया गया।

योजनानुसार, सीटीटी 130 सीआरपीएफ और एसओजी जम्मू एवं कश्मीर पुलिस प्रारंभिक घेराबंदी करने के लिए लक्षित क्षेत्र में गए। श्री उमेश यादव, उप-कमाण्डेंट, 130 सीआरपीएफ को मुख्यालय शिविर में बीपी जेसीबी के साथ तैयार रहने का निर्देश दिया गया। सुरक्षा दस्ते के साथ कमाण्डेंट, 130 सीआरपीएफ को 130 सीआरपीएफ की 'डी' कंपनी और एक प्लाटून के साथ कानून और व्यवस्था की संभावित स्थिति से निपटने के लिए पदगामपोरा पुल के पास तैनात किया गया था।

भागने के सभी संभावित मार्गों को बंद करने के लिए लक्षित क्षेत्र के चारों ओर एक घेरा बनाया गया। 130 सीआरपीएफ के शेष जवानों को बाहरी घेरे में जंगल की ओर रणनीतिक रूप से तैनात किया गया। आतंकवादियों की मौजूदगी की पुष्टि होने के बाद, उनका खात्मा करने हेतु तलाशी अभियान शुरू करने के लिए एक योजना पर विचार-विमर्श करने के बाद उसे अंतिम रूप दिया गया। लगभग 2130 बजे, तलाशी शुरू होने के बाद, आतंकवादियों ने अघंजिपोरा गांव के सबसे पश्चिमी बाहरी क्षेत्र में अवस्थित सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग के खाली पड़े हुए एक मंजिला भवन से तलाशी दल पर गोलीबारी शुरू कर दी। गोलीबारी का प्रभावी ढंग से जवाब दिया गया और आतंकवादियों से आत्मसमर्पण करने की अपील की गई, लेकिन कोई उत्तर नहीं मिला। आतंकवादियों ने संयुक्त सैन्य दस्ते पर रुक-रुक कर गोलीबारी जारी रखी, जिसका प्रभावी ढंग से जवाब दिया गया।

लगभग 2200 बजे, एक आतंकवादी ने आंतरिक घेरे में तैनात सैनिकों पर गोलीबारी शुरू कर दी। आतंकवादियों ने उपरोक्त भवन की मोटी और मजबूत दीवारों की आड़ में खुद को रणनीतिक रूप से पोजीशन किया था, जिसके परिणामस्वरूप आतंकवादियों पर प्रभावी गोलीबारी करना बहुत मुश्किल था। इसी बीच, बटालियन मुख्यालय में बीपी जेसीबी के साथ मौजूद उप-कमाण्डेंट श्री उमेश यादव को सुरक्षित/सुगम मार्ग अपनाते हुए मुठभेड़ स्थल की ओर बढ़ने और आवश्यकता पड़ने पर आगे की कार्रवाई के लिए तैयार स्थिति में पदगामपोरा गांव में डी/एफ 130 सीआरपीएफ के पास रुकने के लिए कहा गया। श्री उमेश यादव, उप-कमाण्डेंट की निगरानी में सीटी/डीवीआर राज कुमार, 185 सीआरपीएफ ने बीपी जेसीबी (साथ लगे मोर्चे के साथ) को घटनास्थल पर पहुंचाया। श्री उमेश यादव, उप-कमाण्डेंट, 130 सीआरपीएफ के साथ बीपी जेसीबी चालक 185 सीआरपीएफ के सीटी/डीवीआर राज कुमार को पहली टीम में रखा गया और वे चालक के केबिन से बाहर देख पाने की स्थिति में थे। सीटी/जीडी सब्जार अहमद भट तथा अन्य को दूसरी टीम में रखा गया और उन्होंने बीपी जेसीबी के साथ लगे मोर्चे में पोजीशन ली।

दोनों टीमें जैसे ही बीपी जेसीबी के साथ लक्षित घर के पास पहुंची, आतंकवादियों ने चालक के केबिन और साथ लगे मोर्चे को निशाना बनाते हुए बीपी जेसीबी पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी तथा दो हथगोले भी फेंके जो बीपी जेसीबी से कुछ मीटर दूर फटे। अंधेरे, घनी झाड़ियों और हथगोले के विस्फोट के कारण चारों ओर फैले धूल और धुएं के कारण भवन की दीवार की आड़ में छिपे आतंकवादियों की पोजीशन का पता नहीं चल रहा था। बीपी जेसीबी के केबिन में मौजूद उप-कमाण्डेंट श्री उमेश यादव ने सीटी/डीवीआर राज कुमार (बीपी जेसीबी चालक) को आगे बढ़ने और लक्षित घर के कमरे की दीवार को ध्वस्त करने का निर्देश दिया। पहले कमरे की दीवार के आंशिक रूप से ध्वस्त होते ही वहां छिपे हुए आतंकवादियों में से एक की पोजीशन का पता चला। श्री उमेश यादव, उप-कमाण्डेंट ने ज्योंही ड्राइवर केबिन के लूप होल से आतंकवादी को निशाना बनाया, उसने अपनी पोजीशन बदली और साथ लगे मोर्चे पर गोलीबारी शुरू कर दी। साथ ही, गोलीबारी के बीच; आतंकवादी बीपी जेसीबी के ड्राइवर केबिन के काफी करीब आ गया। तुरंत, बीपी जेसीबी के ड्राइवर केबिन में पहले से ही तैनात श्री उमेश यादव, उप-कमाण्डेंट ने साहस का परिचय दिया और अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना आतंकवादी पर प्रभावी गोलीबारी की तथा उसे बंदूक की नजदीकी लड़ाई में मार गिराया।

श्री उमेश यादव, उप-कमाण्डेंट के नेतृत्व में सीटी/डीवीआर राज कुमार ने बीपी जेसीबी को चलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और दिए गए निर्देशों का बहुत ही पेशेवर तरीके से पालन किया। पहले आतंकवादी के खात्मे के बाद, लक्षित घर के एक अन्य कमरे में छिपे दूसरे आतंकवादी ने बीपी जेसीबी के साथ लगे मोर्चे में तैनात टीम पर गोलीबारी शुरू कर दी। श्री उमेश यादव, उप-कमाण्डेंट ने पहले कमरे का मलबा साफ करते समय सीटी/डीवीआर राज कुमार को लक्षित घर के दूसरे कमरे की दीवार को ध्वस्त करने का निर्देश दिया। बीपी जेसीबी द्वारा दूसरे कमरे की दीवार को नष्ट करने के बाद वहां छिपे हुए दूसरे आतंकवादी की पोजीशन का पता चला। इसे भांपते हुए, दूसरे आतंकवादी ने बीपी जेसीबी के साथ लगे मोर्चे में तैनात टीम पर गोलीबारी शुरू कर दी। बीपी जेसीबी के साथ लगे मोर्चे में पहले से तैनात सीटी/जीडी सब्जार अहमद भट ने अदम्य साहस का परिचय दिया और अपनी निजी सुरक्षा की परवाह किए बिना दूसरे आतंकवादी पर प्रभावी गोलीबारी की एवं बंदूक की नजदीकी लड़ाई में उसे मार गिराया।

मुठभेड़ खत्म होने के बाद, संयुक्त सैन्य दस्ते ने पूरे इलाके की गहन तलाशी ली। तलाशी के दौरान, दो आतंकियों के शव बरामद हुए, साथ ही उनके पास से एके 56-01, एके मैगजीन-04, एके कारतूस-43, पिस्तौल-01, पिस्तौल मैगजीन-02 और पिस्तौल कारतूस-06 बरामद किए गए। मारे गए आतंकियों की पहचान बाद में लश्कर-ए-तैयबा संगठन के शाहिद मुश्ताक, श्रेणी "सी" और फरहान हबीब, श्रेणी "सी" के रूप में हुई। मारे गए दोनों आतंकवादी 25 मई, 2022 को बडगाम में मासूम टीवी अदाकारा/कलाकार अमरीन भट की नृशंस हत्या और उनके नाबालिग भतीजे को घायल करने में भी शामिल थे।

इस ऑपरेशन में, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के सर्व/श्री उमेश यादव, उप-कमाण्डेंट, सब्जार अहमद भट, सिपाही और राज कुमार, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

वीरता पदक (जीएम), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 85-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 26.05.2022 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/163/2023 - पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 151-प्रेज/2024—भारत की राष्ट्रपति, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित कार्मिकों को वीरता पदक (जीएम) सहर्ष प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्व/श्री	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	नरेश कुमार	हेड कांस्टेबल	वीरता पदक
2.	पंचाल पंकजभाई दशरथभाई	हेड कांस्टेबल	वीरता पदक
3.	हिमांशु हालदार	सिपाही	वीरता पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

11 जुलाई, 2022 को, 130 सीआरपीएफ की ऑपरेशनल कमान में 152 सीआरपीएफ की एफ कंपनी की एक टीम को एसएएनजेवाई-22 के दौरान पुलिस स्टेशन अवंतीपोरा, पुलवामा, जम्मू और कश्मीर के अंतर्गत वंडकपोरा-गोरिपोरा क्रॉसिंग पर नाका ड्यूटी के लिए तैनात किया गया था। लगभग 1215 बजे, एनएच 44 के आसपास के क्षेत्र में कुछ संदिग्ध आतंकवादियों की गतिविधि के बारे में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अवंतीपोरा से एक विशेष सूचना प्राप्त हुई। तुरंत, यह सूचना सैन्य दस्तों और स्थानीय पुलिस को सतर्क रहने तथा निर्दिष्ट नाकों पर वाहनों की तलाशी लेने के निर्देश के साथ प्रसारित की गई ।

लगभग 1225 बजे, पदगामपोरा की तरफ से मोटरसाइकिल पर दो व्यक्ति आए। नाका चौकी के पास पहुंचने पर, 152 सीआरपीएफ की 'एफ' कंपनी के एचसी/जीडी पंचाल पंकजभाई दशरथभाई और उनके साथी सीटी/जीडी हिमांशु हालदार ने मोटरसाइकिल को रुकने का इशारा किया। तथापि, मोटरसाइकिल सवार नहीं रूके, साथ ही पीछे बैठे युवक ने तेजी से अपनी पिस्तौल निकाली और चलती मोटरसाइकिल से नाका पार्टी की ओर गोलीबारी शुरू कर दी। परिणामस्वरूप, दोनों सैनिक आतंकवादियों की गोलीबारी से खुद को बचाने के लिए तुरंत सड़क पर पड़े लकड़ी के लट्ठों के पीछे छिप गए। इसके साथ ही वंडकपोरा की ओर कट-ऑफ मार्ग पर तैनात एचसी/जीडी नरेश कुमार और उनके साथी ने आत्मरक्षा में उनपर गोलियां चलाई, जिसके कारण दोनों आतंकवादी अपनी मोटरसाइकिल से उतरकर भागने लगे।

उन्होंने पेड़ों के पीछे पोजीशन ले ली और नाका पार्टी पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिस पर सैनिकों ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की।

आतंकवादी हमले की सूचना तुरंत उच्च अधिकारियों को दी गई तथा घटनास्थल पर की गई घेराबंदी को और मजबूत करने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा बलों को भेजा गया, जिसमें कंपनी क्यूआरटी, जम्मू और कश्मीर पुलिस/एसओजी, अपने सुरक्षा दल के साथ कमांडेंट 130 सीआरपीएफ, सीटीटी 130 सीआरपीएफ, क्यूएटी 130 सीआरपीएफ और 50 आरआर शामिल थे। स्थिति की समीक्षा की गई और सुरक्षा बलों ने भागने के सभी संभावित रास्तों को बंद कर दिया।

मुठभेड़ के दौरान, एक आतंकवादी ने एचसी/जीडी पंचाल पंकजभाई दशरथभाई और उसके साथी सीटी/जीडी हिमांशु हालदार पर अपने स्वचालित हथियार से अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए, एचसी/जीडी पंचाल पंकजभाई दशरथभाई ने तुरंत कवर फायर देने के लिए अपने सैन्य दल को इशारा किया। तेजी से कार्रवाई करते हुए, सैन्य दल ने कवर फायर दिया और आतंकवादियों पर प्रभावी कार्रवाई की। इस मौके का फायदा उठाते हुए रणनीतिक रूप से तैनात एचसी/जीडी पंचाल पंकजभाई दशरथभाई और सीटी/जीडी हिमांशु हालदार ने अदम्य वीरता का प्रदर्शन किया और अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना आतंकवादी पर संयुक्त रूप से निर्णायक और प्रभावी जवाबी गोलीबारी की तथा पहले आतंकवादी को मौके पर ही मार गिराया।

इसी समय, बाग के पास धँसी हुई जमीन में छिपा दूसरा आतंकवादी अचानक सामने आया और अपनी पिस्तौल से एचसी/जीडी नरेश कुमार पर गोलीबारी करना शुरू कर दिया तथा बगीचे की आड़ में वंडकपोरा की ओर भागने लगा। इस बीच, रणनीतिक पोजीशन पर पहले से

ही तैनात एचसी/जीडी नरेश कुमार ने असाधारण साहस का परिचय दिया और अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना, वहां से भाग रहे दूसरे आतंकवादी पर सटीक और प्रभावी जवाबी गोलीबारी की एवं उसे मौके पर ही मार गिराया।

लगभग 1315 बजे , दूसरे आतंकवादी को मार गिराने के बाद, संयुक्त सैन्य दस्ते द्वारा पूरे क्षेत्र की गहन तलाशी ली गई। मुठभेड़ की तलाशी के दौरान, दो आतंकवादियों के शव के साथ एके 74 राइफल-1, एके मैगजीन-2, एके कारतूस-19, पिस्तौल-1, पिस्तौल मैगजीन-2, पिस्तौल कारतूस-2 (जिंदा) और एक मोटर साइकिल (बजाज डिस्कवर-125) पंजीकरण सं. PB39G-0349 बरामद किए गए। मारे गए आतंकवादियों की पहचान बाद में जैश-ए-मोहम्मद संगठन के कैसर राशिद, श्रेणी "सी" और इशाक अहमद, श्रेणी "सी" आतंकवादी के रूप में हुई।

इस ऑपरेशन में, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के सर्व/श्री नरेश कुमार, हेड कांस्टेबल, पंचाल पंकजभाई दशरथभाई, हेड कांस्टेबल और हिमांशु हालदार, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

वीरता पदक (जीएम), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 85-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 11.07.2022 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/164/2023 - पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 152-प्रेज/2024—भारत की राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित कार्मिकों को वीरता पदक (जीएम) सहर्ष प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्व/श्री	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	सुरजीत कुमार	कमाण्डेंट	वीरता पदक
2.	आशुतोष वरदेय	सहायक कमाण्डेंट	वीरता पदक
3.	राम प्रकाश	सिपाही	वीरता पदक
4.	पवित्र बसुमतारी	सिपाही	वीरता पदक
5.	बसवराज इरनट्टी	सिपाही	वीरता पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 30 अगस्त 2022 को, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शोपियां से प्राप्त एक विशेष सूचना के आधार पर, जिसमें पुलिस स्टेशन ज़ैनापोरा, जिला शोपियां, जम्मू और कश्मीर के गांव होसांगपोरा नागबल के सामान्य क्षेत्र में 3-4 आतंकवादियों की मौजूदगी के संबंध में बताया गया, जिसके आधार पर 178 सीआरपीएफ, 44 आरआर तथा जम्मू और कश्मीर पुलिस के एसओजी द्वारा एक घेराबंदी और तलाशी अभियान चलाया गया।

योजना के अनुसार, 178 सीआरपीएफ के कमाण्डेंट, श्री सुरजीत कुमार, अपने सुरक्षा दल और 178 सीआरपीएफ के सीटीटी तथा श्री आशुतोष वरदेय, सहायक कमाण्डेंट की कमान के तहत 178 सीआरपीएफ की ई कंपनी के साथ सफलतापूर्वक लक्षित स्थान पर पहुंचे और प्रारंभिक घेराबंदी की। इसके साथ ही, जम्मू और कश्मीर पुलिस के 44 आरआर तथा एसओजी के जवान तुरंत लक्षित स्थान पर पहुंचे और घेराबंदी को और मजबूत किया। लक्षित स्थान गांव के इलाके से बाहर सेब के एक बड़े घने बाग में था। उचित विचार-विमर्श के बाद, 2-3 घर, जहां संदिग्ध आतंकवादी छिपे हुए थे, को आंतरिक घेरे में लिया गया तथा भागने के सभी संभावित रास्तों को बंद कर दिया गया।

लगभग 1700 बजे, श्री सुरजीत कुमार, कमाण्डेंट ने अपने सुरक्षा दल के साथ, 178 सीआरपीएफ की ई कंपनी सहायक कमाण्डेंट, श्री आशुतोष वरदेय के नेतृत्व में तथा 178 सीआरपीएफ की सीटीटी टीम जो आंतरिक घेरे में तैनात थी, ने उत्तर-पश्चिम की ओर से प्रारंभिक तलाशी शुरू की। श्री सुरजीत कुमार और उनकी टीम ने घर सं. 79 और 80 की तलाशी शुरू की। जब संदिग्ध घरों की तलाशी चल रही थी, तो घर सं.

80 का मालिक अचानक अपने घर से बाहर निकला और कश्मीरी भाषा में चिल्लाया कि तीन अज्ञात आतंकवादी उसके घर में जबरदस्ती छिपे हुए हैं।

इसके जवाब में, घर सं. 80 में छिपे आतंकवादियों ने दो खिड़कियों से संयुक्त सैन्य दलों पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। संयुक्त सैन्य दलों ने प्रभावी ढंग से इसका जवाब दिया तथा सामरिक युक्तिचालन के माध्यम से, खुद को सुरक्षित करने में कामयाब रहे। गोलीबारी में स्वचालित हथियारों से लैस 03-04 आतंकवादियों की मौजूदगी की पुष्टि हुई। स्थिति के गहन विश्लेषण के बाद क्यूएटी-178 सीआरपीएफ को भी एक सहायता टीम के रूप में होसांगपोरा-नागबल में रणनीतिक रूप से तैनात किया गया।

आतंकवादियों से आत्मसमर्पण करने को कहा गया, लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। चूंकि छिपे हुए आतंकवादी स्वचालित हथियारों से लैस थे, इसलिए 44 आरआर और 178 सीआरपीएफ के संयुक्त सैन्य दलों द्वारा जांच के लिए लक्षित घर की दीवार पर कुछ गोलियां चलाई गईं, लेकिन इन प्रयासों के बावजूद, कोई स्पष्ट हलचल नहीं देखी गई। जैसे ही संयुक्त सैन्य दल आगे बढ़े, लक्षित घर के भीतर छिपे दो आतंकवादी अप्रत्याशित रूप से बाहर आए अर्थात एक मुख्य द्वार से और दूसरा सामने की खिड़की से। उन्होंने आगे बढ़ रहे संयुक्त दल पर, नुकसान पहुंचाने के इरादे से, उन पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। परिणामस्वरूप, आगे बढ़ रहे 178 सीआरपीएफ के तलाशी सैन्य दल भारी गोलीबारी की चपेट में आ गए, लेकिन सौभाग्य से वे बाल-बाल बच गए क्योंकि वे घने पेड़ों की आड़ में थे।

भारी गोलीबारी के बीच स्वचालित हथियारों से लैस दो आतंकवादियों ने संयुक्त सैन्य दलों पर अंधाधुंध गोलीबारी करते हुए बाग वाले क्षेत्र में घुसने का प्रयास किया। इस जोखिम भरी परिस्थिति को भांप कर, 178 सीआरपीएफ के सीटीटी के सिपाही/जीडी पवित्र बसुमतारी और सिपाही/जीडी बसवराज इरनट्टी के साथ श्री आशुतोष वरदेय, सहायक कमाण्डेंट ने तत्काल आगे की पोजीशन संभाली। उत्कृष्ट साहस का परिचय देते हुए तथा अपनी जान की परवाह किए बिना उन्होंने भाग रहे आतंकवादियों पर प्रभावी गोलीबारी की और दोनों आतंकवादियों को मौके पर ही मार गिराया।

लगभग 1745 बजे, दो आतंकवादियों के मारे जाने की पुष्टि के लिए ड्रोन तैनात किए गए। ड्रोन से निगरानी करते समय एक आतंकवादी को घर सं. 80 के दरवाजे पर गिरा हुआ देखा गया और दूसरे आतंकवादी को लगभग 60-70 मीटर दूर सड़क के किनारे बाग की तरफ़ देखा गया। यह पुष्टि करने के लिए कि वास्तव में मारे गए या अभी भी जीवित हैं, कई सामरिक उपाय भी किए गए। दो आतंकवादियों के मारे जाने की पुष्टि होने के बाद, संभावना बनी रही कि लक्षित घर या बाग क्षेत्र में अन्य आतंकवादी छिपे हो सकते हैं। 178 सीआरपीएफ, 44 आरआर और जम्मू-कश्मीर पुलिस की एसओजी के संयुक्त दलों ने किन्हीं अन्य छिपे हुए आतंकवादियों का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान तेज कर दिया। तत्पश्चात, श्री सुरजीत कुमार, कमाण्डेंट के नेतृत्व में 178 सीआरपीएफ की टीम तथा 44 आरआर आगे की ओर बढ़ी, लक्षित घर से बाग में घुसपैठ करने वाले एक आतंकवादी ने संयुक्त सैन्य दलों पर अंधाधुंध गोलीबारी तथा ग्रेनेड हमले शुरू कर दिए। आक्रामक हमले के बावजूद, आगे बढ़ रहे सतर्क दल ने सफलतापूर्वक जवाबी कार्रवाई की।

इस स्थिति में, तीसरे छिपे हुए आतंकवादी को घेर लिया गया, लेकिन वह स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं दे रहा था। उसकी स्थिति का पता लगाने के लिए एक बार फिर ड्रोन तैनात किया गया। ड्रोन फीड का विश्लेषण करने के बाद, श्री सुरजीत कुमार, कमाण्डेंट के नेतृत्व में 178 सीआरपीएफ की टीम, 44 आरआर तथा एसओजी की टीम के साथ अंतिम हमले के लिए लक्ष्य की ओर आगे बढ़ी। इस स्थिति को भांप कर कि, वह संयुक्त सैन्य दलों द्वारा घेर लिया गया है, छिपे हुए तीसरे आतंकवादी ने 178 सीआरपीएफ के दलों पर ग्रेनेड फेंका और उन पर अंधाधुंध गोलीबारी की। श्री सुरजीत कुमार के नेतृत्व में दलों ने प्रभावी ढंग से जवाबी कार्रवाई की। इसके साथ ही, श्री सुरजीत कुमार, कमाण्डेंट और उनके सहयोगी सिपाही/जीडी राम प्रकाश को आतंकवादी के करीब जाने का अवसर मिल गया। अदम्य साहस का परिचय देते हुए तथा अपनी जान की परवाह किए बिना, उन्होंने तीसरे आतंकवादी पर प्रभावी गोलीबारी की तथा अंततः उसे नजदीकी लड़ाई में मार गिराया।

तीसरे आतंकवादी के मारे जाने के बाद, संयुक्त सैन्य दलों द्वारा पूरे इलाके की गहन तलाशी ली गई। मुठभेड़ के बाद, तलाशी के दौरान तीन आतंकवादियों के शव बरामद किए गए जिनकी पहचान बाद में, दानिश खुर्शीद भट; तनवीर अहमद वानी, दोनों हिज्बुल मुजाहिदीन गुट के, श्रेणी "ख" और तौसीफ अहमद भट, लश्कर-ए-तैयबा गुट के, श्रेणी "ग" के रूप में हुई। इसके अलावा, उनके कब्जे से 03 एके 47 राइफलें, 08 एके मैगजीन, 01 चीनी ग्रेनेड, 60 राउंड नाटो एपीआई, 36 राउंड एपीआई और 125 राउंड पाकिस्तानी के साथ-साथ एके-47 (सामान्य) के 60 राउंड बरामद किए गए।

मुठभेड़ के बाद की तलाशी में तीन आतंकवादियों के शव बरामद किए गए और बाद में उनकी पहचान दानिश खुर्शीद भट, तनवीर अहमद वानी, दोनों एचएम संगठन, श्रेणी "बी" और तौसीफ अहमद भट, लश्कर संगठन, श्रेणी "सी" के रूप में हुई। इसके अलावा, उनके कब्जे से 03 एके 47 राइफलें, 08 एके मैगजीन, 01 चीनी ग्रेनेड, 60 नाटो एपीआई राउंड, 36 एपीआई राउंड और 125 पाकिस्तानी राउंड के साथ-साथ एके-47 (सामान्य) के 60 राउंड बरामद किए गए।

इस ऑपरेशन में, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के सर्व/श्री सुरजीत कुमार, कमाण्डेंट, आशुतोष वरदेय, सहायक कमाण्डेंट, राम प्रकाश, सिपाही, पवित्र बसुमतारी, सिपाही और बसवराज इरनट्टी, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

वीरता पदक (जीएम), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 85-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 30.08.2022 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/13/2024 - पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 153-प्रेज/2024—भारत की राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित कार्मिकों को वीरता पदक (जीएम) सहर्ष प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्व/श्री	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	विक्की कुमार पाण्डेय	उप-कमाण्डेंट	वीरता पदक
2.	जितेन्द्र सिंह	सहायक कमाण्डेंट	वीरता पदक
3.	दारशुंग रुवंदार अनल	उप-निरीक्षक	वीरता पदक
4.	रंजीत कुमार	हेड कांस्टेबल	वीरता पदक
5.	अजय यादव	हेड कांस्टेबल	वीरता पदक
6.	महेन्दर सिंह	हेड कांस्टेबल	वीरता पदक
7.	गुलाब चंद्र पाण्डेय	सिपाही	वीरता पदक
8.	मनोज कुमार महार	सिपाही	वीरता पदक
9.	चव्हाण पृथ्वीराज अशोक	सिपाही	वीरता पदक
10.	अतुल पी कामडे	सिपाही	वीरता पदक
11.	अवधेश सिंह डांगी	सिपाही	वीरता पदक
12.	आलोक कुमार पारुई	सिपाही	वीरता पदक
13.	जयवीर	सिपाही	वीरता पदक
14.	मुकेश कुमार मिश्रा	सिपाही	वीरता पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

पुलिस अधीक्षक, खूंटी से प्रभु सहाय बोदरा (जोनल कमांडर) और दीट नाग के नेतृत्व में पीएलएफआई के सशस्त्र कैडरों की गतिविधि के संबंध में सूचना प्राप्त हुई, जो झारखंड के खूंटी जिले के पुलिस स्टेशन अर्की के जंगल क्षेत्र में मौजूद थे। अन्य स्रोतों से सूचना की पुष्टि करने के बाद, 209 कोबरा द्वारा एक ऑपरेशन की योजना बनाई गई। श्री विक्की कुमार पाण्डेय, उप-कमाण्डेंट और श्री जितेन्द्र सिंह, सहायक कमाण्डेंट के नेतृत्व में दो हमलावर टीमों को ऑपरेशन को अंजाम देने का काम सौंपा गया।

दिनांक 29 जनवरी 2019 को, योजना के अनुसार; दोनों हमलावर टीमें ऊबड़-खाबड़ ज़मीन, चट्टानों, घनी वनस्पतियों तथा झाड़ियों को पार करते हुए लक्षित क्षेत्र की ओर आगे बढ़ीं। नक्सलियों की पूर्व चेतावनी प्रणाली को चकमा देते हुए, सैन्य दल अत्यंत गोपनीयता तथा

चौकसी बनाए रखते हुए अंधेरे की आड़ में लक्षित क्षेत्र के करीब पहुँच गया। दलों ने रुककर स्थिति का विश्लेषण किया और आगे की कार्ययोजना बनाई। तदनुसार, नक्सलियों के संभावित भागने के रास्तों को बंद करने के लिए 04 कट-ऑफ टीमें बनाई गईं और हमले को अंजाम देने के लिए 02 टीमें (एसएटी 1 और एसएटी 2) बनाई गईं।

योजना के अनुसार, कट-ऑफ टीमें रणनीतिक रूप से अपने निर्दिष्ट बिंदुओं की ओर आगे बढ़ीं और भागने के संभावित रास्तों को बंद कर दिया। कट-ऑफ टीमों से पुष्टि प्राप्त करने के बाद, कुछ कार्मिकों से युक्त एसएटी 01 और 02, मुख्य क्षेत्र में आगे बढ़े। इस बीच, कट-ऑफ 02 टीम के साथ तैनात हेड कांस्टेबल/जीडी अरुण कुमार ने श्री जितेन्द्र सिंह, सहायक कमाण्डेंट को लक्षित क्षेत्र में टीले के ऊपर एक अलाव के बारे में सूचित किया। दोनों एसएटी (टीमों) को घटनाक्रम के बारे में अपडेट किया गया और सतर्क रहने का निर्देश दिया गया। चुपके से आगे बढ़ते हुए, एसएटी लगभग 0550 बजे संदिग्ध स्थान के करीब पहुँच गई। दोनों एसएटी कमांडरों ने क्षेत्र की स्थलाकृति का विश्लेषण किया तथा अंतिम हमले की योजना बनाई और तदनुसार, सामने से आगे बढ़ते हुए, 'L' आकार में दो तरफ से लक्ष्य तक पहुँचे।

करीब पहुंचने पर दोनों कमांडरों ने नक्सलियों के सशस्त्र प्रहरियों को देखा। उन्होंने एक-दूसरे को नक्सलियों की स्थिति के बारे में संकेत दिया तथा समन्वित तरीके से अत्यधिक सावधानी के साथ लक्ष्य की ओर रेंगने लगे। दोनों कमांडरों ने नक्सलियों द्वारा पता लगने से बचने हेतु तथा लक्षित क्षेत्र के एक व्यापक मोर्चे को कवर करने के लिए एसएटी टीमों को चार छोटे दलों में बाँट दिया।

श्री विक्की कुमार पाण्डेय, उप-कमाण्डेंट, हेड कांस्टेबल/जीडी अजय यादव, सिपाही/जीडी मनोज कुमार महार, सिपाही/जीडी गुलाब चंद्र पाण्डेय के साथ दल 1 में थे। हेड कांस्टेबल/जीडी महेन्दर सिंह, सिपाही/जीडी अवधेश सिंह डांगी, सिपाही/जीडी अतुल पी कामडे दल 2 में थे, श्री जितेन्द्र सिंह, सहायक कमाण्डेंट हेड कांस्टेबल/जीडी रंजीत कुमार, सिपाही/जीडी मुकेश कुमार मिश्रा, सिपाही/जीडी आलोक कुमार पारुई दल 3 में थे तथा सिपाही/जीडी चव्हाण पृथ्वीराज अशोक और सिपाही/जीडी जयवीर दल 4 में थे।

चारों दल आपसी तालमेल से नक्सलियों के ठिकानों की ओर बढ़ने लगे। दिन के उजाले के साथ होने वाली हलचल ने दलों को खतरे में डाल दिया और जैसा कि अपेक्षित था, नक्सलियों ने उनकी मौजूदगी को भांप लिया और एसएटी (टीमों) पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। तुरंत ही हमारे जवानों ने पोजीशन ले ली और हथियारबंद नक्सलियों को आत्मसमर्पण करने के लिए कहा। उन्होंने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया और घातक स्वचालित हथियारों से अंधाधुंध गोलीबारी जारी रखी। कोई और विकल्प न होने पर हमारे जवानों ने आत्मरक्षा में हमले का जवाब दिया।

इस बीच, दल 2 नक्सलियों के मारक क्षेत्र में फंस गया। उन्हें खतरे से बाहर निकालने के लिए तत्काल सहायता की आवश्यकता थी। इस समय, श्री विक्की कुमार पाण्डेय, उप-कमाण्डेंट ने स्थिति का चतुराई से विश्लेषण किया और दल 3 और दल 4 को नक्सलियों को घेरने का निर्देश दिया, जबकि उन्होंने दल 1 के साथ मिलकर नक्सलियों पर सीधा हमला किया। जल्द ही, श्री जितेन्द्र सिंह, सहायक कमाण्डेंट, दल 3 के साथ दल 1 में शामिल हो गए और जवाबी हमले को बढ़ाया। इस बीच, दल 2 ने नक्सलियों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई जारी रखी।

दल 1 और दल 3 के साहसिक हमले ने नक्सलियों को चौंका दिया और उन्हें अपनी रणनीति बदलने पर मजबूर कर दिया। नक्सलियों ने अपनी गोलाबारी को दल 1 और दल 3 की ओर मोड़ दिया। नतीजतन, दल 2, जो मारक क्षेत्र में फंस गया था, बाहर निकल गया और साथ वाले दलों में शामिल हो गया। नक्सलियों ने सैन्य दलों पर एक पूर्ण हमला किया, ताकि उन्हें आगे बढ़ने से रोका जा सके। हालांकि, दल 1 और दल 3 ने साथी दलों के समर्थन से जवाबी हमला जारी रखा और आगे बढ़ते गए। गोलियों की बौछार के बीच तथा कोई कवर न होते हुए भी, श्री विक्की कुमार पाण्डेय, उप-कमाण्डेंट ने दल 1 के साथ मिलकर नक्सलियों की ओर हमला किया और 01 सशस्त्र कैडर को मार गिराया। साथ ही, श्री जितेन्द्र सिंह, सहायक कमाण्डेंट ने दल 3 के साथ मिलकर एक और सशस्त्र कैडर को मार गिराया।

समन्वित जवाबी हमले ने नक्सलियों को अपनी मजबूत सुरक्षित जगह को छोड़ने पर मजबूर कर दिया। वे कट-ऑफ टीमों की ओर भागने लगे। श्री जितेन्द्र सिंह, सहायक कमाण्डेंट ने दल 3 और दल 4 के साथ मिलकर भाग रहे नक्सली सहयोगियों का पीछा किया और साथ ही कट-ऑफ टीमों को सतर्क रहने का निर्देश दिया। बच के भागने के दौरान, उप निरीक्षक/जीडी दारशुंग रुवंदर अनल के नेतृत्व में कट-ऑफ टीम ने नक्सलियों का रास्ता रोक दिया और उन्हे भागने नहीं दिया। गोलीबारी के दौरान, एक और सशस्त्र कैडर को मार गिराया गया तथा बाकी शेष कैडरों ने भागने के लिए खुद को दूसरी ओर मोड़ लिया। हालांकि, श्री जितेन्द्र सिंह, सहायक कमाण्डेंट जो नक्सलियों का पीछा कर रहे थे, दल 3 और दल 4 के साथ उनके करीब पहुंचे और भाग रहे नक्सलियों को रोक लिया। दोनों पक्षों के बीच भीषण गोलीबारी हुई। सैन्य दलों ने नक्सलियों पर हमला किया और एक सशस्त्र कैडर को मार गिराया।

गोलीबारी बंद होने के बाद, सैन्य दलों ने मुठभेड़ स्थल को सुरक्षित कर इलाके की गहन तलाशी ली और हथियारों के साथ 05 शव बरामद किए तथा 02 नक्सलियों को जिंदा पकड़ा गया। बरामद हथियारों में दो एके 47 राइफलें, दो .315 बोर राइफलें, चार पिस्तौल, गोला-बारूद एवं अन्य आपत्तिजनक वस्तुएं शामिल थी।

नक्सलियों की बेहतर मारक क्षमता और इस तथ्य के बावजूद कि वे एक प्रमुख स्थान पर पॉज़िशन लिए हुए थे, कुछ एक कोबरा कमांडोज ने ऑपरेशन को शानदार अंजाम दिया। जिसमें, अपने बहादुर कमांडरों के नेतृत्व में कुछ कोबरा जवानों ने नक्सलियों के गढ़ में घुसकर अपनी योजनाओं को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। उन्होंने यह सफलता बहुत ही पेशेवर तरीके से हासिल की।

इस ऑपरेशन में, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के सर्व/श्री विक्की कुमार पाण्डेय, उप-कमाण्डेंट, जितेन्द्र सिंह, सहायक कमाण्डेंट, दारशुंग रुवंदार अनल, उप-निरीक्षक, रंजीत कुमार, हेड कांस्टेबल, अजय यादव, हेड कांस्टेबल, महेन्दर सिंह, हेड कांस्टेबल, गुलाब चंद्र पाण्डेय, सिपाही, मनोज कुमार महार, सिपाही, चव्हाण पृथ्वीराज अशोक, सिपाही, अतुल पी कामडे, सिपाही, अवधेश सिंह डांगी, सिपाही, आलोक कुमार पारुई, सिपाही, जयवीर, सिपाही और मुकेश कुमार मिश्रा, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

वीरता पदक (जीएम), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 85-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 19.01.2019 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/12/2024 - पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 154-प्रेज/2024—भारत की राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित कार्मिकों को वीरता पदक (जीएम) सहर्ष प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्व/श्री	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	पुनीत कुमार कौलधर	कमाण्डेंट	वीरता पदक
2.	विवेक शर्मा	सहायक कमाण्डेंट	वीरता पदक
3.	सुंजय कुमार	हेड कांस्टेबल	वीरता पदक
4.	रागवीर सिंह	सिपाही	वीरता पदक
5.	हरकीरत सिंह	सिपाही	वीरता पदक
6.	विक्की शर्मा	सिपाही	वीरता पदक
7.	सिया राम	सिपाही	वीरता पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 21 अप्रैल 2022 को लगभग 2330 बजे, जम्मू के जलालाबाद, सुंजवान रोड इलाके में कुछ आतंकवादियों के छिपे होने की विशेष सूचना मिलने पर, 38 सीआरपीएफ के कमाण्डेंट अपनी टीम के साथ वहाँ पहुंचे और पुलिस अधीक्षक (एसओजी) जम्मू के साथ परामर्श के बाद एक विशेष संयुक्त अभियान की योजना बनाई।

विस्तृत जानकारी प्राप्त करने तथा कार्य सौंपे जाने के बाद, संदिग्ध क्षेत्र जहाँ आतंकवादी छिपे हुए थे, में गहन तलाशी अभियान शुरू किया गया। लगभग 0340 बजे; सीआईएसएफ द्वारा स्थापित एक मोबाइल चेक पोस्ट के पास, एक बड़ा विस्फोट और भारी गोलीबारी हुई। स्थिति का जवाब देते हुए, 38 सीआरपीएफ के कमाण्डेंट और उनकी टीम पूरी सावधानी बरतते हुए, घने अंधेरे में सभी सावधानियों को ध्यान में रखते हुए, गोलीबारी की जगह पर पहुंचे तथा आम नागरिकों को नुकसान से बचाने और आतंकवादियों को भागने से रोकने के लिए जवाबी गोलीबारी से परहेज किया।

जम्मू के पुलिस अधीक्षक एसओजी से घायल सीआईएसएफ जवानों के बारे में सूचना मिलने पर, 38 सीआरपीएफ के कमाण्डेंट बंकर का उपयोग करते हुए आगे बढ़े। संकरी सड़क ने बंकर से आवाजाही को बाधित किया तथा उच्च अधिकारियों को सूचित किया गया। गोलीबारी बंद होने के बाद, अंधेरा होने के कारण आतंकवादियों की सही पोजीशन का पता लगाना चुनौतीपूर्ण हो गया। घने अंधेरे में कार्रवाई करने में संभावित

जोखिमों को देखते हुए, टीमों ने अपने सैनिकों तथा आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु तत्काल कार्रवाई से परहेज किया। यह शांति आतंकवादियों को भागने से रोकने की योजना का एक सोचा समझा और सुविचारित हिस्सा था तथा इस रुख को सुबह की पहली रोशनी तक बनाए रखा गया।

इस बीच, बाहरी घेरे में तैनात 166 सीआरपीएफ के कमाण्डेंट श्री पुनीत कुमार कौलधर और उनकी टीम लगभग 04.15 बजे घटनास्थल पर पहुँची। इलाके की सुरक्षा के लिए अपनी क्यूएटी को तैनात करते हुए, श्री पुनीत कुमार कौलधर, कमाण्डेंट और सिपाही हरकीरत सिंह ने एक हल्की सी आवाज़ सुनी। वे आवाज़ की ओर रणनीतिक रूप से आगे बढ़े और वहाँ एक गंभीर रूप से घायल सीआईएसएफ कार्मिक को पाया। बिना किसी कवर के गोलीबारी के बीच में होने के बावजूद, श्री पुनीत कुमार कौलधर, कमाण्डेंट ने घायल कार्मिक को बाहर निकालने को प्राथमिकता दी और वे रेंगते हुए सुरक्षित स्थान पर पहुँचे, जिससे उनकी जान बच गई।

सफल निकासी के बाद, श्री पुनीत कुमार कौलधर, कमाण्डेंट ने अपने सैनिकों को फिर से तलाशी शुरू करने का निर्देश दिया। ऑपरेशन के दौरान, यह पता चला कि गोलीबारी की चपेट में आई बस के अंदर कोई छिपा हुआ है। श्री पुनीत कुमार कौलधर, कमाण्डेंट और उनकी टीम ने ड्राइवर के दरवाजे और खिड़कियों से बस में प्रवेश किया, जहाँ उन्होंने चार घायल सीआईएसएफ कार्मिकों और एक सहायक उप निरीक्षक को पाया, जो चोटों के कारण दम तोड़ चुके थे। उन्होंने आतंकवादियों को सचेत किए बिना, रणनीतिक रूप से, मृतकों सहित सभी को पास के सुरक्षित स्थान पर पहुँचाया ।

जैसे ही सुबह हुई, आस-पास के घरों को खाली कराया गया और घरों को खाली कराने के दौरान, घेरे गए घर के पीछे एक शौचालय/बाथरूम के दरवाजे से दो संदिग्ध व्यक्ति चुपके से घुसते हुए देखे गए। आसन्न खतरे को भाँपते हुए, सैनिकों को सामरिक पोजीशन लेने का निर्देश दिया गया और श्री विवेक शर्मा, सहायक कमाण्डेंट की कमान के तहत सेक्टर क्यूएटी ने शौचालय/बाथरूम के दरवाजे के सामने एक ऊंची इमारत पर पोजीशन ले ली। साथ ही, श्री पुनीत कुमार कौलधर और सिपाही/जीडी रागवीर सिंह ने भी दूसरी तरफ पोजीशन ले ली।

घेराबंदी को भांपते हुए आतंकवादियों ने अचानक बाथरूम के अंदर से सैनिकों पर गोलीबारी और ग्रेनेड फेंकना शुरू कर दिया। इमारत पर यूबीजीएल राउंड लगने के बावजूद, सैनिकों की रणनीतिक पोजीशन तथा सतर्कता के कारण उन्हें कोई नुकसान नहीं पहुंचा। श्री विवेक शर्मा, सहायक कमाण्डेंट, सिपाही/जीडी विक्की शर्मा, सिपाही/जीडी सिया राम और हेड कांस्टेबल/जीडी सुंजय कुमार तुरंत हरकत में आए और पूरी ताकत से जवाबी कार्रवाई की। अचानक, छिपे हुए आतंकवादियों की ओर से गोलीबारी बंद हो गई, जवाब में सैनिकों ने भी गोलीबारी बंद कर दी।

कुछ मिनटों की शांति के दौरान, आतंकवादियों से आत्मसमर्पण की अपील की गई, लेकिन भागने के प्रयास में आतंकवादियों ने सैनिकों पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसका सैनिकों द्वारा प्रभावी ढंग से जवाब दिया गया और आतंकवादियों को पीछे हटने पर मजबूर होना पड़ा।

जब आतंकवादियों की ओर से गोलीबारी बंद नहीं हुई, तो श्री विवेक शर्मा, सहायक कमाण्डेंट ने सिपाही/जी.डी. विक्की शर्मा और सिपाही/जी.डी. सिया राम को यू.बी.जी.एल. फायर करने का निर्देश दिया, ताकि वे लक्ष्य पर निशाना साध सकें। आदेश का पालन करते हुए, आतंकवादियों पर स्वचालित हथियारों से लक्षित फायर के साथ-साथ यू.बी.जी.एल. के चार राउंड फायर किए गए, जिसके बाद गोलीबारी बंद हो गई, जिससे आतंकवादी घेराबंदी तोड़ने में सफल नहीं हो पाए। आतंकवादियों की गोलीबारी की तीव्रता के बावजूद, क्यू.ए.टी. ने समय पर और रणनीतिक रूप से यू.बी.जी.एल. राउंड का उपयोग करके अपनी पोजीशन को बनाए रखा और स्थिति को नियंत्रण में बनाए रखा।

बाद में पूरे इलाके की गहन तलाशी ली गई और दो आतंकवादियों के शव बरामद किए गए। इसके अलावा यह भी पता चला कि दोनों आतंकवादी जैश-ए-मोहम्मद संगठन से जुड़े विदेशी नागरिक थे। तलाशी के दौरान पता चला कि आतंकवादियों में से एक ने आत्मघाती जैकेट पहन रखी थी, जो दिनांक 24 अप्रैल 2022 को जम्मू में भारत के माननीय प्रधानमंत्री की रैली को बाधित करने की भयावह योजना का संकेत देता है। उचित विचार-विमर्श के बाद, संदिग्ध घर में एक और तलाशी अभियान शुरू किया गया तथा एक संदिग्ध व्यक्ति, सफीक अहमद शेख को घर से पकड़ा गया। बाद में उसे पुलिस स्टेशन को सौंप दिया गया। पूछताछ करने पर, सफीक अहमद शेख ने दोनों आतंकवादियों को ट्रक से सांबा जिलों के रास्ते मुठभेड़ स्थल पर लाने की बात कबूल की। उसके बयान के आधार पर, ट्रक चालक को श्रीनगर में सिविल पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। इसके अतिरिक्त, मारे गए आतंकवादियों के कब्जे से भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद, जैसे यूबीजीएल के साथ जुड़ी 01 एके 56 राइफल, 01 एके 47 राइफल, 05 एके 56 मैगजीन, 180 लाइव राउंड, 01 क्लॉक पिस्तौल, 01 पिस्तौल मैगजीन, 05 पिस्तौल राउंड, 01 एचके ग्रेनेड, 01 यूबीजीएल ग्रेनेड, 01 आत्मघाती जैकेट और अन्य वस्तुएं बरामद की गई।

इस ऑपरेशन में, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के सर्व/श्री पुनीत कुमार कौलधर, कमाण्डेंट, विवेक शर्मा, सहायक कमाण्डेंट, सुंजय कुमार, हेड कांस्टेबल, रागवीर सिंह, सिपाही, हरकीरत सिंह, सिपाही, विक्की शर्मा, सिपाही और सिया राम, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

वीरता पदक (जीएम), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 85-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 22.04.2022 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/11/2024 - पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 155-प्रेज/2024—भारत की राष्ट्रपति, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के निम्नलिखित कार्मिकों को वीरता पदक (जीएम) और वीरता पदक, मरणोपरांत प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्व/श्री	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	स्व. शंकर प्रसाद पटेल	सहायक उप-निरीक्षक	वीरता पदक (मरणोंपरांत)
2.	प्रमोद पात्रा	हेड कांस्टेबल	वीरता पदक
3.	सुरेन्द्र कुमार बालियान	हेड कांस्टेबल	वीरता पदक
4.	आर नितीन	हेड कांस्टेबल	वीरता पदक
5.	अंकित चौहान	सिपाही	वीरता पदक
6.	पुनित कुमार	सिपाही	वीरता पदक
7.	राजेश कुमार	सिपाही	वीरता पदक
8.	आमिर सोरेन	सिपाही	वीरता पदक
9.	रामनरेश गुर्जर	सिपाही	वीरता पदक
10.	वाडेद विट्ठल शांतप्पा	सिपाही	वीरता पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

जम्मू जिले के जानीपुर में कैम्पिंग कर रही सीआईएसएफ की कंपनी नं. 757 को संघ राज्य क्षेत्र जम्मू और कश्मीर में आंतरिक सुरक्षा ड्यूटी के लिए तैनात किया गया था और इसे दिनांक

10.04.2022 से गश्त करने, स्थिर कार्मिक ड्यूटी पोस्टों, नाकों पर तैनाती तथा स्थानीय पुलिस को सशस्त्र सहायता प्रदान कर आसपास के क्षेत्र में कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने का काम सौंपा गया।

दिनांक 21/22.04.2022 की मध्यरात्रि को, कंपनी नं. 757 के 05 सीआईएसएफ कर्मियों अर्थात् हेड कांस्टेबल/जीडी आर नितिन, सिपाही/जीडी संजीव काकोडिया, सिपाही/जीडी गोविंदा मजूमदार, सिपाही/जीडी वाडेद विट्ठल शांतप्पा और सिपाही/जीडी दिव्यप्रत्यूष को चार स्थानीय पुलिस (जेकेपी) कार्मिकों के साथ सुंजवान चौक नाका पर 2000 से 0600 बजे तक "सी" शिफ्ट ड्यूटी में तैनात किया गया। अचानक लगभग 0330 बजे, वे भारी अंधाधुंध गोलीबारी की चपेट में आ गए और उन्होंने तुरंत सुरक्षित पॉज़िशन ली तथा गोलीबारी का जवाब दिया। आतंकवादियों की ओर से गोलीबारी (जैसा कि बाद में पता चला) भारी बौछार तथा यूबीजीएल के रूप में की गई थी। सीआईएसएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस के कार्मिकों द्वारा तत्काल जवाबी कार्रवाई करने से आतंकवादियों की ओर से गोलीबारी बंद हो गई।

इस बीच लगभग 0345 बजे; घटना से अनजान, सीआईएसएफ की शिफ्ट बस 10 सीआईएसएफ कार्मिकों को लेकर सुंजवान नाका के पास आकर खड़ी हो गई। शिफ्ट बस सैनिक कॉलोनी नाका तथा भटिंडी नाका से गुजरते हुए सुंजवान नाका के पास पहुंची। जैसे ही बस सुंजवान

नाका के पास पहुंची, आतंकवादियों ने फिर से बस पर भारी गोलीबारी (बौछार एवं यूबीजीएल) शुरू कर दी। बस में सवार आठ सीआईएसएफ कार्मिक लेट गए और हेड कांस्टेबल/जीडी प्रमोद पात्रा तथा सिपाही/जीडी राजेश कुमार तुरंत बस से नीचे उतर गए और सुरक्षित स्थान पर पॉज़िशन ले ली। सहायक उप-निरीक्षक/एक्सई शंकर प्रसाद पटेल ने बस में सीआईएसएफ कार्मिकों का नेतृत्व किया।

गोलीबारी के दौरान, सहायक उप-निरीक्षक/एक्सई शंकर प्रसाद पटेल (ब्रेवहार्ट) ने 32 राउंड फायर, हेड कांस्टेबल/जीडी आर नितिन ने 19 राउंड फायर, हेड कांस्टेबल/जीडी सुरेंद्र कुमार बालियान ने 29 राउंड फायर, हेड कांस्टेबल/जीडी प्रमोद पात्रा ने 05 राउंड फायर, सिपाही/जीडी अंकित चौहान ने 08 राउंड फायर, सिपाही/जीडी राम नरेश गुर्जर ने 04 राउंड फायर, सिपाही/जीडी पुनीत कुमार ने 07 राउंड फायर, सिपाही/जीडी राजेश कुमार ने 10 राउंड फायर, सिपाही/जीडी आमिर सोरेन ने 01 राउंड फायर और सिपाही/जीडी वाडेद विट्ठल शांतप्पा ने 04 राउंड फायर अपने सर्विस हथियारों से किए। कुल 119 राउंड फायर की गई।

थोड़ी देर बाद, सीआरपीएफ, जम्मू-कश्मीर पुलिस के एसओजी और सेना द्वारा एक समन्वित संयुक्त तलाशी एवं आतंकवाद विरोधी अभियान चलाया गया और दो आतंकवादियों को मार गिराया गया। दोनों आतंकवादियों के पास से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया।

इस हमले में सहायक उप-निरीक्षक/एक्सई शंकर प्रसाद पटेल ने राष्ट्र की सेवा में सर्वोच्च बलिदान दिया। सिपाही/जीडी वाडेद विट्ठल शांतप्पा को गोली से गंभीर चोट लगी तथा 07 अन्य सीआईएसएफ कार्मिकों अर्थात् हेड कांस्टेबल/जीडी आर नितिन, हेड कांस्टेबल/जीडी प्रमोद पात्रा, हेड कांस्टेबल/जीडी सुरेंद्र कुमार बालियान, सिपाही/जीडी राजेश कुमार, सिपाही/जीडी आमिर सोरेन, सिपाही/जीडी सनी कुमार और सिपाही/जीडी पुनीत कुमार को छर्रे लगने से चोटें आईं तथा बाकी 06 कार्मिकों को कोई चोट नहीं आई।

इस ऑपरेशन में, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के सर्व/श्री स्व. शंकर प्रसाद पटेल, सहायक उप-निरीक्षक, प्रमोद पात्रा, हेड कांस्टेबल, सुरेंद्र कुमार बालियान, हेड कांस्टेबल, आर नितिन, हेड कांस्टेबल, अंकित चौहान, सिपाही, पुनित कुमार, सिपाही, राजेश कुमार, सिपाही, आमिर सोरेन, सिपाही,रामनरेश गुर्जर, सिपाही और वाडेद विट्ठल शांतप्पा, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

वीरता पदक (जीएम), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 85-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 22.04.2022 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/3251/50/2022-पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 156-प्रेज/2024—भारत की राष्ट्रपति, सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के निम्नलिखित कार्मिकों को वीरता पदक (जीएम) सहर्ष प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्व/श्री	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	हेमंत कुमार	उप-कमाण्डेंट	वीरता पदक
2.	सैयद अफसर	निरीक्षक	वीरता पदक
3.	राऊत योगिन्द्र रामचन्द्र	सिपाही	वीरता पदक
4.	जुन्मोनी बरुआ	सिपाही	वीरता पदक
5.	रितेश कोनगाड़ी	सिपाही	वीरता पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 10.02.2021 को लखीसराय के सहायक पुलिस अधीक्षक (अभियान) से पंचभूर नाला और गोबरदाहा इलाके में नक्सलियों की गतिविधि के संबंध में इनपुट प्राप्त हुआ। उस क्षेत्र में सक्रिय हमारे सूत्रों द्वारा इस इनपुट को आगे बढ़ाया गया। सूचना की पुष्टि के बाद, एक बी लेवल एसएडीओ ऑपरेशन (शेषनाग) की योजना बनाई गई। ऑपरेशन में 02 हमलावर टीमों, एसएटी-1 और एसएटी-2 को शामिल किया गया।

करीब 1020 बजे जब एसएटी-1 जंगल क्षेत्र की खड़ी पहाड़ियों पर चढ़ाई कर रही थी, तभी फ्रंट गाइड सिपाही (जीडी) राऊत योगिन्द्र रामचन्द्र ने आगे कुछ हलचल देखी और उन्होंने पार्टी कमांडर को सूचित किया। वहाँ पगडंडी पर हथियार से लैस तथा जैतून हरे रंग का स्वेटर पहने एक नक्सली बैठा था और उसके बाईं ओर कुछ और नक्सली बैठे थे। हालांकि घनी वनस्पति/लताएं होने के कारण उनकी संख्या स्पष्ट नहीं हो सकी। इससे पहले कि टीम कुछ समझ पाती, नक्सलियों ने उन पर भारी गोलीबारी शुरू कर दी। टीम ने तुरंत पोजीशन ली और उन्हें बतलाया कि वे पुलिस बल के जवान हैं और नक्सलियों को हथियार के साथ आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी। फिर भी, वे नहीं रुके और भारी गोलीबारी शुरू कर दी। नक्सलियों के साथ गोलीबारी की सूचना प्रथम सेक्शन में मौजूद ऑपरेटर द्वारा तुरंत बटालियन नियंत्रण कक्ष को दी गई। गोलीबारी के दौरान निरीक्षक(जीडी) सैयद अफसर, सिपाही (जीडी) जुन्मोनी बरुआ तथा सिपाही (जीडी) रितेश कोनगाड़ी आगे बढ़े और ट्रैक के बाईं ओर पोजीशन ले ली। पार्टी कमांडर, उप-कमाण्डेंट ओपीएस श्री हेमंत कुमार ने दल-3 को, जिसकी कमान उप निरीक्षक (जीडी) रोहित चौधरी के पास थी, को दाएं तरफ से नक्सलियों को घेरने के लिए कहा। जैसे ही वे दाईं तरफ बढ़ने लगे, वे भारी गोलीबारी की चपेट में आ गए। इसे देखते हुए दल-1 ने उप-कमाण्डेंट (ऑपरेशन) के साथ मिलकर नक्सलियों पर गोलीबारी शुरू कर दी।

उप निरीक्षक (जीडी) रोहित चौधरी और उनके दल ने भी नक्सलियों पर गोलीबारी शुरू कर दी। इस तरह की जवाबी कार्रवाई और निशाना साधकर की गई गोलीबारी से नक्सलियों को पीछे हटना पड़ा। नक्सली घने जंगल का फायदा उठाकर भागने लगे। इसके बाद गोलीबारी रोकने का आदेश दिया गया। एसएटी-I ने सहायता टीम के साथ इलाके की तलाशी शुरू कर दी। तलाशी के दौरान पाया गया कि एक (01) नक्सली मारा गया, जिसकी पहचान बाद में मनसा कोड़ा, गांव बिचला टोला, गुरमाहा, थाना-बरहट जिला-जमुई, बिहार के निवासी के रूप में हुई। मारे गए नक्सली की थैली से 5.56 एमएम इंसास राइफल, 5.56 एमएम के 15 राउंड से भरी राइफल से जुड़ी एक मैगजीन, 5.56 एमएम के 220 राउंड, 02 डेटोनेटर और 03 हैंड ग्रेनेड (स्थानीय निर्मित) बरामद किए गए।

इन ऑपरेशनों में सभी कार्मिकों का योगदान असाधारण रहा है। शायद यही कारण है कि हमारी टीम में शामिल किसी भी कार्मिक को कुछ खरोंचों को छोड़कर कोई गंभीर चोट नहीं आई। इस पूरे ऑपरेशन के दौरान, श्री हेमंत कुमार, उप-कमाण्डेंट, निरीक्षक (जीडी) सैयद अफसर, सिपाही (जीडी) जुन्मोनी बरुआ, सिपाही (जीडी) रितेश कोनगाड़ी और सिपाही (जीडी) राऊत योगिन्द्र रामचन्द्र ने असाधारण नेतृत्व क्षमता, साहस, दृढ़ संकल्प एवं पेशेवरता का परिचय दिया है।

इस ऑपरेशन में, सशस्त्र सीमा बल के सर्व/श्री हेमंत कुमार, उप-कमाण्डेंट, सैयद अफसर, निरीक्षक, राऊत योगिन्द्र रामचन्द्र, सिपाही, जुन्मोनी बरुआ, सिपाही और रितेश कोनगाड़ी, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

वीरता पदक (जीएम), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 85-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 11.02.2021 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/93/2023 - पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 157-प्रेज/2024—भारत की राष्ट्रपति, सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के निम्नलिखित कार्मिकों को वीरता पदक (जीएम) सहर्ष प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्व/श्री	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	मुकेश कुमार	कमाण्डेंट	वीरता पदक
2.	रणजीत सिंह	उप-कमाण्डेंट	वीरता पदक
3.	रितेश शर्मा	हेड कांस्टेबल	वीरता पदक
4.	मो. स्यदुल्लाह मीर	सिपाही	वीरता पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 30/09/2022 को 0230 बजे, एसएसपी बारामुल्ला से एसडीपीओ पट्टन, बारामुल्ला के माध्यम से पुलिस स्टेशन पट्टन, बारामुल्ला (जम्मू-कश्मीर) के अंतर्गत गांव-यादीपोरा, पलहालन, पट्टन, बारामुल्ला जो 02 बटालियन मुख्यालय एसएसबी, पट्टन से लगभग 05 किलोमीटर दूर है, में आतंकवादी की मौजूदगी के संबंध में परिचालन क्षमता हेतु अनुरोध प्राप्त हुआ। उचित ब्रीफिंग के बाद, श्री मुकेश कुमार, कमाण्डेंट 02 बटालियन के नेतृत्व में परिचालन दल ऑपरेशन स्थल पर पहुंचा। डीआईजी, एसएचक्यू (स्पेशल-ऑप्स) एसएसबी, श्रीनगर और कमाण्डेंट (ऑप्स.) एफएचक्यू, एसएसबी, नई दिल्ली को उचित जानकारी दी गई।

चर्चा तथा विचार-विमर्श के आधार पर, एक ऑपरेशन योजना तैयार की गई और 29 आरआर सेना, 02 बटालियन एसएसबी और एसओजी जेकेपी के जवानों द्वारा गांव-यादीपोरा, पलहलान, पट्टन, बारामुल्ला जो अत्यधिक आबादी वाले क्षेत्र में आता है, में घेराबंदी तथा तलाशी अभियान शुरू किया गया। जवानों ने गांव-यादीपोरा में संदिग्ध घर के चारों ओर कड़ी और मजबूत घेराबंदी की। 29 कार्मिकों को आंतरिक घेराबंदी में और 31 कार्मिकों को बाहरी घेराबंदी में रणनीतिक रूप से तैनात किया गया। जब संदिग्ध घरों में से एक की तलाशी ली जा रही थी, तो आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। इसका डटकर जवाब दिया गया। आगे की कार्रवाई करने से पहले, घर में रहने वालों और पड़ोसियों को बचाया गया और उन्हे सुरक्षित स्थान पर पहुँचाया गया। गोलियों की बौछार के बीच, एसएसबी 02 बटालियन की ऑप्स टीम, 29 आरआर और एसओजी के कार्मिकों ने अपनी जान जोखिम में डालकर, शानदार तथा नेतृत्व गुणों और अदम्य साहस का परिचय देते हुए आंतरिक घेरा बनाया। आंतरिक और बाहरी घेराबंदी करने के बाद, श्री मुकेश कुमार, कमाण्डेंट ने व्यक्तिगत रूप से घेरे की सघनता, एकजुटता और सामरिक लेआउट सुनिश्चित किया। जिस घर से गोलीबारी की गई थी, उसके चारों ओर घेराबंदी मजबूत की गई और जवानों को सामरिक रूप से तैनात किया गया। इसके बाद, सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों को चेतावनी देते हुए उन्हें आत्मसमर्पण करने और हथियार डालने का पर्याप्त अवसर दिया, लेकिन छिपे हुए आतंकवादी की ओर से कोई जवाब नहीं मिला। फिर भीषण गोलीबारी शुरू हो गई और दोनों ओर से गोलीबारी जारी रही। श्री मुकेश कुमार, कमाण्डेंट, श्री रणजीत सिंह, उप कमाण्डेंट, सिपाही, मो. स्यदुल्लाह मीर और हेड कांस्टेबल रितेश शर्मा, 29 आरआर तथा एसओजी के अन्य हमलावर दलों के साथ आतंकवादियों की अंधाधुंध गोलीबारी के बीच प्राकृतिक कवर लेते हुए छिपे हुए आतंकवादियों की ओर आगे बढ़े और लक्षित घर के पास (लगभग 25 मीटर) पोज़िशन लेने में सफल रहे और बाकी दल रणनीतिक रूप से तैनात थे।

नियमित रूप से गोलीबारी जारी थी, लेकिन ऑपरेशन स्थल के आस-पास की जगह अनुकूल न होने के कारण सुरक्षा बल आतंकवादियों पर प्रभावी जवाबी गोलीबारी करने में सक्षम नहीं थे। आतंकवादियों की ओर से रुक-रुक कर गोलीबारी जारी रही। तदनुसार, श्री मुकेश कुमार, कमाण्डेंट, श्री रणजीत सिंह, उप कमाण्डेंट, सिपाही, मो. स्यदुल्लाह मीर और हेड कांस्टेबल रितेश और अन्य सुरक्षा बल सुरक्षित रूप से उस घर के पास पहुंचने में कामयाब रहे, जहां आतंकवादी छिपे हुए थे। जब श्री मुकेश कुमार, कमाण्डेंट लक्षित घर के पास पोज़िशन ले रहे थे, तो उन पर लगातार गोलियों की बौछार की गई, लेकिन वे सीओ, 29 आरआर के रक्षक वाहन (बुलेट रेजिस्टेंस) के पीछे छिपने में कामयाब रहे और अपनी जान बचाने में कामयाब रहे। इसके बाद, श्री मुकेश कुमार, कमाण्डेंट ने श्री रणजीत सिंह, उप कमाण्डेंट, सिपाही मो. स्यदुल्लाह मीर और हेड कांस्टेबल रितेश शर्मा को सुरक्षा बलों की कवर फायरिंग में, आतंकवादियों का ध्यान भटकाने के साथ-साथ उनकी सटीक पोजीशन का पता लगाने तथा लक्षित घर के निकटतम पहुंचने के लिए घर के अंदर विभिन्न दिशाओं/कोणों से 03 आंसू धुएं के गोले दागने का निर्देश दिया। आतंकवादियों की ओर से रुक-रुक कर गोलीबारी अभी भी जारी थी। हालांकि, 02 बटालियन एसएसबी के जवान रणनीतिक रूप से तैनात थे और श्री मुकेश कुमार, कमाण्डेंट, श्री रणजीत सिंह, उप कमाण्डेंट, सिपाही मो. स्यदुल्लाह मीर और हेड कांस्टेबल रितेश शर्मा ने अन्य सुरक्षा बलों के साथ मिलकर आतंकवादियों की गोलीबारी का प्रभावी ढंग से जवाब दिया। आंसू धुएं के गोले का लाभ उठाते हुए और युद्धकौशल का प्रदर्शन करते हुए, श्री मुकेश कुमार, कमाण्डेंट, श्री रणजीत सिंह, उप कमाण्डेंट, सिपाही मो. स्यदुल्लाह मीर और हेड कांस्टेबल रितेश शर्मा एसओजी और 29 आरआर के अन्य हमलावर दलों के साथ, खतरे तथा अपनी जान की परवाह किए बिना, सुरक्षा बलों के कवर फायर की सहायता से रेंगते हुए घर की ओर आगे बढ़े और लक्षित घर के करीब पहुंचने में कामयाब रहे। जब, श्री मुकेश कुमार, कमाण्डेंट, श्री रणजीत सिंह, उप कमाण्डेंट, सिपाही मो. स्यदुल्लाह मीर और हेड कांस्टेबल रितेश लक्षित घर की ओर बढ़ रहे थे, तो आतंकवादियों ने भारी गोलीबारी जारी रखी, लेकिन उन्होंने सामरिक कौशल का प्रदर्शन किया (फायर कवर का लाभ उठाते हुए) और अपनी जान की परवाह किए बिना गोलीबारी का जवाब दिया। हालांकि, आतंकवादियों की ओर से रुक-रुक कर गोलीबारी अभी भी जारी थी। स्थिति को ध्यान में रखते हुए, श्री मुकेश कुमार, कमाण्डेंट, श्री रणजीत सिंह, उप कमाण्डेंट, सिपाही मो. स्यदुल्लाह मीर और हेड कांस्टेबल रितेश ने 29 आरआर और एसओजी के हमलावर बलों के साथ स्थानीय रीति-रिवाजों तथा मानवाधिकारों और अन्य संपत्ति को नुकसान न पहुंचाने के साथ-साथ उपरोक्त ऑपरेशन में भाग लेने वाले अन्य सुरक्षा बलों को चोट से बचाने के लिए उचित सावधानी बरतते हुए छिपे हुए आतंकवादियों पर नियंत्रित तरीके से भारी/तीव्र गोलीबारी की। जब यह पाया गया कि सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों को मार गिराया है, जिसकी पुष्टि मानव रहित हवाई वाहन (यूएवी) की तस्वीर से हुई, श्री मुकेश कुमार, कमाण्डेंट, श्री रणजीत सिंह, उप कमाण्डेंट, सिपाही मो. स्यदुल्लाह मीर और हेड कांस्टेबल रितेश ने 29 आरआर और एसओजी जेकेपी के कार्मिकों के साथ रूम इंटरवेंशन ड्रिल की और एहतियात तथा उचित अभ्यास के साथ घर में प्रवेश किया। अन्य सुरक्षा बलों के साथ पेशेवर तरीके से घर की तलाशी ली गई और दो आतंकवादियों के शव बरामद किए गए। ऑपरेशन को कमांडरों के बेहतर समन्वय और योजना के साथ दो आतंकवादियों को मार गिराने के साथ सफल बनाया गया।

पूरे ऑपरेशन में, श्री मुकेश कुमार, कमाण्डेंट ने एक विशिष्ट और सराहनीय भूमिका निभाई तथा महान नेतृत्व कौशल का प्रदर्शन किया, श्री रणजीत सिंह, उप कमाण्डेंट, हेड कांस्टेबल रितेश शर्मा और सिपाही मो. स्यदुल्लाह मीर ने भी उच्चतम स्तर की पेशेवरता, साहस का परिचय दिया तथा स्पष्ट और लगातार खतरे के बीच युद्ध के अच्छे कौशल का प्रदर्शन किया, जिसके फलस्वरूप सुरक्षा बल और पुलिस की संयुक्त टीम भारी हथियारों से लैस दो खूंखार आतंकवादियों को मार गिराने में सफल रही। बाद में, मारे गए आतंकवादियों की पहचान यावर शफी भट पुत्र मोहम्मद शफत भट निवासी कलमपोरा, पुलवामा और आमिर हुसैन भट, निवासी वेशरो शोपियां के रूप में हुई। मारे गए आतंकवादियों के कब्जे

से 01 एके एस-74 यू राइफल नया संस्करण, 03 एके एस-74 यू राइफल मैगजीन, एके एस-74 के 11 जिंदा राउंड, 01 पिस्तौल, 01 पिस्तौल मैगजीन और अन्य हथियार एवं गोला-बारूद बरामद किए गए।

इस ऑपरेशन में, सशस्त्र सीमा बल के सर्व/श्री मुकेश कुमार, कमाण्डेंट, रणजीत सिंह, उप कमाण्डेंट, रितेश शर्मा, हेड कांस्टेबल और मो. स्यदुल्लाह मीर, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

वीरता पदक (जीएम), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 85-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 30.09.2022 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/146/2023 - पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 158-प्रेज/2024—भारत की राष्ट्रपति, सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के निम्नलिखित कार्मिकों को वीरता पदक (जीएम) सहर्ष प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्व/श्री	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	शिव शंकर कुमार	निरीक्षक	वीरता पदक
2.	रोहित चौधरी	उप-निरीक्षक	वीरता पदक
3.	कुंवर जीत	उप-निरीक्षक	वीरता पदक
4.	अनिल कुमार कुम्हार	हेड कांस्टेबल	वीरता पदक
5.	जियाउल हक अन्सारी	सिपाही	वीरता पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 08.06.2022 को लगभग 1930 बजे विभिन्न माध्यमों अर्थात 16 बटालियन एसएसबी इंटेल सेटअप, पुलिस एवं तकनीकी खुफिया के माध्यम से पुलिस स्टेशन-गढ़ी के अंतर्गत बिरगोडा गांव के सामान्य क्षेत्र में 4 से 5 सीपीआई माओवादी नक्सलियों के एक समूह की मौजूदगी के संबंध में खुफिया जानकारी प्राप्त हुई। खुफिया जानकारी ने गिधेश्वर के पास बिरगोडा गांव में वांछित नक्सली पिंटू राणा, करुणा मतलू तुरी एवं अन्य की मौजूदगी की पुष्टि की, जो अपनी नापाक योजना को अंजाम देने और अपनी रसद सहायता की व्यवस्था करने के लिए वहां मौजूद थे।

इस खुफिया सूचना के आधार पर, स्थानीय पुलिस-गढ़ी पुलिस स्टेशन के साथ संयुक्त ऑपरेशन (एसएडीओ) की योजना बनाई गई और जवानों को ब्रीफ़ करने के बाद ऑपरेशन को शुरू किया गया। नक्सलियों की संख्या, उनके पास हथियारों एवं गोला-बारूद की उपलब्धता, ऑपरेशन क्षेत्र तथा सीओबी (कोय ऑपरेटिंग बेस) के बीच की दूरी, सड़क और संचार की कनेक्टिविटी, ऑपरेशन क्षेत्र में होने वाले खतरे की आशंका, क्षेत्र में अंधेरे के कारण खतरा तथा ऑपरेशन शुरू करने और उसे पूरा करने के लिए कंपनी के पास उपलब्ध समय जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं को ध्यान में रखा गया।

स्थिति के सभी पहलुओं पर विचार करते हुए ए कंपनी परासी में मौजूद एसएटी-1 टीम को टीम कमांडर निरीक्षक, शिव शंकर कुमार ने पूर्ण रूप से ब्रीफ़ किया। सभी दलों को ब्रीफ़ किया गया और अलग-अलग रास्तों पर चलने के साथ-साथ अलग-अलग कार्य भी सौंपे गए, दलों को तीन टुकड़ियों 01, 02 और 03 में बांटा गया जिसमें, टुकड़ी-01 हमलावर/तलाशी दल तथा टुकड़ी-02 और 03 घेराबंदी दल थे। ऑपरेशन एसएटी-1 टीम द्वारा निरीक्षक/जीडी शिव शंकर कुमार, कंपनी इंचार्ज ए कंपनी, 16 बटालियन के नेतृत्व में स्थानीय पुलिस के साथ गांव बिरगोडा में शुरू किया गया, जो थाना गढ़ी, जमुई के अंतर्गत सकदरी/गिधेश्वर पहाड़ के सामान्य क्षेत्र में है। उपरोक्त टीम लगभग 1955 बजे सरकारी वाहन से गढ़ी बिशनपुर गांव के लिए रवाना हुई और अपने गंतव्य पर पहुंच गई। इसके अलावा, दल पैदल ही सकदरी गांव से होते हुए बिरगोडा गांव की ओर बढ़ा और बिरगोडा गांव पहुंचा। बिरगोडा गांव के पास पहुंचते ही एसएटी-1 टीम तय किए गए अनुसार 03 (तीन) टुकड़ियों में बंट गई और अलग-अलग योजनाबद्ध रास्ते अपनाए जिसमें टुकड़ी-1 (तलाशी/हमलावर), टुकड़ी-02 और टुकड़ी-03 को पूरे बिरगोडा गांव क्षेत्र की घेराबंदी करनी थी। टुकड़ी-2 द्वारा उत्तर-पूर्व की ओर से और टुकड़ी-03 द्वारा दक्षिण-पूर्व की ओर से बिरगोडा गांव की घेराबंदी करने के बाद टुकड़ी-01 ने

बिरगोडा गांव में प्रवेश किया और इनपुट के अनुसार बिरगोडा गांव के उत्तर-पूर्व की ओर से तलाशी शुरू की। निरीक्षक/जीडी शिव शंकर कुमार और एक पुलिस कांस्टेबल सहित टुकड़ी एक के 04 कार्मिकों ने सभी एहतियात बरतते हुए गांव की संदिग्ध झोपड़ियों की तलाशी शुरू कर दी। टीम के अन्य 04 सदस्य बाहर से उनको कवर प्रदान कर रहे थे, क्योंकि वे अन्य झोपड़ी के पास बाहर छिपकर इंतजार कर रहे थे। जब निरीक्षक/जीडी शिव शंकर कुमार अपनी टीम के साथ एक संदिग्ध झोपड़ी की तलाशी ले रहे थे और घर के मालिक से पूछताछ कर रहे थे, तो उन्होंने बाहर कुछ हलचल देखी, जिससे यह पुष्टि हुई कि कुछ लोग जंगल की ओर भागने की कोशिश कर रहे थे। इससे एसएटी टीम की टुकड़ी-1 के संदेह की पुष्टि हुई। एसएटी टीम की पूरी टुकड़ी-1 ने तेजी से कार्रवाई की तथा गांव के उत्तरी हिस्से यानी गिधेश्वर पहाड़ की ओर भाग रहे नक्सलियों का पीछा किया और उन्हें रुकने का निर्देश दिया।

एसएटी की टुकड़ी-1 के निर्देशों का पालन न करते हुए नक्सलियों ने एसएटी की टुकड़ी-1 पर भारी गोलीबारी शुरू कर दी। एसएटी टीम ने इसका पेशेवर तरीके से जवाब दिया। एसएटी और पुलिस की संयुक्त टीम ने नक्सलियों की गोलीबारी का जवाब दिया, क्योंकि उन्होंने रुकने एवं आत्मसमर्पण करने के आदेश को मानने से इनकार कर दिया।

नक्सलियों के साथ गोलीबारी की सूचना 16 बटालियन के डीसी (ऑपरेशन) श्री मनोरंजन ब्रह्मा को दी गई। श्री मनोरंजन ब्रह्मा डीसी (ऑपरेशन) तुरंत अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और गोलीबारी के बीच एसएटी टीम की मदद करने के लिए दल में शामिल हो गए। गोलीबारी जारी रही, जिसमें नक्सलियों की ओर से भी रुक-रुक कर गोलीबारी की गई। ऑपरेशन पार्टी द्वारा जंगल क्षेत्र में लगभग 200-300 गज तक नक्सलियों का पीछा किया गया, लेकिन घने जंगल/दुर्गम पहाड़ियों और अंधेरे का फायदा उठाकर नक्सल समूह के कुछ सदस्य भाग गए। इसके बाद लगभग 2230 बजे कमांडेन्ट श्री मनीष कुमार, श्री शौर्य सुमन, एसपी जमुई के साथ सहायता के लिए क्षेत्र के दक्षिण की ओर से आगे बढ़े। सहायक कमाण्डेंट, ई. कंपनी जन्मस्थान की कमान के तहत 22 कार्मिकों का एक दल भी सहायता के लिए ऑपरेशन में शामिल था। जब गोलीबारी बंद हुई, तो एसएटी-1 और पुलिस टीम के संयुक्त दलों ने सभी एहतियात बरतते हुए आस-पास के इलाके की तलाशी ली। तलाशी अभियान के दौरान, एक नक्सली मृत पाया गया, जिसने काली वर्दी पहनी हुई थी और उसके हाथ में इंसास राइफल और राइफल का मैगजीन पाउच था। उसकी पहचान बाद में, हार्ड कोर नक्सली (सीपीआई माओवादी कैडर में एसजेडसीएम) मतलू तुरी पुत्र बिरो तुरी, निवासी-बराटांड, थाना-चंद्रमंडी, जिला-जमुई के रूप में हुई।

इस ऑपरेशन में, सशस्त्र सीमा बल के सर्व/श्री शिव शंकर कुमार, निरीक्षक, रोहित चौधरी, उप-निरीक्षक, कुंवर जीत, उप-निरीक्षक, अनिल कुमार कुम्हार, हेड कांस्टेबल और जियाउल हक अन्सारी, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

वीरता पदक (जीएम), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 85-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 08.06.2022 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/151/2023 - पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 159-प्रेज/2024—भारत की राष्ट्रपति, दिल्ली अग्निशमन सेवा के निम्नलिखित कार्मिकों को वीरता पदक (जीएम) सहर्ष प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्व/श्री	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	राजेश कुमार	सहायक मंडल अधिकारी	वीरता पदक
2.	प्रवीन कुमार	फायर ऑपरेटर	वीरता पदक
3.	अजमेर सिंह	फायर ऑपरेटर	वीरता पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 27.09.2023 को लगभग 19.46 बजे, फायर स्टेशन रूप नगर के वॉच रूम में एक वायरलेस संदेश प्राप्त हुआ जिसमे बताया गया कि मुखर्जी नगर अपार्टमेंट, नई दिल्ली के पास स्थित गर्ल्स सिग्नेचर पीजी में आग लगी है। तुरंत, सहायक मंडल अधिकारी/फायर राजेश के साथ दो फायर यूनिट आग की घटना पर कार्रवाई करने के लिए घटनास्थल पर पहुँचे। जैसे ही अग्निशमन दल/वाहन घटना स्थल पर पहुँचे,

पड़ोसियों तथा देखने वालों ने बताया कि कुछ लड़कियाँ ऊपरी मंजिलों पर फंसी हुई हैं। तुरंत ही टीम प्रभावित इमारत में पहुंची और पाया कि गर्ल्स पीजी दिल्ली में आग लगी हुई थी तथा ऊपरी मंजिलों तक पहुँचने के लिए केवल एक सीढ़ी थी, जो पूरी तरह से आग की चपेट में आ चुकी थी। आग की लपटें, गर्मी और धुआँ सीढ़ियों के माध्यम से ऊपरी मंजिलों तक पहुँच रहा था। अग्निशमन कर्मियों के लिए स्थिति बहुत चुनौतीपूर्ण, विपरीत और प्रतिकूल थी। लड़कियाँ मदद के लिए बचाओ-बचाओ चिल्ला रही थीं ।

तत्काल, एडीओ राजेश कुमार ने स्थिति का आकलन किया और तदनुसार, तीन टीमों का गठन किया। इन तीन टीमों में से एक टीम को बचाव कार्य के लिए नियुक्त किया गया तथा अन्य दो को ग्राउंड/स्टिल्ट तल पर अग्निशमन कार्य सौंपा गया। तत्काल, सभी क्षेत्रों को कवर करते हुए, दो डिलीवरी होज़ लाइन, एक सामने की तरफ से और दूसरी पीछे की तरफ से, बिछाकर आग बुझाने का काम शुरू किया गया, ताकि आग लंबवत और क्षैतिज दोनों तरह से न फैल सके। इस बीच बचाव दल के सदस्यों, जिसमें एडीओ राजेश कुमार, एफओ प्रवीन कुमार तथा एफओ अजमेर सिंह शामिल थे, ने बगल की इमारत के माध्यम से प्रभावित इमारत में ऑपरेशन शुरू किया। सबसे पहले, बचाव दल के सदस्यों ने ग्राउंड फ्लोर से पहुँचने की कोशिश की, लेकिन वे असफल रहे और फिर उन्होंने छत की मोंटी/सीढ़ी के माध्यम से इमारत में प्रवेश करने का प्रयास किया, लेकिन भारी धुएं और गर्मी के कारण वे कामयाब नहीं हो पाए।

बिना समय बर्बाद किए उन्होंने तुरंत अपनी कार्ययोजना बदली और बगल की इमारत की छत से काटने/तोड़ने के औजारों की मदद से चौथी मंजिल के स्तर पर प्रभावित इमारत की साइड की दीवार में एक बड़ा छेद किया तथा ब्रीदिंग उपकरण सेट एवं अन्य पीपीई पहनकर प्रभावित मंजिल में प्रवेश किया। एडीओ राजेश कुमार, एफओ प्रवीन कुमार और एफओ अजमेर सिंह ने सबसे पहले पूरी चौथी मंजिल की तलाशी ली, लेकिन वहां कोई भी मौजूद नहीं था। उसके बाद, बचाव दल के सदस्य तीसरी मंजिल पर पहुंचे और पाया कि तीन लड़कियां मदद के लिए फूट-फूट कर रो रही थीं और चिल्ला रही थीं "हमें बचा लो प्लीज"। वे आखिरी के बाथरूम में छिपी हुई थीं और निराश एवं डरी हुई लग रही थीं। बचाव दल तुरंत उनके पास पहुंचा। बाद में, इन तीन लड़कियों की पहचान सुश्री करिश्मा आयु 20 वर्ष, सुश्री अनुराधा आयु 24 वर्ष और सुश्री कोमल आयु 20 वर्ष के रूप में हुई।

इस बीच, एक लड़की ने बताया कि साथ वाले कमरे में एक बच्ची भी फंसी हुई है। तुरंत बचाव दल वहां पहुंचा और पाया कि बिस्तर पर एक बच्ची अन्वी उम्र करीब 2.5 साल बेहोश पड़ी हुई है। सबसे पहले बचाव दल ने बच्ची को छत के रास्ते से बाहर निकाला और एफओ अजमेर सिंह उसे सावधानी से पकड़ कर नीचे ले आए। उसके बाद बाकी तीनों लड़कियों को भी बचाव दल ने छत के रास्ते से सुरक्षित निकाल लिया। चूंकि घटना स्थल पर कोई एम्बुलेंस नहीं थी और इसलिए एफओ अजमेर सिंह बेहोश बच्ची को उठाए हुए अस्पताल की तरफ भागे। सौभाग्य से, एक बाइक सवार ने उन्हें लिफ्ट दी और वे तुरंत पास के अस्पताल पहुंचे। बच्ची की जान बचाने के लिए अस्पताल ले जाते समय एफओ अजमेर सिंह ने उसे तीन बार कृत्रिम रूप से होश में लाने का प्रयास किया, जिसके परिणामस्वरूप उसके शरीर में कुछ हलचल देखी गई। जब एफओ अजमेर सिंह न्यूलाइफ अस्पताल पहुंचे तो बच्ची की सांसें सामान्य हो गई थीं और वह कुछ होश में भी आ गई थी। अस्पताल पहुंचकर उन्होंने बच्ची को डॉक्टरों को सौंप दिया, जहां उसको उचित उपचार दिया गया। तीनों लड़कियों को पहले ग्राउंड फ्लोर पर लाया गया और फिर इलाज के लिए पास के अस्पताल में भेज दिया गया। डॉक्टर ने उन्हें उचित उपचार दिया और तीनों लड़कियों और बच्ची को सुरक्षित घोषित कर दिया। बचाव और अग्निशमन अभियान के दौरान, एडीओ राजेश कुमार, एफओ अजमेर सिंह और एफओ प्रवीन कुमार बचाव अभियान का नेतृत्व कर रहे थे और उन्होंने तीनों लड़कियों की बहुमूल्य जान बचाई और उन्हें सीढ़ियों के जरिए ग्राउंड फ्लोर पर लाए तथा इन सभी लड़कियों और बच्ची के सुरक्षित और त्वरित बचाव के लिए पूरे ऑपरेशन की निगरानी की। श्री राजेश कुमार और उनकी बचाव टीम ने जान तथा आसपास की कई संपत्तियों को बचाते हुए परिसर में प्रतिकूल एवं जानलेवा परिस्थितियों में काम करने के लिए सूझबूझ, अनुकरणीय साहस और वीरता का परिचय दिया।

इस ऑपरेशन में, दिल्ली अग्निशमन सेवा के सर्व/श्री राजेश कुमार, सहायक मंडल अधिकारी, प्रवीन कुमार, फायर ऑपरेटर और अजमेर सिंह, फायर ऑपरेटर ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

वीरता पदक (जीएम), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 85-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 27.09.2023 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/36/2024 - पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 160-प्रेज/2024—भारत की राष्ट्रपति, झारखण्ड अग्निशमन सेवा के निम्नलिखित कार्मिक को वीरता पदक (जीएम) सहर्ष प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	श्री प्यारे लाल ताम्बर	फायरमैन/ड्राइवर	वीरता पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

फायरमैन/ड्राइवर प्यारे लाल ताम्बर ने ड्यूटी के आह्वान पर कार्रवाई के लिए हाजीपुर भिठा गांव, पुलिस स्टेशन- मुफस्सिल, जिला-साहिबगंज में स्थित एक सड़क निर्माण स्थल पर घटी आग की एक गंभीर घटना पर काबू पाने के लिए तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। उपरोक्त सूचना दिनांक 16.05.23 को 14:10 बजे मुफस्सिल पुलिस स्टेशन, जिला सबिहगंज के कार्यालय द्वारा फायर स्टेशन, साहिबगंज को दी गई। सूचना मिलने के तुरंत बाद, फायरमैन/ड्राइवर प्यारे लाल ताम्बर, लीडिंग फायरमैन ड्राइवर प्रकाश यादव के साथ, दिनांक 16.05.23 को 14:12 बजे आग की घटना स्थल के लिए रवाना हुए और लगभग 18 किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद 15:20 बजे वहां पहुंचे। घटना स्थल पर पहुंचने पर, उन्होंने पाया कि सड़क निर्माण उपकरण तथा तारकोल भंडारण टैंक में आग लगी हुई है, जिससे स्थानीय ग्रामीणों एवं एनएच-80 से गुजरने वाले वाहनों की सुरक्षा को गंभीर खतरा हो सकता था। कर्तव्य के प्रति पूर्ण समर्पण का परिचय देते हुए तथा अपनी जान जोखिम में डालते हुए, फायरमैन/ड्राइवर प्यारे लाल ताम्बर ने तत्परता से अग्निशमन कार्य शुरू किया तथा तारकोल भंडारण टैंकों में लगी आग पर काबू पा लिया, जिससे जान-माल को गंभीर खतरा हो सकता था। हालांकि, उपरोक्त घटनाक्रम के दौरान, आग से उत्पन्न गर्मी के कारण, तारकोल भंडारण टैंकों में कई विस्फोट हुए, जिससे फायरमैन/ड्राइवर प्यारे लाल ताम्बर को गंभीर चोटें आईं। चोटों के कारण दर्द या परेशानी के किसी भी लक्षण को दिखाए बिना, उन्होंने अग्निशमन अभियान जारी रखा और अंततः घटनास्थल पर आग बुझाने में सफल रहे, जिसके परिणामस्वरूप जान-माल को ज़्यादा क्षति नहीं पहुंची। फायरमैन/ड्राइवर प्यारे लाल ताम्बर को गंभीर रूप से जलने की चोटें आईं और उन्हें सरकारी अस्पताल, साहिबगंज तथा राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान, रांची में भर्ती कराया गया और कुल 46 दिनों तक उनका इलाज चला। अपनी चोटों से उबरने के बाद, उन्होंने तुरंत ड्यूटी पर रिपोर्ट किया और तब से विभाग को अपनी बहुमूल्य सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

इस ऑपरेशन में, झारखण्ड अग्निशमन सेवा के श्री प्यारे लाल ताम्बर, फायरमैन/ड्राइवर ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

वीरता पदक (जीएम), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 85-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 16.05.2023 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/154/2023 - पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 161-प्रेज/2024—भारत की राष्ट्रपति, उत्तर प्रदेश गृह रक्षक एवं नागरिक सुरक्षा सेवा के निम्नलिखित कार्मिक को वीरता पदक (जीएम) सहर्ष प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	श्री बनवारी लाल	सहायक उप कन्ट्रोलर (सीनियर स्केल)	वीरता पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 13 मई, 2023 को दोपहर 01:15 बजे, गाजियाबाद के सिविल डिफेंस कार्यालय को सूचना मिली कि उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में सादिक की पुलिया के पास कैला भट्टा (कैला खरा) में एक आवासीय इमारत में आग लग गई है। पास के एक घर में एलपीजी सिलेंडर रखे हुए थे। सिलेंडरों की अनधिकृत रीफिलिंग का काम चल रहा था। श्री बनवारी लाल, सहायक उप कन्ट्रोलर (सीनियर स्केल) अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने हिम्मत और साहस का परिचय दिया और सभी लोगों को खतरे से बचाने की योजना बनाई। उन्होंने आस-पास के लोगों को वहाँ से बाहर निकाला और उन्हें अपने घर छोड़ने के लिए मनाया।

श्री बनवारी लाल, सहायक उप कन्ट्रोलर (सीनियर स्केल) ने पेशेवर दक्षता का परिचय देते हुए उन्होंने सावधानीपूर्वक योजना बनाई। वे उस घर में घुस गए जिसमें आग लगी हुई थी। उन्होंने अपनी जान की परवाह नहीं की। अपनी बुद्धि का इस्तेमाल करते हुए उन्होंने एल.पी.जी. सिलेंडर में आग लगने से पहले ही घर खाली करने का फैसला किया। अधिकारी ने जबरदस्त एवं अनुभवी कौशल और बेजोड़ साहस का परिचय दिया, जिसके परिणामस्वरूप एल.पी.जी. सिलेंडरों में विस्फोट होने से पहले तीन लोगों की जान बचाई गई। बचाव अभियान के दौरान उनका हाथ भी जख्मी हो गया। अधिकारी ने सामान की शीघ्र बरामदगी भी कर ली।

इस ऑपरेशन में, उत्तर प्रदेश गृह रक्षक एवं नागरिक सुरक्षा सेवा के श्री बनवारी लाल, सहायक उप कन्ट्रोलर (सीनियर स्केल) ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्य परायणता का परिचय दिया।

वीरता पदक (जीएम), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 85-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 13.05.2023 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/165/2024 - पीएमए)

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 162-प्रेज/2024—भारत की राष्ट्रपति स्वतंत्रता दिवस, 2024 के अवसर पर; पुलिस, अग्निशमन, जेल प्रशासन तथा गृह रक्षक व नागरिक सुरक्षा सेवाओ के लिए राज्यों / केंद्र शासित प्रदेशो / केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) / केन्द्रीय पुलिस संगठनों (सीपीओ) तथा अन्य संबंधित संगठनों के निम्नलिखित कार्मिको को राष्ट्रपति का विशिष्ट सेवा पदक (पीएसएम) सहर्ष प्रदान करती हैं :—

पुलिस सेवा

1. श्री रवि प्रकाश मीसाला, पुलिस महानिरीक्षक, आंध्र प्रदेश
2. श्री दण्डु गंगा राजू दसरी, पुलिस निरीक्षक, आंध्र प्रदेश
3. श्री माके बुइ, पुलिस उपाधीक्षक, अरुणाचल प्रदेश
4. श्रीमती रत्ना सिंहा, पुलिस उप महानिरीक्षक, असम
5. श्री संजय सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक, बिहार
6. श्री राजेश कुमार शर्मा, वरीय पुलिस उपाधीक्षक, बिहार
7. श्री आनंद सिंह रावत, सहायक सेनानी, छत्तीसगढ़
8. श्री आत्माराम वी. देशपांडे, संयुक्त आयुक्त पुलिस (परिचालन), राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली
9. सुश्री शशि बाला, सहायक आयुक्त पुलिस, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली
10. श्रीमती सुनीता सावलो सावंत, पुलिस अधीक्षक, गोवा
11. श्री बलवंतसिंह हेमतुजी चावडा, उप पुलिस अधीक्षक, गुजरात
12. श्री भरतकुमार मनुभाई बोराणा, पुलिस वायरलेस सब इंस्पेक्टर, गुजरात
13. श्री विकास कुमार अरोड़ा, पुलिस आयुक्त, हरियाणा
14. सुश्री रंजना शर्मा, सहायक उप निरीक्षक, हिमाचल प्रदेश
15. श्री चन्द्र शेखर मुव्वा, अपर पुलिस महानिदेशक, कर्नाटक
16. श्री वेंकटेश हती बेलगल, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक,केरल
17. श्री चंचल शेखर, अतिरिक्त महानिदेशक, मध्य प्रदेश
18. श्री अरविन्द कुमार सक्सेना, पुलिस महानिरीक्षक, मध्य प्रदेश
19. श्री आर. के. हिंगणकर, पुलिस महानिरीक्षक, मध्य प्रदेश
20. श्री रामाधार भारद्वाज, पुलिस अधीक्षक, मध्य प्रदेश
21. श्री चिरंजीव रामछबीला प्रसाद, अपर पुलिस महानिदेशक, महाराष्ट्र
22. डॉ. राजेंद्र बालाजीराव डहाले, संचालक एवं विशेष पुलिस महानिरीक्षक ,महाराष्ट्र
23. श्री सतिश रघुवीर गोवेकर, सहायक पुलिस आयुक्त, महाराष्ट्र
24. श्री ज़ोरमसांग राल्ते, उप कमांडेंट, मिजोरम
25. श्री सुरेश देव दत्त सिंह, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक(ऑपरेशन), ओडिशा
26. श्री सच्चिदानंद रथ, उप आरक्षी अधीक्षक, ओडिशा
27. श्रीमती वोरूवुरु नीरजा, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, पंजाब

28. श्री मनमोहन कुमार, सहायक पुलिस महानिरीक्षक, पंजाब
29. श्री विजय कुमार सिंह, अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, राजस्थान
30. श्री क. वन्निया पेरुमाल, पुलिस महानिदेशक/ नागरिक सुरक्षा निदेशक और कमांडेंट जनरल, तमिलनाडु
31. श्री अभिन दिनेश मोदक, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, तमिलनाडु
32. श्री संजय कुमार जैन, एडिशनल डायरेक्टर जनरल ओफ पुलिस, तेलंगाना
33. श्री कटकम मुरलीधर, डेपुटी कमिश्नर ओफ पुलिस,तेलंगाना
34. श्री सुवेन्द्र कुमार भगत, अपर पुलिस महानिदेशक,उत्तर प्रदेश
35. श्रीमती कल्पना सक्सेना, पुलिस उप महानिरीक्षक/ अपर पुलिस आयुक्त, उत्तर प्रदेश
36. श्रीमती सुगन्धा उपाध्याय, निरीक्षक, उत्तर प्रदेश
37. श्री रामवीर सिंह, उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस, उत्तर प्रदेश
38. श्रीमती वर्षा शर्मा, उप महानिरीक्षक,अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह
39. श्री इम्तियाज हुसैन मीर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जम्मू और कश्मीर
40. श्री जोगिंदर सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जम्मू और कश्मीर
41. श्री मोहनदास पी, सूबेदार (लिपिक), असम राइफल्स
42. श्री सुमित शरण, महानिरीक्षक, बीएसएफ
43. श्री राजेन्द्र सिंह खरड़वाल, कमांडेंट, बीएसएफ
44. श्री एस. राघवेन्द्र, सहायक कमांडेंट (अनु0), बीएसएफ
45. श्री इंन्द्राज सिंह, सहायक उपनिरीक्षक (जी0डी0), बीएसएफ
46. सुश्री जयती घोष, उप महानिरीक्षक, सीआईएसएफ
47. श्री युनूस अहमद, सहायक उप निरीक्षक/कार्यकारी, सीआईएसएफ
48. श्री अनिल कुमार, उप महानिरीक्षक, सीआरपीएफ
49. श्री देविन्दर जीत सिंह, उप महानिरीक्षक, सीआरपीएफ
50. श्रीमती नीतू डी भट्टाचार्य, उप महानिरीक्षक, सीआरपीएफ
51. श्री वीरेन्द्र अग्रवाल, उप महानिरीक्षक, सीआरपीएफ
52. श्री अनुपम श्रीवास्तव, कमांडेंट, सीआरपीएफ
53. श्री जैकब टी, निरीक्षक (जीडी), सीआरपीएफ
54. श्री गिरीश चन्द्र पुरोहित, उप महानिरीक्षक (जी.डी.), आईटीबी
55. श्री पवन कुमार नेगी, उप महानिरीक्षक (जी.डी.), आईटीबी
56. श्री रोमेश भाटिया, सेनानी (जी.डी.), आईटीबी
57. श्री रत्न संजय, महानिरीक्षक, एसएसबी
58. श्री दीपक कुमार सिन्हा, उप महानिरीक्षक, एसएसबी
59. डॉo बलजीत सिंह, संयुक्त निदेशक, गृह मंत्रालय
60. श्री एम.एस. अरुण कुमार, संयुक्त उपनिदेशक/कार्यकारी, गृह मंत्रालय
61. श्री महिपाल सिंह राणावत, संयुक्त उपनिदेशक/कार्यकारी, गृह मंत्रालय
62. श्री निरंजन सामल, सहायक निदेशक/कार्यकारी, गृह मंत्रालय
63. श्री राजेश कुमार, उप केन्द्रीय आसूचना अधिकारी/कार्यकारी, गृह मंत्रालय
64. श्री पोलुर रामन श्रीधर, अतिरिक्त उपनिदेशक/एन पी, गृह मंत्रालय
65. श्री सोइरेंसंग्बम इबोमचा सिंह, सहायक केंद्रीय आसूचना अधिकारी-I/कार्यकारी, गृह मंत्रालय
66. श्री रयाज अहमद वार, सहायक केंद्रीय आसूचना अधिकारी-II/कार्यकारी, गृह मंत्रालय
67. श्री प्रदीप कुमार के, पुलिस अधीक्षक, सीबीआई
68. श्री नरेश कुमार शर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक, सीबीआई

69. श्री प्रमोद कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक, सीबीआई
70. श्री मुकेश कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक, सीबीआई
71. श्री रामजी लाल जाट, प्रधान आरक्षक, सीबीआई
72. श्री राज कुमार, प्रधान आरक्षक, सीबीआई
73. श्री गुरचरन सिंह, व्यैक्तिगत सहायक, बीपीआरएंडडी
74. श्री दिनेन्द्र कश्यप, वरिष्ठ विश्लेषक, एनटीआरओ
75. श्री जी.एम. ईश्वर राव, महानिरीक्षक-सह-प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त, आरपीएफ

अग्निशमन सेवा

76. श्री सुमेश कुमार दुआ, उप-मुख्य अग्निशमन अधिकारी, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली
77. श्री बीजु वि के, स्टेशन ऑफिसर, केरल
78. श्री षाजी कुमार टि, स्टेशन ऑफिसर, केरल
79. श्री दिनेशन सि वि, सीनियर फायर एवं रेस्क्यू ऑफिसर, केरल
80. श्री संतोष श्रीधर वारिक, मुख्य अग्निशमन अधिकारी, महाराष्ट्र
81. श्री वैंकटेश्वरलू कांडिमल्ला, ड्राइवर ऑपरेटर, तेलंगाना
82. श्री ऋषि राज, सहायक उप निरीक्षक/अग्नि, सीआईएसएफ
83. श्री हरि हर दाश, सहायक उप निरीक्षक/अग्नि, सीआईएसएफ

होम गार्ड और सिविल डिफेंस

84. श्री ज्योति बोरा, वरिष्ठ कर्मचारी अधिकारी, असम
85. श्री बासवलिंगा कुरूबा बाचालप्पा, वरिष्ठ प्लाटून कमांडर, कर्नाटक
86. श्री भगवान दास बैंडवाल, डिवीजनल कमांडेंट एचजी अधिकारी, मध्य प्रदेश
87. श्री प्रकाश चंद्र साहू, कंपनी कमांडर, ओडिशा
88. श्री सीमांचल कुंडू, सिविल डिफ़ेंस स्वयंसेवक, ओडिशा
89. श्री विनोद कुमार यादव, ब्लाक आर्गनाइजर/कनिष्ठ प्रशिक्षक,उत्तर प्रदेश
90. श्री विनय कुमार मिश्रा, मण्डलीय कमांडेंट (ग्रेड-2), उत्तर प्रदेश
91. श्री घनश्याम चतुर्वेदी, मण्डलीय कमांडेंट (ग्रेड-1), उत्तर प्रदेश

सुधारात्मक सेवा

92. श्री पि. विजयन, सुप्रण्ट, केरल
93. श्री अशोक बोवाजी ओलंबा, हवलदार, महाराष्ट्र
94. श्री एस.के. भद्रिका, अडिशनल सुपरिटेंडेंट, मणिपुर

2. राष्ट्रपति का विशिष्ट सेवा पदक (पीएसएम), राष्ट्रपति सचिवालय के अधिसूचना संख्या 86-प्रेस/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 तथा गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता हैं |

एस एम समी
अवर सचिव

सं. 163-प्रेज/2024—भारत की राष्ट्रपति स्वतंत्रता दिवस, 2024 के अवसर पर; पुलिस, अग्निशमन, जेल प्रशासन तथा गृह रक्षक व नागरिक सुरक्षा सेवाओ के लिए राज्यों / केंद्र शासित प्रदेशो / केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) / केन्द्रीय पुलिस संगठनों (सीपीओ) तथा अन्य संबंधित संगठनों के निम्नलिखित कार्मिको को सराहनीय सेवा के लिए पदक (एमएसएम) सहर्ष प्रदान करती हैं :—

पुलिस सेवा

1. श्री विष्णु नर्निन्दि, अपर पुलिस अधीक्षक, आंध्र प्रदेश

2. श्रीमती लक्ष्मी एन एस जे, पुलिस उपमहानिरीक्षक, आंध्र प्रदेश
3. श्री गोपाल कृष्ण सोमसानी, पुलिस उपाधीक्षक, आंध्र प्रदेश
4. श्री मुरली कृष्ण तक्केलपति, पुलिस उपाधीक्षक, आंध्र प्रदेश
5. श्री राम चंद्र मूर्ति कोंडुमहन्ति, अपर पुलिस अधीक्षक, आंध्र प्रदेश
6. श्री उदय भास्कर देसबाथिना, ग्रुप कमांडर, आंध्र प्रदेश
7. श्री श्रीनिवासुलु पेडारासी, पुलिस उपाधीक्षक, आंध्र प्रदेश
8. श्री कृष्ण मूर्ति राजू कनुमुरी, पुलिस निरीक्षक, आंध्र प्रदेश
9. श्री लक्ष्मी नरसिम्हा राव सिरिकी, सहायक पुलिस उपनिरीक्षक, आंध्र प्रदेश
10. श्री रमेश बाबू कटरागद्दा, पुलिस कांस्टेबल, आंध्र प्रदेश
11. श्री श्रीनिवास राव गद्दाम, सहायक पुलिस उपनिरीक्षक, आंध्र प्रदेश
12. श्री वीरा वेंकट सत्य संबाशिव राव तोताकुरा, सहायक पुलिस उपनिरीक्षक, आंध्र प्रदेश
13. श्री वेंकट सुब्बारायुडु जिंका, सहायक पुलिस उपनिरीक्षक, आंध्र प्रदेश
14. श्री राम चंद्र शेखर राव मंडा, हेड कांस्टेबल, आंध्र प्रदेश
15. श्री जयचंद्र रेड्डी वड्डीरेड्डी, हेड कांस्टेबल, आंध्र प्रदेश
16. श्री भक्तवत्सलम राजू डी, सहायक पुलिस उपनिरीक्षक, आंध्र प्रदेश
17. श्री चिन्ना सैदा शेख, सहायक पुलिस उपनिरीक्षक, आंध्र प्रदेश
18. श्री गोविंदा राजुलु के, सहायक पुलिस उपनिरीक्षक, आंध्र प्रदेश
19. श्री शरीफ़ महबूब, पुलिस उपनिरीक्षक, आंध्र प्रदेश
20. श्री मोती चन्द प्रसाद, उप-निरीक्षक, अरुणाचल प्रदेश
21. श्री बिजय गिरी कुलीगाम, पुलिस उपमहानिरीक्षक (एन आर), असम
22. श्री मिहिर जीत गायन, पुलिस अधीक्षक, असम
23. श्री रंजन भुइयां, पुलिस अधीक्षक, असम
24. श्री सिंह राम मिलि, पुलिस अधीक्षक, असम
25. श्री त्रैलक्या शर्मा, उप निरीक्षक (आर/टी),असम
26. श्री बिजू लहकर, लांस नायक यूबी, असम
27. श्री बिपुल सैकिया, उप निरीक्षक, असम
28. श्री प्रफुल्ल डेका, लांस नायक/यूबी, असम
29. श्री कामिनी डेका, सहायक उप निरीक्षक (यूबी), असम
30. श्री सैलेन काकती, लांस नायक (यूबी), असम
31. श्री मनोज कुमार सिंह, निरीक्षक, असम
32. श्री कांता सिंहा, लांस नायक (यूबी), असम
33. श्री इनामुल हक, लांस नायक (यूबी), असम
34. श्री नीरज कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक, बिहार
35. श्री पंकज कुमार, पुलिस अधीक्षक, बिहार
36. श्री अरविन्द कुमार सिन्हा, पुलिस उपाधीक्षक, बिहार
37. श्री आशीष कुमार सिंह, पुलिस उपाधीक्षक, बिहार
38. श्रीमती कुमारी किरण पासवान, वरीय पुलिस उपाधीक्षक, बिहार
39. श्री विजय कुमार, पुलिस निरीक्षक, बिहार
40. श्री बिनायक राम, पु0स0अ0नि0, बिहार
41. श्री प्रकाश कुमार शर्मा, हवलदार, बिहार
42. श्री मोरा मुण्डा, सिपाही, बिहार

43. श्री संजय कुमार सिंह, हवलदार, बिहार
44. श्री विजय कुमार यादव, पु0स0अ0नि0, बिहार
45. श्री कृष्ण मोहन गुप्ता, पु0अ0नि0, बिहार
46. श्री अंजनी कुमार, सिपाही, बिहार
47. श्रीमती सविता देवी, सिपाही, बिहार
48. श्री गणेश बहादुर थापा, हवलदार, बिहार
49. श्री राजेश कुमार सिंह, हवलदार, बिहार
50. श्री राहुल भगत, सचिव, माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
51. श्री सुशील चंद्र द्विवेदी, पुलिस महानिरीक्षक, छत्तीसगढ़
52. श्री राजकुमार मिंज, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, छत्तीसगढ़
53. श्री गुरजित सिंह ठाकुर, उप पुलिस अधीक्षक, छत्तीसगढ़
54. श्री प्रशांत श्रीवास्तव, सहायक सेनानी, छत्तीसगढ़
55. श्री प्रभु लाल कोमरे, कंपनी कमांडर, छत्तीसगढ़
56. श्री द्वारिका प्रसाद मिश्रा, उप निरीक्षक, छत्तीसगढ़
57. श्री धरम सिंह नरेटी, प्रधान आरक्षक, छत्तीसगढ़
58. श्री रविन्द्र कुमार ठाकुर, प्रधान आरक्षक, छत्तीसगढ़
59. डॉ. रजनीश गर्ग, उपायुक्त पुलिस, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली
60. सुश्री सुमन गोयल, संयुक्त आयुक्त पुलिस, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली
61. श्री अरविन्द कुमार, सहायक पुलिस आयुक्त, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली
62. सुश्री रेनू लता, सहायक आयुक्त पुलिस, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली
63. श्री दिनेश चंद्र पुंडोरा, सहायक आयुक्त पुलिस, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली
64. श्री दिनेश कुमार शर्मा, निरीक्षक (कंप्यूटर),राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली
65. सुश्री नीरज टोकस, सहायक आयुक्त पुलिस, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली
66. श्री सतेन्द्र पुनिया, यातायात निरीक्षक, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली
67. श्री शाहजहान एस, उपनिरीक्षक (कार्यकारी), राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली
68. श्री सुरेश कुमार, उप निरीक्षक (घुड़सवार)/ (कार्यात्मक रैंक),राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली
69. श्री विरेंद्र कुमार, सहायक उप निरीक्षक (स्पेशल ग्रेड), राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली
70. श्री सुरेंदर सिंह, सहायक उपनिरीक्षक (कार्यकारी), राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली
71. श्री देवेंद्र कुमार, इंस्पेक्टर (कार्यकारी), राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली
72. श्री सत्यपाल सिंह, सहायक आयुक्त पुलिस, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली
73. श्री हंस राज, सहायक उप निरीक्षक (घुड़सवार)/ कार्यात्मक रैंक, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली
74. श्री राकेश सिंह राना, निरीक्षक, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली
75. श्री दामोदर गणपत मयेकर, प्रधान शिपाई, गोवा
76. श्री अशोककुमार महेन्द्रभाई मुनिया, सेनापति, गुजरात
77. श्री राजेन्द्रसिंह वखतसिंह चुडासमा, सेनापति, गुजरात
78. श्री सजनसिंह वजाभाई परमार, नायब पुलिस आयुक्त, गुजरात
79. श्री बीपीन चन्दुलाल ठक्कर, उप पुलिस अधीक्षक, गुजरात
80. श्री दिनेशभाई जीवणभाई चौधरी, सशस्त्र पुलिस उपाधीक्षक, गुजरात
81. श्री नीरवसिंह पवनसिंह गोहिल, सहायक पुलिस आयुक्त, गुजरात
82. श्री कृष्णकुमारसिंह हिम्मतसिंह गोहिल, उप पुलिस अधीक्षक, गुजरात
83. श्री जुगलकुमार धनवंतकुमार पुरोहित, उप पुलिस अधीक्षक, गुजरात

84. श्री करणसिंह धनबहादुरसिंह पंथ, पुलिस उपनिरीक्षक, गुजरात
85. श्री हरसुखलाल खीमाभाई राठोड, असीस्टन्ट इन्टेलीजन्स ओफिसर, गुजरात
86. श्री अश्विनकुमार अमृतलाल श्रीमाली, ईन्टेलीजन्स ओफिसर, गुजरात
87. श्री विजयकुमार नटवरलाल पटेल, सहायक उप निरीक्षक, गुजरात
88. श्री बशीर ईस्माईल मुद्राक, सहायक उप निरीक्षक, गुजरात
89. श्री ईश्वरसिंह अमरसिंह सिसोदिया, पुलिस उपनिरीक्षक, गुजरात
90. श्री रमेशभाई किशोरभाई पटेल, पुलिस हेड कांस्टेबल, गुजरात
91. श्री किशोरसिंह सेतानसिंह सिसोदिया, पुलिस उपनिरीक्षक, गुजरात
92. श्री प्रकाशभाई दीताभाई वाधेला, आर्म पुलिस उपनिरीक्षक, गुजरात
93. श्री महिपाल सुरेशभाई पटेल, पुलिस हेड कांस्टेबल, गुजरात
94. श्री धर्मेन्द्रसिंह छत्रसिंह वाघेला, पुलिस उपनिरीक्षक,गुजरात
95. श्री दीपक सहारन, पुलिस अधीक्षक, हरियाणा
96. श्री कमल दीप गोयल, सहायक महानिरीक्षक, हरियाणा
97. श्री सुरेन्द्र सिंह भौरिया, पुलिस अधीक्षक, हरियाणा
98. श्री विजय प्रताप, पुलिस उपायुक्त, हरियाणा
99. श्री दीपक, पुलिस उपाधीक्षक, हरियाणा
100. श्री संदीप कुमार, पुलिस उपाधीक्षक, हरियाणा
101. श्री अनिल कुमार, निरीक्षक, हरियाणा
102. श्री राम निवास, उप निरीक्षक, हरियाणा
103. श्री ओम प्रकाश, निरीक्षक, हरियाणा
104. श्रीमती संतोष, उप निरीक्षक, हरियाणा
105. श्री ओम प्रकाश, निरीक्षक, हरियाणा
106. श्री महेन्द्र सिंह, सहायक उप निरीक्षक, हरियाणा
107. श्री संदीप धवल, सहायक महानिरीक्षक, हिमाचल प्रदेश
108. श्री हेम प्रकाश, उप निरीक्षक, हिमाचल प्रदेश
109. श्री नाग देव, निरीक्षक, हिमाचल प्रदेश
110. श्री रणधीर कुमार सिंह, आरक्षी, झारखंड
111. श्री विमल कुमार क्षेत्री, आरक्षी, झारखंड
112. श्रीमती सलोमी मिंज, हवलदार, झारखंड
113. श्री संजय उराँव, हवलदार, झारखंड
114. श्रीमती हेमा रानी कुल्लू, आरक्षी, झारखंड
115. श्रीमती रेखा कुमारी, आरक्षी, झारखंड
116. श्री संजीव कुमार गुप्ता, आरक्षी, झारखंड
117. श्री ऋतुराज, चालक हवलदार, झारखंड
118. श्री राजेन्द्र राम, हवलदार, झारखंड
119. श्री अरुण उरांव, हवलदार, झारखंड
120. श्री संजय कुमार, आयुधिक हवलदार, झारखंड
121. श्री जोशी श्रीनाथ महादेव, पुलिस अधीक्षक, कर्नाटक
122. श्री सी. के. बाबा, उप पुलिस आयुक्त, कर्नाटक
123. श्री रामगोंड भैरप्पा बसरगी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, कर्नाटक
124. श्री गिरि के. सी, पुलिस उपाधीक्षक, कर्नाटक

125. श्री पी मुरलीधर, पुलिस उपाधीक्षक, कर्नाटक
126. श्री बसवेश्वर, सहायक निदेशक, कर्नाटक
127. श्री बसवराज कमठाणे , पुलिस उपाधीक्षक, कर्नाटक
128. श्री महेश एन, सहायक निदेशक, कर्नाटक
129. श्री रवीश एस नायक, सहायक पुलिस आयुक्त, कर्नाटक
130. श्री शरत दासन्ना गौड़ा मालगर, पुलिस अधीक्षक, कर्नाटक
131. श्री प्रभाकर गोविंदप्पा, सहायक पुलिस आयुक्त, कर्नाटक
132. श्री गोपालरेड्डी वी सी, उप पुलिस आयुक्त, कर्नाटक
133. श्री बी विजया कुमार, सिविल हेड कांस्टेबल, कर्नाटक
134. श्री मंजुनाथ शेकप्प कल्लेदेवर, पुलिस उप निरीक्षक, कर्नाटक
135. श्री हरीश एच आर, सहायक कमांडेंट, कर्नाटक
136. श्री एस. मंजूनाथ, विशेष रिजर्व पुलिस निरीक्षक, कर्नाटक
137. श्री महिबूबसाहेब नूरमहमद मुजावर, सिविल हेड कांस्टेबल, कर्नाटक
138. श्रीमती गोरम् जी, सहायक पुलिस उपनिरीक्षक, कर्नाटक
139. श्री सिनोज टी. एस, पुलिस उपाधीक्षक, केरल
140. श्री फ़िरोज़ एम शफीक, पुलिस उपाधीक्षक, केरल
141. श्री प्रतीप कुमार अय्यप्पन पिल्लई, पुलिस उपाधीक्षक, केरल
142. श्री राजकुमार पुरुषोत्तमन, पुलिस उपाधीक्षक, केरल
143. श्री नजीब सुलैमान, पुलिस अधीक्षक एवं सहा. निदेशक (तकनिकी एवं एमटीअध्ययन), केरल
144. श्री श्रीकुमार मदाथिलाझिकाथु कृष्णाकुट्टी नायर, पुलिस निरीक्षक, केरल
145. श्री सन्तोष सी. आर, पुलिस उप निरीक्षक, केरल
146. श्री राजेश कुमार शशिधरन लक्ष्मी अम्मा, पुलिस उप निरीक्षक, केरल
147. श्री मोहनदासन ओ, पुलिस उप निरीक्षक, केरल
148. श्री संजय कुमार दुबे, उप पुलिस अधीक्षक, मध्य प्रदेश
149. श्री पंकज श्रीवास्तव, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त, मध्य प्रदेश
150. श्री राजेश कुमार सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक, मध्य प्रदेश
151. श्री विनीत कपूर, पुलिस उप महानिरीक्षक, मध्य प्रदेश
152. श्रीमती अंजना तिवारी, उप सेनानी, मध्य प्रदेश
153. श्री योगेश्वर शर्मा, पुलिस अधीक्षक, मध्य प्रदेश
154. श्री महावीर सिंह मुजाल्दे, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त, मध्य प्रदेश
155. श्रीमती इरमीन शाह, सहायक पुलिस महानिरीक्षक, मध्य प्रदेश
156. श्री सुरेश कुमार बाजनघाटे, निरीक्षक (अ)/शीघ्रलेखक, मध्य प्रदेश
157. श्री मानवेन्द्र सिंह कुशवाह, उप पुलिस अधीक्षक, मध्य प्रदेश
158. श्री रवि कुमार द्विवेदी, उप पुलिस अधीक्षक, मध्य प्रदेश
159. श्री प्रवीण नारायण बघेल, उप पुलिस अधीक्षक, मध्य प्रदेश
160. श्री सुरेन्द्र सिंह सिकरवार, उप पुलिस अधीक्षक, मध्य प्रदेश
161. श्री शैलेन्द्र सिंह राजपूत, उप निरीक्षक(वि.स.बल), मध्य प्रदेश
162. श्री दत्तात्रय तुलशीदास शिंदे, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त, महाराष्ट्र
163. श्री संदिप गजानन दिवाण, पुलिस उप महानिरीक्षक, महाराष्ट्र
164. श्री शिवाजी ज्ञानदेव फडतरे, पुलिस उप अधीक्षक, महाराष्ट्र
165. श्री संजय मारुती खांडे, पुलिस अधीक्षक, महाराष्ट्र

166. श्री विनित जयवंत चौधरी, पुलिस उप अधीक्षक, महाराष्ट्र
167. श्री प्रकाश पांडूरंग गायकवाड, रिजर्व पुलिस उप निरीक्षक, महाराष्ट्र
168. श्री सदानंद जानबा राणे, पुलिस निरीक्षक, महाराष्ट्र
169. श्री विजय मोहन हातिसकर, सहायक पुलिस आयुक्त, महाराष्ट्र
170. श्री महेश मोहनराव तरडे, पुलिस उप अधीक्षक, महाराष्ट्र
171. श्री राजेश रमेश भागवत, पुलिस निरीक्षक, महाराष्ट्र
172. श्री गजानन कृष्णराव तांदुलकर, पुलिस उप निरीक्षक, महाराष्ट्र
173. श्री राजेंद्र तुकाराम पाटील, पुलिस उप निरीक्षक, महाराष्ट्र
174. श्री संजय शाहू राणे, पुलिस उप निरीक्षक, महाराष्ट्र
175. श्री गोविंद दादु शेवाले, पुलिस उप निरीक्षक, महाराष्ट्र
176. श्री मधुकर पोचा नैताम, पुलिस उप निरीक्षक, महाराष्ट्र
177. श्री अशोक बापु होनमाने, पुलिस निरीक्षक, महाराष्ट्र
178. श्री शशिकांत शंकर तटकरे, पुलिस उप निरीक्षक, महाराष्ट्र
179. श्री अक्षयवरनाथ जोखुराम शुक्ला, पुलिस उप निरीक्षक, महाराष्ट्र
180. श्री शिवाजी गोविंद जुंदरे, पुलिस उप निरीक्षक, महाराष्ट्र
181. श्री सुनिल लायप्पा हांडे, सहायक उप निरीक्षक, महाराष्ट्र
182. श्री प्रकाश मोतीराम देशमुख, पुलिस उप निरीक्षक, महाराष्ट्र
183. श्री दत्तु रामनाथ खुले, सहायक उप निरीक्षक, महाराष्ट्र
184. श्री रामदास नागेश पालशेतकर, रिजर्व पोलीस निरीक्षक, महाराष्ट्र
185. श्री देविदास श्रावण वाघ, सहायक उप निरीक्षक, महाराष्ट्र
186. श्री प्रकाश शंकर वाघमारे, सहायक उप निरीक्षक, महाराष्ट्र
187. श्री संजय दयाराम पाटील, सहायक उप निरीक्षक, महाराष्ट्र
188. श्रीमती मोनिका सॅम्यूअल थॉमस, सहायक उप निरीक्षक, महाराष्ट्र
189. श्री बंडु बाबुराव ठाकरे, पुलिस हवालदार, महाराष्ट्र
190. श्री गणेश मनाजी भामरे, पुलिस हवालदार, महाराष्ट्र
191. श्री अरुण निवृत्ति खैरे, पुलिस हवालदार, महाराष्ट्र
192. श्री दीपक नारायण टिल्लू, पुलिस हवालदार, महाराष्ट्र
193. श्री राजेश तुकारामजी पैदलवार, पुलिस हवालदार, महाराष्ट्र
194. श्री श्रीकृष्ण गंगाराम हिरपुरकर, सहायक समादेशक, महाराष्ट्र
195. श्री राजू संपत सुर्वे, पुलिस निरीक्षक, महाराष्ट्र
196. श्री संजीव दत्तात्रय धुमाल, पुलिस निरीक्षक, महाराष्ट्र
197. श्री अनिल उत्तम काले, सहायक उप निरीक्षक, महाराष्ट्र
198. श्री मोहन रामचन्द्र निखारे, सहायक उप निरीक्षक, महाराष्ट्र
199. श्री द्वारकादास महादेवराव भांगे, सहायक उप निरीक्षक, महाराष्ट्र
200. डा. अमितकुमार माताप्रसाद पांडे, उप निरीक्षक, महाराष्ट्र
201. श्री अशोक सिंह ओइनम, हवलदार, मणिपुर
202. श्री बोनोमाली सिंह खांगेमबाम, हवलदार, मणिपुर
203. श्री रिंकाहाओ रूइवा, राइफलमैन, मणिपुर
204. श्री प्रेमजीत सिंह पोटशांगबम, राइफलमैन, मणिपुर
205. श्री नोनगथोमबाम विशेश्वर सिंह, राइफलमैन, मणिपुर
206. श्री रोजेन सिंह मायांगलांबम, हवलदार, मणिपुर

207. श्री चालंबा सिंह नगानगोम, सहायक उप निरीक्षक, मणिपुर
208. श्री मैबम सोमोरजीत सिंह, सशस्त्र पुलिस उप निरीक्षक, मणिपुर
209. डॉ साचेंग आर मराक, सहायक पुलिस महानिरीक्षक, मेघालय
210. श्री अनिल कुमार सिंह, हवलदार, मेघालय
211. श्री कस्ते रोमालसावमा, सहायक निदेशक, मिजोरम
212. श्री वनलालहलुना, इंस्पेक्टर, मिजोरम
213. श्री बेंदंगवती आओ, पुलिस उपाधीक्षक, नागालैंड
214. श्री कौशिक कुमार नायक, उप दुर्गपति, ओडिशा
215. श्री सनत कुमार नाथशर्मा, उप आरक्षी अधीक्षक, ओडिशा
216. श्रीमती कविता साहू, उप आरक्षी अधीक्षक, ओडिशा
217. श्री प्रमोद कुमार महान्त, कांस्टेबल, ओडिशा
218. श्री प्रद्दुम्न कुमार नंद, आरक्षी उप निरीक्षक, ओडिशा
219. श्री बाबुला सामल, सहायक आरक्षी उप निरीक्षक, ओडिशा
220. श्रीमती संजुक्तां पटनाइक, कांस्टेबल, ओडिशा
221. श्री हरिबन्धु भत्रा, आरक्षी निरीक्षक, ओडिशा
222. श्री तोफान बेहेरा, हवलदार, ओडिशा
223. श्री प्राण कृष्ण लेन्का, हवलदार, ओडिशा
224. श्री सुरेश चंद्र राउत, हवलदार, ओडिशा
225. श्री जगविन्दर सिंह, कमांडैंट, पंजाब
226. श्री गुरबखशीश सिंह मान, पुलिस उप अधीक्षक, पंजाब
227. श्री संजीव कुमार, पुलिस उप अधीक्षक, पंजाब
228. श्री अमरबीर सिंह, इंस्पेक्टर, पंजाब
229. श्री रविंदर सिंह, थानेदार, पंजाब
230. श्री गुरदेव सिंह, सहायिक थानेदार, पंजाब
231. श्री नरेश कुमार, सहायिक थानेदार, पंजाब
232. श्री नरिंदर कुमार, इंस्पेक्टर, पंजाब
233. श्री रणजोत सिंह, थानेदार, पंजाब
234. श्री बलबीर सिंह, थानेदार, पंजाब
235. श्री सुखबीर सिंह, इंस्पेक्टर, पंजाब
236. श्री मोहम्मद रमजान, सहायिक थानेदार, पंजाब
237. श्री दलजीत सिंह, थानेदार, पंजाब
238. श्री देवा राम, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, राजस्थान
239. श्री सतीश कुमार यादव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, राजस्थान
240. श्री सुरेन्द्र सिंह, डिप्टी कमांडेंट, राजस्थान
241. श्री दीप चन्द सारण, सहायक कमांडेंट, राजस्थान
242. श्रीमती दीप्ति जोशी, पुलिस निरीक्षक, राजस्थान
243. श्री जय सिंह राव, पुलिस निरीक्षक, राजस्थान
244. श्री फतेह सिंह, उप निरीक्षक पुलिस, राजस्थान
245. श्री बल्लू राम, कांस्टेबल, राजस्थान
246. श्री मनीष चौधरी, उप निरीक्षक पुलिस, राजस्थान
247. श्री हरिओम सिंह, प्लाटून कमांडर, राजस्थान

248. श्री सुभाष चन्द्र, हेड कांस्टेबल, राजस्थान
249. श्री सौराज सिंह मीणा, कांस्टेबल, राजस्थान
250. श्री आत्म प्रकाश खैरवाल, हेड कांस्टेबल, राजस्थान
251. श्री गुलझारी लाल, कांस्टेबल, राजस्थान
252. श्री प्रताप प्रधान, उप पुलिस महानिरीक्षक, सिक्किम
253. डॉ. ना. कन्नन, पुलिस महानिरीक्षक, तमिलनाडु
254. श्री ए. ग. बाबू, पुलिस महानिरीक्षक, तमिलनाडु
255. श्री प्रवीण कुमार अभिनापु, पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस आयुक्त, तमिलनाडु
256. श्री खा. फ़ीज़ खान अब्दुल्लाह, पुलिस अधीक्षक, तमिलनाडु
257. श्री टी. पे. सुरेश कुमार, पुलिस अधीक्षक, तमिलनाडु
258. श्रीमती मा. किंग्सलिन, पुलिस अधीक्षक, तमिलनाडु
259. श्रीमती वे. श्यामला देवी, पुलिस अधीक्षक, तमिलनाडु
260. डॉ. कृ. प्रभाकर, पुलिस अधीक्षक, तमिलनाडु
261. डॉ. लो. बालाजी सरवनन, पुलिस अधीक्षक, तमिलनाडु
262. श्री कं. राधाकृष्णन, अपर पुलिस अधीक्षक, तमिलनाडु
263. श्री बा. चंद्रशेखर, पुलिस निरीक्षक, तमिलनाडु
264. श्री ल. दिल्लीबाबू, पुलिस उपाधीक्षक, तमिलनाडु
265. श्री रे. मनोहरन, पुलिस उपाधीक्षक, तमिलनाडु
266. श्री चे. संगु, पुलिस उपाधीक्षक, तमिलनाडु
267. श्री मा. स्टीफ़न, अपर पुलिस अधीक्षक, तमिलनाडु
268. श्री प. चंद्र मोहन, पुलिस निरीक्षक, तमिलनाडु
269. श्री मु. हरिबाबू, पुलिस निरीक्षक, तमिलनाडु
270. श्रीमती रा. तमिलसेल्वी, पुलिस निरीक्षक, तमिलनाडु
271. श्री टी. कृ. मुरली, विशेष पुलिस उपनिरीक्षक, तमिलनाडु
272. श्री न. रविचंद्रन, विशेष पुलिस उपनिरीक्षक, तमिलनाडु
273. श्री गो. मुरलीधरन, विशेष पुलिस उपनिरीक्षक, तमिलनाडु
274. श्री अविनाश मोहंती, इंस्पेक्टर जनरल ओफ पुलिस, तेलंगाना
275. श्री सय्यद जमील भाषा, एडिशनल कमांडेंट, तेलंगाना
276. श्री पी कृष्णमूर्ति, एडिशनल सुपरिन्टेन्डेन्ट ओफ पुलिस, तेलंगाना
277. श्री कोमारबट्टिनी रामू, असिस्टेंट रिज़र्व सब इंस्पेक्टर ओफ पुलिस, तेलंगाना
278. श्री अब्दुल रफ़ीक़, असिस्टेंट रिज़र्व सब इंस्पेक्टर ओफ पुलिस, तेलंगाना
279. श्री इक्रम आब खान, सब इंस्पेक्टर ओफ पुलिस, तेलंगाना
280. श्री श्रीनिवाश मिश्रा, असिस्टेंट रिज़र्व सब इंस्पेक्टर ओफ पुलिस, तेलंगाना
281. श्री कूंचाला बाल काशय्या, असिस्टेंट रिज़र्व सब इंस्पेक्टर ओफ पुलिस, तेलंगाना
282. श्री ए. लक्ष्मय्या, असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर ओफ पुलिस, तेलंगाना
283. श्री गुंटी वेंकटेश्वरलु, असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर ओफ पुलिस, तेलंगाना
284. श्रीमती नुतलपाटी ज्ञाना सुंदरी, इंस्पेक्टर ओफ पुलिस, तेलंगाना
285. श्री कमल कृष्ण कलई, पुलिस उपाधीक्षक, त्रिपुरा
286. श्री खिरोद देबबर्मा, सूबेदार (जीडी), त्रिपुरा
287. श्री निहार देबबर्मा, हवलदार (जीडी), त्रिपुरा
288. श्री सुजान कांति चौधरी, कांस्टेबल, त्रिपुरा

289. श्री निर्मल दास, नायक (जीडी), त्रिपुरा
290. श्रीमती जयन्ती चक्रवर्ती, महिला कांस्टेबल, त्रिपुरा
291. श्री मनोज कुमार सोनकर, पुलिस उप महानिरीक्षक, उत्तर प्रदेश
292. श्री प्रदीप गुप्ता, पुलिस उप महानिरीक्षक, उत्तर प्रदेश
293. श्री आलोक प्रियदर्शी, पुलिस अधीक्षक, उत्तर प्रदेश
294. श्री बृजेश कुमार श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक, उत्तर प्रदेश
295. श्री केशव चन्द गोस्वामी, पुलिस अधीक्षक, उत्तर प्रदेश
296. डा0 महेन्द्र पाल सिंह, पुलिस अधीक्षक/पुलिस उपायुक्त, उत्तर प्रदेश
297. श्री कुँवर ज्ञानन्जय सिंह, पुलिस अधीक्षक/पुलिस उपायुक्त, उत्तर प्रदेश
298. डा0 राजीव दीक्षित, पुलिस अधीक्षक, उत्तर प्रदेश
299. श्री कमलेश बहादुर, अपर पुलिस अधीक्षक, उत्तर प्रदेश
300. श्री विश्वजीत श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक, उत्तर प्रदेश
301. श्री सुरेन्द्र नाथ तिवारी, पुलिस अधीक्षक, उत्तर प्रदेश
302. श्री चिरंजीव नाथ सिन्हा, अपर पुलिस अधीक्षक, उत्तर प्रदेश
303. श्री विद्या सागर मिश्र, पुलिस अधीक्षक/पुलिस उपायुक्त, उत्तर प्रदेश
304. मोहम्मद इरफान अंसारी, अपर पुलिस अधीक्षक, उत्तर प्रदेश
305. श्री शाहनवाज हुसैन, सहायक रेडियो अधिकारी, उत्तर प्रदेश
306. श्री राजेश तिवारी, सहायक रेडियो अधिकारी, उत्तर प्रदेश
307. श्री निगवेन्द्र सिंह, मुख्य आरक्षी चालक, उत्तर प्रदेश
308. श्री राम अवध राम, दलनायक, उत्तर प्रदेश
309. श्री विद्या कान्त द्विवेदी, दलनायक, उत्तर प्रदेश
310. श्री खरपत यादव, गुल्मनायक, उत्तर प्रदेश
311. श्री रविन्द्र नाथ राम, उपनिरीक्षक सशस्त्र पुलिस, उत्तर प्रदेश
